www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक
संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com



पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, शनिवार, 25 नवंबर 2023 । वर्ष – 65 । अंक –220 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23



भाजपा सांसद दुबे ने फिर किया महुआ मोइत्रा पर हमला, दाउद इब्राहिम से की तुलना पृष्ठ 2
अभिमत ■ इतिहास को जान-बूझकर भूलने की साजिश पृष्ठ 6
■ हमास-इज़राइल के बीच 4 दिवसीय युद्ध विराम से लागू ■ भारतीय-अमेरिकी सांसदों ने युद्धविराम का किया स्वागत पृष्ठ 7
कमिंस के जादू ने भारत को विश्वकप से दूर किया : अश्विन पृष्ठ 8

### अडानी-हिंडनबर्ग मामले पर बोला सुप्रीम कोर्ट

# रिपोर्ट को हम नहीं मान सकते सच

**नई दिल्ली**, 24 नवम्बर (देशबन्धु)। अडानी–हिंडनबर्ग मामले पर शुक्रवार को शीर्ष अदालत में सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई पूरी करते हुए अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने हिंडनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट को लेकर कहा कि इसे सत्य बयान के तौर पर नहीं मान सकते हैं। इसकी सच्चाई को परखने और जांचने का कोई साधन नहीं है। इसीलिए हमने सेबी को इस मामले की जांच करने को कहा था। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि हमें हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को तथ्य के तौर पर सही मानने की जरूरत नहीं है। सेबी इस मामले की जांच कर रही है। इसके साथ ही कोर्ट ने कहा कि सेबी अडानी–हिंडनबर्ग मामले की जांच पूरी करने के लिए और समय नहीं मांग सकता है। वहीं सुनवाई के दौरान कोर्ट ने वकील प्रशांत भूषण को हिंडनबर्ग की रिपोर्ट बेंच के सामने से पढ़ने से रोक दिया।

**कोर्ट की एक्सपर्ट कमिटी पहले ही दे चुकी है क्लीन चिट**

वहीं इससे पहले हिंडनबर्ग मामले में अडानी ग्रुप को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली थी। सुप्रीम कोर्ट की ओर से गठित एक्सपर्ट कमेटी को ग्रुप के खिलाफ जांच में कोई सबूत नहीं मिले थे। सुप्रीम कोर्ट की एक्सपर्ट कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि अडानी ग्रुप द्वारा शेयर की कीमत में मैनिपुलेशन के कोई सबूत नहीं मिले हैं। जांच कमेटी ने सेबी की 4 रिपोर्टस का हवाला दिया गया था।

■ याचिका पर सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रखा



अडानी–हिंडनबर्ग मामले की जांच पूरी करने के लिए और समय नहीं मांग सकता है सेबी : **सुप्रीम कोर्ट**

**सेबी को निवेशकों के नुकसान को रोकने के कदम उठाने चाहिए**

सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने इस बात पर जोर दिया कि केंद्र सरकार और सेबी को भविष्य में निवेशकों के नुकसान को रोकने के लिए कदम उठाने चाहिए। मुख्य कारणों में से एक जिसके कारण हमें हस्तक्षेप करना पड़ा। वह शेयर बाजार की अत्यधिक अस्थिरता है जिससे निवेशकों को नुकसान हुआ। सीजेआई की अगुवाई वाली पीठ ने मेहता से पूछा, अब, शॉर्ट सेलिंग के कारण इस तरह की अस्थिरता से बचाने के लिए सेबी क्या करना चाहती है, जिससे निवेशकों का नुकसान होता है। मेहता ने कहा कि शॉर्ट–सेलिंग से जुड़े मामलों में कानून के मुताबिक सेबी कानूनी कार्रवाई कर रही है. उन्होंने कहा कि जहां भी हमें शॉर्ट सेलिंग दिखेगी, हम कार्रवाई करेंगे और हम कार्रवाई कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने जीवन बीमा निगम (एलआईसी) और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की जांच की मांग करने वाली याचिकाओं पर भी कड़ी टिप्पणी की।

कोर्ट ने कहा कि आप अदालत से बिना किसी सबूत के एसबीआई और एलआईसी की जांच का निर्देश देने के लिए कह रहे हैं। क्या आपको इस तरह के निर्देश के प्रभाव का एहसास है। क्या यह कॉलेज में होने वाली कोई बहस है। पक्षों को विस्तार से सुनने के बाद शीर्ष अदालत ने मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।

**याचिकाकर्ता ने सेबी पर भी उठाए सवाल**

याचिकाकर्ता के वकील ने कोर्ट में सेबी की भूमिका पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कोर्ट से कहा कि उनके पास 2014 से ही इस मामले की पूरी जानकारी थी। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि खुफिया निदेशालय ने साल 2014 में ही सेबी के साथ पूरी जानकारी साझा की थी, लेकिन उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। इस दौरान कोर्ट ने सवाल किया कि सेबी की जांच पर संदेह करने के लिए साक्ष्य कहां हैं ? इस पर वकीलों की तरफ से कोई जवाब नहीं दिया गया।

**अब तक कुल छह याचिका दायर**

मनोहर लाल शर्मा ने याचिका में हिंडनबर्ग रिसर्च के फाउंडर नाथन एंडरसन और भारत में उनके सहयोगियों के खिलाफ जांच करने और एफआईआर की मांग की थी। इसके साथ ही इस मामले में मीडिया कवरेज पर रोक की भी मांग की गई थी। विशाल तिवारी ने सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता वाली एक कमेटी बनाकर हिंडनबर्ग रिपोर्ट की जांच की मांग की थी। तिवारी ने अपनी याचिका में लोगों के उन हालातों के बारे में बताया था जब शेयर प्राइस नीचे गिर जाते हैं। जया ठाकुर ने इस मामले में भारतीय जीवन बीमा निगम और भारतीय स्टेट बैंक की भूमिका पर संदेह जताया था। उन्होंने एलआईसी और एसबीआई की अडाणी एंटरप्राइजेज में भारी मात्रा में सार्वजनिक धन के निवेश की भूमिका की जांच की मांग की थी। मुकेश कुमार ने अपनी याचिका में सेबी, ईडी, आयकर विभाग, डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस से जांच के निर्देश देने की मांग की थी। मुकेश कुमार ने अपने वकीलों रूपेश सिंह भदौरिया और महेश प्रवीर सहाय के जरिए ये याचिका दाखिल कराई थी। एक और याचिका दायर की गई थी जिसमें याचिकाकर्ता अनामिका जायसवाल ने नई कमेटी बनाने के लिए कहा था। उन्होंने कहा था कि कमेटी में ऐसे व्यक्तियों को शामिल किया जाए, जिनकी छवि बेदाग हो और इस केस से कोई लेना–देना न हो। विशाल तिवारी ने सेबी की रिपोर्ट में देरी के कारण एक और याचिका दायर की थी।

# मुख्यमंत्री को अयोग्य घोषित करने विजय बघेल पहुंचे निर्वाचन आयोग

**रायपुर,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी ने पाटन विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के तहत दिनांक 16 नवंबर को चुनाव प्रचार कर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने की शिकायत कर निर्वाचन के अयोग्य घोषित करने एवं आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की मांग की है। इस आशय का मुख्य चुनाव आयुक्त (नई दिल्ली) के नाम एक स्मरण पत्र शुक्रवार को छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को सौंपा गया है।



भाजपा सांसद, चुनाव घोषणा पत्र समिति के संयोजक व पाटन विस क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल, पूर्व मंत्री व बीजापुर विस क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी महेश गागड़ा, मतदान समिति के प्रदेश संयोजक विजयशंकर मिश्रा, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक बृजेश पांडेय और प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी ने शुक्रवार को मुख्य चुनाव आयुक्त (नई दिल्ली) के नाम प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को स्मरण पत्र सौंपकर बताया कि विधानसभा क्षेत्र पाटन, जहाँ से मुख्यमंत्री बघेल कांग्रेस के प्रत्याशी हैं, मतदान 17 नवंबर को निर्धारित था। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के तहत दिनांक 15 नवंबर से चुनाव प्रचार सभा, रैली इत्यादि के आयोजन पर रोक लग गयी थी। इस प्रावधान का उल्लंघन करते हुए मुख्यमंत्री बघेल ने दिनांक 16 नवंबर को एक रैली/रोड शो का आयोजन किया, जिसके छाया–चित्र तथा कई वीडियो उपलब्ध हैं। इन छाया–चित्रों तथा कई वीडियो में स्पष्ट देखा जा सकता है कि मुख्यमंत्री बघेल द्वारा रैली का आयोजन किया जा रहा है तथा कई शासकीय कर्मचारी तथा पुलिस अधिकारी भी इसमें शामिल हैं। कांग्रेस तथा भूपेश बघेल के पक्ष में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा नारा लगाकर उद्घोष किया जा रहा है। भाजपा नेताओं ने कहा कि इससे स्पष्ट है कि मुख्यमंत्री बघेल द्वारा मतदान की नियत तिथि के विहित शान्ति–काल में रैली का आयोजन कर धारा 126 लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 का उल्लंघन किया गया है जो कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के अंतर्गत दो वर्षों के कारावास तथा अर्थदंड से दंडनीय अपराध है। भाजपा नेताओं ने पत्र सौंपकर मांग की कि पाटन से कांग्रेस प्रत्याशी भूपेश बघेल के विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के तहत 16 नवंबर को चुनाव प्रचार कर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर निर्वाचन के अयोग्य घोषित करने एवं आपराधिक प्रकरण दर्ज किए जाने हेतु निर्देशित किया जाए।

## सार संक्षेप

### बॉलीवुड फिल्मकार राज कुमार कोहली का निधन

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार राज कुमार कोहली का शुक्रवार को निधन हो गया। वह 93 वर्ष के थे। बताया जा रहा है कि राजकुमार कोहली शुक्रवार सुबह नहाने केलिए बाथरूम गए थे, लेकिन बहुत देर तक वह बाहर नहीं निकले। इसके बाद उनके बेटे अरमान कोहली ने बाथरूम का दरवाजा तोड़ दिया और फिर पिता को बाहर निकालकर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। राजकुमार कोहली का जन्म वर्ष 1930 में लाहौर में हुआ था। राजकुमार कोहली ने अपने सिने करियर की शुरुआत बतौर निर्माता वर्ष 1963 में प्रदर्शित पंजाबी फिल्म सपनी से की।

### भारत-नेपाल के बीच सूर्य किरण सैन्य अभ्यास शुरू

**नई दिल्ली।** नेपाल के 334 सैन्यकर्मियों की एक टुकड़ी 17 वें संयुक्त सैन्यभ्यास सूर्य किरण में हिस्सा लेने के लिए शुक्रवार को भारत पहुंची। अभ्यास सात दिसंबर तक उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में होगा। यह सैन्यभ्यास वार्षिक कार्यक्रम है और दोनों देशों में बारी-बारी से आयोजित किया जाता है। अभ्यास में हिस्सा लेने वाली 354 सैन्य कर्मियों की भारतीय टुकड़ी का नेतृत्व कुमाऊं रेजिमेंट की एक बटालियन द्वारा किया जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ नेपाल सेना की टुकड़ी का प्रतिनिधित्व तारा दल बटालियन कर रही है।

### मुंबई हवाई अड्डे को बम से उड़ाने की धमकी

**मुंबई।** महाराष्ट्र में मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा-टर्मिनल 2 को उड़ाने की धमकी भरा ईमेल मिला है तथा इसे रोकने के एवज में बिटकॉइन में 10 लाख डॉलर दिए जाने की मांग की गई है। पुलिस सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद स्थानीय सहार पुलिस स्टेशन में अपराध दर्ज करने के साथ ही मुंबई पुलिस के साइबर क्राइम सेल को भी सूचित किया गया। हवाई अड्डे के फीडबैक इनबॉक्स में गुरुवार को धमकी भरा ईमेल मिला जिसमें प्रेषक ने हवाई अड्डे के टर्मिनल दो पर विस्फोट को रोकने के लिए 48 घंटों के भीतर बिटकॉइन में 10 लाख डॉलर की मांग की।

# स्ट्रांग रुम के बाहर पहरेदारी कर रहे कांग्रेसी

### हर जिले में बना कंट्रोल रुम

**रायपुर,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। प्रदेश की 90 विधानसभा के प्रत्याशियों का भविष्य ईवीएम में कैद है। 3 दिसंबर को विधानसभा चुनाव का परिणाम सामने आएगा। स्ट्रांग रूम के बाहर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की तैनाती पर कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय ठाकुर ने कहा, स्थानीय स्तर पर और प्रदेश स्तरीय समिति भी बनाई गई है। मतगणना को लेकर संगठनों को निर्देशित किया गया है। जिला स्तर पर भी कंट्रोल रूम स्थापित की गई है।कांग्रेस मतगणना को लेकर तैयार करके बैठी है और कांग्रेस कार्यकर्ता उसकी निगरानी कर रहे हैं।

ठाकुर ने कहा, 33 जिला मुख्यालयों में कांग्रेस कार्यकर्ता ईवीएम की सुरक्षा कर रहे।ईवीएम की निगरानी के लिए राज्यस्तरीय टीम का गठन किया गया है। शिफ्ट में दो पदाधिकारी बने हुए पंडाल से ईवीएम की निगरानी कर रहे। पहरेदारी में लगे लोगों की मॉनिटरिंग के लिए तीन टीमों को जिम्मेदारी दी गई है।कंट्रोल रूम से कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से अपडेट ले रहे।प्रशासनिक अधिकारियों के अलावा स्ट्रांग रूम में किसी को जाने की अनुमति नहीं है।

नए चहरों वाले विधानसभा में वोटिंग प्रतिशत बढ़ने को लेकर धनंजय ठाकुर ने कहा, पूरे प्रदेश में वोटिंग प्रतिशत संतोषजनक है। सरकार के पांच साल के काम पर मतदाताओं का रुझान है। पिछली बार की तुलना में मतदान ज्यादा ही हुआ है।नए चहरों वाले विधानसभा में ज्यादा वोटिंग हुई है। वहां मतदाताओं की संख्या भी बढ़ी है। दोनों उसका कारण है और कांग्रेस का घोषणा पत्र और सरकार के काम इसका मूल कारण है।

# मोदी की गारंटी' है तो पूरे देश में 450 में सिलेंडर दे दीजिए : भूपेश

**रायपुर,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महंगाई के मुद्दे पर कटाक्ष करते हुए भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधा है। श्री बघेल ने ट्वीट कर कहा, प्रधानमंत्री तो पूरे देश का होता है, फिर वह राज्यों की जनता के साथ भेदभाव कैसे कर सकता है ? खैर, मोदी जी की गलत नीतियों के कारण देशवासी महंगाई से त्रस्त हैं। यह तो उन्होंने स्वयं ही स्वीकार कर लिया है। भूपेश बघेल ने कहा, अगर मोदी की गारंटी है तो पूरे देश में 450 में सिलेंडर दे दीजिए, जनता को केंद्र सरकार के प्रकोप से कुछ तो राहत मिलेगी।



■ महंगाई के मुद्दे पर भाजपा पर साधा निशाना

# राजस्थान में प्रत्याशियों की परीक्षा आज

**जयपुर,** 24 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में विधानसभा आम चुनाव-2023 के लिए शनिवार को मतदान होगा, जिसके लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है और इस बार पांच करोड़ 26 लाख 90 हजार 146 मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। निर्वाचन विभाग के अनुसार मतदान शनिवार को सुबह सात से शाम छह बजे तक कराया जाएगा। निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और मतदान के लिए मतदान दल मतदान केंद्रों पर पहुंच गए हैं। इस चुनाव में राज्य की 200 विधानसभा सीटों में 199 सीटों के लिए 1860 से अधिक उम्मीदवार चुनाव मैदान में अपना चुनावी भाग्य आजमा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि गंगानगर जिले में करणपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी एवं विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर के निधन के कारण करणपुर सीट पर चुनाव स्थगित कर दिया गया। वोटिंग के लिए विधानसभा क्षेत्रों में 51,507 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इसमें 10,501 मतदान केंद्र शहरी क्षेत्र और 41,006 ग्रामीण क्षेत्र में हैं। 26,393 मतदान केंद्रों की लाइव वेबकास्ट की जाएगी।



■ राज्य की 200 विस सीटों में 199 सीटों पर डाले जाएंगे वोट
■ पांच करोड़ 26 लाख 90 हजार 146 मतदाता करेंगे मतदान
■ 1860 से अधिक उम्मीदवार आजमा रहे चुनावी भाग्य

**65 हजार से ज्यादा ईवीएम मशीनें**

प्रदेश में मतदान के लिए इस बार 65,277 ईवीएम मशीनों का उपयोग किया जाएगा। इन ईवीएम मशीनों के साथ 62,372 कंट्रोल यूनिट और 67,580 वीवीपैट मशीनें भी हैं। चुनाव के लिए निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में 41,224 वाहनों का अधिग्रहण भी किया है।

**अब तक डाले जा चुके हैं इतने वोट**

विधानसभा चुनाव में इस बार निर्वाचन आयोग ने होम वोटिंग की सुविधा भी दी थी। जिसके तहत 80 साल से अधिक आयु के मतदाताओं और 40 फीसदी से अधिक दिव्यांग मतदाताओं को घर पर ही वोट देन की सुविधा दी गई थी। प्रदेश के 61021 मतदाताओं ने घर से वोट दिया है। जबकि 3,01,875 डाक मतपत्र से भी डाले गए हैं। 3 लाख 62 हजार 896 वोट पड़ चुके हैं।

### संजय सिंह की न्यायिक हिरासत बढ़ी

**नई दिल्ली,** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। दिल्ली शराब घोटाला केस में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह 4 दिसम्बर तक जेल में ही रहेंगे। स्पेशल जज एमके नागपाल ने उनकी ज्यूडिशियल कस्टडी चार दिसंबर तक बढ़ा दी है। वहीं, संजय के वकील मोहम्मद इरशाद ने बताया कि संजय की जमानत के लिए याचिका राऊज एवेन्यू कोर्ट में लगाई गई है, जिस पर शनिवार को सुनवाई हो सकती है। इससे पहले संजय को 10 नवम्बर को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया गया था। जहां उनकी कस्टडी 24 नवम्बर तक बढ़ाई गई थी।

# उत्तरकाशी में कम नहीं हो रहीं बाधाएं

**उत्तरकाशी**, 24 नवम्बर (देशबन्धु)। उत्तराखंड में उत्तरकाशी के सिलक्यारा सुरंग में फंसे मजदूरों को बाहर निकालने के लिए ड्रिलिंग कर रही अमेरिकी ऑगर मशीन के सामने फिर बाधा आ गई। शुक्रवार शाम साढ़े चार बजे मशीन से करीब 24 घंटे बाद फिर ड्रिलिंग शुरू की गई थी, लेकिन फिर ऑगर के आगे सरिया व लोहे के पाइप आ गए हैं। सुरंग के भीतर फंसे मजदूरों के बाहर निकलने का सभी को इंतजार है। काम लगातार जारी है, यह इंतजार जल्द खत्म हो सकता है। एक छोटी सी बाधा ने इंतजार का समय और बढ़ाने का काम किया है। बताया जा रहा है कि 800 एमएम व्यास के ह्यूम पाइप्स मजदूरों तक पहुंचने के बेहद करीब थे, लेकिन मलबे में मोटी सरिया के ऑगर मशीन कटर पर अटकने से पुर्जे ही टूट गए। ऐसे में अंदर टेक्निकल दिक्कतों को दूर करने के लिए रातों रात दिल्ली से हेली की मदद लेकर एक्सपर्ट बुलाने पड़े और एनडीआरएफ, एसडीआरडीएफ सहित टीएचडीसी के इंजीनियरों की भी मदद ली गई। गुरुवार को दोपहर में रेस्क्यू कार्य फिर शुरु हुआ और उम्मीद जताई जा रही थी कि देर शाम या शुक्रवार तक सभी बाहर आ जाएंगे, लेकिन फिलहाल सुरंग के अंदर से रेस्क्यू कार्य को लेकर कोई खुशखबरी सामने अब तक नहीं आई है। हालांकि, अधिकारियों और विशेषज्ञों का दावा है कि फिर से छोटी बाधाएं नहीं आती आती है, तो मजदूरों की निकासी किसी भी पल संभव है।

इसी पल के इंतजार में सीएम पुष्कर सिंह धामी मातली में कैंप बनाकर डेरा जमाए हुए हैं। साथ ही केंद्रीय सड़क परिवहन राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह भी बीते रोज से इसी क्षेत्र में जमे हैं। आखिरी वक्त पत्रकारों को जानकारी देते हुए रेस्क्यू नोडल अफसर व उत्तराखंड शासन के सचिव डॉ नीरज खैरवाल ने बताया कि 45 मीटर तक ह्यूम पाइप पुश किए जाने के बाद बाधा उत्पन्न हो गई थी और रेस्क्यू निरंतर जारी है।

ऑगर मशीन के रास्ते में आया स्टील पाइप, काटकर बाहर निकाला



### देशभर में अगले हफ्ते तक बढ़ेगी ठंड

**नई दिल्ली**, 24 नवम्बर (एजेंसियां)। जम्मू–कश्मीर समेत 7 राज्यों में अगले 24 घंटों के दौरान बारिश हो सकती है। बीते 5 दिनों में पहली बार गुरुवार को कश्मीर का पारा 0.9 डिग्री से ऊपर रहा। पहलगाम और अंनतनाग में माइनस 3.3 डिग्री के साथ सबसे ज्यादा ठंड रिकार्ड की गई। आईएमडी ने अगले हफ्ते से उत्तर भारत में ठंड बढ़ने की संभावना जताई है। वहीं गुलमार्ग में तापमान माइनस 2 डिग्री रिकार्ड किया गया। बांदीपुरा, बारामूला, गांदरबल, कोकरनाग, कुलगाम, कुपवाड़ा जैसे इलाकों में तापमान जीरो से 1.7 ड़िग्री के बीच रहा। स्काइमेट के मुताबिक, जम्मू कश्मीर, गिलगित–बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद के ऊपरी इलाकों में हल्की बारिश के साथ बर्फबारी हो सकती है। इसके अलावा केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना के कुछ हिस्सों, कर्नाटक और लक्षद्वीप में हल्की मध्यम बारिश की संभावना है। पूर्वोत्तर भारत में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश संभव है। दिल्ली–एनसीआर का एयर क्वॉलिटी इंडेक्स गंभीर श्रेणी में रहेगा। आईएमडी साइंटिस्ट सोमा सेन रॉय ने बताया कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से जम्मू–

# डीपफेक को लेकर केंद्र के तेवर सख्त

**नई दिल्ली**, 24 नवम्बर (देशबन्धु)। डीपफेक को लेकर केंद्र सरकार ने अपने तेवर सख्त कर लिए हैं। साफ कहा गया है कि इस मामले में जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्टानिक्स राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने शुक्रवार को दो–टूक कहा कि शुक्रवार से इस संबंध में सरकार की नीति जीरो टालरेंस की रहेगी। इस मामले में मंत्रालय ने सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को निर्देश दिया है कि वे सात दिनों के भीतर उपयोग करने की अपनी शर्तों को आईटी नियमों के अनुसार बदल लें। साथ ही डीपफेक का गलत उपयोग करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाने की तैयारी भी कर ली गई है। राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि सरकार की तैयारी एक वेबसाइट बनाने की है। इसके माध्यम से लोगों को प्राथमिकी दर्ज कराने में सहूलियत होगी। इसके अलावा सरकार लोगों को मामला दर्ज करने में सहयोग देने के लिए एक अधिकारी की भी नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि अक्टूबर 2022 से ही भारत सरकार गलत सूचना और डीपफेक के खतरे को लेकर सभी अलर्ट करती आ रही है। उन्होंने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्टानिक्स मंत्रालय ने सभी प्लेटफॉर्म्स को इस महीने की शुरुआत में एक एडवाइजरी जारी किया था, जिसमें ऐसे कानूनी प्रावधानों को बताया गया था। इससे पहले उन्होंने कहा था कि सभी प्लेटफॉर्म्स का गलत सूचना के प्रसार को रोकना कानूनी दायित्व है।

■ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को सात दिन का समय
■ प्राथमिकी दर्ज कराने में मदद करेगा केंद्र

### आतंकवाद | जम्मू-कश्मीर में सेना के वरिष्ठ अधिकारी का दावा

# आतंकी बन घुसपैठ कर रहे पाकिस्तान के रिटायर्ड फौजी

सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, 24 नवम्बर (देशबन्धु)। जम्मू-कश्मीर में सेना को आतंकवाद का सफाया करने में अब फिर से कड़ी मेहनत करनी होगी। ऐसा इसलिए क्योंकि पाकिस्तान ने अब अपने रिटायर्ड फौजियों को आतंकी बना प्रदेश में भेजना आरंभ किया है। सेना मानती है कि ऐसा होने से आतंकवाद के खिलाफ भारत की जंग एक नए मोड़ पर पहुंच गई है।**

*सेना की उत्तरी कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र दिवेद्धी ने माना है कि प्रदेश में मारे गए कई विदेशी आतंकियों की पृष्ठभूमि की जांच के दौरान यह जानकारी मिली है कि वे पाक सेना में काम कर चुके हैं। उनका कहना था कि इसलिए ऐसे आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान उन्हें कड़ा मुकाबला सहन करने के अतिरिक्त अपने जवानों व अफसरों को खोना पड़ा है। द्विवेदी ने कहा कि ऐसा लगाता है कि राजौरी मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादियों को अफगानिस्तान और अन्य देशों में प्रशिक्षित किया गया था और उनका मारा जाना राजौरी–पुंछ इलाके में 'आतंकवाद और उसके ईको–सिस्टम' के लिए एक बड़ा झटका है। सेना कमांडर शुक्रवार सुबह जम्मू में राजौरी के कालाकोट में शहीद हुए सेना के जवानों व अफसरों को श्रद्धासुमन अर्पित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हम प्रदेश में सक्रिय सभी विदेशी आतंकियों को मार गिराएंगे। वे कहते थे कि आईएसआई पहले कई बार अपने फौजियों को भी इस ओर भेज चुकी है और अब उसने इस नए पैंतरे को चला कर कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को अहम मोड़ पर ला खड़ा किया है। लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी ने कहा कि हमने मुठभेड़ में अपने पांच बहादुर सैनिकों को खो दिया, लेकिन दो खूंखार आतंकवादियों को भी मार गिराया है। हमारे जवानों ने अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना देश की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है। वे दावा करते थे कि दो खूंखार आतंकवादियों के मारे जाने से आतंकी पारिस्थितिकी तंत्र और पाकिस्तान को एक बड़ा झटका लगा है। दोनों आतंकवादी ढांगरी, कंडी और राजौरी में निर्दोष नागरिकों की हत्या में शामिल थे।*

# देश

उवाच

'राज्यपाल की शक्तियों पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला न केवल पंजाब के राज्यपाल, बल्कि सभी राज्यपालों के लिए कड़ी फटकार है।' 'तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि को फैसले की हर पंक्ति पढ़नी चाहिए और अगर उन्हें यह जरूरी लगता है, तो फैसले को समझने के लिए एक सक्षम वरिष्ठ वकील को बुलाना चाहिए:- **पी.चिदंबरम, वरिष्ठ नेता कांग्रेस**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 26.7 | 09.3 |
| मुंबई | 35.6 | 21.6 |
| कोलकाता | 28.5 | 18.2 |
| चेन्नई | 29.3 | 22.2 |

# राजस्थान में आज 199 सीटों पर मतदान

**जयपुर,** 24 नवम्बर (एजेंसियां)। राजस्थान में शनिवार को विधानसभा आम चुनाव में प्रदेश की कुल दो सौ विधानसभा सीटों में से 199 सीटों पर मतदान होगा। श्रीगंगानगर जिले की करणपुर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी एवं विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर के निधन के कारण करणपुर सीट पर चुनाव स्थगित हो गया। 199 सीटों पर हो रहे चुनाव में करीब डेढ सौ सीटों पर सत्तारुढ़ एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच सीधा मुकाबला होने के आसार हैं जबकि चालीस से अधिक सीटों पर त्रिकोणीय एवं कुछ स्थानों पर चतुष्कोणीय मुकाबला माना जा रहा है। इस चुनाव में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जोधपुर की सरदारपुरा सीट पर, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे झालावाड़ जिले की झालरापाटन, विधानसभा अध्यक्ष डा सी पी जोशी राजसमंद की नाथद्वारा, पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट टोंक, उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ चुरु जिले की तारानगर, उपनेता प्रतिपक्ष डा सतीश पूनियां जयपुर की आमेर, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा सीकर जिले की लक्ष्मणगढ़ विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़कर फिर से अपना चुनावी भाग्य आजमा रहे हैं। इनके अलावा सत्तारुढ कांग्रेस के कई मंत्री एवं विधायक फिर चुनाव मैदान में ताल ठोक रहे हैं।

इस चुनाव में इस बार दल बदल कर भी एक दूसरे दल से चुनाव लड़ रहे है ,उनमें पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुभाष महरिया कांग्रेस छोड़कर फिर भाजपा प्रत्याशी के रुप में श्री डोटासरा के सामने चुनाव लड़ रहे हैं। इसी तरह नागौर से पूर्व सांसद ज्योति मिर्धा कांग्रेस छोड़कर भाजपा उम्मीदवार के रुप में नागौर से ही चुनाव मैदान में हैं। कांग्रेस



विधायक गिर्राज सिंह मलिंगा भी भाजपा में शामिल होकर बाड़ी से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। इसी तरह भाजपा विधायक शोभारानी कुशवाह कांग्रेस का दामन थाम कर फिर चुनाव मैदान में हैं। इसी तरह किशनगढ़ से भाजपा के बागी हुए विकास चौधरी कांग्रेस से टिकट लेकर चुनाव लड़ रहे हैं। इसी तरह अन्य कई उम्मीदवार है जो एक दूसरे की पार्टी में चुनाव लड़ रहे।

जिन 199 सीटें पर शनिवार को मतदान होना हैं उनमें सादुलशहर, गंगानगर, सूरतगढ़, रायिसंहनगर (अजा) , अनूपगढ (अजा) , संगरिया, हनुमानगढ, पीलीबंगा (अजा), नोहर, भादरा, खाजूवाला (अजा) , बीकानेर पश्चिम, बीकानेर पूर्व, कोलायत, लूणकरणसर, डूंगरगढ, नोखा, सादुलपुर, तारानगर, सरदारशहर, चुरु, रतनगढ़, सुजानगढ़ (अजा), पिलानी (अजा), सूजरजगढ, झुंझुनूं, ,मंडावा, नवलगढ़, उदयपुरवाटी, खेतड़ी, फतेहपुर, लक्ष्मणगढ, धोद (अजा), सीकर, दांतारामगढ, खण्डेला, श्रीमाधोपुर, कोटपुतली, विराटनगर, शाहपुरा, चौमू, फुलेरा, दूदू, झोंटवाड़ा, आमेर , जमवारामगढ़ (अजजा), हवामहल, विद्याधरनगर, सिविल लाइंस, किशनपोल, आदर्शनगर, मालवीय नगर, सांगानेर, बगरु (अजा) , बस्सी (अजजा) , चाकसू (अजा) तिजारा, किशनगढबास, मुण्डावर, बहरोड़ , बानसूर, थानागाजी, अलवर ग्रामीण (अजा) अलवर शहर, रामगढ़, राजगढ़ लक्ष्मणगढ, एवं कठूमर (अजा) शामिल हैं।

इसी तरह कामां, नगर, डीग-कुम्हेर, भरतपुर, नदबई, वैर, (अजा) बयाना, (अजा) बसेड़ी (अजा), बाडी, धौलपुर, राजाखेड़ा, टोडाभीम (अजजा) हिण्डौन (अजा) करौली, सपोटरा (अजजा) बांदीकुई, महुवा, सिकराय (अजा) दौसा, लालसोट (अजजा) गंगापुर, बामनवास (अजजा) , सवाईमाधोपुर, खण्डार (अजा) मालपुरा, निवाई (अजा) , टोंक, देवली उनियारा, किशनगढ़, पुष्कर, अजमेर उत्तर, अजमेर दक्षिण, नसीराबाद, ब्यावर, मसूदा, केकड़ी, लाडनूं, डीडवाना, जायल (अजा) नागौर, खींवसर, मेड़ता (अजा) डेगाना, मकराना, परबतसर, नावां, जैतारण, सोजत (अजा), पाली, मारवाड़ जक्शन, बाली, सुमेरपुर, फलौदीख् लोहावट, शेरगढ़, ओंसिया, भोपालगढ़ (अजा) सरदारपुरा, जोधपुर, सूरसागर, लूणी, बिलाड़ा (अजा) जैसलमेर, पोकरण, शिव, बाड़मेर, बायतू, पचपदरा, सिवाना, गुढ़ामालानी, चौहटन (अजा) आहोर, जालोर (अजा) भीनमाल, सांचौर, एवं रानीवाड़ा शामिल है।

## अजमेर की आठ विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान दलों की रवानगी

**अजमेर।** राजस्थान विधानसभा चुनाव-2023 के लिए 25 नवम्बर को होने जा रहे मतदान के लिए आज अजमेर की सभी आठ विधानसभा क्षेत्रों के लिए मतदान दलों की रवानगी की गई। अजमेर जिला एकीकृत के तहत आठों विधानसभा क्षेत्र के लिए अजमेर के नसीराबाद रोड के माखुपुरा स्थित राजकीय पोलोटैक्निक महाविद्यालय से मतदान दलों को जिलानिर्वाचन अधिकारी डा. भारती दीक्षित के निर्देशन में रवाना किया गया। अजमेर एकीकृत के किशनगंढ़, ब्यावर, मसूदा, केकड़ी के दलों को पहले राऊंड में तथा पुष्कर, नसीराबाद , अजमेर उत्तर व अजमेर दक्षिण के मतदान दलों को अन्तिम प्रशिक्षण के बाद रवाना किया गया ।

## राजस्थान के सबसे ऊंचे मतदान केन्द्र शेरगांव के लिए मतदान दल रवाना

जयपुर। राजस्थान में शनिवार को होने वाले विधानसभा आम चुनाव में सिरोही जिले में आबू पिंडवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के शेरगांव में स्थित प्रदेश का सबसे ऊंचा मतदान केन्द्र के लिए सबसे पहले मतदान दल को रवाना किया गया। निर्वाचन विभाग के अनुसार मतदान दल राज्य की सबसे ऊंची चोटी गुरुशिखर से करीब 17 किलोमीटर पैदल चलकर शेरगांव स्थित इस मतदान केन्द्र पर पहुंचेगा। निर्वाचन विभाग की और से पहली बार शेरगांव में मतदान केन्द्र बनाया गया हैं जहां पर केवल 118 मतदाता है जो पहली बार अपने गांव में मतदान कर सकेंगे। इससे पहले ये मतदाता दस किलोमीटर पैदल चलकर उतरज में मतदान करने जाते थे। आबू पिंडवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 210 मतदान केंद्र बनाये गये हैं जहां दो लाख 27 हजार 856 मतदाता अपने मतों का उपयोग कर सकेंगे।

## गहलोत ने की पायलट की वोट अपील साझा, कहा, 'सब ठीक है'



**नई दिल्ली।** राजस्थान विधानसभा के लिए मतदान के लिए एक दिन शेष रहने पर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को सचिन पायलट की वोट की अपील साझा की और कहा कि पार्टी में सब ठीक है। 200 सदस्यीय विधानसभा के लिए चुनाव प्रचार गुरुवार शाम को थम गया। मुख्यमंत्री ने अपने एक्स हैंडल पर पायलट का वीडियो पोस्ट किया, जहां पूर्व राज्य इकाई प्रमुख राज्य में मतदाताओं से कांग्रेस को चुनने और हर पांच साल के बाद वैकल्पिक पार्टी सरकारों की परंपरा को बदलने का आग्रह कर रहे हैं और राज्य के कार्यों पर भी प्रकाश डाल रहे हैं। पायलट की वीडियो अपील में गहलोत और पायलट के साथ पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी भी नजर आ रहे हैं। विधानसभा चुनावों से पहले, गहलोत और पायलट ने एकजुट चेहरा पेश किया है और रेगिस्तानी राज्य में संयुक्त रूप से एक सार्वजनिक बैठक को भी संबोधित किया है। वीडियो में पायलट ने यह भी कहा कि उन्होंने सैकड़ों सार्वजनिक बैठकों को संबोधित किया है और अभी भी कई क्षेत्रों तक पहुंचने में असमर्थ हैं। पायलट ने अपील की, 'इस प्रकार वीडियो के माध्यम से मैं राज्य के अपने सभी लोगों से कांग्रेस को वोट देने और राजस्थान में वैकल्पिक पार्टी सरकार की परंपरा को बदलने की अपील कर रहा हूं।'

## सार संक्षेप

### लालू यादव एकदम अशुभ है इंडी गठबंधन के लिए: सम्राट चौधरी

पटना। कोई कहीं चले जाए उसे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। लालू यादव ने जिस तरह कल बोला कि पीएम अशुभ है। ठीक उसी तरह लालू यादव एकदम अशुभ है इंडी गठबंधन के लिए। जब तक मोदी जी हैं तब तक उनके लिए राजनीतिक तौर पर काल के रूप में खड़े रहेंगे। यह बातें बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कही है। दरअसल, बिहार के सीएम नीतीश कुमार और राजद सुप्रीमों लालू यादव वर्तमान में दिल्ली में मौजूद हैं। वहीं, इन दोनों नेताओं के एक साथ दिल्ली में होने को लेकर कई तरह के राजनीतिक समीकरण तैयार किए जा रहे हैं। ऐसे में जब इसको लेकर आज भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि - जब तक मोदी जी हैं तब तक उनके लिए राजनीतिक तौर पर काल के रूप में खड़े रहेंगे। दोनों कहीं रहे उससे कोई फर्क नहीं पड़ने वाला है। लालू इंडी गठबंधन के लिए अशुभ है। वहीं, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष संजय जसवाल ने कहा कि- लालू - नीतीश ने इतना घोटाला किया है की इनकी तबीयत तो खराब होनी है। ये लोग खुद मान कर चलते हैं कि जब हमसे कोई सवाल पूछेगा तो तबीयत तो खराब होगी ही न। जबकि हकीकत तो ये हैं की नीतीश कुमार को नाइलाज बीमारी हुआ है। उनको जिस तरह से भूलने की बीमारी और रात में जो सपना देखते हैं उसको दिन में कहने की बीमारी हुई है उसको कोई इलाज अब कहीं नहीं है।

### मुंबई एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी देने वाला शख्स केरल से पकड़ा गया

मुंबई। महाराष्ट्र आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) की साइबर सेल ने शुक्रवार को केरल से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया, जिसने कथित तौर पर मुंबई हवाई अड्डे के टर्मिनल 2 को उड़ाने की धमकी दी थी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। गुरुवार को, छत्रपति शिवाजी

## भाजपा सांसद दुबे ने फिर किया महुआ मोइत्रा पर हमला, दाउद इब्राहिम से की तुलना



**नई दिल्ली,** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। पैसा लेकर संसद में सवाल पूछने के मामले में गुरुवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पार्टी सांसद महुआ मोइत्रा का बचाव किया था। तो आज भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने पलटवार करते हुए महुआ की तुलना अंडरवर्ल्ड डॉन दाउद इब्राहिम से कर दी। दुबे ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहाकि दाउद भी उत्तरप्रदेश के आजमगढ़ से चुनाव लडता है तो 99 फीसदी संभावना है कि वह जीत जाएगा। तब अगर ममता बनर्जी की थ्योरी सही है तो इसका मतलब यह है कि दाउद इब्राहिम गद्दार नहीं है। दुबे ने आरोप लगाया कि टीएमसी सांसद ने सिर्फ दर्शन हीरानंदानी को ही अपना लॉगिन पासवर्ड नही दिया था। बल्कि इसे कई स्थानों दिल्ली, बेंगलुरू, सैनफ्रासिस्को से भी लॉगिन किया गया था। यह एक बडी साजिश है। इतना ही नहीं उन्होंनें महुआ द्वारा पूर्व में देवी काली को लेकर की गई विवादित टिप्पणियों को लेकर भी ममता को आडे हाथों लिया। भाजपा सांसद ने कांग्रेस पर भी हमला बोलते हुए कहाकि जिस कांग्रेस पार्टी ने साल 2005 में राजाराम पाल को पैसा लेकर प्रश्न पूछने के आरोप में संसद से बर्खास्त किया था। 2009 में उसी को टिकट थमाकर लोकसभा चुनाव भी लडवाती है।यह इंडिया गठबंधन का इतिहास है कि उन्हें दाउद इब्राहिम जैसे भ्रष्ट, देशद्रोही व्यक्ति पसंद हैं। बतादें कि कल ममता बनर्जी ने पैसा लेकर सवाल पूछने के मामले में अपनी सांसद का बचाव करते हुए कहा था कि भाजपा महुआ को संसद से बाहर निकालने की योजना बना रही है।

## केसीआर सरकार अपनी एक्सपायरी डेट पार कर चुकी है : प्रियंका गांधी

वारंगल (तेलंगाना), 24 नवम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शुक्रवार को कहा कि तेलंगाना में केसीआर सरकार अपनी एक्सपायरी डेट पार कर चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सरकार, जिसे लोगों ने 10 साल पहले नए राज्य में बहुत उम्मीदों के साथ चुना था, ने लोगों को धोखा दिया है। प्रियंका गांधी कांग्रेस के चुनाव अभियान के तहत वारंगल जिले के पालकुर्थी निर्वाचन क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रही थीं।

उन्होंने कहा, 'इस सरकार ने हर स्तर पर आपके साथ अन्याय किया है। इसकी एक्सपायरी डेट बीत चुकी है। उन्होंने दावा किया कि राज्य में कांग्रेस की लहर चल रही है। प्रियंका गांधी ने लोगों से उस सरकार को हटाने का आग्रह किया जो उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी और बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया।



**'इस सरकार ने हर स्तर पर आपके साथ अन्याय किया है। इसकी एक्सपायरी डेट बीत चुकी है, राज्य में कांग्रेस की लहर चल रही है:-प्रियंका गांधी वाड्रा, महासचिव कांग्रेस**

कांग्रेस ने आरोप लगाया कि सरकार जनता से किए वादे पूरे करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि सत्ता में बैठे लोगों ने जनता के हजारों करोड़ रुपए लूट लिए। उन्होंने कहा कि जब नया राज्य बना तो युवाओं को नौकरी मिलने की उम्मीद थी, लेकिन सरकार ने धोखा दिया। उन्होंने कहा, युवाओं ने नौकरी पाने के लिए परीक्षाओं में कड़ी मेहनत की लेकिन प्रश्नपत्र लीक होने से उनका भविष्य बर्बाद हो गया और उनमें से कई ने आत्महत्या कर ली। उन्होंने वादा किया कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो तेलंगाना में युवाओं को 2 लाख सरकारी नौकरियां देगी जैसा कि उसने राजस्थान में किया है। तेलंगाना देश में सबसे अधिक बेरोजगारी दर वाले राज्यों में से एक है, उन्होंने कहा कि कांग्रेस एक नौकरी कैलेंडर जारी करेगी, जिसमें परीक्षाओं की तारीखें, परिणाम और नौकरी नोटिस दिए जाएंगे। उन्होंने कहा, 'हमारा दृष्टिकोण तेलंगाना के युवाओं को अपने पैरों पर खड़ा होने और उन्हें सशक्त बनाने में मदद करना है।' कांग्रेस नेता ने कहा कि सत्ता में आने पर कांग्रेस छात्रों को उनकी शिक्षा के लिए 5 लाख रुपए देगी। हर जिले में अंतरराष्ट्रीय मानकों वाला एक स्कूल स्थापित किया जाएगा। प्रियंका गांधी ने कांग्रेस द्वारा दी गई छह गारंटी के बारे में भी लोगों को बताया। उन्होंने कहा कि महिलाएं महंगाई से सबसे ज्यादा प्रभावित होती हैं।

कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद उन्हें प्रति माह 2,500 रुपए की वित्तीय सहायता मिलेगी, जबकि रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपए में उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा, 'कर्नाटक में मेरी बहनों की तरह, आप सभी आरटीसी बसों में मुफ्त यात्रा कर सकेंगे।'

## आतंकवाद के खिलाफ भारत एकजुट और मजबूत है : खड़गे

**नई दिल्ली,** 24 नवम्बर (एजेंसियां)। कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को जम्मू-कश्मीर के राजौरी में दो कैप्टन समेत पांच सैन्यकर्मियों की मौत पर शोक व्यक्त किया और कहा कि भारत आतंकवाद के खिलाफ एकजुट और मजबूत है। एक्स पर एक पोस्ट में खड़गे ने कहा, 'जम्मू-कश्मीर के रजौरी इलाके में आतंकवादियों से लड़ते हुए सर्वोच्च बलिदान देने वाले दो कैप्टन और सेना के तीन जवानों सहित पांच सैन्य कर्मियों की शहादत से बेहद दुखी हूं।' उन्होंने कहा, 'आतंकवादियों से लड़ने में अदम्य साहस और वीरता दिखाने के लिए कैप्टन एमवी प्रांजल, कैप्टन शुभम गुप्ता, हवलदार अब्दुल माजिद, लांस नायक संजय बिष्ट और पैराट्रूपर सचिन लौर को सलाम। दुख की इस घड़ी में, उनके परिवारों और प्रियजनों के प्रति हमारी गहरी संवेदना है। कांग्रेस नेता, जो राज्यसभा में विपक्ष के नेता भी हैं, ने कहा, 'भारत आतंकवाद के खिलाफ एकजुट और मजबूत है।'



उनकी यह टिप्पणी बुधवार को जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले के बाजीमल इलाके में आतंकवादियों के खिलाफ ऑपरेशन में दो कैप्टन समेत पांच सैन्यकर्मियों के शहीद होने के बाद आई है। बुधवार और गुरुवार को सुरक्षा बलों के साथ 36 घंटे तक चली मुठभेड़ में अफगानिस्तान में प्रशिक्षित लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक शीर्ष कमांडर सहित दो आतंकवादी मारे गए।

## मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा जल्दबाजी में वोट न डालें, सोच समझकर वोट करें

**मंचेरियल,** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव ने शुक्रवार को मंचेरियल में आयोजित आशीर्वाद सभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस से बहुत सावधान रहें। कांग्रेस ने एक नया तरीका शुरू किया है। कांग्रेस उम्मीदवार कहते हैं कि मुझे जीतने दें, मैं बीआरएस में शामिल होऊंगा। आप इस पर विश्वास नहीं करें। अगर आपने कांग्रेस को वोट दिया तो दस साल की मेहनत बर्बाद हो जाएगी। बीआरएस उम्मीदवार दिवाकर राव सौम्य हैं, वह एक अच्छे इंसान हैं, आप उन्हें वोट देकर भारी मतों से जिताएं। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि अगर दिवाकर राव जीतते हैं तो यह आपके लिए हर तरह से अच्छा होगा। अगर सभी इलाकों तक पानी नहीं पहुंचता है तो उसे रोकने के लिए गोदावरी पर बैरियर बनाया जाना चाहिए। मैं आपसे आग्रह कर रहा हूं कि आप दिवाकर राव को जिताएं, मैं इस कार्य को पूरा करूंगा। कल राज्य की बेहतरी किसके हाथों में होगी यह आपका वोट तय करेगा।

मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि आप जल्दबाजी में वोट न डालें, सोच समझकर वोट करें। आपका वोट लोकतंत्र में लोगों के पास एकमात्र अनमोल और मूल्यवान हथियार है। यदि आप उस वोट का सही उपयोग करते हैं तो तेलंगाना का भविष्य अगले पांच वर्षों तक अच्छा होगा। यहां जो भी विधायक जीतेगा, हैदराबाद में उसी की सरकार बनेगी।अगर अच्छा विधायक जीतेगा तो अच्छी सरकार आएगी। आपको यहां खड़े उम्मीदवारों के बारे में जरूर सोचना चाहिए। यह महत्वपूर्ण बात यह है कि उम्मीदवारों के पीछे कौन सी पार्टी है। आपको उन पार्टियों का इतिहास भी देखना चाहिए, आपको पार्टियों के आचरण, इतिहास और जनता के प्रति रवैये पर भी विचार करना चाहिए।



बीआरएस पार्टी तो आप सभी जानते हैं। बीआरएस का जन्म आपकी आंखों के सामने तेलंगाना के अधिकारों के लिए हुआ है। हमने पंद्रह वर्षों तक कड़ा संघर्ष किया और अंतत: तेलंगाना राज्य हासिल किया। मुख्यमंत्री केसीआर ने कहा कि यह कांग्रेस पार्टी है जिसने तेलंगाना को नष्ट कर दिया। हमारा तेलंगाना हमारे लिए था। 1956 में उनकी गलती का खामियाजा हमें 58 साल तक भुगतना पड़ा। यहां गोदावरी मौजूद है लेकिन उसका पानी कभी हमारे खेतों तक नहीं पहुंचा। यहाँ तक कि गोदावरी के जलग्रहण क्षेत्र में भी उचित ताज़ा पानी उपलब्ध नहीं कराया जा सका।

हथकरघा मजदूर और किसान आत्महत्या कर रहे थे। हमने भारी पलायन और बहुत कष्ट झेले हैं। 1969 में 400 लोगों को मार दिया। वे 2004 में आए जब हमने दोबारा आंदोनल की शुरुआत की और कहा कि हम तेलंगाना देंगे। कांग्रेस 2004 में सत्ता में आई लेकिन 2004, 2005 और 2006 में तेलंगाना नहीं दिया। वे बीआरएस पार्टी को ही विभाजित करना चाहते थे। उन्होंने विधायकों को खरीदने की कोशिश की। जब 33 पार्टियां एक साथ हमारे समर्थन में आईं तभी तेलंगाना मिला।

## मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के बाद अफसरों की बढ़ेगी मुसीबत

**भोपाल,** 24 नवम्बर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए मतदान हो चुके हैं और मतगणना होने से पहले कई नौकरशाहों पर गंभीर आरोप लगने लगे हैं। चुनाव नतीजे आने के बाद इन अफसरों को सबक सिखाए जाने तक की बयानबाजी हो रही है। दरअसल, राज्य में मतदान के दौरान कई स्थानों पर गड़बड़ी की शिकायतें आई और उसमें प्रशासनिक अधिकारियों पर भी पक्षपात करने के आरोप लगे। सत्ताधारी दल भाजपा और विपक्षी दल कांग्रेस की ओर से खुलकर आरोप लगाए गए। इतना ही नहीं दोनों दलों के प्रतिनिधिमंडलों ने चुनाव आयोग में शिकायत की।

राज्य में लगभग एक दर्जन ऐसे कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक हैं, जिनके खिलाफ दोनों राजनीतिक दलों की ओर से गंभीर आरोप लगाए गए हैं और शिकायतें की गई है। कांग्रेस ने तो अपने कार्यकर्ताओं से ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों की भी सूची मंगाई है, जिन्होंने चुनाव के दौरान सत्ताधारी दल का कथित साथ दिया है। भाजपा की ओर से भी ऐसे अफसरों को सबक सिखाए जाने की बात की जा रही है, जिन्होंने मतदान के दौरान मनमानी की है। जानकारों का कहना है कि दोनों ही राजनीतिक दल यह मानकर चल रहे हैं कि चुनाव नतीजे काफी कशमकश भरे रहने वाले हैं।


**मुथुट हाउसिंग फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड**

muthoot HOUSING FINANCE

पंजीकृत कार्यालय : टीसी नं. 14/2074-7, मुथुट सेंटर, पुन्नेन रोड, तिरुवनंतपुरम - 695 034. सीआईएन नं. U65922KL2010PLC025624

कॉर्पोरेट कार्यालय : 12/ए 01, 13वीं मंजिल, परिनी क्रिसेन्जो, प्लाट नं. सी38 एवं सी39, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स- जी ब्लॉक (पूर्व), मुम्बई - 400051.फोन नं. : 022-62728517, ई-मेल आईडी : authorised.officer@muthoot.com

**परिशिष्ट-IV [नियम 8(1)] अधिग्रहण सूचना (अचल संपत्ति हेतु)**

[illegible]

| क्र. सं. | उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर का नाम | मांग सूचना की दिनांक | कुल बकाया राशि (रु.) भावी ब्याज लागू | प्रतिभूत परिसंपत्ति(यों)/अचल संपत्ति(यों) का विवरण | अधिग्रहण की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | LAN No.: 18600111249 & 18600124633 1.नीलचंद मेश्राम, 2. गीता मेश्राम उर्फ गीताबाई | 26-07-2023 | Rs. 4,58,066/- एवं Rs. 4,91,019/- दिनांक 22-07-2023 को | संपत्ति के समस्त भाग एवं अंश, खसरा नं. 953/11, पी.सी. नं. 142/89/42, आर.एन.एम., तहसील एवं जिला महासमुंद, छत्तीसगढ़, क्षेत्रफल 2470 वर्गफीट, प्लॉट की चतुर्सीमा : [illegible] पूर्व से पश्चिम की ओर उत्तरी तरफ : 34 फीट, पूर्व से पश्चिम की ओर, दक्षिणी तरफ 40 फीट, उत्तर से दक्षिण की ओर पूर्वी तरफ 36 फीट, उत्तर से दक्षिण की ओर पश्चिमी तरफ 36 फीट | 22-11-2023 |

[illegible]

ह/- प्राधिकृत अधिकारी

वास्ते मुथुट हाउसिंग फाइनेंस कम्पनी लिमिटेड

स्थान : छत्तीसगढ़, दिनांक : 25.11.2023



**सांकेतिक कब्जा सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., लैंडमार्क बिल्डिंग, चतुर्थ तल, 228ए, एजेसी बोस रोड, कोलकाता-700020 सीआईएन नंबर : एल65190जीजे1994पीएलसी021012, www.icibank.com

जबकि,

अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।

कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है। कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम/ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति का वर्णन/सांकेतिक कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/ मांग सूचना में राशि (रू.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | राहुल लाखे/विकास लाखे/किरण लाखे/66 वार्ड नंबर 30 तमीर पारा दुर्ग, छत्तीसगढ़, दुर्ग-491001/ एलबीडीआरजी00002937216/ एलबीडीआरजी00005439483/ एलबीडीआरजी00003749257 | सम्पत्ति 1) प्लॉट नंबर 172, नजूल शीट नंबर 45ए, मौजा मोतीपारा दुर्ग, सम्पत्ति 2) प्लॉट नंबर 2/2, शीट नंबर 30 सी, मौजा रानीचरी बाजार, दुर्ग, छत्तीसगढ़ (क्षेत्रफल परिमाप सम्पत्ति 1) 172 वर्ग मीटर सम्पत्ति 2) 287 वर्ग मीटर जहां दुकान परिमाप 238 वर्ग फीट और प्रथम तल परिमाप 952 वर्ग फीट) सांकेतिक की तिथि : 22-11-2023 | 10-07-2023 रू. 61,50,704/- | दुर्ग |
| 2. | रोशन आरा/मोहम्मद मुश्ताक/शेख रशीद बिलाल/एच नंबर 110, वार्ड नंबर 8, केबल आपरेटर, निकट मज्जिद तकिया पारा, छत्तीसगढ़, दुर्ग-491001/ एलबीबीएलआई00004806755 | खसरा नंबर 716/13, वार्ड नंबर 42, कसारीडीह वार्ड (केलाबाडी अंदरूनी भाग), मौजा कसारीडीह, आरएनएम दुर्ग 1, पीएच नंबर 19/25, दुर्ग नगर निगम, तहसील एवं जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़, दुर्ग (क्षेत्रफल परिमाप 0.011 हेक्टेयर यानी 1200 वर्ग फीट, 111.52 वर्ग मीटर, भू तल, निर्मित क्षेत्रफल 750 वर्ग फीट यानी 69.70 वर्ग मीटर, प्रथम तल निर्मित क्षेत्रफल 543 वर्ग फीट यानी 50.46 वर्ग मीटर, सांकेतिक की तिथि : 22-11-2023 | 09-08-2023 रू. 41,59,870/- | दुर्ग |
| 3. | मोहम्मद नसीमुद्दीन/रेहाना बंद/बी 99, गौरव पथ रोड, आम्रपाली कालोनी, छत्तीसगढ़, भिलाई-490020/ एलबीबीएलआई00004451270/ एलबीबीएलआई00005322139/ एलबीबीएलआई00004451284 | आम्रपाली वनांचल सिटी, प्लॉट नंबर बी-099, ग्राम जामुल और छावनी, तहसील दुर्ग, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ़ (क्षेत्रफल परिमाप (9.0 मीटर गुणा 15.0 मीटर) 135 वर्ग मीटर सांकेतिक की तिथि : 22-11-2023 | 17-06-2023 रू. 44,91,701/- | भिलाई |

उपरोक्त कर्जदार (रों)/गारंटर (रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उपरोक्त राशि 30 दिन के भीतर चुकता कर दें, अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि व्यतीत होने पर उक्त बंधक रखी सम्पत्तियां प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।

तिथि : 24 नवम्बर, 2023
स्थान : दुर्ग एवं भिलाई

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

## गया में हास्य कवि सम्मेलन 26 को

**गया।** बिहार के गया शहर में 26 नवम्बर को हास्य कवि सम्मेलन आयोजित किया गया है। सुर सलिला न्यास गयाजी के द्वारा रविवार को शहर के चांदचौरा मोहल्ले में अवस्थित सिजुआर भवन के परिसर में आयोजित कवि सम्मेलन में देश के नामचीन कवि अपनी कविता पाठ कर लोगों को गुदगुदाएंगे। आयोजक सह प्रसिद्ध संगीतकार राजन सिजुआर ने शुक्रवार को यहां बताया कि हास्य कवि सम्मेलन में प्रयागराज से अखिलेश द्विवेदी, बनारस से दमदार बनारसी, पुणे से निधि गुप्ता कशिश और जमशेदपुर से अंकिता सिन्हा मुख्य रूप से काव्य पाठ करेगी। हास्य कवि सम्मेलन के मुख्य अतिथि के रूप में दक्षिण बिहार केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर कामेश्वर नाथ सिंह उपस्थित रहेंगे।

# रात की खराब नींद के बावजूद मस्तिष्क को स्वस्थ रखता है 20 मिनट का व्यायाम

### आंशिक नींद की कमी के बाद और हाइपोक्सिया के साथ मानसिक विकास में भी सुधार



**लंदन,** 24 नवम्बर (एजेंसियां)। एक शोध से यह बात सामने आई है कि अगर आपने रात में अच्छी नींद नहीं ली है, तो केवल 20 मिनट का व्यायाम आपके मस्तिष्क को स्वस्थ रख सकता है। पोर्ट्समाउथ विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं के नेतृत्व में किए गए अध्ययन से पता चला है कि नींद, ऑक्सीजन का स्तर और व्यायाम हमारी मानसिक कार्य करने की क्षमता को कैसे प्रभावित करते हैं।

टीम ने पाया कि मध्यम तीव्रता वाले व्यायाम से सोचने की क्षमता में सुधार होता है, चाहे किसी व्यक्ति की नींद की स्थिति या ऑक्सीजन का स्तर कुछ भी हो।

यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ स्पोर्ट हेल्थ एंड एक्सरसाइज साइंस (एसएचईएस) के जो कॉस्टेलो ने कहा कि हम मौजूदा शोध से जानते हैं कि ऑक्सीजन का स्तर कम होने पर भी व्यायाम हमारे सोचने की क्षमता को बेहतर बनाता है लेकिन यह पहला अध्ययन है जो सुझाव देता है कि पूर्ण और आंशिक नींद की कमी के बाद और हाइपोक्सिया के साथ यह मानसिक विकास में भी सुधार करता है। उन्होंने कहा कि व्यायाम और इन तनावों के बीच संबंधों के बारे में हम जो जानते हैं, उसमें ये निष्कर्ष महत्वपूर्ण रूप से जुड़ते हैं और इस संदेश को सुदृढ़ करने में मदद करते हैं कि व्यायाम शरीर और मस्तिष्क के लिए दवा है।

फिजियोलॉजी एंड बिहेवियर में प्रकाशित अध्ययन में दो प्रयोग शामिल थे, प्रत्येक में 12 प्रतिभागी (कुल 24) थे। पहले में किसी व्यक्ति के संज्ञानात्मक प्रदर्शन पर आंशिक नींद की कमी के प्रभाव को देखा गया, और दूसरे ने कुल नींद की कमी और हाइपोक्सिया के प्रभाव की जांच की। दोनों में सभी प्रतिभागियों ने 20 मिनट की साइकिलिंग के बाद मानसिक विकास प्रदर्शन में सुधार का अनुभव किया। कॉस्टेलो ने कहा कि क्योंकि हम व्यायाम को एक सकारात्मक हस्तक्षेप के रूप में देख रहे थे, इसलिए हमने अनुशंसित मध्यम तीव्रता वाले एक्सरसाइज का उपयोग करने का निर्णय लिया। यदि व्यायाम अधिक लंबा या कठिन होता तो इसके नकारात्मक परिणाम बढ़ सकते हैं और यह स्वयं तनाव का कारण बन सकता था। पहले प्रयोग में व्यक्तियों को तीन दिनों में रात में केवल पांच घंटे सोने की अनुमति दी गई थी। प्रत्येक सुबह उन्हें आराम करने के लिए और फिर साइकिल चलाने के दौरान सात कार्य दिए गए। उन्हें कार्य पूरा करने से पहले अपनी नींद और मनोदशा का मूल्यांकन करने के लिए भी कहा गया। परिणामों से पता चला कि कार्यों पर तीन रातों की आंशिक नींद का प्रभाव असंगत था। पेपर में कहा गया है कि इसका स्पष्टीकरण यह हो सकता है कि कुछ लोग हल्की या मध्यम नींद की कमी के प्रति अधिक लचीले होते हैं।

# दिल टूटने की कहानी कहता है विशाल मिश्रा, श्रेया घोषाल का सिंगल ट्रैक 'एक मुलाकात'



**मुंबई,** 24 नवम्बर (एजेंसियां)। गायक विशाल मिश्रा और श्रेया घोषाल का नवीनतम ट्रैक 'एक मुलाकात' अटूट प्यार और दिल टूटने की थीम पर आधारित है। गाना अभिषेक मल्हान और साक्षी मलिक पर फिल्माया गया है। विशाल और श्रेया के बीच का स्वर सामंजस्य सबसे अच्छा है।


विशाल का अपना गायन जमीन से जुड़ा हुआ है। जबकि श्रेया अपने बेहतरीन नोट्स प्रस्तुत करती हैं। साथ में, ये दो अलग आवाजें एक अनोखा स्वाद पैदा करती हैं जो अविश्वसनीय रूप से रोमांटिक और भावनात्मक है। जावेद मोहसिन की संगीत जोड़ी की रचना भी बहुत सराहनीय है क्योंकि संगीत के बिना गायन अधूरा है। जहां गायक एक-दूसरे की खूबियों को समझते हैं, वहीं संगीतकार जोड़ी अपने स्वरों के विरोधाभासों का भरपूर उपयोग करना जानती है और इस प्रकार ऐसे उपकरण उपलब्ध कराती है जो उनकी दोनों आवाजों के लिए समान रूप से अनुकूल हों।

अभिषेक और साक्षी अभिनीत संगीत वीडियो में दोनों युवा प्रेमी रोमांस का आनंद लेते नजर आते हैं।

### भूकंप की आहट को लेकर वैज्ञानिकों का अध्ययन

# आयन मंडल पर कान लगाने से लग सकती है भूकंप की आहट




**नई दिल्ली,** 24 नवम्बर (एजेंसियां)। भारत के भूकंप वैज्ञानिकों को लगा है कि भूकंप के केंद्र के आस-पास की सूक्ष्म गतिविधियों की झलक धरती से 80 किलोमीटर से 600 किलोमीटर ऊपर के आयन मंडल में मिल सकती है और इन पर निगाह रखने से भूकंप आने की आहट लगायी जा सकती है।

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इस संबंध में अध्ययनों के हवाले से कहा है कि भूकंप के स्रोत की अपेक्षाकृत छोटी प्रक्रियाओं तक का भी, आयनमंडल में प्रतिबिंब झलकता है। इस अवधारणा के सत्यापन के लिए वैज्ञानिकों ने तुर्की-सीरिया सीमा के पास दक्षिणी तुर्की में फरवरी में आये 7.8 तीव्रता के विनाशकारी भूकंप पर अध्ययन किया। यह भूकंप खगोलीय पिंड के आवरण में विचलन की धरती पर दर्ज की गई सबसे बड़ी घटनाओं में से एक है। यह झलक भू-चुंबकीय बदलावों तथा और स्थान विशेष की रैखिक ज्यामिति जैसे कारकों के साथ-साथ अतंरिक्ष में व्याप्त आयन मंडल के विक्षोभों (सीआईपी) के आयाम और अवधि को प्रभावित करती हैं। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह खोज अंतरिक्ष से भूकंप स्रोत प्रक्रियाओं का अवलोकन करने तथा अंतरिक्ष-आधारित अवलोकनों का उपयोग करके भूकंप की आहट लगाने का मार्ग प्रशस्त कर सकती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि खगोलीय पिंडों के वाह्य आवरण की ऊर्ध्वाधर हलचलें वायुमंडल में ध्वनिक तरंगें (एडब्ल्यू) पैदा करती हैं, जो आयन मंडल तक पहुंचती हैं। इन विक्षोभों से ग्राउंड ग्लोबल नेविगेशन सेटेलाइट सिस्टम (जीएनएसएस) रिसीवर और उपग्रहों को जोड़ने वाली लाइन-ऑफ-साइट के साथ इलेक्ट्रॉनों की संख्या में गड़बड़ी पैदा होती है। इन विक्षोभों को आकाशीय आयन मंडल के व्यवस्था क्रम में विक्षोप या पर्टर्बेशन (सीआईपी) कहा जाता है। यह विक्षोभ सामान्यत: पिंड के आवरण स्रोत के 500-600 किमी के भीतर होता है।

■ **विक्षोभ सामान्यत: पिंड के आवरण स्रोत के 500-600 किमी के भीतर**

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की रिपोर्ट में कहा गया है कि उसके स्वायत्त संस्थान, भारतीय भू-चुंबकत्व संस्थान (आईआईजी) के वैज्ञानिकों ने अपेक्षाकृत छोटे भूकंपों (आठ मेगावाट से कम) के संबंध में इस अवधारणा को सत्यापित करने के अपने प्रयास में छह फरवरी 2023 तुर्की भूकंप के निकट-क्षेत्र सीआईपी का विश्लेषण किया।

वैज्ञानिकों ने पहली बार प्रदर्शित किया कि अपेक्षाकृत छोटे भूकंपों से उत्पन्न आयनोस्फेरिक गड़बड़ी में कई स्रोत शामिल हो सकते हैं।

# छठे पूर्वोतर भारत फैशन वीक वोकल फॉर लोकल पर रहा केंद्रित



**ईटा नगर,** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। नॉर्थ ईस्ट इंडिया फैशन वीक - द आर्टिसंस मूवमेंट का छठा संस्करण, जोलांग, ईटानगर, अरुणाचल प्रदेश में सुरम्य कोरो हप्पा नदी द्वीप पर आयोजित किया गया। इसमें फैशन जगत की कई जानी मानी हस्तियों ने शिरकत कर नॉर्थ ईस्ट की कला एवं संस्कृति को बरकरार बनाए रखा। तीन दिवसीय कार्यक्रम में पूरे पूर्वोत्तर भारत के 30 से अधिक डिजाइनरों और बुनकरों ने अपने डिजाईन प्रस्तुत किए।

उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू, विशिष्ट अतिथि के रूप में स्पीकर पीडी सोना, त्रिपुरा के मंत्री विकास देबबर्मा, तेची कासो - विधायक और मुख्य संरक्षक एन ई आई एफ डब्लू 2023 और विधायक न्यामार करबाक शामिल हुए। महोत्सव की शुरुआत दिरांग दज़ोंग के पारंपरिक नृत्य सिंघी छम के साथ हुई, जिसके बाद प्रदर्शनी स्टालों की शुरुआत हुई।

डिजाइरों अपने शुरुआती कार्यक्रम में सबको चकित कर दिया वहीं दिव्यांगजन बुनकर, डिजाइनर जियाई एटे की गैलो जनजाति की बुनाई की प्रतिभा से सब हतप्रभ रह गए। स्वाबलंबी द्वारा डिमोरिया, दिव्यांगजन बुनकर इकेलुले पामे द्वारा वीव्स ऑफ ज़ेमे नागा और बैम्बू जंपिंग पार्टी द्वारा जीवंत प्रदर्शन जैसे मनोरम दृश्यों के साथ यह कार्यक्रम आगे बढ़ा। रात में मणिपुर के पारंपरिक पहनावे, त्रिपुरा की बुनाई और लोक संगीतकार गुरु रेबेन मशांगवा के लाइव प्रदर्शन के साथ पूर्वोत्तर भारत की समृद्ध विविधता का प्रदर्शन किया गया। शाम के ग्रैंड फिनाले में डिजाइनर आनंदिता करमाकर का फैशन शो और अभिनेत्री मॉडल गायिका ज़ो सोन्स का लाइव शो का प्रदर्शन किया गया।

नॉर्थ ईस्ट इंडिया फैशन वीक के छठे संस्करण के बारे में बोलते हुए, वन अरुणाचल के अध्यक्ष जोरम टैट ने कहा कि नॉर्थ ईस्ट इंडिया फैशन वीक- द आर्टिसंस मूवमेंट के माध्यम से, हम कारीगरों के रोल मॉडल की पहचान करने, कारीगर समुदाय के भीतर आत्म-सम्मान बढ़ाने, वकालत करने का प्रयास करते हैं।

# बिना दहेज की शादी, दुल्हा हेलीकॉप्टर में दुल्हन लेकर पहुंचा अपने घर



**सिरसा,** 24 नवम्बर (एजेंसियां)। हरियाणा में सिरसा के गांव नाथूसरी कलां में दुल्हन को हेलीकॉप्टर में लेकर आने का नजारा देखने को मिला। यहां दूल्हा अपनी नई नवेली दुल्हन को हेलीकॉप्टर से विदा कराकर घर लाया। गांव के बच्चे व बड़े हेलीकॉप्टर को देखने के लिए गांव नाथूसरी कलां में पहुंचे। यह शादी इसलिए भी चर्चित रही क्योंकि इससे पहले दहेज में लड़की के पिता द्वारा दी गई नगदी को दुल्हे के पिता रघुबीर सिंह कड़वासरा ने लेने से मना कर दिया। समुटणी में एक रुपये व नरियल ही लेकर रस्म अदा की।

गांव नाथूसरी कलां के स्व. जयकरण कड़वासरा पूर्व सरपंच के सुपौत्र आयुष कड़वासरा की शादी राजस्थान के नोहर गांव के पिचकराई निवासी निशा सुपुत्री भगत सिंह गोदारा के साथ गुरुवार रात्रि को हुई। इसके बाद शुक्रवार को सुबह के समय गांव पिचकराई से आयुष के साथ निशा को विदा किया। विदा के बाद निशा को आयुष हेलीकॉप्टर में लेकर नाथूसरी कलां के हंजीरा रोड स्थित बॉयज स्कूल में पहुंचा।

हेलीकॉप्टर में आयुष के साथ उसकी धर्मपत्नी निशा, उसकी बहन प्रीति कड़वासरा, फुफा कृष्ण पूनिया और दुल्हन का भाई राहुल बैठकर आया।

जैसे ही हेलीकॉप्टर से निशा गांव पिचकराई से विदा हुई। लोगों का हेलीकॉप्टर से विदा होते देखने के लिए तांता लग गया। वहीं जैसे ही नाथूसरी कलां के हंजीरा रोड स्थित बॉयज स्कूल में दुल्हन को लेकर आयुष कड़वासरा पहुंचा। यहां भी लोगों की भीड़ लग गई। हेलीकॉप्टर की अनुमति शादी समारोह में थी, जिसके चलते पुलिस भी सुरक्षा व्यवस्था के लिए तैनात रही। इस अवसर पर पूर्व सरपंच रणजीत कासनिया सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

## 'टिहरी एक्रो फेस्टिवल' शुरू, देश-विदेश के 130 पायलट ले रहे भाग

**टिहरी/देहरादून,** 24 नवम्बर (एजेंसियां)। उत्तराखंड के टिहरी में शुक्रवार को पांच दिवसीय 'टिहरी एक्रो फेस्टिवल' का कोटी कालोनी में भव्य शुभारंभ कैबिनेट मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस मौके पर कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल भी मौजूद रहे।

प्रदेश के वित्त, शहरी विकास एवं आवास मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल ने 'टिहरी एक्रो फेस्टिवल' की बधाई देते हुए कहा कि टिहरी झील के पूरे क्षेत्र की सुंदर छठा में जल क्रीड़ा एवं साहसिक खेलों के लिए अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि फेस्टिवल में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जा रहे हैं, इस तरह की गतिविधियों से विश्व के मानचित्र पर क्षेत्र को एक पहचान मिलेगी तथा रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। उन्होंने कहा कि पैराग्लाइडिंग में पी-1 से पी-4 में अलग अलग श्रेणी में लगभग 43 प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने फेस्टिवल के सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर वन, तकनीकी शिक्षा, भाषा व निर्वाचन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि साहसिक खेलों के लिए और जनपद टिहरी की

# बांसुरी वादक पं. हरिप्रसाद चौरसिया शीर्ष बिड़ला पुरस्कार से सम्मानित




**मुंबई,** 24 नवम्बर (एजेंसियां)। प्रसिद्ध बांसुरीवादक और संगीत निर्देशक पं. हरिप्रसाद चौरसिया को संगीत में उनके योगदान और इसे वैश्विक स्तर पर पहुंचाने के लिए 'आदित्य विक्रम बिड़ला कला शिखर पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। संगीत कला केंद्र (एसकेके) की अध्यक्ष राजश्री बिड़ला ने 85 वर्षीय पंडित चौरसिया को यह सम्मान प्रदान किया। गुरुवार देर रात एक शानदार समारोह में उन्होंने उन्हें बांसुरी (बांसुरी) का पुरोधा बताया, जिनकी बांसुरीवादक के रूप में स्थिति अद्वितीय है। दो अन्य होनहार युवा कलाकारों, तबला वादक ओजस अधिया और सारंगी वादक साबिर खान को 'आदित्य विक्रम बिड़ला माला किरण पुरस्कार' प्रदान किया गया। अनुभवी पार्श्व गायिका कविता कृष्णमूर्ति इस वर्ष वाद्य संगीत की दुनिया के सभी प्रशंसित नाम, शेखर सेन, राहुल शर्मा, डॉ. सुवर्णलता राव, रोनू मजूमदार सहित निर्णायकों के पैनल के साथ कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थीं। उद्योगपति कुमार मंगलम बिड़ला और अन्य लोगों ने अभिनेता निर्देशक फरहान अख्तर और गायिका सुनिधि चौहान के साथ संगीत की एक शाम का आनंद लिया। राजश्री बिड़ला ने अपने दिवंगत पति आदित्य वी. बिड़ला के राष्ट्र के प्रति योगदान, संगीत के प्रति उनके प्रेम और प्रदर्शन कलाओं को याद किया। एसकेके शीर्ष पुरस्कारों के पिछले कुछ प्राप्तकर्ताओं में डॉ. वैजयंतीमाला बाली, उस्ताद जाकिर हुसैन, पंडित शिवकुमार शर्मा, पं. विजय राघव राव और पं. राम नारायण, पं. बिरजू महाराज, नसीरुद्दीन. शाह, डॉ. कनक रेले, पंडित जसराज, लता मंगेशकर, एम. एफ. हुसैन जैसे अन्य प्रसिद्ध कलाकार शामिल हैं।

# फेफड़ों के कैंसर के उच्च जोखिम की पहचान करेगा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस उपकरण



■ **लगभग 10-20 प्रतिशत फेफड़े के कैंसर धूम्रपान न करने वाले उन लोगों में**

**न्यूयॉर्क,** 24 नवम्बर (एजेंसियां)। भारतीय मूल के एक शोधकर्ता सहित अन्य शोधकर्ताओं द्वारा किए गए शोध में यह बात सामने आई है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस उपकरण चेस्ट के एक्स-रे से बिना धूम्रपान करने वालों में कैंसर की पहचान कर सकता है।

फेफड़ों का कैंसर, कैंसर से होने वाली मौतों का सबसे आम कारण है। लगभग 10-20 प्रतिशत फेफड़े के कैंसर धूम्रपान न करने वाले उन लोगों में होते हैं, जिन्होंने कभी सिगरेट नहीं पी है या अपने जीवनकाल में 100 से कम सिगरेट पी हैं।

अध्ययन में शोधकर्ताओं ने यह परीक्षण करके धूम्रपान न करने वालों में फेफड़ों के कैंसर के जोखिम की भविष्यवाणी में सुधार करने का लक्ष्य रखा है कि क्या एक गहन शिक्षण मॉडल इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड से उनके सीने के एक्स-रे के आधार पर कभी धूम्रपान न करने वालों को फेफड़ों के कैंसर के उच्च जोखिम की पहचान कर सकता है।

डीप लर्निंग एक उन्नत प्रकार का एआई है, जिसे बीमारी से जुड़े पैटर्न खोजने के लिए एक्स-रे छवियों को खोजने के लिए प्रशिक्षित किया जा सकता है।

बोस्टन यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन में मेडिकल छात्रा, मुख्य लेखिका अनिका एस. वालिया ने कहा कि हमारे दृष्टिकोण का एक बड़ा लाभ यह है कि इसके लिए केवल एक चेस्ट एक्स रे छवि की आवश्यकता होती है जो चिकित्सा में सबसे आम परीक्षणों में से एक है और इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड में व्यापक रूप से उपलब्ध है। सीएक्सआर-लंग-रिस्क मॉडल इनपुट के रूप में एकल चेस्ट एक्स-रे छवि के आधार पर फेफड़ों से संबंधित मृत्यु दर जोखिम की भविष्यवाणी करने के लिए 40,643 धूम्रपान करने वालों और कभी धूम्रपान न करने वालों के 1,47,497 चेस्ट एक्स-रे का उपयोग करके विकसित किया गया था।

शोधकर्ताओं ने 2013 से 2014 तक नियमित बाह्य रोगी चेस्ट एक्स-रे कराने वाले धूम्रपान न करने वालों के एक अलग समूह में मॉडल को बाहरी रूप से मान्य किया।

प्राथमिक परिणाम फेफड़ों के कैंसर की छह साल की घटना थी। अध्ययन में शामिल 17,407 रोगियों (औसत आयु 63 वर्ष) में से 28 प्रतिशत को गहन शिक्षण मॉडल द्वारा उच्च जोखिम माना गया था, और इनमें से 2.9 प्रतिशत रोगियों में बाद में फेफड़ों के कैंसर की पहचान की गई।

उच्च जोखिम वाला समूह 1.3 प्रतिशत छह-वर्षीय जोखिम सीमा को पार कर गया है, जहां राष्ट्रीय व्यापक कैंसर नेटवर्क दिशानिर्देशों द्वारा फेफड़ों के कैंसर स्क्रीनिंग सीटी की सिफारिश की जाती है।

कम जोखिम वाले समूह की तुलना में उच्च जोखिम वाले समूह में फेफड़ों का कैंसर विकसित होने का जोखिम अभी भी 2.1 गुना अधिक था।

मैसाचुसेट्स जनरल अस्पताल (एमजीएच) में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के निदेशक और कार्डियोवास्कुलर के सह-निदेशक माइकल टी. लू ने कहा कि यह एआई उपकरण इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड में मौजूदा चेस्ट एक्स-रे का उपयोग करके कभी भी धूम्रपान न करने वालों के लिए फेफड़ों के कैंसर के उच्च जोखिम वाले अवसरवादी स्क्रीनिंग का द्वार खोलता है।

उन्होंने कहा कि चूंकि सिगरेट पीने की दर में गिरावट आ रही है, इसलिए धूम्रपान न करने वालों में फेफड़ों के कैंसर का जल्द पता लगाने के तरीके तेजी से महत्वपूर्ण होते जा रहे हैं।

# बाइकर्स ग्रुप ने उठाया सैंड कैंपिंग का लुफ्त



■ ओम प्रकाश सिंह

■ **पर्यटन जागरूकता का संदेश दिया**
■ **चंबल का पंचनद इलाका बन रहा है सैलानियों का तीर्थ**



**पंचनद ( जालौन ),** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। कभी गोलियों की तरह से गूंजने वाला चंबल में पंचनद का इलाका सैलानियों से गुलजार है। देश भर के विभिन्न हिस्सों से आए बाइकर्स ग्रुप ने पंचनद के रेतीले मैदान कैम्पों में रात गुजार कर बेहतरीन पर्यटन क्षेत्र होने का संदेश दिया। पंचनद के रेतीले किनारे पर अपने बाइकिंग गियर्स के साथ धूल उड़ाती कई बाइक को देखकर भीखेपुर से चंबल क्षेत्र में प्रवेश करने बाली बाइकिंग टीम को जिस किसी ने भी देखा आश्चर्य से भर गया। चंबल क्षेत्र में इतनी कीमती बाइक्स को एक साथ देखने के कारण लोगो के दिल में कौतूहल था। बाइकिंग ग्रुप को लीड कर रहे सौरभ अवस्थी के निर्देशन में बाइकर्स ग्रुप ने एक रात पर्यटन विभाग उत्तर प्रदेश से पंजीकृत संस्था झुमके के द्वारा पंचनद स्थित जुहीखा के किनारे रेतीले तट पर बिताने का निर्णय लिया। बाइकर्स ग्रुप की पहली चुनौती थी नदी के रेतीले किनारे तक बनी कैंप साइड पर बाइक के साथ पहुंचना। स्थानीय लोगो के सहयोग से भारी भरकम सुपर बाइक्स और डेजर्ट बाइक्स धूल उड़ाती हुई रेतीले कैंप साइड पहुंची। यहां पर छुपते हुए सूरज को रेत पर देखना अपने आप में एक अभूतपूर्व अनुभव था। रेतीले मैदान पर ऑफ रोड बाइकिंग का आनंद लेते हुए पर्यटकों का स्वागत झुमके कैंपिंग के द्वारा वेज सूप से किया गया। शाम से ही बोन फायर का इंतजाम था तो लोगो ने अपनी अपनी कहानियां सुनाते हुए देर रात तक अपने ग्रुप के साथ समय बिताया। बरबेक्यु में पके हुए खाने का रेतीला स्वाद बंया कर रहा था कि सच में एडवेंचर कैंपिंग के दौरान आप जीवन की चुनौतियों को भी सहर्ष स्वीकार करते हुए अपने मन को कितना स्थिर रख पाते हैं। केरल मूल के अनीश थॉमस ने बताया कि एडवेंचर साइट के हिसाब से ये जगह बेहतरीन है। मटकी में पके हुए कच्चे पक्के खाने को खाकर जीवंत रूप से हमने आज सच में चंबल को जिया है। ये बेहतरीन अनुभव है। एनटीपीसी में कार्यरत पंकज शर्मा का कहना है कि विश्व स्तरीय तीन कंपनियां होने के कारण औरैया जिले के आसपास ऐसी साईट की बेहद जरूरत थी। इस साइट के पूरा डेवलप होने के बाद पर्यटन की न केवल अपार संभावनाएं विकसित होगी बल्कि हमारे अतिथियों के लिए भी पूरे विश्व में एक अच्छा संदेश जाएगा। कानपुर से आए हुए शैलेश यादव ने कहा कि इस साइट पर आने के लिए कानपुर के लोग लालायित है लेकिन मुझे ये मौका पहले मिला सच में यहां की शाम राजस्थान, सुबह शिमला और दिन गोवा की तरह महसूस करने बाला था। बाइकर्स ग्रुप को लीड कर रहे सौरभ अवस्थी ने कहा कि इस जगह पर रेत स्नान, और माइक्रो राफ्टिंग करके दिन बन गया। पेशे से अध्यापक शेरोन शिबु वालियावेट्टी ने बताया कि इस जगह पर रास्ते की समस्या में सुधार किया जाए और जन सुविधाएं थोड़ी और बढ़ाई जाए तो लोग ज्यादा दिन तक यहां रह सकते है और ज्यादा दिनों तक रहने से आसपास के पंचनद क्षेत्र के अन्य पर्यटक स्थलों को भी देख सकते है। स्थानीय फोर्ट के साथ पंचनद धाम पर स्थित चंबल संग्रहालय में अद्भुत बौद्धिक सम्पदा का दीदार होता है, हम लोग पूरे देश में इस क्षेत्र को बेहतरीन पर्यटक क्षेत्र के रूप में प्रचारित करने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम के दौरान ऋषभ शुक्ला, राहुल चौहान, समेत 15 से अधिक बाइकर्स उपस्थित रहे।

# अभिमत

*भारत के सांस्कृतिक अनुभव के आधार पर टैगोर और गांधी दोनों ही एक विशिष्ट स्वदेशी पहचान के साथ शिक्षा के लिए उत्सुक और प्रकृति के अनुरूप शिक्षा से प्रेरित थे। इसे ध्यान में रखते हुए टैगोर ने 1901 में एक प्रकार के आश्रम स्कूल की शुरुआत की थी जहां बच्चे कक्षाओं की बंद दीवारों से दूर खुले में, पेड़ों की छाया के नीचे खेलते हुए सीख सकते थे। उनके पिता देबेंद्रनाथ टैगोर ने 1863 में जमीन खरीदी थी, जहां उन्होंने एक आश्रम बनाया और आध्यात्मिक मूल्यों के अनुसार वहां रहते थे।*

## इतिहास को जान-बूझकर भूलने की साजिश



लेखा रत्तनानी

**नए ढांचे में टैगोर की दृष्टि और विचार भले ही आकर्षण खो रहे हों लेकिन विदेशों में भारत के सबसे प्रसिद्ध कवि नोबेल पुरस्कार विजेता के लिए अभी भी मोमबत्तियां जलाई जा रही हैं। टैगोर की 'सीमाहीन दुनिया के संदेश' को फैलाने के लिए टैगोर मेमोरियल ग्रोव एंड वॉकिंग म्यूजियम काम कर रहा है। यह संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थापित केन्द्रों में से एक है जिसका उद्घाटन इस फरवरी में ह्यूस्टन, टेक्सास के रे मिलर पार्क में किया गया था।**

पिछले महीने विदेश मंत्री एस जयशंकर ने वियतनाम के बाक निन्ह प्रांत में अंतरराष्ट्रीय मैत्री पार्क में रवीन्द्रनाथ टैगोर की प्रतिमा का अनावरण किया था। वियतनाम ने टैगोर के साथ अपने संबंधों को संजोया है और 1929 में हो ची मिन्ह शहर की उनकी तीन दिवसीय यात्रा को कई मायनों में पुनर्जीवित किया है जिसमें उनकी 'गीतांजलि' का अनुवाद शामिल है जिसे वियतनामी में 'लोई डांग' कहा जाता है। वियतनामी सरकार ने टैगोर के सम्मान में 80 के दशक में एक स्मारक डाक टिकट भी निकाला है। यूनेस्को ने सितंबर में शांति निकेतन में टैगोर द्वारा स्थापित आध्यात्मिक केंद्र और इसके भीतर विश्व भारती विश्वविद्यालय को विश्व धरोहर का दर्जा दिया है। विश्व धरोहर स्थल घोषित किए जाने के उपलक्ष्य में विश्व भारती विश्वविद्यालय में लगाई गई पट्टिकाओं पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कुलपति बिद्युत चक्रवर्ती का नाम है लेकिन संस्थापक और पहले एशियाई नोबेल पुरस्कार विजेता रवीन्द्रनाथ टैगोर का कोई उल्लेख नहीं है।

जब सवाल उठे तो विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि पट्टिकाएं अस्थायी हैं जिन्हें बदल दिया जाएगा। यह ठीक नहीं है क्योंकि यह ऐसे समय में आया है जब विश्व भारती एक और विवाद में फंसा है क्योंकि यह शांति निकेतन से नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन को बेदखल करने की कोशिश कर रहा है। विश्वविद्यालय के उप रजिस्ट्रार द्वारा हस्ताक्षरित एक पत्र में कहा गया है कि अमर्त्य सेन का घर विश्वविद्यालय से संबंधित भूमि पर बनाया गया है। पीठ ने कहा, 'रिकॉर्ड और भौतिक सर्वेक्षण/सीमांकन से यह पाया गया है कि आपने विश्व भारती की 13 डिसमिल जमीन पर अनधिकृत कब्जा कर रखा है।' एक डिसमिल मतलब 435.6 वर्ग फुट। नोटिस मिलने के बाद नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन ने स्पष्ट किया कि उनके पिता आशुतोष सेन ने 1943 में विश्वविद्यालय से 125 डिसमिल जमीन लीज़ पर ली थी।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आरोप लगाया है कि अमर्त्य सेन को भाजपा की नीतियों की आलोचना करने की वजह से परेशान किया जा रहा है। ऐसा हो या न हो, लेकिन इस विवाद ने मई में टैगोर की 162वीं जयंती के समारोह और शांति निकेतन के उत्सव, इसकी ऐतिहासिक इमारतों, परिदृश्यों, उद्यानों, मंडपों, शैक्षिक और सांस्कृतिक परंपराओं के साथ यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल घोषित किए जाने की गरिमा को कम कर दिया है। कच्छ के हड़प्पाकालीन शहर धोलावीरा के बाद यह 41वां भारतीय स्थल है जिसे यूनेस्को ने विश्व धरोहर स्थल घोषित किया है ।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि इस तरह की चूक को आसानी से ठीक किया जा सकता है। यह विवाद अपने आप में लोगों, आवाजों, विचारों, विचारधाराओं और दृष्टिकोणों की आलोचना करने, अवहेलना करने या अनदेखा करने की बढ़ती प्रवृत्ति की ओर इशारा करता है जो 'उनके सांचे' में फिट नहीं होते हैं। थोड़ा इतिहास गायब है, एक संस्थापक का नाम एक स्मारक स्तंभ या पट्टिका पर छोड़ दिया गया है, पाठ्य पुस्तकों से नाम और युग छूट गए हैं। इस साल की शुरुआत में, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने कक्षा-12 के इतिहास के पाठ्यक्रम से मुगल काल से संबंधित कुछ हिस्सों को हटाने के अपने फैसले की घोषणा की थी। इस कदम की काफी आलोचना हुई थी और जवाब में एनसीईआरटी ने कहा था कि 'पाठ्यक्रम को युक्तिसंगत बनाने' के लिए ऐसा किया तथा 'अतिव्यापी' और 'अप्रासंगिक' हिस्सों को हटा दिया गया।

हालांकि इनमें से कुछ उदाहरणों को जल्दबाजी या निरीक्षण के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है उनमें से ज्यादातर 'जान-बूझकर' चयनात्मक भूलने की बीमारी के मामले प्रतीत होते हैं। खास तौर पर जब लोगों, विचारों और तर्कों की बात आती है जो वर्तमान सोच और मानसिकता के साथ फिट नहीं होते हैं। यह विशेष रूप से गुरुदेव टैगोर और महात्मा गांधी के साथ लगता है जिनके विचार और जीवन जीने का तरीका आज की धारणाओं के विपरीत है। विश्व भारती टैगोर की सोच का प्रतिनिधित्व करता है। विश्व भारती की स्थापना दिसंबर 1921 में की गई थी और 1951 में संसद के एक अधिनियम द्वारा इसे राष्ट्रीय महत्व का एक केंद्रीय विश्वविद्यालय और संस्थान घोषित किया गया। यह प्राचीन भारतीय परंपराओं पर आधारित एक आवासीय विद्यालय और कला का केंद्र है जो उस समय प्रचलित ब्रिटिश औपनिवेशिक शैक्षिक प्रणाली से अलग और उससे असहमत था। इसके बजाय विश्व भारती पूरे क्षेत्र के प्राचीन, मध्ययुगीन और लोक परंपराओं को चित्रित करते हुए एक एशियाई आधुनिकता को अधिक स्पष्ट देखता था।

भारत के सांस्कृतिक अनुभव के आधार पर टैगोर और गांधी दोनों ही एक विशिष्ट स्वदेशी पहचान के साथ शिक्षा के लिए उत्सुक और प्रकृति के अनुरूप शिक्षा से प्रेरित थे। इसे ध्यान में रखते हुए टैगोर ने 1901 में एक प्रकार के आश्रम स्कूल की शुरुआत की थी जहां बच्चे कक्षाओं की बंद दीवारों से दूर खुले में, पेड़ों की छाया के नीचे खेलते हुए सीख सकते थे। उनके पिता देबेंद्रनाथ टैगोर ने 1863 में जमीन खरीदी थी, जहां उन्होंने एक आश्रम बनाया और आध्यात्मिक मूल्यों के अनुसार वहां रहते थे। रवीन्द्रनाथ टैगोर बाद में साहित्य सृजन करने के लिए यहां बस गए।

आज टैगोर और गांधी की दृष्टि तथा जीवन शैली एवं वर्तमान दृष्टिकोण के बीच की दूरी बढ़ रही है। हालांकि उनके नाम पर उत्साह के साथ किए गए प्रयास और कार्य जारी हैं लेकिन उस ऊर्जा का अधिकांश हिस्सा भारत के बाहर है। उदाहरण के लिए, 1920 में महात्मा गांधी द्वारा स्थापित गुजरात विद्यापीठ, अहमदाबाद द्वारा पेश किए गए 'गांधीवादी अहिंसा पर अंतरराष्ट्रीय पाठ्यक्रम: सिद्धांत और अनुप्रयोग' पढ़ाने वाले प्रोफेसरों ने पाया है कि पाठ्यक्रम ने यूरोप, उत्तर, मध्य और दक्षिण अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, अफ्रीका और एशिया के देशों के छात्रों को आकर्षित किया है। इसी तरह ब्रुकिंग्स, एस डकोटा स्थित सत्याग्रह संस्थान द्वारा मेक्सिको और नाइजीरिया, घाना, गाम्बिया, सेनेगल जैसे अफ्रीकी देशों में आयोजित अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेने वालों की संख्या उल्लेखनीय है। कई प्रतिभागी ऐसे थे जिनके देशों में आन्तरिक संघर्ष और गृह युद्ध जैसे हालात हैं और वे अपने स्वयं के समाजों में बढ़ती हिंसा के बारे में एक आम चिंता साझा करते थे और महसूस करते थे कि इस समस्या को सुलझाना उनका कर्तव्य है। इनमें से अधिकांश लोग पाठ्यक्रमों और प्रशिक्षण से गहराई से प्रभावित हुए और अधिकतर लोग अब गैर सरकारी संगठनों के साथ काम कर रहे हैं या अपने स्वयं के संगठन स्थापित कर चुके हैं। वे गांधीवादी परंपरा के अनुरूप रचनात्मक कार्य, अन्याय का प्रतिरोध और सभी प्रकार की हिंसा के उन्मूलन पर ध्यान केंद्रित करते हैं।

यहां भारत के नए ढांचे में टैगोर की दृष्टि और विचार भले ही आकर्षण खो रहे हों लेकिन विदेशों में भारत के सबसे प्रसिद्ध कवि नोबेल पुरस्कार विजेता के लिए अभी भी मोमबत्तियां जलाई जा रही हैं। टैगोर की 'सीमाहीन दुनिया के संदेश' को फैलाने के लिए टैगोर मेमोरियल ग्रोव एंड वॉकिंग म्यूजियम काम कर रहा है। यह संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थापित केन्द्रों में से एक है जिसका उद्घाटन इस फरवरी में ह्यूस्टन, टेक्सास के रे मिलर पार्क में किया गया था। उत्साह और जोश से भरी भीड़, जिनमें ज्यादातर प्रवासी थे, वैदिक मंत्र, टैगोर की संगीत रचनाओं का पाठ कर रहे थे। ये लोग उम्मीद जगाते हैं कि टैगोर की स्मृति और वे जिस चीज के लिए खड़े थे, वह ऐसे समय में जीवित रहेगी जब सीमाओं को मजबूत किया जा रहा है और बड़े संघर्ष चल रहे हैं। टैगोर और गांधी को पट्टिकाओं पर वापस लाने और इन दोनों को हमारे जीवन में वापस लाने का यह एक अच्छा समय हो सकता है।

*( लेखिका दी बिलियन प्रेस की मैनेजिंग एडिटर हैं। सिंडिकेट: दी बिलियन प्रेस )*

### बीता सप्ताह

**18 नवंबर**
- मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान किया गया।
- जम्मू-कश्मीर कुलगाम में आतंकी और सेना के बीच हुए मुठभेड़ में 9 आतंकी मारे गए।
- बंगाल की खाड़ी में चक्रवात तूफान मिधिली को लेकर बंगाल ओडिशा सहित आठ राज्यों को अलर्ट जारी किया गया।
- केरल के एर्नाकुलम में ईसाई प्रार्थना सभा में हुए ब्लास्ट में मृतकों की संख्या छ: हो गई।

**19 नवंबर**
- लोकसभा में बहस के लिए लंबित पड़े हैं 713 निजी विधेयक।
- मोहम्मद मुइज्जू ने मालदीव के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण की।
- फिलीपींस ने रूसी सीमा पर 4 क्रासिंग प्वाइंट बंद किए।
- डीफेक मामले में प्रधानमंत्री की चिंता के बाद सरकार ने सोशल मीडिया को चेताया।

**20 नवंबर**
- गुजरात के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में क्रिकेट मैच में आस्ट्रेलिया ने भारत को 6 विकेट से हराकर विश्व क्रिकेट का सिरमौर बना।
- अर्जेंटीना के राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए मतदान हुए।
- पाकिस्तान के सैन्य कार्रवाई में पश्चिमी कबायली जिले में 4 आतंकी मारे गए।
- प्रसिद्ध उद्योगपति एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स के रॉकेट स्टारशिप का दूसरा परीक्षण विफल हो गया।

**21 नवंबर**
- एक याचिका की सुनावई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जजों की नियुक्ति में पसंद-नापसंग ठीक नहीं।
- चुनाव आयोग ने चुनाव वाले राज्यों में 1760 करोड़ की शराब व नकदी जब्त की गई।
- गोवा में देश का 54वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव शुरु हुआ।
- ईरान ने हाइपरसोनिक मिसाइल का अनावरण किया।

**22 नवंबर**
- नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी ने यंग इंडिया की 751.9 करोड़ की संपत्ति जब्त की।
- झीरम नक्सल हमले की जांच पर एनआईए की अपील को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है इसके साथ मामले में छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए जांच का रास्ता खुल गया।

**23 नवंबर**
- भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) गिरीशचंद्र मुर्मू का वर्ष 2024 के लिए संयुक्त राष्ट्र लेखा परीक्षक पैनल का उपाध्यक्ष चुना गया।
- इंडोनेशिया के पूर्वी प्रांत मालकू में 6.6 तीव्रता का भूकम्प आया।
- इजरायल ने चार दिवसीय युद्ध विराम पर सहमति दी।
- टीडीपी की पूर्व नेता एवं अभिनेत्री दिव्यवांगी कांग्रेस में शामिल हुईं।

**24 नवंबर**
- सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला जज फातिमा बीबी का निधन हो गया।
- प्रधानमंत्री पर एक विवादित बयान के मामले में चुनाव आयोग ने राहुल गांधी को नोटिस दिया।
- जम्मू-कश्मीर के राजौरी में सेना और आतंकी के बीच हुए मुठभेड़ में पांच सैनिक शहीद हुए एवं दो आतंकी मारे गए।
- रूसी सैन्य अवकाश के मौके पर कार्यक्रम पेश कर रही अभिनेत्री पोलिना मेक्सिख की यूक्रेन हमले में मौत हो गई।

## म्यांमार सैन्य शासकों के खिलाफ लड़ाई तेज होने से चीन और भारत पर असर

■ गिरीश लिंगन्ना

जब शनिवार को उत्तरी गाजा के जबालिया शरणार्थी शिविर में भीड़भाड़ वाले संयुक्त राष्ट्र आश्रय स्थलों पर इजरायली हवाई हमले में 80 से अधिक फिलिस्तीनियों की मौत हो गई, तो दुनिया असमंजस में दिख रही थी, क्योंकि वह अपने दक्षिण आक्रामक विस्तार की तैयारी कर रहा था, जिससे वहां मौजूद सैकड़ों हजारों नागरिक शरणार्थियों के लिए भय पैदा हो गया।

हालांकि, यह दुनिया के ध्यान से बच गया, जब पिछले सप्ताह पड़ोसी म्यांमार के चीन राज्य के पहाड़ी क्षेत्र के सुदूर गांव वुइलू में एक सैन्य जेट द्वारा एक स्कूल के बहुत करीब बमबारी में 11 लोगों की हत्या कर दी गई, जिनमें से आठ बच्चे थे- सभी की उम्र सात से 11 साल के बीच थी। इसी तरह दुनिया का ध्यान इस साल अक्टूबर की शुरुआत में चीनी सीमा के पास उत्तरी म्यांमार के काचिन राज्य में लाईज़ा शहर के पास आंतरिक रूप से विस्थापित लोगों के लिए एक शिविर में बच्चों सहित कम से कम 29 नागरिक एक सैन्य हमले में मारे गए थे, तब भी नहीं गया था।

म्यांमार, 540 लाख लोगों का एक दक्षिण-पूर्व एशियाई देश है, जो वर्तमान में कई सशस्त्र जातीय और लोकतंत्र समर्थक गुटों के साथ एक गृह युद्ध में उलझा हुआ है, जो सैन्य शासन से लड़ रहा है, और जिसने 2021 में अचानक तख्तापलट में एक निर्वाचित सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया। मिजोरम में ज़ौखथार के सामने भारत की सीमा के करीब, सैन्य शासकों के खिलाफ लगातार प्रतिरोध हो रहा है, जिसे पिछले तीन हफ्तों में देश भर में विपक्षी ताकतों के हमलों में कई झटके लगे हैं। जवाबी कार्रवाई के लिए वह इस पर बहुत अधिक भरोसा वायु शक्ति पर कर रहा है, जबकि जातीय चीन राज्य के विद्रोहियों ने हाल ही में सीमावर्ती शहर रिखावदार पर कब्जा कर लिया है।

> **म्यांमार में संकट कई आयामों को समाहित करता है, जिसमें चल रही अशांति, दमन, रोहिंग्या अल्पसंख्यक की दुर्दशा और क्षेत्रीय शक्ति चीन का हस्तक्षेप शामिल है। भारत सहित अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इन चुनौतियों से निपटने, लोकतंत्र को बहाल करने और म्यांमार में मानवाधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। रोहिंग्याओं की दुर्दशा पर ध्यान दिया जाना चाहिए, जिसका उद्देश्य उनके उत्पीड़न को समाप्त करना।**

शान राज्य में तीन जातीय सशस्त्र समूहों के गठबंधन की जबरदस्त सफलता ने म्यांमार के आसपास अन्य विपक्षी ताकतों को प्रोत्साहित किया है। म्यांमार के सैन्य शासन ने तख्तापलट विरोधी ताकतों द्वारा 'भारी हमलों' का सामना करने की बात स्वीकार की है, जिन्होंने पिछले महीने के अंत में एक समन्वित आक्रमण शुरू किया था, जिसमें कई सीमावर्ती कस्बों और दर्जनों सेना चौकियों पर नियंत्रण करने का दावा किया गया था। सेना ने देश की अधिकांश भारतीय सीमा पर भी नियंत्रण खो दिया है।

सरकार ने स्वीकार किया है कि उसके सैनिकों को पूर्व में काया राज्य, पश्चिम में राखीन राज्य और विशेष रूप से उत्तर में शान राज्य में सशस्त्र विद्रोही बलों से भारी हमलों का सामना करना पड़ रहा है। लोकतंत्र समर्थक लड़ाकों ने गिराने के लिए 'सैकड़ों ड्रोन' तैनात किये हैं और सैन्य चौकियों पर बम मार रहे हैं। म्यांमार के सैन्य समर्थित राष्ट्रपति विनम्यिंट ने चेतावनी दी है कि अगर सरकार शान राज्य में संघर्ष पर लगाम नहीं कस सकती तो देश को टूटने का वास्तविक और प्रबल खतरा है।

फिर से, इजराइल-हमास संघर्ष के समान, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने म्यांमार में बढ़ती हिंसा पर गंभीर चिंता व्यक्त की है, जहां हाल की लड़ाई से करीब 20 लाख लोग विस्थापित हुए हैं और कम से कम 75 नागरिक मारे गये हैं जिनमें बच्चे भी शामिल हैं। गुटेरस ने सभी पक्षों से गैर-लड़ाकों और नागरिकों की रक्षा करने और मानवीय सहायता को प्रवेश की अनुमति देने की अपील की है।

म्यांमार तब से अराजकता और हिंसा में डूब गया है, जब सेना, जिसे तातमाडॉ के नाम से जाना जाता है, ने 1 फरवरी, 2021 को तख्तापलट किया और नागरिक नेता आंग सान सूकी और उनकी नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी (एनएलडी) की लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित सरकार से सत्ता छीन ली।

तख्तापलट ने सेना और नागरिक सरकार के बीच एक दशक से चले आ रहे सत्ता संघर्ष के चरमोत्कर्ष को चिह्नित किया, जो 2008 में सेना द्वारा तैयार किए गये संविधान के तहत सत्ता साझा कर रही थी। इस संविधान ने सेना को एक चौथाई संसदीय सीटें, तथा प्रमुख मंत्रालयों पर नियंत्रण प्रदान किया है। संवैधानिक संशोधनों पर सेना ने वीटो लगा दिया और सू की को उनके विदेशी पारिवारिक संबंधों के कारण राष्ट्रपति बनने से रोक दिया।

सैन्य जुंटा ने तख्तापलट को सही ठहराने के लिए नवंबर 2020 के आम चुनाव में व्यापक धोखाधड़ी का आरोप लगाया था। हालांकि, चुनाव आयोग और अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों ने उनके दावों का खंडन किया, जिन्होंने चुनाव को स्वतंत्र और निष्पक्ष माना। अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने तख्तापलट की निंदा की, सेना पर प्रतिबंध लगाये और चीन और रूस जैसे प्रमुख सहयोगियों से संकट को समाप्त करने में मदद करने का आग्रह किया।

तख्तापलट के जवाब में, म्यांमार के लोगों ने बड़े पैमाने पर विद्रोह की और मांग की उनकी चुनी हुई सरकार की वापसी और उनके मानवाधिकारों का सम्मान किया जाये। जातीय अल्पसंख्यकों, महिलाओं, युवाओं और सिविल सेवकों सहित समाज के विविध वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हुए, प्रदर्शनकारियों ने अपनी असहमति व्यक्त करने के लिए रचनात्मक और शांतिपूर्ण तरीकों का इस्तेमाल किया। हालांकि, सेना ने क्रूर बल के साथ जवाब दिया, अशांति को तीव्र कुचला और मानवाधिकारों का उल्लंघन किया।

सैन्य जुंटा ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए घातक और गैर-घातक बल का इस्तेमाल किया, जिसके परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में लोगों की जानें चली गई। बच्चों, पत्रकारों, डॉक्टरों, शिक्षकों और राजनेताओं सहित हजारों लोगों को हिरासत में लिया गया, प्रताड़ित किया गया और मार दिया गया। सेना ने जातीय सशस्त्र संगठनों को भी निशाना बनाया, जिससे बड़े पैमाने पर विस्थापन हुआ, जिससे मानवीय संकट पैदा हो गया। क्रूरता के बावजूद, प्रतिरोध आंदोलन जारी है। अपदस्थ सांसदों और विभिन्न समूहों के प्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय एकता सरकार (एनयूजी) नामक एक समानांतर सरकार बनाई है। जुंटा को उखाड़ फेंकने और संघीय लोकतंत्र स्थापित करने के लिए वे दृढ़ संकल्पित हैं, और उन्होंने सेना के दमन का मुकाबला करने के लिए एक गुरिल्ला सेना, पीपुल्स डिफेंस फोर्स (पीडीएफ) की स्थापना की है। एनयूजी म्यांमार के लोगों की सुरक्षा और शांति बहाल करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मान्यता और समर्थन चाहता है।

जहां एक ओर म्यांमार उथल-पुथल का अनुभव कर रहा है, रोहिंग्या जातीय अल्पसंख्यक, मुख्य रूप से मुसलमानों का उत्पीड़न जारी है। मुख्य रूप से राखीन राज्य में रहने वाले रोहिंग्याओं को भेदभाव, नागरिकता से इनकार और उनके बुनियादी अधिकारों पर प्रतिबंध का सामना करना पड़ा है। हिंसा और सैन्य कार्रवाई ने कई रोहिंग्याओं को पड़ोसी देशों में शरण लेने के लिए मजबूर किया है, जिनमें से एक बड़ी संख्या बांग्लादेश और भारत में सुरक्षा की तलाश में है - मुख्य रूप से असम और पश्चिम बंगाल में।

चीन म्यांमार के मुख्य सहयोगियों में से एक है। कुछ लोग अनुमान लगाते हैं कि चीन की मंशा म्यांमार में उसके आर्थिक और रणनीतिक हितों में निहित है, जिसमें संसाधनों तक पहुंच, बुनियादी ढांचा परियोजनाएं और प्रमुख व्यापार मार्गों पर नियंत्रण शामिल है। तख्तापलट के लिए चीन के समर्थन ने लोकतंत्र समर्थक नेताओं और अंतरराष्ट्रीय समुदाय के साथ उसके संबंधों को तनावपूर्ण बना दिया है, जो उसके रुख को सेना के दमन को सक्षम करने वाला मानते हैं।

पिछले सप्ताह भारत को म्यांमार की सेना की अप्रत्याशित सहायता मिली जब उसने अपने 46 सैनिकों को मिजोरम में प्रवेश करने की अनुमति दे दी। सैनिक चीन राज्य में लोकतंत्र समर्थक लड़ाकों से बचने की कोशिश कर रहे थे जिन्होंने मिजोरम सीमा से परे उनके शिविरों पर कब्ज़ा कर लिया था। यह, शायद, पहली बार था कि भारत ने अपनी धरती पर लड़ाई से भाग रहे किसी अन्य देश की सेना के सैनिकों को बचाया है, जो अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए म्यांमार में सैन्य शासन के साथ सहयोग करने की नई दिल्ली की बढ़ती इच्छा को दर्शाता है।

म्यांमार के पड़ोसी के रूप में, भारत ने संकट और क्षेत्रीय स्थिरता पर इसके प्रभाव के बारे में चिंता व्यक्त की है। भारत के पूर्वोत्तर और पूर्वी राज्यों में शरणार्थियों की आमद ने स्थानीय संसाधनों और बुनियादी ढांचे पर भारी दबाव डाला है, जिससे मानवीय सहायता की आवश्यकता हुई है। म्यांमार तख्तापलट का कड़वा प्रभाव भारत में महसूस किया गया है क्योंकि फरवरी 2021 तख्तापलट के बाद से म्यांमार के 40,000 से अधिक चीन राज्य के शरणार्थियों ने मिजोरम में शरण ली है।

म्यांमार में संकट कई आयामों को समाहित करता है, जिसमें चल रही अशांति, दमन, रोहिंग्या अल्पसंख्यक की दुर्दशा और क्षेत्रीय शक्ति चीन का हस्तक्षेप शामिल है। भारत सहित अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इन चुनौतियों से निपटने, लोकतंत्र को बहाल करने और म्यांमार में मानवाधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। रोहिंग्याओं की दुर्दशा पर ध्यान दिया जाना चाहिए, जिसका उद्देश्य उनके उत्पीड़न को समाप्त करना और उनके अधिकारों और सुरक्षा को सुरक्षित करना है। इन मुद्दों को सामूहिक रूप से संबोधित करके ही, म्यांमार और क्षेत्र के लिए शांतिपूर्ण और स्थिर भविष्य की आशा की जा सकती है।

## पूंजी के लिए कमाया जाता पुण्य

■ डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल

त्यौहारों के आनंद, हर्षोल्लास और आमोद-प्रमोद के बीच कुछ देर ठहरकर यह विचार करना रोचक हो सकता है कि आखिर हम त्यौहार मनाते क्यों हैं? इसलिए कि परम्परागत रूप से ऐसा चला आ रहा है? हमारे मां-बाप को हमने ऐसा ही करते देखा है और उन्होंने भी अपने मां-बाप को ऐसा ही करते देखा था। अगर मां-बाप को याद न भी करें तो आस-पास वाले मना रहे हैं इसलिए हम भी मना लेते हैं। अनुकरण सहज मानवीय प्रकृति है और जो अच्छा है, सुखद है, उसका अनुकरण करने में कुछ सोचने की ज़रूरत ही कहां है?

जो लोग पढ़े-लिखे हैं या जिज्ञासु वृति के विचारवान हैं, वे शास्त्रों और किताबों को खंगालते हैं और त्यौहारों के उद्गम और उनकी परम्परा तक जा पहुंचते हैं। वे इस बात की पड़ताल करते हैं कि किसी त्यौहार की शुरुआत कब और कैसे हुई तथा कालांतर में उसके स्वरूप में क्या परिवर्तन हुए। इन सब में बहुत सारे लोग ऐसे हैं जो बग़ैर किसी ना-नुकर के खुश होकर त्यौहार मनाते हैं, अपनी खुशियों में औरों को शामिल करते हैं, औरों की खुशी में खु़द शामिल होते हैं। खुशी मनाने के मामले में ये तनिक भी कृपण नहीं होते और किसी को अलग रखने की बजाय सबको शामिल करने में और सबके साथ जुड़ जाने में विश्वास करते हैं।

> **त्यौहार मनाने के तौर-तरीकों में समय के साथ बदलाव अपने आप आते हैं और कुछ बदलाव बाकायदा, योजनाबद्ध रूप से लाए जाते हैं। पिछले कुछ बरसों में हमारे संचार माध्यम हमें यह बताने लगे हैं कि अमुक पर्व के अवसर पर ख़रीदारी का ख़ास मुहूर्त है। क्या आज से तीस-चालीस बरस पहले यह मुहूर्त नहीं आता था? अब बाज़ार की तो इसके पीछे बड़ी भूमिका है।**

ऐसे लोगों को इस बात से कोई फ़र्क नहीं पड़ता कि यह त्यौहार इसका है और यह त्यौहार उसका है। ये लोग सही अर्थों में वसुधैव कुटुम्बकम के समर्थक होते हैं। त्यौहार हमारे जीवन की एकरसता को तोड़ते हैं और हमारे भीतर नई ऊर्जा का संचार करते हैं, लेकिन सारी दुनिया तो एक जैसी नहीं होती। बहुत सारे लोग ऐसे भी हमारे चारों तरफ़ हैं जो 'उनकी' खुशी और 'हमारी' खुशी में अंतर करते हैं। 'उनका' त्यौहार हम क्यों मनाएं और 'हमारे' त्यौहार में वे क्यों शामिल हों? ऐसे लोग बहुत बारीकी से पड़ताल करते हैं और हर बात में मीन-मेख निकालते हैं।

यह बात और भी आगे बढ़ती है। त्यौहार मनाने के तौर-तरीकों पर भी खूब विवाद होते हैं, बहसें होती हैं। अब यह तो बहुत सामान्य बात है कि दुनिया में चीजे़ं हमेशा एक जैसी नहीं रहतीं। बदलाव होते हैं। आज से सौ बरस पहले कोई त्यौहार जैसे मनाया जाता था, आज वैसे नहीं मनाया जाता। पहले दिवाली पर घी या तेल के दिये जलाए जाते थे, आज यह काम प्रतीक रूप में करके बिजली के बल्बों से रोशनी की जाती है। पहले बड़े बल्बों से रोशनी की जाती थी, अब छोटे और बहुत कम ऊर्जा खाने वाले बल्ब चलन में आ गए हैं।

हमने सहज भाव से इन बदलावों को स्वीकार कर लिया है, लेकिन जिन्हें विवाद प्रिय हैं वे इन बातों में भी विवाद के मौके तलाश लेते हैं। अगर बल्ब का प्रयोग किया जा रहा है तो यह देखना ज़रूरी होने लगा है कि उसका उत्पादन किस देश में हुआ है। आपकी खुशी को आपकी देशभक्ति के साथ नत्थी कर दिया जाता है। वैसे यह नत्थीकरण भी बहुत सेलेक्टिव होता है। सरकारी स्तर पर और बहुत बड़े पैमाने पर भले ही इस तरह की देशभक्ति की पड़ताल न की जाती हो, छोटे लोगों को इस खुर्दबीन के नीचे रखकर परखा जाता है।

यह सब अकारण होता हो ऐसा भी नहीं है। इस सबके पीछे बड़ी ताकतें बहुत चालाकी से अपना खेल खेलती हैं। इस बात को ऐसे समझें - त्यौहारों पर हमारे यहां मिठाई खाने और खिलाने की परम्परा है। हम सबको इसमें आनंद मिलता है। मिठाइयों के स्वरूप में बहुत बदलाव आए हैं। कल तक जो मिठाइयां चलन में थीं वे आहिस्ता-आहिस्ता लुप्त हो गई हैं और उनकी जगह नई, चमकदार और महंगी मिठाइयों से बाज़ार पट गया है। मिठाइयों को विस्थापित करने के प्रयत्न भी कम नहीं हुए हैं। आपकी सेहत की फ़िक्र को आगे करके मिठाइयों की लड़ाई मेवों से करवा कर उनके बाज़ार को मज़बूत किया गया है।

मिठाइयों के कच्चे माल में मिलावट की बात को रेखांकित करके चॉकलेट को प्रचारित और स्थापित किया गया है। इस बात को समझने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए कि मिठाइयों के विस्थापन और चॉकलेट के प्रतिस्थापन में किसका और कैसा हित निहित रहा होगा। जो संगठित हैं और शक्तिशाली हैं, वे असंगठित और अपेक्षाकृत कमज़ोर को पराजित करेंगे ही। हमारे देखते-ही-देखते पारम्परिक हलवाई के पेट पर लात मारकर मेवों और चॉकलेट को उनकी जगह स्थापित कर दिया गया है।

ऐसा ग़रीब-नवाज़ मिठाइयों को लेकर भी किया गया। एक ताज़ा उदाहरण सोन पापड़ी का है। उसे लेकर जितने लतीफ़े बने, उसका जितना उपहास किया गया, क्या वह सब आकस्मिक था? क्या उसके पीछे कोई बड़ा खेल नहीं था? बेशक हमारे यहां मिलावट का कारोबार खूब होता है और कोई भी उसका समर्थन नहीं करेगा, लेकिन समझने की बात यह है कि यह हल्ला केवल उसी समय किया जाता है जब ऐसा करने से किसी का लाभ होता हो।

त्यौहार मनाने के तौर-तरीकों में समय के साथ बदलाव अपने आप आते हैं और कुछ बदलाव बाकायदा, योजनाबद्ध रूप से लाए जाते हैं। पिछले कुछ बरसों में हमारे संचार माध्यम हमें यह बताने लगे हैं कि अमुक पर्व के अवसर पर ख़रीदारी का ख़ास मुहूर्त है। क्या आज से तीस-चालीस बरस पहले यह मुहूर्त नहीं आता था? अब बाज़ार की तो इसके पीछे बड़ी भूमिका है। देखने की बात यह भी है कि बाज़ार हमारे पूरे सोच और हमारी जीवन-शैली पर इतना हावी हो गया है कि कभी-कभी तो हमें लगता है कि त्यौहार के लिए बाज़ार नहीं है, बाज़ार के लिए ही त्यौहार है।

इधर जैसे-जैसे हमारी समझ और संवेदनशीलता में वृद्धि हुई है हम बहुत सारी बातों पर विचार करने लगे हैं। कोई त्यौहार मनाने का तरीका अगर अनुचित है तो उसकी तरफ लोगों का ध्यान आकर्षित किया जाने लगा है। इसमें कोई हर्ज़ भी नहीं है। आपको कहीं जाना है तो आप रास्ता बदलकर भी जा सकते हैं। पर्यावरण के प्रति हमारी जागरूकता बढ़ती जा रही है, हम वायु और ध्वनि प्रदूषण को कम करने के बारे में सोचने लगे हैं। अगर जलस्रोत छीजते जा रहे हैं तो हम पानी बचाने के बारे में सोचने लगे हैं। यह सब समय की मांग और हमारी विवेकशीलता का परिचायक है, लेकिन यह देखकर बहुत दुख होता है कि समाज का एक तबका परम्परा निर्वाह के नाम पर इन चिंताओं का कटु और साम्प्रदायिक विरोध करने लगता है।

इतना तो स्वीकार्य है कि कोई किसी की बात से सहमत न हो, लेकिन इससे किसी की नीयत पर ही संदेह करें और उसे धार्मिक-साम्प्रदायिक चश्मे से देखने लगें, यह बहुत पीड़ादायक है। दुर्भाग्य से हमारे समय में ऐसा बहुत हो रहा है। जब हवाओं में पहले से इतना ज़हर घुला हो कि सामान्य रूप से सांस भी लेना दूभर हो गया हो तब पटाखे चलाकर त्यौहार मनाना कहां की समझदारी है? जब लोगों को पीने के लिए पानी मिलना भी कठिन होता जा रहा हो तब अगर कोई पानी बचाने की गुहार लगाए तो उसका बुरा क्यों माना जाना चाहिए? किसी विवेक-सम्मत बात के विरोध में धर्म का झण्डा बुलंद करना और फिर बीच में किसी और धर्म को ले आना किस तरह की धार्मिकता है?

इधर एक और प्रवृत्ति देखने में आने लगी है जो बहुत चिंताजनक है। हम अपने धर्म, अपनी परम्पराओं को छोड़कर दूसरों के धर्म, उनकी परम्पराओं पर प्रतिकूल, बल्कि कटु टिप्पणियां करने में खुशी का अनुभव करने लगे हैं। 'वे' ऐसा क्यों करते हैं? आप अपनी बात नहीं करेंगे, नहीं करने देंगे, लेकिन दूसरों की बात बहुत बढ़-चढ़कर करेंगे। यह प्रवृति निंदनीय और घातक है। इससे बचा जाना चाहिए।

*( वरिष्ठ लेखक और स्तंभकार हैं। )*

## हिन्दू जीवन मूल्यों से ही विश्व में शांति में स्थापित होगी: थाई प्रधानमंत्री

बैंकॉक, 24 नवम्बर (एजेंसियां)। थाईलैंड के प्रधानमंत्री शेत्ता थाविसिन ने आशा व्यक्त की है कि उथल-पुथल से जूझ रही दुनिया सत्य, सहिष्णुता और सौहार्द्र के हिंदू जीवन मूल्यों से प्रेरणा लेगी और विश्व में शांति स्थापित हो सकेगी। विश्व में हिन्दुओं की एक प्रगतिशील और प्रतिभासंपन्न समाज के रूप में पहचान स्थापित करने के उद्देश्य से तीसरे वर्ल्ड हिन्दू कांग्रेस का आज यहां भव्य शुभारंभ हुआ। 'धर्म की विजय' के उद्घोष के साथ प्रख्यात संत माता अमृतानंदमयी, भारत सेवाश्रम संघ के स्वामी पूर्णात्मानंद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहनराव भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, विश्व हिन्दू परिषद के महामंत्री मिलिंद परांडे तथा कार्यक्रम के संस्थापक-सूत्रधार स्वामी विज्ञानानंद ने दीप प्रज्ज्वलन से सत्रारंभ हुआ।

# देश विदेश

# हमास-इज़राइल के बीच 4 दिवसीय युद्ध विराम से लागू

**गाजा,** 24 नवम्बर (एजेंसियां)। इजराइल और हमास के बीच चार दिवसीय मानवीय विराम समझौता शुक्रवार को गाजा में लागू हो गया। अस्थायी युद्धविराम की अवधि में कम से कम 50 बंधकों को रिहा किया जाएगा। युद्ध विराम सुबह 7 बजे (स्थानीय समय) से शुरू हुआ। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, कतर, मिस्र और अमेरिका की मध्यस्थता में बुधवार को हुए समझौते के तहत पहले चरण में हमास ने कहा है कि वह शुक्रवार शाम चार बजे करीब 13 बंधकों को रिहा कर देगा। 2007 से गाजा पर शासन कर रहा हमास बंधकों को मिस्र को सौंप देगा। बदले में, इज़राइल महिलाओं और बच्चों सहित 150 फ़िलिस्तीनियों को इज़राइली जेलों से रिहा करेगा। चार दिनों के विराम के तहत इजराइल गाजा पट्टी में अपने सभी सैन्य अभियानों को रोक देगा। इस दौरान चार ईंधन ट्रकों सहित मानवीय सहायता और चिकित्सा आपूर्ति से भरे कम से कम 200 ट्रकों को गाजा पट्टी में जाने की अनुमति दी जाएगी। काहिरा में फिलिस्तीनी दूतावास के अनुसार, युद्धविराम से गाजा और मिस्र के बीच रफा क्रॉसिंग को फिर से खोलने में भी सुविधा होगी। बंधकों और लापता व्यक्तियों के लिए देश के समन्वयक गैल हिर्श ने एक बयान में कहा कि इज़राइल ने उन बंधकों के परिवारों को सूचित कर दिया है जिन्हें शुक्रवार को रिहा किया जाना है। हिर्श ने कहा, 'संपर्क अधिकारियों ने उन सभी परिवारों को सूचित कर दिया है जिनके प्रियजन सूची में शामिल हैं, साथ ही बंधकों के सभी परिवारों को भी सूचित कर दिया है'। इज़राइल ने एक्सचेंज में रिहाई के लिए 300 लोगों के नामों की एक सूची प्रकाशित की है। इसमें बड़ी संख्या में 16 से 18 वर्ष की आयु के किशोर हैं, हालांकि कुछ 14 वर्ष के युवा भी हैं कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अल-अंसारी ने गुरुवार को एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पहले बंधकों की रिहाई की उम्मीद में एक ही परिवार के सदस्य शामिल होंगे। सीएनएन ने अल-अंसारी के हवाले से कहा, 'उनकी संख्या 13 होगी, सभी महिलाएं और बच्चे, और वे बंधक जो एक ही परिवार से हैं, उन्हें एक ही बैच में रखा जाएगा।' इज़रायली सेना ने कहा कि वह युद्धविराम लागू करने के लिए तैयार है, लेकिन हमास को चेतावनी दी कि थोड़ा सा भी उल्लंघन हुआ, तो गंभीर प्रतिक्रिया होगी'।



- अस्थायी युद्धविराम की अवधि में कम से कम 50 बंधकों को रिहा किया जाएगा
- इज़राइल महिलाओं और बच्चों सहित 150 फ़िलिस्तीनियों को इज़राइली जेलों से रिहा करेगा

## भारतीय-अमेरिकी सांसदों ने चार दिवसीय इज़राइल-हमास युद्धविराम का किया स्वागत



भारतीय-अमेरिकी कांग्रेसियों ने इजरायल-हमास युद्ध में चार दिवसीय संघर्ष विराम का स्वागत किया है, जो लगभग सात सप्ताह की लड़ाई के बाद शुक्रवार को लागू हुआ। हमास शुक्रवार को शाम 4 बजे करीब 13 बंधकों को रिहा करेगा। कतर, मिस्र और अमेरिका के बीच हुए समझौते के अनुसार चार दिनों में यह संख्या बढ़कर 50 हो जाएगी। कांग्रेसी अमी बेरा ने एक बयान में कहा, 'मैं एक अस्थायी बातचीत वाले युद्धविराम की संभावनाओं से प्रोत्साहित हूं और (इजरायली प्रधान मंत्री बेंजामिन) नेतन्याहू प्रशासन से बंधकों की रिहाई और आवश्यक मानवीय सहायता के बदले में प्रस्तावित शर्तों को स्वीकार करने का आग्रह करता हूं।' कैलिफोर्निया के छठे जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले बेरा ने उम्मीद जताई कि राष्ट्रपति जो बाइडेन का प्रशासन इजरायलियों और फिलिस्तीनियों के लिए अधिक आशाजनक भविष्य की दिशा में बातचीत को आगे बढ़ाने के लिए क्षणिक विराम का लाभ उठाने में सक्षम होगा। बेरा ने कहा, 'दो-राज्य समाधान की वकालत करने की मेरी प्रतिबद्धता अटल है, जहां इजरायली और फिलिस्तीनी शांति से एक साथ रह सकते हैं। यह एक असंभव सपना जैसा लग सकता है, लेकिन विकल्प बिल्कुल अस्थिर हैं।'

## गाजा में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14,800 से अधिक

गाजा। सरकारी मीडिया कार्यालय (जीएमओ) के अनुसार, इजराइल और हमास के बीच शुक्रवार से शुरू होने वाले चार दिवसीय मानवीय विराम के साथ, गाजा पट्टी में मरने वालों की संख्या 14,800 से अधिक हो गई है। अपने नवीनतम अपडेट में, हमास-नियंत्रित जीएमओ ने कहा कि मृतकों में लगभग 6,000 बच्चे और 4,000 महिलाएं शामिल हैं। उत्तरी गाजा के अस्पतालों में सेवाओं और संचार के पतन के बाद इस कार्यालय ने फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय की भूमिका निभाई है। सोमवार को, रामल्लाह में मंत्रालय, जो गाजा पट्टी के अस्पतालों और अन्य स्रोतों से अपना डेटा लेता है, ने मारे गए लोगों की संख्या 12,700 बताई है। इस बीच, घायलों की संख्या भी बढ़कर 35,000 से अधिक हो गई है।

## सुडोकू 6386

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 9 | | | 5 | | | |
| | 5 | 1 | | | 6 | | 4 | |
| 8 | | | | | | 1 | | |
| 7 | | | | 8 | 9 | | 3 | |
| | | 3 | | | | 5 | | |
| | 1 | | 2 | 5 | | | | 6 |
| | | 2 | | | | | | 4 |
| | 4 | | 1 | | | 3 | 5 | |
| | | | 5 | | | 8 | 6 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 25 नवम्बर, 2023 कार्तिक शुक्ल पक्ष 13

### राशिफल

मेष - आज का दिन आपके लिए शुभ है। परिवार के सदस्यों और करीबी दोस्तों के साथ किसी खास कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। उत्साह के साथ नए कार्य की शुरूआत करेंगे। इस दौरान अति उत्साह से हानि न हो इसका ध्यान रखें।

वृषभ - आज किसी भी प्रकार के निर्णय लेने से पहले सोच-विचारकर आगे बढ़ें। किसी के साथ गलतफहमी होने की संभावना है। खराब तबीयत के कारण आप उदास हो सकते हैं।

मिथुन - सामाजिक, आर्थिक तथा पारिवारिक क्षेत्र में लाभ होने की संभावना है। समाजिक मान- प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। मित्रों से लाभ होगा और उनके पीछे पैसे भी खर्च करेंगे।

कर्क - घर की साज-सजावट पर विशेष ध्यान देंगे। नए घरेलू सामान खरीदने की संभावना है। व्यापारियों और नौकरी पेशा लोगों को लाभ तथा पदोन्नति मिल सकती है। पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी। सरकारी लाभ होगा।

सिंह - स्वभाव में उग्रता और क्रोध रहने के कारण आपका मन कहीं नहीं लगेगा। वाद-विवाद में अपने अहं के कारण किसी की नाराज़गी झेलनी पड़ेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

कन्या - मन के संयम को आज के दिन का मंत्र बना लें, क्योंकि स्वभाव की उग्रता के कारण किसी के साथ मनमुटाव होने की संभावना है। गुप्त शत्रु बाधा उत्पन्न करेंगे, इसलिए सतर्क रहें। नए काम की शुरुआत स्थगित रखें।

तुला - दैनिक कामकाज से राहत तथा मनोरंजन प्राप्त करने के लिए आप पार्टी, नाटक या फिल्म देखेंगे। घूमने-फिरने जा सकते हैं, मित्रों से मिलने की संभावना है। प्रिय व्यक्ति के साथ निकटता आपको खुशी देगी।

वृश्चिक - पारिवारिक शांति का माहौल आपके तन-मन को स्वस्थ रखेगा। निर्धारित काम में सफलता मिलेगी। नौकरी में साथी कर्मचारियों का सहयोग मिलेगा। विरोधियों और शत्रुओं की चाल निष्फल होगी।

धनु - आज आपको संतान की पढ़ाई तथा स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। पेट सम्बंधी तकलीफ आपको हो सकती है। काम सफल नहीं होने पर निराशा का अनुभव होगा। आपको अपने गुस्से पर अंकुश रखना चाहिए।

मकर - आपका आज का दिन प्रतिकूलताओं से भरा रहेगा, जिससे मन में खिन्नता अनुभव होगा। शरीर में स्फूर्ति और ताजगी का अभाव रहेगा। सार्वजनिक जीवन में मानहानि होने की संभावना रहेगी। छाती में दर्द रहने की संभावना है।

कुंभ - आज आप तन-मन से प्रसन्नता का अनुभव करेंगे। आपके मन पर छाए हुए चिंता के बादल दूर होने से आपका उत्साह बढ़ेगा। भाई-बंधुओं से साथ मिलकर नए आयोजन को हाथ में लेंगे। उनके साथ आनंदपूर्वक समय व्यतीत होगा।

मीन - आज जिह्वा पर संयम न रखने से लड़ाई-झगड़े की आशंका बनी रहेगी। खर्च पर भी नियंत्रण रखें। धन सम्बंधित लेन-देन में भी सावधानी की आवश्यकता है। शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य में गिरावट आ सकती है।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## फिनलैंड द्वारा लगभग सभी सीमा चौकियों को बंद करने के बाद रूसी क्षेत्र हाई अलर्ट पर

**मॉस्को,** 24 नवम्बर (एजेंसियां)। फिनलैंड द्वारा अपनी लगभग सभी सीमा चौकियों को बंद करने के बाद स्थानीय निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रूस के मरमंस्क क्षेत्र में हाई-अलर्ट घोषित कर दिया गया है और कई अतिरिक्त उपाय किए गए हैं। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार को फिनलैंड की सरकार ने रूस के साथ अपनी सीमा पर रूस के मरमंस्क क्षेत्र से सटे सुदूर उत्तर में स्थित एक को छोड़कर लगभग सभी चौकियों को बंद करने की घोषणा की। यह फैसला 23 दिसंबर तक लागू रहेगा। क्षेत्र के गवर्नर एंड्री चिबिस ने गुरुवार को टेलीग्राम पर एक पोस्ट में कहा कि मरमंस्क के माध्यम से फिनलैंड में प्रवेश करने के इच्छुक विदेशी नागरिकों की संख्या बंद होने के चलते कई गुना बढ़ सकती है। गवर्नर ने कहा कि बुधवार को लगभग 400 विदेशी मरमंस्क से फिनलैंड में प्रवेश करने की प्रतीक्षा कर रहे थे, और उनमें से केवल 50 को ही जाने दिया गया। संख्या और बढ़ने की उम्मीद है। पिछले हफ्ते रूस के साथ सीमा पर चार चौकियों को बंद करने के बाद, फिनिश अधिकारियों ने बिगड़ती प्रवासन स्थिति का हवाला देते हुए, रूस के साथ सीमा पर तीन और चौकियों को अस्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया था, केवल सबसे उत्तरी चौकी राजा-जोसेप्पी को चालू रखा। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने बुधवार को कहा कि फिनलैंड को पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान निकालने के लिए अपनी चिंताओं को उठाना चाहिए था।

## न्यूजीलैंड ने की नई गठबंधन सरकार की घोषणा

**वेलिंगटन,** 24 नवम्बर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड के तीन राजनीतिक दलों ने हफ्तों की बातचीत के बाद शुक्रवार को नई गठबंधन सरकार के लिए लाइनअप की घोषणा की। नेशनल के नेता और आने वाले प्रधान मंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने संसद में हस्ताक्षर समारोह के दौरान कहा,नेशनल पार्टी, एसीटी न्यूजीलैंड पार्टी और न्यूजीलैंड फर्स्ट पार्टी की नई गठबंधन सरकार स्थिर, प्रभावी होगी और सभी न्यूजीलैंडवासियों के लिए काम करेगी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, एनजेड फर्स्ट के नेता विंस्टन पीटर्स तीन साल के संसदीय कार्यकाल की पहली छमाही के लिए उप प्रधान मंत्री होंगे, और एसीटी के नेता डेविड सेमोर कार्यकाल की दूसरी छमाही के लिए पद संभालेंगे। पीटर्स विदेश मंत्री होंगे और सेमुर नए और मौजूदा नियमों की गुणवत्ता का आकलन करने वाले विनियमन मंत्री होंगे। 20-मजबूत कैबिनेट में 14 राष्ट्रीय मंत्री, तीन एसीटी मंत्री और तीन एनजेड फर्स्ट मंत्री होंगे। नेशनल की निकोला विलिस वित्त मंत्री होंगी। नई सरकार 27 नवम्बर को शपथ लेगी। नए गठबंधन के गठन के लिए समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद लक्सन ने कहा, 'चुनौतीपूर्ण आर्थिक माहौल के बावजूद, नई सरकार द्वारा किए जाने वाले बदलावों के कारण न्यूजीलैंडवासी बेहतर भविष्य की उम्मीद कर सकते हैं।' आने वाले प्रधान मंत्री ने कहा कि नई सरकार जीवन यापन की लागत को कम करेगी और कर राहत देगी, कानून और व्यवस्था बहाल करेगी और बेहतर सार्वजनिक सेवाएं प्रदान करेगी। नेशनल पार्टी ने 14 अक्टूबर को आम चुनाव जीता, इसमें लेबर पार्टी को छह साल के कार्यकाल के बाद पद छोड़ना पड़ा। हालांकि, किसी भी पार्टी के बहुमत सीटें नहीं जीतने के कारण, नई सरकार का गठन गठबंधन सरकार बनाने के लिए अंतरदलीय वार्ता के नतीजे पर निर्भर था।



## पाकिस्तान ने ब्रिक्स में शामिल होने के लिए औपचारिक अनुरोध की पुष्टि की



**इस्लामाबाद,** 24 नवम्बर (एजेंसियां)। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की कि उसने ब्रिक्स - ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका ब्लॉक में शामिल होने के लिए औपचारिक अनुरोध किया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज ज़हरा बलूच के मीडिया ब्रीफिंग के हवाले से कहा, 'ब्रिक्स द्वारा समावेशी बहुपक्षवाद के प्रति घोषित खुलेपन को देखने के बाद हमने यह निर्णय लिया है।' उन्होंने कहा कि समूह में शामिल होकर पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सहयोग को आगे बढ़ाने और समावेशी बहुपक्षवाद को पुनर्जीवित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तान के ब्रिक्स के अधिकांश सदस्यों के साथ-साथ देशों के नए आमंत्रित समूह के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध हैं। उन्होंने कहा, 'हमें यह भी उम्मीद है कि ब्रिक्स समावेशी बहुपक्षवाद के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप पाकिस्तान के अनुरोध पर आगे बढ़ेगा।' अगस्त में दक्षिण अफ्रीका में 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में, ईरान, अर्जेंटीना, मिस्र, इथियोपिया, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात को इस समूह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था, और उनकी सदस्यता 1 जनवरी, 2024 से प्रभावी होगी।


## यूक्रेन के पीएम, यूरोपीय संघ के अधिकारी ने सीमा नाकेबंदी पर की चर्चा

कीव, 24 नवम्बर (एजेंसियां)। यूक्रेन के प्रधानमंत्री डेनिस श्मीहल ने कहा है कि उन्होंने कुछ यूरोपीय संघ (ईयू) के देशों के साथ यूक्रेनी सीमा की नाकेबंदी पर चर्चा करने के लिए यूरोपीय आयोग के उपाध्यक्ष वाल्डिस डोम्ब्रोव्स्की के साथ एक ऑनलाइन बैठक की। श्मीहल ने फेसबुक पर लिखा, यूक्रेन ने इस मुद्दे पर यूरोपीय संघ को अपने प्रस्ताव की रूपरेखा दी है और समस्या के समाधान में यूरोपीय आयोग की मदद पर भरोसा कर रहा है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी ने प्रधानमंत्री के हवाले से कहा कि यूक्रेन अपने निर्यात और आयात के लिए वैकल्पिक लॉजिस्टिक मार्ग भी तेजी से विकसित कर रहा है। पोलैंड के मालवाहक यूक्रेनी सीमा पर कई चौकियों पर 6 नवम्बर से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उनका कहना है कि यूरोपीय संघ में प्रवेश करने वाले यूक्रेनी मालवाहकों के लिए परमिट की व्यवस्था की जाय।



प्रदर्शनकारियों ने क्रॉसिंग पॉइंट के पास सड़कों को अवरुद्ध कर दिया है, जिसके चलते लंबी कतारें लग गईं और हजारों ट्रक सीमा पर रुके रहे। गुरुवार को, यूक्रेन ने पोलैंड के विदेश मंत्रालय को एक आधिकारिक नोट भेजा, जिसमें दो यूक्रेनी ट्रक ड्राइवरों की कतार में मौत के बाद सीमा को तत्काल हटाने की मांग की गई। मंगलवार को यूक्रेनी ड्राइवरों के लिए परमिट वापस करने की मांग करने वाले स्लोवाकिया के कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन में शामिल हो गए, जिससे स्लोवाकिया और यूक्रेन के बीच एक प्रमुख सीमा अवरुद्ध हो गई।

## वर्ग पहेली 6386



**बायें से दायें:-**

१.चरम सीमा, आखिरी हद
३. अनियंत्रित
५. निवेदक (उर्दू)
६. झण्डा, ध्वज
७. हिंसा, खूनखराबा (उर्दू)
९. दुर्गा
१०. 'हाईकमिश्नर'
१२. पक्का, मजबूत जो कभी न टूटे
१३. विस्मय
१४. अयोग्य, नाकाबिल (उर्दू)
१६. अन्यथा (उर्दू)
१८. पीड़ित, उत्सुक
२०. महत्ता
२१. अज्ञानता
२३. सेंध मारी (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**

१. पूरी तरह पका हुआ
२. सुनी सुनाई बातों पर तुरंत विश्वास कर लेने वाला (उपमा)
३. अविश्सनीयता, लेन-देन में खोटापन(उर्दू)
४. गीत गाने वाली
५. अविभाजित, अखंड
८. तर्राना, बहुत ज्यादा बातें करना
१०. प्रकाश, रोशनी
११. लड़ाकू
१२. कमी, कसर
१३. बल्कि, किंतु
१४. मूर्ख, अविवेकी
१५. पूजा करने या कराने वाला
१७. रसदार आम, गन्ना, गेहूं
१८. सहारा, भरोसा, टेक
१९. रात्रि, रात
२२. अंधकार

### वर्ग पहेली-6385

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ म | धु | २ सू | द | ३ न | ■ | ४ अ | नि | ५ रू | द्ध |
| क | ■ | र्य | ■ | ६ वा | प | सी | ■ | स | ■ |
| ७ रं | ग | त | ■ | गं | ■ | ८ मि | थ्या | वा | ९ द |
| द | ■ | न | ■ | १० तु | रं | त | ■ | ■ | कि |
| ■ | ११ नि | या | १२ म | क | ■ | ■ | १३ हा | शि | या |
| ■ | ष्फ | ■ | नो | ■ | १४ मृ | दु | ल | ■ | नू |
| १५ म | ल | १६ य | ज | ■ | णा | ■ | १७ त | १८ र | स |
| हा | ■ | था | ■ | १९ क | ल | २० प | ■ | क्त | ■ |
| २१ दे | ख | ना | ■ | च्छ | ■ | २२ द | ल | प | २३ ति |
| व | ■ | २४ म | त्स्यो | प | जी | वी | ■ | ■ | थि |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## आज का इतिहास

1538 - तुर्की का नौसैन्य अभियान जो भारत पहुंचा था, पुर्तगाल का बेड़ा पहुंचने के बाद वापस लौट गया।
1716- अमेरिका में पहली बार किसी शेर को प्रदर्शनी में रखा गया।
1741 - रूस की महारानी एलिजाबेथ ने इंपीरियल रशियन गार्डस की मदद से तख्ता पलट कर सेंट पीटर्सबर्ग की सत्ता पर कब्जा जमाया।
1866- इलाहाबाद हाईकोर्ट का उद्घाटन।
1867 - अल्फ्रेड नोबल ने डायनामाइट का पेटेंट कराया।
1890- प्रसिद्ध भाषाविद, साहित्यकार एवं विद्याशास्त्री सुनीति कुमार चटर्जी का जन्म।
1930- जापान में एक ही दिन में भूकंप के 690 झटके रिकॉर्ड किए गए।
1936- जर्मनी और जापान के बीच कोमिंटन (कम्युनिस्ट इंटरनेशनल) विरोधी समझौते पर हस्ताक्षर।
1941- लेबनान को फ्रांस से आजादी मिली।
1945- अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन डीसी में आए बर्फीले तूफान के कारण हुई स्कूल बस दुर्घटना में 15 बच्चों की मौत हो गई।
1949- स्वतंत्र भारत के संविधान पर संवैधानिक समिति के अध्यक्ष ने हस्ताक्षर किए और इसे तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया।
1960- टेलीफोन की एसटीडी व्यवस्था का भारत में पहली बार कानपुर और लखनऊ के बीच प्रयोग किया गया।
1965- फ्रांस ने अपना पहला सैटेलाइट लॉन्च किया।
1973- ग्रीस में हफ्तों से फैली अशांति के बीच आज ही के दिन वहां की सेना ने तत्कालीन राष्ट्रपति जॉर्ज पापाडोपोलस का तख्ता पलट दिया था।
1974- नेपाल में एक पुल के ढहने से लगभग 140 लोग मरे।
1974- संयुक्त राष्ट्र संघ के पूर्व महासचिव ऊ थांट का निधन।
1975 - सूरीनाम को हालैंड से आजादी मिली।
1982 प्रसिद्ध महिला क्रिकेटर झूलन गोस्वामी का जन्म।
1998 - पाकिस्तान ने अंधेरे में मार करने में सक्षम टैंक-भेदी प्रक्षेपास्त्र का सफल परीक्षण किया।


**संकट** सांस की बीमारियों से जूझ रहा है चीन

# अब तक 13 हजार से अधिक बच्चे बीमार

**बीजिंग,** 24 नवम्बर (एजेंसियां) चीन में कोविड के बाद सांस की एक नयी बीमारी से देशवासी हलकान हैं और इस बीमारी से ज्यादातर छोटे बच्चें प्रभावित हो रहे हैं। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब तक 13,000 से अधिक मामले सामने आ चुके हैं। मरीजों को अस्पतालों में जगह नहीं मिल रही है जबकि कुछ स्कूलों को बंद कर दिया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), जिसने सरकार से रोग डेटा मांगा है, ने कहा कि कोई असामान्य या नए रोगजनकों का पता नहीं चला है।

इससे पूर्व की रिपोर्ट में कहा गया था, चीन एक बार फिर रहस्मयी फ्लू कारण सुर्खियों में है। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब तक 13,000 से अधिक मामले सामने आ चुके हैं। अस्पतालों में भर्ती होने के लिए लंबी वेटिंग है जबकि कुछ स्कूलों को बंद भी किया गया है। दिसंबर में सख्त कोविड-19 प्रतिबंध हटाए जाने के बाद से चीन अपने पहले पूर्ण सर्दियों के मौसम में प्रवेश करते हुए श्वसन संबंधी बीमारियों में वृद्धि से जूझ रहा है। बच्चों में मामले विशेष रूप से बीजिंग और लियाओनिंग प्रांत जैसे उत्तरी क्षेत्रों में अधिक दिखाई दे रहे हैं जहां अस्पताल लंबे इंतजार की चेतावनी दे रहे हैं।

बीजिंग के एविएशन जनरल अस्पताल में रोजाना 550 से 650 मामले आ रहे हैं जो पिछले साल की तुलना में 30 से 50 प्रतिशत अधिक है। राजधानी बीजिंग से करीब 100 किलोमीटर दूर स्थित तियानजिन शहर के चिल्ड्रेन अस्पताल के निदेशक लियु वेई ने गुरुवार को कहा, हमारे दो कैंपस में पिछले 24 घंटों के दौरान 13,171 बच्चों को भर्ती कराया गया है। स्टेट काउंसिल ने कहा कि इस सर्दी और वंसंत में इन्फ्लूएंजा चरम पर होगा और भविष्य में कुछ क्षेत्रों में माइकोप्लाज्मा निमोनिया का संक्रमण अधिक रहेगा। इसने कोविड संक्रमण के फिर से बढ़ने के जोखिम के बारे में भी चेतावनी दी। स्टेट काउंसिल ने एक बयान में कहा, 'सभी इलाकों को संक्रामक रोगों पर सूचना रिपोर्टिंग को मजबूत करना चाहिए ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जानकारी समय पर और सटीक तरीके से दी जाए।' स्थिति इस सप्ताह तब सुर्खियों में आई जब डब्ल्यूएचओ ने बच्चों में अज्ञात निमोनिया के समूहों पर प्रोग्राम फॉर मॉनिटरिंग इमर्जिंग डिजीज (प्रोएमईडी) की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए चीन से अधिक जानकारी मांगी। चीन और डब्ल्यूएचओ दोनों को 2019 के अंत में केंद्रीय शहर वुहान में सामने आए शुरुआती कोविड-19 मामलों पर रिपोर्टिंग की पारदर्शिता के बारे में सवालों का सामना करना पड़ा था। गुरुवार को डब्ल्यूएचओ ने कहा कि चीन ने उसके अनुरोध का जवाब दिया है और उसके द्वारा प्रदान किए गए डेटा से पता चलता है कि ये मामले माइकोप्लाज्मा निमोनिया जैसे ज्ञात रोगजनकों के प्रसार के साथ-साथ कोविड प्रतिबंधों को हटाने से जुड़े थे, जो मई से प्रसारित एक सामान्य जीवाणु संक्रमण है जो आमतौर पर बच्चों को प्रभावित करता है।



## दुनिया को जानें

## प्रवासियों को रोकने के लिए पोलैंड ने स्लोवाकिया के साथ सीमा नियंत्रण बढ़ाया

वारसॉ, 24 नवम्बर (एजेंसियां)। पोलैंड ने स्लोवाकिया के साथ लगी सीमा पर नियंत्रण 11 दिनों के लिए और बढ़ा दिया है। देश के गृह मंत्रालय ने ये जानकारी दी है। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, सीमा पर मिनी-वैन, वैन, यात्री वाहन और कोच की जांच की जाएगी। अवैध प्रवासियों को ले जाने के संदेह में इनकी जांच होगी। मूल रूप से शेंगेन बॉर्डर्स कोड के तहत 4 अक्टूबर को लागू किए गए इन नियंत्रणों का मकसद स्लोवाकिया से पोलैंड में प्रवेश करने वाले प्रवासियों को आने से रोकना है। शुरुआत में इसे 10 दिनों के लिए लागू किया गया था, बाद में चेक को अतिरिक्त 20 दिनों के लिए 2 नवंबर तक बढ़ा दिया गया और बाद में 22 नवंबर तक बढ़ा दिया गया। नए विनियमन के अनुसार, स्लोवाकिया के साथ सीमा विभिन्न सड़क क्रॉसिंग, तीन रेल क्रॉसिंग और दो पैदल यात्री क्रॉसिंग पहुंचने योग्य बनी हुई है। कुछ क्रॉसिंग जो पहले पैदल यात्रियों के लिए आरक्षित थे, अब यात्री वाहनों के लिए खुले हैं। पोलैंड और स्लोवाकिया 541 किमी लंबी सीमा साझा करते हैं।

# खेल जगत

## जोकोविच का शानदार खेल, सर्बिया अंतिम चार में



**मलागा** 24 नवंबर (एजेंसियां) दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच की बदौलत सर्बिया ने गुरुवार को डेविस कप के क्वार्टर फाइनल में सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जोकोविच ने ब्रिटेन के कैमरन नोरी को 6-4,6-4 से हराया। सर्बिया ने पिछले तीन साल में दूसरी बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। सेमीफानइल में सर्बिया का मुकाबला सोमवार को इटली से होगा। जोकोविच की यह डेविस कप में रिकॉर्ड 44वीं जीत थी। उधर, इटली ने क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड को 2-1 से हराकर लगातार दूसरे सत्र में सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जोकोविच ने कहा, देश के लिए खेलना हमेशा सबसे अधिक दबाव और प्रेरणा भरा होता है। लंबे सत्र के बाद हम पैरों में थकान महसूस कर सकते हैं। अब हमें इटली ने खेलना है। वे काफी मजबूत टीम हैं। हम कड़ी टक्कर देंगे।

# मैं कप्तानी के बोझ को ड्रेसिंग रूम में ही छोड़ आया था : सूर्यकुमार

- जब भी बल्लेबाजी के लिए उतरता तो मैं उसका पूरा लुत्फ उठाने की कोशिश करता हूं
- हमारे गेंदबाजों ने आखिर में हमारी मैच में वापसी कराई

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



**नई दिल्ली,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। सूर्य कुमार ने विस्फोटक 80 रन की तूफानी खेल कर बतौर कप्तान अपने पहले ही मैच भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विशाखापट्टनम में पांच टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मैचों की सीरीज के पहले ही मैच में फिनिशर रिंकू सिंह के मिलकर दो विकेट से जीत दिला बीते रविवार को सम्पन्न आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप के औसत से भी कम प्रदर्शन की निराशा को भुला दिया। भारत के कप्तान सूर्य कुमार ने कप्तानी के बोझ की बाबत कहा, % मैं कप्तानी के बोझ को ड्रेसिंग रूम में ही छोड़ आया था। मैं जब भी बल्लेबाजी के लिए उतरता तो मैं उसका पूरा लुत्फ उठाने की कोशिश करता हूं चाहे मैं 10 गेंदें खेलूं या 40 गेंदे। शुरू के दस ओवर में हमारे लिए स्थिति एक दम बढिया थी हमें अंतिम 60 गेंदों में जीत के लिए मात्र 103 बनाने थे। इस तरह की स्थिति आईपीएल में हर दूसरे मैच में आती है। मेरा मानना था जब हम बाद में बल्लेबाजी करने जाएंगे तो ओस पड़ेगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। मैं जानता था कि विशाखापट्टनम का मैदान छोटा है और पिच बाद में बल्लेबाजी के लिए बेहतर होती जाएगी। जिस तरह हमारे लड़कों ने मैदान पर अपनी प्रतिभा दिखाई उससे बहुत खुश हूं। मैच में ऑस्ट्रेलिया ने हम पर दबाव बनाया लेकिन जिस तरह हमारी टीम में हर किसी ने मैच में वापसी की वह शानदार थी, जहां तक कप्तानी का की बात तो मेरे लिए भारत को जिताना गौरव का क्षण था। जब भी आप क्रिकेट खेलते हैं तो भारत के लिए खेलने की बाबत सोचते है। हमने एक समय सोचा था कि हमें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जीत के लिए 230 रन के लक्ष्य का पीछा करना होगा लेकिन आखिर में हमारे गेंदबाजों ने हमारी मैच में वापसी कराई। हम मैच में सकारात्मक रहना चाहते थे। रही बात बल्लेबाजी की तो हम खुलकर कर खेल इसका पूरा लुत्फ उठाना चाहते थे। मैंने इशान किशन से बस यही कहा कि बस अपने अंदाज में बल्लेबाजी करते रहे, लक्ष्य की बाबत न सोचे। शुरू के दस ओवरों के बाद हालात एकदम हमारे माफिक थे। हम जानते थे कि बाद में क्या हो सकता है। जिस तरह लड़कों ने संयम दिखाया वह शानदार था। रिंकू के लिए यह स्थिति उनके मनमाफिक थी। उनके धैर्य ने मुझे एकदम सहज कर दिया। रही बात मुकेश कुमार के पारी के आखिरी ओवर की तो 16 वें ओवर के बाद हमारे तीनों गेंदबाज ने जिस तरह हमारी वापसी कराई वह शानदार थी।'

ऑस्ट्रेलिया के लिए तूफानी शतक जडने वाले जोश इंग्लिश ने मैच के बाद सूर्य कुमार यादव की पारी की तारीफ करते हुए कहा, %सूर्य ने वही किया जैसा वह अमूमन करते हैं।

सच तो यह है कि भारत की बृहस्पतिवार को ऑस्ट्रेलिया पर पहले टी-20 मैच की जीत ने मेजबान टीम के क्रिकेट प्रेमियों को ऑस्ट्रेलिया के हाथों बीते रविवार को वन डे विश्व कप में फाइनल की इकलौती हार के साथ खिताब चूकने का दर्द जरूर कुछ कम दिया। सूर्य ने वन डे विश्व कप में फाइनल सहित कुल सात मैच खेले और इनमें वह इंग्लैंड को छोड़ कर बाकी छह में 25 रन के पार नहीं पहुंच पाए। >

जोश इंग्लिश (110) के तूफानी शतक और स्टीव स्मिथ (52) के साथ उनकी दूसरे विकेट की 130 रन की भागीदारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाए जाने पर निर्धारित 20 ओवर में तीन विकेट पर 208 रन बनाए। बृहस्पतिवार को जब सूर्य बल्लेबाजी के लिए उतरे तब भारत ने शुरू के पांच ओवर में ऋतुराज गायकवाड़ (0) और यशस्वी जायसवाल (21 रन) के रूप में दो विकेट 22 रन पर खो दिए थे। सूर्य (80 रन, 42 गेंद, 4 छक्के, 9 चौके) पहले इशान किशन (58 रन, 39 गेंद, पांच छक्के , दो चौके)के साथ तीसरे विकेट के लिए 112 और फिर पांचवें विकेट के लिए फिनिशिर रिंकू सिंह(अविजित 22 रन, 14 गेंद, चार चौके) के साथ 40 रन की भागीदारी करने के बाद जब पारी के 18 वें ओवर में जेसन बेहरनडर्फ की गेंद को उड़ाने के फेर में हार्डी को कैच थमा पांचवें बल्लेबाज के रूप में आउट होकर पैवेलियन लौट तो तब भारत का स्कोर पांच विकेट पर 194 था। भारत ने अंतिम के मैच और स्यां एबट के अंतिम ओवर में उनकी तीसरी गेंद पर अक्षर पटेल(0) का , चौथी गेंद पर रवि बिश्नोई (0) और पांचवीं पर अर्शदीप के रूप में तीन गेंद पर तीन विकेट खोए अगली गेंद पर हालांकि रिंकू सिंह ने छक्का जड़ा, लेकिन इसे छक्का नहीं माना गया क्योंकि यह नो बॉल थी और भारत ने एक गेंद के बाकी आठ विकेट पर 209 रन बना मैच जीत लिया।

# कमिंस के जादू ने भारत को विश्वकप से दूर किया : अश्विन



एकदिवसीय गेंदबाज के रूप में पैट कमिंस विश्व कप में काफी समय से संघर्ष कर रहे थे लेकिन फाइनल तक पहुंचने वाले पिछले 4-5 मैचों में उनकी करीब 50 फीसदी गेंदें कटर थीं। फाइनल में, मुझे नहीं पता कि कितने लोगों ने टीवी पर इसे समझा मगर एक ऑफ स्पिनर की तरह उन्होने गेंदबाजी के दौरान ऑफ साइड पर चार और लेग साइड पर पांच क्षेत्ररक्षक रखे और अपने पूरे 10 ओवर बिना मिड-ऑफ के फेंके : आर अश्विन

मुंबई, 24 नवंबर (एजेंसियां)। भारत का विश्वकप जीतने का सपना टूट गया है और इसके लिये भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन आस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस को जिम्मेदार मानते हैं। अपने नवीनतम यूट्यूब वीडियो 'विश्व कप 2023: ए रिफ्लेक्शन' में अश्विन ने फाइनल मुकाबले में पैट कमिंस की प्रतिभा का विश्लेषण किया और उनके जादू को 'गेम-ब्रेकिंग' घटना के रूप में संदर्भित किया। टॉस जीतने के बाद ऑस्ट्रेलियाई कप्तान ने भारत को पहले बल्लेबाजी के लिए भेजा। यह निर्णय एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। कमिंस ने अपने कोटे के पूरे 10 ओवर फेंके और सिर्फ 34 रन दिए। उन्होंने श्रेयस अय्यर (4) और इन-फॉर्म विराट कोहली (54) के दो बड़े विकेट भी लिए।

आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अपने 10 ओवर पूरे करने वाले सभी गेंदबाजों में कमिंस ने 3.40 के स्ट्राइक रेट पर सबसे किफायती स्पैल फेंका जिसके बाद एडम ज़म्पा (4.40), मिशेल स्टार्क (5.50) और जोश हेज़लवुड (6.00) थे। अश्विन ने कमिंस के मास्टरमाइंड की गहराई से पड़ताल की और बताया कि क्यों भारतीय बल्लेबाजों को उनका सामना करना चुनौतीपूर्ण लगता था। अश्विन ने कहा, एकदिवसीय गेंदबाज के रूप में पैट कमिंस विश्व कप में काफी समय से संघर्ष कर रहे थे लेकिन फाइनल तक पहुंचने वाले पिछले 4-5 मैचों में उनकी करीब 50 फीसदी गेंदें कटर थीं। फाइनल में, मुझे नहीं पता कि कितने लोगों ने टीवी पर इसे समझा मगर एक ऑफ स्पिनर की तरह उन्होने गेंदबाजी के दौरान ऑफ साइड पर चार और लेग साइड पर पांच क्षेत्ररक्षक रखे और अपने पूरे 10 ओवर बिना मिड-ऑफ के फेंके।

अश्विन ने जोर देकर कहा, ' कमिंस ने पूरे 10 ओवर के स्पैल में स्टंप लाइन की ओर छह मीटर के दायरे में केवल तीन गेंदें फेंकी । उनकी स्टंप लाइन पर पांच क्षेत्ररक्षक स्क्वायर लेग, मिडविकेट, डीप स्क्वायर लेग, मिड-ऑन और लॉन्ग लेग पर थे। गौरतलब है कि भारत को 240 रन पर आउट करने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने ट्रेविस हेड के प्लेयर ऑफ द मैच 137 रन और मार्नस लाबुशेन के नाबाद 58 रन की बदौलत 43 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया था।

# चाइना मास्टर्स में चिराग-सात्विक की जोड़ी सेमीफाइनल में




- इंडोनेशियाई जोड़ी को 46 मिनट में 21-16, 21-14 से हराया
- सात्विक और चिराग की जोड़ी का सामना सेमीफाइलन में चीनी जोड़ी से होगा
- क्वाटर फाइनल में भारतीय जोड़ी ने जापान के अकीरा कोगा-ताइची सैतो को हराया था

**शेनझेन (चीन),** 24 नवंबर (एजेंसियां)। एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने यहां चीन मास्टर्स सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में इंडोनेशिया के लियो रोली कारनांडो और डैनियल मार्थिन पर शुक्रवार को सीधे गेम में जीत के साथ पुरुष युगल सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

शीर्ष वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने वर्ल्ड नंबर 13 इंडोनेशियाई जोड़ी को 46 मिनट में 21-16, 21-14 के स्कोर के साथ हराया। सात्विक और चिराग का सामना अब दो चीनी जोड़ियों - हे जी टिंग और रेन जियांग यू और आठवीं वरीयता प्राप्त लियू यू चेन और ओउ जुआन यी के बीच होने वाले दूसरे क्वार्टर फाइनल मैच के विजेता से होगा।

इससे पहले टूर्नामेंट में यह जोड़ी जापान के अकीरा कोगा-ताइची सैतो को 21-15, 21-16 से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी।

पूर्व विश्व नंबर 1 भारतीय संयोजन ने नियमित रूप से स्थान बदलकर और अपने तीखे हमले के साथ उत्कृष्ट समन्वय प्रदर्शित किया, जिससे इंडोनेशिया के उनके प्रतिद्वंद्वियों के लिए चीजें मुश्किल हो गईं, जो दबाव में कमजोर हो गए थे।

दोनों साझेदारों ने मैच को बराबरी की शुरुआत दिलाने के लिए जी जान से संघर्ष किया। हालाँकि, आक्रामक शॉट्स की बौछार के साथ खेल पर तुरंत नियंत्रण हासिल करने के बाद भारतीय संयोजन से 14-14 से बराबरी कर ली।

चिराग के कुछ समझदारी भरे फैसलों की बदौलत वे जल्द ही 19-16 से आगे हो गए और मुंबईकर ने फिर तेजी से वापसी के साथ मैच को समाप्त करने की सेवा के बाद फ्रंट कोर्ट में आकर एक बार फिर अपना आक्रामक इरादा दिखाया। आधे समय में, भारतीयों ने जोरदार प्रहारों की बदौलत 11-6 की बढ़त बना ली।

भारतीय शुरू से ही अडिग थे और इंडोनेशियाई उनके आक्रमण का मुकाबला करने में असमर्थ थे। दोनों तेजी से 17-10 तक आगे बढ़े। इसके बाद, मार्थिन ने एक पिनपॉइंट स्मैश बनाया और मैच की सबसे लंबी रैली - 48 शॉट - शुरू की।

भारतीयों ने भाग्यशाली नेट कॉर्ड की बदौलत तीन अंकों की बढ़त ले ली और मार्थिन ने नेट पर जाकर उन्हें सात मैच प्वाइंट हासिल करने में मदद की। एक को बर्बाद करने के बाद, सात्विक और चिराग ने एक वीडियो रेफरल जीता और अपना अंतिम चार में स्थान सुरक्षित कर लिया।

# विश्वकप के दौरान किया गया अभ्यास टी20 मुकाबले में काम आया : इशान

**विशाखापत्तनम,** 24 नवंबर (एजेंसियां)। आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 मुकाबले में कप्तान सूर्य कुमार यादव के साथ शतकीय साझीदारी निभाने वाले इशान किशन ने कहा कि विश्वकप के दौरान नेट पर कड़े अभ्यास का नतीजा है कि वह अपने बल्लेबाजी को निखार सके जो आखिरकार कड़े प्रतिद्वंदी के खिलाफ जीत में मददगार साबित हुआ।

भारत ने गुरुवार को आस्ट्रेलिया को पांच मैचों की टी20 श्रखंला के पहले मैच में दो विकेट से हरा दिया था। मैच के बाद आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में इशान ने कहा यह सच है कि मुझे शुरुआती मैचों के बाद विश्व कप में अंतिम एकादश में खेलने का मौका नहीं मिला मगर इस दौरान मैने नेट में कड़ा अभ्यास किया और बल्लेबाजी में की जा रही गल्तियों में सुधार किया। इसका नतीजा है कि आज मै अपने कप्तान के साथ बड़ी साझीदारी बनाने में सफल रहा।

आस्ट्रेलियाई स्पिनर तनवीर संघा की पिटाई के बारे में पूछे गये सवाल पर उन्होने कहा कि ''लेग स्पिनर के खिलाफ बाएं हाथ का बल्लेबाज होने के नाते मैं अच्छी स्थिति में था। मैंने सोच लिया था कि मैं संघा के खिलाफ बड़े शॉट खेलूंगा, फिर वह चाहे जहां भी गेंदबाजी करे। इसका मकसद हमें तेज गति से स्कोरबोर्ड को चलाना था। हम पुछल्ले बल्लेबाजों के लिये बड़ा लक्ष्य छोड़ने के बारे में कतई नहीं सोच रहे थे। हमें खुद पर भरोसा था जो हमने किया।

विकेटकीपर बल्लेबाज ने मात्र 39 गेंदों में 58 रन बनाये थे। उन्होने सूर्यकुमार (80) के साथ मिल कर शतकीय साझीदारी निभायी जिसकी बदौलत भारत ने 209 रन के लक्ष्य को रोमांचक मुकाबले में हासिल कर श्रृखंला को 1-0 कर दिया। इशान ने स्वीकार किया कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबला हमेशा से तनाव भरा होता है मगर कल का दिन हमारा था जिसमें हम सफल भी हुये हैं ।

'लेग स्पिनर के खिलाफ बाएं हाथ का बल्लेबाज होने के नाते मैं अच्छी स्थिति में था। मैंने सोच लिया था कि मैं संघा के खिलाफ बड़े शॉट खेलूंगा, फिर वह चाहे जहां भी गेंदबाजी करे। इसका मकसद हमें तेज गति से स्कोरबोर्ड को चलाना था। हम पुछल्ले बल्लेबाजों के लिये बड़ा लक्ष्य छोड़ने के बारे में कतई नहीं सोच रहे थे। हमें खुद पर भरोसा था जो हमने किया: इशान किशन



## सूर्यकुमार को अगले छह महीने तक बस टी20 खेलना चाहिए : आकाश चोपड़ा

**मुबंई।** आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज के पहले मैच में भारत की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले सूर्य कुमार यादव के बारे में भारतीय टीम के पूर्व सदस्य और कमेंटेटर आकाश चोपड़ा की राय है कि कुमार को अगले छह महीने तक सिर्फ टी20 मैच ही खेलना चाहिये। भारत ने गुरुवार को पहले टी20आई में भारत को दो विकेट से जीत मिली जिसमें सूर्यकुमार ने 80 रन की पारी खेली। आकाश ने कहा, टी20आई में सूर्यकुमार यादव अलग तरह के खिलाड़ी लगते हैं। उनकी अप्रोच बिल्कुल अलग होती है। वह रूकने वालों में से नहीं लगते। ऐसा क्यों होता है ऐसा इसीलिए होता है क्योंकि उनका डीएनए इसमें रंग गया है। उन्हें लगता है कि वह प्रारूप की ज़रूरतों को अच्छे से समझते हैं और परिस्थिति के हिसाब से प्लान बनाते हैं। यहां तक कि विरोधी टीम भी उनकी विस्फ़ोटकता से वाकिफ़ हैं और उनके लिए अलग तरह की फ़ील्ड लगाते हैं। उन्होने कहा मेरे नजरिए में, यह जरूरी नहीं है कि तीनों ही प्रारूपों में खिलाड़ी हिस्सा हों। सूर्या टी20 क्रिकेटर बन सकते हैं। अगले छह महीनों के लिए उनको टी20 क्रिकेट पर छोड़ना चाहिए। मुझे उम्मीद है कि तीनों प्रारूपों में उन्हें चाहने की वजह से हम एक टी20 रॉकस्टार खो दें। आकाश ने मुकेश कुमार के अहम 20वें ओवर पर भी बात की। उन्होंने कहा, मुकेश का आख़िरी ओवर शानदार था। उन्होंने इस ओवर में केवल पांच ही रन दिए, जिसमें एक नो बॉल भी थी। लेकिन उनकी सटीक यॉर्कर ने बल्लेबाज़ों को बांधे रखा। अगर वह इस ओवर में 15 रन तक दे देते तो भारत को 220 रन चेज़ करने होते और यह और भी मुश्किल हो जाता।

## सार संक्षेप

### एक दिवसीय विश्वकप में दर्शक संख्या ने बनाए कीर्तिमान

**मुबंई।** आईसीसी और उसके प्रसारण साझेदार डिज्नी स्टार के अनुसार, भारत में 2023 पुरुष वनडे विश्व कप ने स्टेडियम में उपस्थिति और प्रसारण व्यूअरशिप की संख्या के रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। आईसीसी ने कहा कि भारत के मैदानों पर हुए 48 मैचों को सबसे अधिक 1,250,307 दर्शकों ने देखा जिससे ऑस्ट्रेलिया और न्यूज़ीलैंड में 2015 विश्व कप के 1,016,420 दर्शकों की संख्या का रिकॉर्ड टूट गया। डिज्नी स्टार ने कहा कि टूर्नामेंट के छह हफ्तों में विश्व कप के लिए 51.8 करोड़ ट्यूनिंग के साथ भारत में रैखिक टेलीविजन दर्शकों की संख्या आधे अरब से अधिक हो गई है। भारत में ब्रॉडकास्ट ऑडियंस रिसर्च काउंसिल (बीएआरसी) के आंकड़ों के अनुसार, टीवी पर कुल ख़पत 422 (अरब मिनट थी, जो इसे अब तक का सबसे बड़ा विश्व कप बनाती है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच हुआ विश्व कप फ़ाइनल टीवी पर 30 करोड़ लोगों ने देखा, जो 13 करोड़ अधिक था, जिससे डिज्नी स्टार के मुताबिक यह सबसे अधिक टीवी पर देखा जाने वाला क्रिकेट मैच बना। फ़ाइनल में डिजिटल व्यूअरशिप का रिकॉर्ड भी टूटा। डिज़्नी + हॉटस्टार पर 5.9 करोड़ व्यूअरशिप मिली जो सबसे बड़ा लाइव स्पोर्ट्स इवेंट बन गया।

### खेलो इंडिया पैरा गेम्स में हरियाणा का दल होगा सबसे बड़ा

**नई दिल्ली।** पहली बार खेलो इंडिया पैरा गेम्स में हरियाणा 242 पैरा एथलीटों का सबसे बड़ा दल मैदान में उतारेगा जबकि राजस्थान के 140 और उत्तर प्रदेश के 125 पैरा एथलीट टूर्नामेंट का हिस्सा बनेंगे। इस बीच भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) ने शुक्रवार को पहले खेलो इंडिया पैरा गेम्स की मेजबानी के लिए युवा मामले और खेल मंत्रालय की पहल की सराहना की। पीसीआई की अध्यक्ष दीपा मलिक ने कहा मैं बहुत रोमांचित और अभिभूत हूं कि पहली बार खेलो इंडिया पैरा गेम्स इस दिसंबर में नई दिल्ली में आयोजित किए जाएंगे। यह पहल एक समावेशी खेल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने की दिशा में सरकार के दृष्टिकोण को दर्शाती है।

# पाकिस्तान की बार-बार कप्तान बदलने की आदत पुरानी है : इयान चैपल

**सिडनी,** 24 नवंबर (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर इयान चैपल ने कहा कि अगले महीने होने वाले ऑस्ट्रेलिया के तीन मैचों के टेस्ट दौरे से पहले, अपने कप्तानों को बार-बार बदलना पाकिस्तान के लिए आम बात है।

विश्व कप 2023 में पांचवें स्थान पर रहने और घर में हर तरफ से भारी आलोचना के बाद, बाबर आजम ने पाकिस्तान के सभी प्रारूपों के कप्तान के रूप में पद छोड़ दिया। अब इस इस्तीफे के बाद पाकिस्तान ने सलामी बल्लेबाज शान मसूद को नया टेस्ट कप्तान बनाया है।

मसूद 2009 के बाद से पाकिस्तान के नौवें टेस्ट कप्तान हैं, क्योंकि पाकिस्तान ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ (14-18 दिसंबर), मेलबर्न (26-30 दिसंबर) और सिडनी (3-7 जनवरी, 2024) में तीन टेस्ट खेलने हैं। लेकिन, उन्होंने कभी भी कोई श्रृंखला नहीं जीती है।

चैपल ने वाइड वर्ल्ड ऑफ पर कहा, यह दुख की बात है, मुझे लगता है कि बाबर एक बहुत अच्छा खिलाड़ी है। वह पाकिस्तान की टीम में अब भी शामिल है और हो सकता है कि वे एक बेहतर कप्तान ढूंढ सकें। लेकिन यह पाकिस्तान की खासियत है, वे अक्सर कप्तान बदलते हैं।



पाकिस्तान ने आखिरी बार 2019/20 में ऑस्ट्रेलिया का दौरा किया था, क्योंकि मेजबान टीम ने दोनों मैचों में पारी के अंतर से जीतकर श्रृंखला 2-0 से जीत हासिल की थी। पाकिस्तान के साथ समस्या यह है कि उनका ऑस्ट्रेलिया में कोई अच्छा रिकॉर्ड नहीं है, तब भी जब उनके पास अच्छी टीमें थीं जो बल्लेबाजी और गेंदबाजी कर सकती थी।

इस समय उनके पास कुछ अच्छे तेज़ गेंदबाज़ हैं। लेकिन, ऑस्ट्रेलियाई पिचों की उछाल ने उन्हें हमेशा परेशान किया है। यदि आप ऑस्ट्रेलियाई टीम को देखें, तो वे थोड़ा कमजोर हो सकते हैं।

चैपल ने कहा, इस समय उनके पास कुछ अच्छे तेज़ गेंदबाज़ हैं। लेकिन, ऑस्ट्रेलियाई पिचों की उछाल ने उन्हें हमेशा परेशान किया है। यदि आप ऑस्ट्रेलियाई टीम को देखें, तो वे थोड़ा कमजोर हो सकते हैं। स्टार्क, कमिंस, हेज़लवुड, ये लोग उस अतिरिक्त उछाल से पाकिस्तानी बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं।

यह दुख की बात है, मुझे लगता है कि बाबर एक बहुत अच्छा खिलाड़ी है। वह पाकिस्तान की टीम में अब भी शामिल है और हो सकता है कि वे एक बेहतर कप्तान ढूंढ सकें। लेकिन यह पाकिस्तान की खासियत है, वे अक्सर कप्तान बदलते हैं : इयान चैपल

## लॉरा वोल्वार्ट सभी प्रारूपों में द.अफ्रीका महिला क्रिकेट टीम की कप्तान नियुक्त

**जोहान्सबर्ग,** 24 नवंबर (एजेंसियां)। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने बताया कि सलामी बल्लेबाज लॉरा वोल्वार्ट को सभी प्रारूपों के लिए दक्षिण अफ्रीका का पूर्णकालिक कप्तान नियुक्त किया गया है और उनका कार्यकाल अगले महीने बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज से शुरू होगा । पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका के हालिया दौरों के दौरान अंतरिम कप्तान के रूप में काम करने के बाद लॉरा ने पूर्णकालिक नेतृत्व की भूमिका संभाली। 24 वर्षीय लॉरा 86 वनडे मैचों में खेल चुकी हैं, जिसमें उन्होंने इस प्रारूप में 30 अर्द्धशतक और चार शतक के साथ 3,421 रन बनाए हैं। इसके अलावा उन्होंने 59 टी20 में नौ अर्धशतक के साथ 32.82 के औसत से 1,313 रन बनाए हैं।

बांग्लादेश के खिलाफ 3 से 8 दिसंबर तक होने वाली टी20 सीरीज में लॉरा दक्षिण अफ्रीका टीम की देखरेख करेंगी। जिसमें युवा खिलाड़ी अयंदा ह्लुबी और एलिज़-मारी मार्क्स शामिल हैं, जो खेल के सबसे छोटे प्रारूप में अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय कॉल-अप अर्जित कर रहे हैं। युवा और अनुभवी खिलाड़ियों के मिश्रण के साथ लॉरा वोल्वार्ट का आधिकारिक कप्तान होना हमारी उत्तराधिकार योजना के लिए अच्छा संकेत है। इससे युवा खिलाड़ियों को मौका देने में टीम में मौजूद उत्साह में भी मदद मिलेगी और इसलिए हम इस आगामी दौरे में उन्हें अपना हाथ बढ़ाते और प्रभावशाली प्रदर्शन करते देखने के लिए उत्सुक हैं। इसके अलावा, नए सीज़न की शुरुआत में घरेलू और उभरते स्तर पर कुछ ठोस प्रदर्शन करने के बाद, सर्दियों के दौरान हाथ में चोट लगने के बाद ऑलराउंडर एनेरी डर्कसेन राष्ट्रीय टीम में लौट आईं।

## सुडोकू 6386 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 3 |
| 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 8 | 6 | 4 | 9 | 3 | 2 | 1 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 5 | 6 | 8 | 9 | 4 | 3 | 1 |
| 6 | 9 | 3 | 7 | 4 | 1 | 5 | 2 | 8 |
| 4 | 1 | 8 | 2 | 5 | 3 | 7 | 9 | 6 |
| 5 | 8 | 2 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 9 | 4 | 6 | 1 | 2 | 8 | 3 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 7 | 5 | 9 | 4 | 8 | 6 | 2 |

# बायपास सड़क की मांग को लेकर महिला मोर्चा ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**महासमुंद,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। शहर में लगातार हो रहे सड़क हादसों पर चिंता व्यक्त करते हुए भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष श्रीमती सुधा साहू ने महिला मोर्चा पदाधिकारियों के साथ जिलाधीश प्रभात मलिक को ज्ञापन सौंपकर हादसों पर नियंत्रण लगाने कारगर कदम उठाने की मांग की है।

श्रीमती साहू ने कहा है कि नगर की जनसंख्या बढ़ने तथा महासमुंद में बायपास मार्ग नहीं होने से शहर के भीतर यातायात का दबाव अत्यंत बढ़ गया है। मुख्य मार्ग पर शहर के भीतर दुकानों के सामने वाहनें खड़ी होने से सड़क सकरी हो जाती है। वहींए सुबह.शाम लोगों की अत्यधिक भीड़ रहती है। त्यौहारी सीजन के चलते नेहरू चौक से आंबेडकर चौक तक भारी भीड़ रहती है। इससे हमेशा दुर्घटना की संभावना बना रहता है। इन सभी समस्याओं को देखते हुए घोड़ारी से लभरा तक बायपास सड़क की नितांत आवश्यकता महसूस की जा रही है। बायपास सड़क नहीं होने तथा शहर में अत्यधिक यातायात के दबाव के कारण कल बुजुर्ग दंपत्ति को अकाल मृत्यु का शिकार होना पड़ा। पिछले वर्ष भी एक बुजुर्ग महिला की नेहरू चौक पर ही दुर्घटना में मौत हुई थी। इससे पूर्व बग्गा स्टोर्स के पास एक नाबलिग बच्ची हादसे का शिकार हुआ था। शहर की जनसंख्या वृद्धि के बाद बायपास सड़क अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा बायपास की मांग भाजपा महिला मोर्चा द्वारा समय.समय पर की जाती रही है। और बायपास सड़क के लिए महिला मोर्चा हमेशा संघर्षरत रहेगी। जिलाध्यक्ष सुधा साहू ने कलेक्टर को सौंपे आवेदन में अनुरोध किया है कि दुर्घटनाओं को रोकने तथा शहरी नागरिकों को सुरक्षित यातायात व्यवस्था मुहैया कराने की दिशा में सकारात्मक कदम उठाते हुए बायपास सड़क निर्माण की पक्रिया में शीघ्र तेजी लाने कार्रवाई करें।

ज्ञापन सौंपने के दौरान महिला मोर्चा के पदाधिकारी मीना वर्मा, शुभ्रा शर्मा, सुरेखा कंवर, मधु यादव, अलका पुंज आदि उपस्थित थे।

# राजनीतिक दलों की उपस्थिति में आज होगा ईटीपीबीएस की बैठक

**देश सेवा में संलग्न जिले के मतदाता के डाकमत पत्र ईटीपीबीएस में दर्ज**

**बिलाईगढ़,** 23 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टोरेट सभाकक्ष सारंगढ़ में 25 नवंबर 2023 को सुबह 11 बजे उप डाकपाल और राजनीतिक दलों की उपस्थिति में डाक मत पत्र (ईटीपीबीएस) की बैठक निर्धारित है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सारंगढ़ विधानसभा 17 और बिलाईगढ़ विधानसभा 43 के मतगणना में डाक मत पत्र (ईटीपीबीएस) को शामिल किया जाएगा। डाक मत पत्र (ईटीपीबीएस) के अंतर्गत जिले और विधानसभा के ऐसे मतदाता आते हैं, जो भारत के सैन्य सेवा में शामिल हैं। इस सेवा अंतर्गत वायुसेना, थल सेना, नौसेना, सशस्त्र बल सीआरपीएफ, आईटीबीपी, असम राइफल्स, सीआईएसएफ आदि शामिल है। जिला निर्वाचन कार्यालय सारंगढ़ से बैठक के संबंध में उप डाकपाल सारंगढ़ और राजनीतिक दलों को सूचित किया गया है।

# विधानसभा सारंगढ़ के लिए तापस राय और बिलाईगढ़ के लिए योगेन्द्र कुमार मतगणना ऑब्जर्वर नियुक्त

**बिलाईगढ़,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग ने छत्तीसगढ़ विधानसभा आम निर्वाचन 2023 अंतर्गत सारंगढ़ विधानसभा 17 के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक (जनरल ऑब्जर्वर) आईएएस श्री तापस राय को ही इस विधानसभा के लिए मतगणना ऑब्जर्वर नियुक्त किया है।

इसी प्रकार बिलाईगढ़ विधानसभा 43 के लिए आईएएस पवन कुमार को सामान्य प्रेक्षक नियुक्त किया गया था। भारत निर्वाचन आयोग ने नवीन आदेश में बिलाईगढ़ विधानसभा के मतगणना के लिए आईएएस योगेन्द्र कुमार को मतगणना ऑब्जर्वर नियुक्त किया है।

# तालाब हमारी विरासत विषय पर व्याख्यान आज

**महासमुंद,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। तालाब हमारी विरासत है। हमारी संस्कृति व परंपरा का अहम हिस्सा होता है। इसका संरक्षण व संवर्धन करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। यही संदेश देने एवं जागरूकता लाने के उद्देश्य से भारतीय सांस्कृतिक निधि इन्टैक महासमुंद अध्याय द्वारा 25 नवंबर शनिवार को सुबह 10 बजे स्थानीय बंधवा तालाब में तालाब हमारी विरासत विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया जा रहा है। प्रमुख वक्ता आर्किटेक्ट शिवी जोशी, विरासत संरक्षण विशेषज्ञ रायपुर होंगी। अरविंद मिश्र संयोजक छत्त्ग अध्याय की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंगलूराम धीवर अध्यक्ष मत्स्य सहकारी समिति महासमुंद होंगे। वरिष्ठ पत्रकार शशि शर्मा विशेष अतिथि होंगे। वरिष्ठ कवि रुपेश तिवारी कार्यक्रम का संचालन करेंगे। महासमुंद अध्याय के संयोजक दाऊलाल चंद्राकर एवं सहसंयोजक राजेश्वर खरे ने नगर एवं आसपास के विरासत प्रेमी नागरिकों को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

विदित हो कि प्रत्येक वर्ष 19 से 25 नवंबर तक विश्व विरासत सप्ताह का आयोजन किया जाता है। विश्व विरासत सप्ताह संस्कृति और विरासत के संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए मनाया जाता है। इसका उद्देश्य परंपराओं और संस्कृति के बारे में जागरूकता पैदा करना है।

# मानसिक स्वास्थ्य पर चिकित्सा अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण हुआ



**महासमुंद,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के सहयोग से चेम्प प्रोजेक्ट के तहत मानसिक स्वास्थ्य पर चिकित्सा अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में निमहांस बेंगलुरु से डॉ पी माहेश्वरी सैकेट्रीस्ट है, जिला महासमुन्द और जिला गरियाबंध के चिकित्सा अधिकारी जिला अस्पतालए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो में पदस्थ डॉ पी कुदेशिया सीएमएचओ, श्रीमती नीलू घृतलहरे डीपीएम और डॉ सीपी चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के समन्वय से प्रशिक्षण आयोजित किया गया। मानसिक रोग में मुख्य रूप से जहाँ पर प्रति दिन ओपीडी और आईपीडी में मरीज आते है उसमें ऐसे पेसेंट होंगे, बीच बीच में कुछ कम्प्लेन लेकर आते है, ऐसे पेसेंट को स्क्रीनिंग करना है, अगर लगता है की मानसिक बीमारी का लक्षण दिख रहा है। तो वही पर इलाज मिल सके। इसके लिए हर स्वास्थ्य केन्द्रो में जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध कराई गई है! मानसिक बीमारी दो प्रकार से होते है पहला साइकोसिस, दूसरा न्यूरोसीस डिप्रेशन, एजायटी, बाईपोलर, डिमेनेसिया मेनिया, सोमेटो फार्म डिसऑर्डर, जीएडी, ऐलकोल विथड्राल का मुख्य लक्षण जैसे नींद नहीं आना, अपना काम पुरा मन से नहीं कर पाना, मन का उदास होना, हमेशा अकेले पन रहना, किसी बात पर चीड़ जाना, आत्महत्या का प्रयास करना, शक करना, अजीब सी आवाजे सुनाई देना, व्यवहार में अचानक परिवर्तन होना जैसे लक्षण दिखाई देने पर अपने नजदीक के स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सा अधिकारी सम्पर्क कर अपना इलाज ले सकते है। एडवांस टेक्निक रोलप्ले के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में 25 चिकित्सा अधिकारी प्रशिक्षण लिए जिसमें डॉ अनिरुद्ध सिंघ कसार बीएमओ तुमगांव, डॉ राजेंद्र बिंकर पीजीएमओ, डॉ ऐके सोनकर ई एन टी जिला गरियाबंद, डॉ राजीव पटेल एमओ बसना, डॉ वर्षा सतपती एमओ, डॉ चित्रेश डडसेना और चिकित्सा अधिकारी उपस्थित हुए। नीमहंस द्वारा डॉ पी माहेश्वरी को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

# मतगणना दिवस के दिन सुरक्षा व्यवस्था की पुख्ता तैयारियां शुरू

**स्ट्रांग रूम से मतगणतना हॉल तक इव्हीएम मशीन लाने और पुनः जमा करने तक की होगी पूरी वीडियों ग्राफी**



**कवर्धा,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के दिशा-निर्देशानुसार आगामी 3 दिसम्बर को होने वाले मतगणना की तैयारियां शुरू हो गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जनमेजय महोबे के निर्देश पर जिले के कवर्धा एवं पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के लिए मतो की गणना के लिए अलग-अलग मतगणना हॉल बनाई जा रही है। इस बार मतगणना के लिए कवर्धा एवं पंडरिया विधानसभा के मतगणना हॉल में 21-21 टेबल लगाने की तैयारियां की जा रही है। जिला निर्वाचन कार्यालय से इस बार इन दोनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए 7-7 टेबल बढ़ाने का प्रस्ताव भारत निर्वाचन आयोग के भेजा गया है। हालांकि अभी प्रस्ताव पर 7-7 टेबल बढ़ाने की अनुमोदन नहीं हुआ है, लेकिन जिला निर्वाचन कार्यालय में 21-21 टेबल के आधार पर तैयारियां शुरू हो गई है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले द्वारा गुरूवार को कवर्धा के नवीन कृषि मंडी परिसर के अंतर्गत होने वाले विधानसभा के मतों की गणना की तैयारियों का जाजया लेकर मतगणना की तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार मतगणना स्थल पर आधार भूत संरचना के साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किया जाएगा। कवर्धा एवं पंडरिया विधानसभा क्षेत्र के स्ट्रांग रूम की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जा रही है। परिसर में आने-जाने वाले सभी अधिकारी-कर्मचारियों का रिकार्ड रखा जा रहा है। साथ ही पूरे परिसर की सीसीटीवी से निगरानी रखी जा रही है।

**मतगणना दल गठन के लिए किया गया प्रथम रेण्डमाईजेशन**

मतगणना दिवस के दिन आयोग के निर्देशानुसार स्ट्रांग रूम की सील को अभ्यार्थियों एवं उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधियों, रिटर्निंग अधिकारियां की विशेष उपस्थिति में खोला जाएगा। इस पूरे प्रक्रिया की वीडियो ग्राफी भी किया जाएगा। इसके स्ट्रांग रूम से मतगणना कक्ष तक ईव्हीएम मशीन को लाने और मशीन को गणना के बाद जमा करने की प्रकिया की पूरी वीडियो ग्राफी भी कराई जाएगी। आज कलेक्टोरेट के एनआईसी कक्ष में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जनमेजय महोबे की उपस्थिति में मतगणना दल गठन के लिए प्रथम रेण्डमाईजेशन किया गया। इस अवसर पर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71-पंडरिया के रिटर्निंग अधिकारी संदीप ठाकुर, 72-कवर्धा के रिटर्निंग अधिकारी पीसी कोरी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी ऋतुराज सिंह बिसेन सहित निर्वाचन से जुड़े अधिकारी उपस्थित थे।

**मतगणना की सभी प्राक्रियाओं के लिए अधिकारी-कर्मचारियों की रूप रेखा तैयार:** विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71-पंडरिया और 72-कवर्धा के लिए विधानसभावार प्रस्ताव के आधार पर मतगणना के लिए 21-21 टेबल लगाने की तैयारी की जा रही है। प्रत्येक टेबल के लिए एक मतगणना दल गठन किया जाएगा तथा पांच-पांच मतगणना दल रिवर्ज रखा जाएगा। इस प्रकार कुल 26-26 मतगणना दल का गठन किया जाएगा। प्रत्येक मतगणना टेबल के लिए एक गणना पर्यवेक्षक, एक गणना सहायक और इसके अतिरिक्त एक और माईक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त किया जाएगा। सात टेबल के लिए एक मतगणना सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्ति किए जाएंगे। इस प्रकार कवर्धा विधानसभा के मतगणना के लिए 03 सहायक मतगणना रिटर्निंग अधिकारी और पंडरिया विधानसभा के मतगणना के लिए 03 सहायक मतगणना रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे।

दोनो विधानसभा के मतगणना के लिए स्ट्रांग रूम से मतगणना हॉल तक ईवीएम मशीन को प्रत्येक टेबल तक लाने के लिए 01-01 चतुर्थ कर्मचारी की नियुक्ति की जाएगी तथा 04-04 कर्मचारी रिर्जव रखें जाएंगे। इस प्रकार कुल 25-25 कर्मचारी की नियुक्ति की जाएगी। इन प्रत्येक 07 टेबल की निगरानी के लिए एक अधिकारी को लगाया जाएगा। इस प्रकार दोनो विधानसभा के लिए 03-03 अधिकारी नियुक्ति किए जाएंगे।

**डाक मतपत्र की गणना:** डाक मतपत्र की गणना के लिए विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 71-पंडरिया और विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 72-कवर्धा के लिए 07 टेबल लगाएं जाएंगे। विधानसभा पंडरिया के लिए 03 और विधानसभा कवर्धा के लिए 04 टेबल होंगें। 01-01 दल रिर्जव रखा जाएगा। एक टेबल के लिए 01 डाक मतपत्र गणना पर्यवेक्षक, 02 गणना सहायक और इसके अतिरिक्त एक माइक्रो ऑब्जर्वर होंगे। प्रत्येक टेबल में एक अतिरिक्त सहायक रिटर्निंग ऑफिसर (डाक मतपत्र) की नियुक्ति की जाएगी। उनके द्वारा डाक मतपत्र गणना एवं पूरी कार्यवाही की मॉनिटरिंग की जाएगी। डाक मतपत्र की गणना और इसकी पूरी प्राक्रिया के लिए अधिकारियों तथा कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि कबीरधाम जिले में 804 मतदान केन्द्र है। विधानसभा 71-पंडरिया में 393 और विधानसभा 72-कवर्धा में 411 मतदान केन्द्र है। प्रथम चरण में कबीरधाम जिले के विधानसभा पंडरिया और कवर्धा का निर्वाचन 07 नवंबर को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। विधानसभा आम निर्वाचन 2023 में जिले का मतदान 78.33 प्रतिशत रहा। जिसमें 78.38 प्रतिशत पुरूष और 78.27 प्रतिशत महिला मतदान हुआ। जिले के पंडरिया विधानसभा में 75.27 और कवर्धा विधानसभा में 81.24 प्रतिशत मतदान हुआ है। पंडरिया विधानसभा में 75.30 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं ने एवं 75.25 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने और कवर्धा विधानसभा में 81.34 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं ने तथा 81.15 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

# अमर है ना, रखेगा ख्याल...!



**बेकार नहीं, बेहद काम का है अमरबेल**

**भाटापारा,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। मोटापा, शुगर और कब्ज से परेशान लोगों के लिए काम की खबर। अमृत फल याने अमरबेल का सेवन, ऐसी कई बीमारियों से निजात दिलाएगा, जो खान-पान की बदलती शैली की वजह से तेजी से फैल रही है।

बेकार नहीं, बेहद काम का है अमरबेल। अनुसंधान में पत्तियां, फल, बीज और छाल में ऐसी औषधिय गुणों की जानकारी मिली है, जो कई तरह की शारीरिक व्याधियों को दूर करने में सक्षम है। खासकर मोटापा, मधुमेह, संक्रमण, गैस और कब्ज खत्म करने में इसका मुकाबला नहीं। इसलिए इसे अमृत फल जैसे खिताब से नवाजा गया है।

**मिले यह औषधिय गुण**

अमरबेल पर हुए रिसर्च में एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन सी, कैल्शियम और आयरन जैसे महत्वपूर्ण मेडिशनल प्रॉपर्टीज का होना प्रमाणित हुआ है। यह गुण इसकी पत्तियां, बीज, फल और छाल में होते हैं। यही वजह है कि अमरबेल को अमृत फल के खिताब से नवाजा गया है।

**काबू में मधुमेह**

बेहद महत्वपूर्ण औषधिय गुणों की वजह से इसे मधुमेह, मोटापा, कब्ज और गैस जैसी आम हो चली बीमारियों के लिए कारगर माना गया है। इसके अलावा अमरबेल के सेवन से खून को स्वस्थ रखा जा सकता है। कोलेस्ट्रॉल कंट्रोल में रहता है, तो एनीमिया जैसी स्वास्थ्यगत बीमारियां दूर रहती हैं। पत्तियों का सेवन, मुंह के छाले खत्म करता है।

**इनमें खूब**

बबूल और बेर। यह दोनों वृक्ष अमरबेल के पसंदीदा ठिकाने हैं। इसके अलावा कांटेदार अन्य वृक्षों में भी यह तेजी से ठिकाना बनाता है। सितंबर अंत से जनवरी अंत तक की अवधि में अमरबेल खूब नजर आता है। यह महिने इसके पल्लवन और पुष्पन के लिए आदर्श माने जाते हैं।

**रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है अमरबेल**

अमरबेल कई बीमारियों जैसे - मोटापा, मधुमेह, संक्रमण, एसिडिटी, कब्ज आदि में रामबाण दवा के रूप में काम करता है। इसमें भरपूर मात्रा में एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन- सी और अन्य पोषक तत्व पाए जाते हैं जो शरीर के लिए बेहद गुणकारी होते हैं। यह इम्यूनिटी बढ़ाकर रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करता है। किंतु उपयोग के पूर्व चिकित्सीय परामर्श आवश्यक है।

**- अजीत विलियम्स, साइंटिस्ट (फॉरेस्ट्री), बीटीसी कॉलेज ऑफ़ एग्रीकल्चर एंड रिसर्च स्टेशन, बिलासपुर**

**NOTICE**
**(U/s 72 OF THE INDIAN PARTNERSHIP ACT, 1932)**

A Notice is hereby given that Changes in Constitution of the partnership firm style ``M/S NEELKANTH PROPERTIES", Raipur, has taken place on 01st August 2023, Shri Vivek Bhagtani and Anil Agrawal and Sons (HUF) represented by Karta Shri Anil Agrawal has been resigned from the Firm as Partner w.e.f.01st August 2023.

Place: Raipur
Date: 01.08.2023

For, M/S NEELKANTH PROPERTIES
Sd/-
(Anil Sawadia)
Partner

# भाटापारा पुलिस द्वारा डीजे वालों पर कसा शिकंजा



**भाटापारा,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा तीव्र आवाज से डीजे बजाने वाले पर त्वरित कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था कि अति0 पुलिस अधीक्षक श्री हरिश कुमार यादव एंव अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भाटापारा श्री आशीष अरोरा के दिशा निर्देश एवं निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे के मार्गदर्शन में थाना भाटापारा शहर द्वारा धारा 04,05,15 कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि दिनांक 23.11.2023 को दौरान टाउन भ्रर्मण के सूचना मिला कि अग्रसेन भवन में शादी समारोह में डीजे साउण्ड सिस्टम लगा हुआ है के संचालक सुनील कावरे पिता शंकर लाल कावरे उम्र 43 साल साकिन बजरंग वार्ड भाटापारा थाना भाटापारा शहर द्वारा तीव्र आवाज में डीजे साउण्ड सिस्टम चलाते बजाते मिला जिसे मौके पर गवाहों के समक्ष जिसमें डीजे साउण्ड सिस्टम लगा हुआ को जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया। अनावेदकगण के विरूद्ध धारा 04,05,15 कोलाहल अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में निरीक्षक योगिता बाली खापर्डे, प्र.आरक्षक दिलीप टोप्पो, जेठूराम मनहरे आर. संतोष पैकरा का विशेष योगदान रहा।

# मधुमक्खी के हमले से बुजुर्ग घायल



**कसडोल/बलौदाबाजार,** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। विकासखंड कसडोल अंतर्गत ग्राम देवरीखुर्द में मधुमक्खी के हमले से बुजुर्ग बुरी तरह से घायल हो गया। जिसके बाद सूचना पर संजीवनी एक्सप्रेस 108 के ईएमटी माधव लाल साहू एवं पायलेट देवकुमार केवट ने अपनी सूझबूझ के परिचय देते हुवे बुजुर्ग सुकालू सतनामी को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कसडोल में भर्ती कराया गया। फिलहाल मौजूद डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उक्त बुजुर्ग को जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार रिफर कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार बुजुर्ग अपने घर के पास टहल रहा था इसी दौरान सैकड़ों की संख्या में मधुमक्खियों ने हमला कर दिया था।

**न्यायालय नजूल अधिकारी कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र.-202311201500005/
अ-6/2022-2023

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती आरती गोलछा पति श्री दिलीप गोलछा जाति जैन निवासी विकास नगर कोण्डागांव तहसील व जिला कोण्डागांव (छ.ग.) के द्वारा नगर कोण्डागांव के मोहल्ला-मंडी सेंटर कोण्डागांव में स्थित भूमि शीट नंबर-02 भूखण्ड क्रमांक 691/1/8ख क्षेत्रफल 2400 वर्गफुट भूमि खाली जगह टीपूबाई पति रावलमल गोलछा वार्षिक भू-राजस्व 35, 58 रूपये सा. देह के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि क्षेत्रफल 2400 वर्गफुट भूमि को ई-पंजीयन क्रमांक आईएन-सीजी 44857513114458 वी पंजीकृत बिक्री विलेख क्रमांक 206 दिनांक 23.08.2023 को रूपये 11,00,000/- शब्दों में ग्यारह लाख रूपये में क्रय करने के पश्चात् आवेदिका श्रीमती आरती गोछला पति श्री दिलीप गोलछा जाति जैन निवासी विकास नगर कोण्डागांव तहसील व जिला कोण्डागांव छ.ग. के भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 110 के तहत उक्त क्रयशुदा भूमि पर विक्रेतागण का नाम विलोपित कर स्वयं का नाम दर्ज करवाने हेतु तलवाना, नक्शा, मेन्टीनेन्स खसरा एवं बिक्री विलेख की छायाप्रति सहित इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार का कोई दावा या आपत्ति करना हो तो वे दिनांक 06.12.2023 तक अपना दावा आपत्ति मेरे समक्ष कार्यालय समय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22.11.2023 को जारी किया जाता है।

मुहर
नजूल अधिकारी
जिला-कोण्डागांव

**कार्यालय नगर पंचायत कुरूद**
**जिला-धमतरी (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

क्रमांक/4594/2/राजस्व/2022-2023
कुरूद, दिनांक 24.11.2023

नगर कुरूद प.ह.नं. 48 तहसील कुरूद, जिला धमतरी (छ.ग.) एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मनोज कुमार अग्रवाल पिता स्व. राजकुमार अग्रवाल निवासी कुरूद द्वारा इस निकाय में नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर उल्लेख किया है कि आवेदक द्वारा स्थान वार्ड क्रं. 03 कुरूद प.ह.नं. 48 तहसील कुरूद व जिला धमतरी में स्थित आबादी भूमि खसरा नं. क्रमशः 1015/2, 1015/3, 1008, 1015/7, 1028/2 रकबा क्रमशः 0.1090, 0.1100, 0.0890, 0.0130, 0.0890 कुल रकबा 0.4100 हे. जो श्री राजकुमार अग्रवाल, श्री अशोक अग्रवाल, श्री संतोष अग्रवाल पिता गोली लाल अग्रवाल निवासी कुरूद के नाम पर स्थित है। उसमें से सहमति में श्री मनोज कुमार अग्रवाल को प्राप्त हुआ है, उक्त प्राप्त भूमि/भवन को सहमति पत्र के माध्यम से आवेदक के नाम पर दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत नामांतरण आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वे नामांतरण ईश्तहार दिनांक से 30 दिनों के भीतर स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस कार्यालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत कुरूद
जिला-धमतरी (छ.ग.)

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को विदित हो कि मेरे पक्षकार अक्षय कुमार पिता स्वर्गीय दुखन्ती प्रसाद क्वार्टर नंबर 101, फेस-2 टाईप बी सूर्या विहार भिलाई का है। मेरे पक्षकार का पुत्र राहुल कुमार है। मेरे पक्षकार का पुत्र विगत कुछ सालों से मुझे एवं परिवार वालों के साथ दुर्व्यवहार करना, लोगों से कर्जा लेन-देन करना जैसे कृत्य करता आ रहा है। जिससे मेरे पक्षकार की छवि धूमिल हो रही है। जिससे मेरे पत्रकार के परिवार वाले काफी परेशान हो चुके हैं अतः मेरा पक्षकार अपने पुत्र के इस प्रकार के कृत्य के कारण उसे हर हमेशा से अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता है मेरा एवं मेरे परिवार के आज दिनांक के बाद से मेरे पुत्र राहुल कुमार से किसी प्रकार का कोई संबंध नहीं रहेगा यदि किसी व्यक्ति के द्वारा मेरे पक्षकार के पुत्र राहुल कुमार से कोई लेनदेन किया जाता है तो उसका जवाबदारी मेरे पक्षकार के पुत्र राहुल कुमार एवं स्वयं होगा मेरे पक्षकार एवं उनके परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जवाबदारी नहीं होगी।

यह आम सूचना मेरे पक्षकार के निर्देशानुसार प्रकाशित कराया गया है

भवदीय
विपिन कुमार शर्मा
अधिवक्ता
कक्ष क्रमांक 06 जिला न्यायालय
दुर्ग (छ.ग.)

# आदिवासियों को उनकी जमीन से उजाड़ना मानवता के खिलाफ अपराध: हरिचंदन

**रायपुर,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन ने कहा है कि अगर कोई आदिवासियों को उनकी जमीन से बेदखल करता है, तो यह मानवाधिकार का उल्लंघन है।



■ धरती एवं मानवाधिकार संरक्षण पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में शामिल हुए राज्यपाल

भुवनेश्वर के जयदेव भवन में गत दिवस आयोजित मिट्टी, मां और मानवाधिकार विषय पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में राज्यपाल ने कहा कि आदिवासियों को अपना अधिकार और मानवाधिकार को जानना चाहिए। वे आज भी कई सरकारी सुविधाओं से वंचित हैं। उनके अधिकारों को कम नहीं आंका जाना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि कमजोर, पीड़ित, उत्पीड़ित वर्ग के लोग भी अपने मानवाधिकारों से वंचित हैं। प्रत्येक व्यक्ति का मानवाधिकार होता है। यह हर व्यक्ति को मिलना चाहिए। राज्यपाल ने सभी से आह्वान किया कि वे कमजोर लोगों को उनके मानवाधिकारों का एहसास कराने के लिए लड़ने में मदद करें। उन्होंने कहा कि मानवाधिकारों की रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है। हर जागरूक युवा, नागरिक को मां, माटी और मानवाधिकार की रक्षा के लिए आवाज उठानी चाहिए। इसके लिए संविधान के प्रावधानों को लागू किया जाना चाहिए।

पृथ्वी पर तेजी से बढ़ रहे विभिन्न प्रकार के प्रदूषण पर श्री हरिचंदन ने चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि अगर हम अभी से प्रदूषण को नहीं रोकेंगे तो यह महामारी का रूप ले लेगा। राजधानी दिल्ली में हाल ही में प्रदूषण के कारण लोगों को हुई पीड़ा का उल्लेख करते हुए राज्यपाल ने कहा कि प्रदूषण से बचने तथा देश और राज्य की रक्षा के लिए हर व्यक्ति अभी से जागरूक हो जाए। कार्यशाला में उड़ीसा राज्य पुलिस के अधिकारियों सहित विश्व मानवाधिकार संरक्षण संगठन के अध्यक्ष एवं अन्य अतिथि शामिल हुए और मानव सुरक्षा पर अपने विचार रखे। विभिन्न राज्यों एवं जिलों से आये संगठन के सभी सदस्य एवं अन्य राज्यों के प्रमुख लोग भी उपस्थित थे।

# मोहतरा पंचायत में आठ लाख का नाली निर्माण दो वर्ष में नही हुआ पूरा

**भटगांव/बलौदाबाजार,** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। बिलाईगढ जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले मोहतरा (स) ग्राम पंचायत में मोहतरा से बालपुर पहुंच मार्ग पर बनायें गये नाली निर्माण कार्य दो सालों से सचिव सरपंच की लापरवाही का भेंट चढ़ गया है और दो साल हो गया है फिर भी सचिव सरपंच द्वारा नाली का निर्माण पूरा नहीं कर पाये और आधा अधुरा काम करवा कर छोड़ दिया गया है जबकि बालपुर पहुंच मार्ग में बनायें गये नाली का निर्माण सरपंच द्वारा किया गया है और न ही सरपंच द्वारा नाली का निर्माण कितने मीटर का बनना है ये भी नहीं मालूम है न ही शासकीय कार्यों का बोर्ड लगाया गया है।

सरपंच द्वारा मोहतरा ग्राम पंचायत में किये गये नाली निर्माण को देख कर लगता है मानो इस नाली निर्माण में जमकर भ्रष्टाचार हुआ होंगा। ऐसा नाली का निर्माण बिलाईगढ ब्लाक जनपद पंचायत अंतर्गत के किसी भी ग्राम पंचायत में देखने को नहीं मिलेगा। मोहतरा गांव से बालपुर पहुंच मार्ग पर बनायें गये नालियों में एक तरफसे छोटा सा ईंट का दिवाल उठाया गया है और एक तरफन तो दिवाल है न ही नालियों के गड्ढे हैं और बोरिंग का पानी इन नालियों में ना जा कर सड़कों में भरा हुआ होता है। लगता है मोहतरा सरपंच सचिव द्वारा नाली निर्माण भ्रष्टाचार किया गया है। जबकि मोहतरा गांव के रहने वाले ग्रामीणों ने नाम नही छापने के शर्त पर बताया



■ सरपंच सचिव ने निकाल ली नाली निर्माण की अधिकांश राशि

कि पिछले साल जून महीने में सरपंच द्वारा नाली का निर्माण करवाया है।

हैंडपंप का पानी सड़कों पर है भरा हुआ- थोड़ा दूर नाली का निर्माण करवाने के बाद बीच-बीच में बनने वाले नालियों के दिवाल सड़क तरफको खुला छोड़ दिया गया है और हैंडपंप का पानी सड़कों पर भरा रहता है। जबकि नाली निर्माण कार्य के लिये शासन से 8 लाख स्वीकृत हुआ था फिर भी सरपंच ने आठ, लाख रुपयों में आधा अधूरा नाली निर्माण करवाया है। जबकि सरपंच सचिव द्वारा नाली निर्माण की अधिकांश राशि निकाल लिए जाने की जानकारी मिली है। जिससे स्पष्ट होता है कि मोहतरा (स) ग्राम पंचायत में बने रहें नाली निर्माण कार्य में जमकर भ्रष्टाचारी हुई है। मोहतरा ग्राम पंचायत में महिला सरपंच तो है लेकिन उसका संचालन करने वाला या तो उसका सरपंच पति है या सरपंच पति का भाई निर्माण कार्यों को करवाया जाता है। ग्राम पंचायत की महिला सरपंच नाममात्र की है। सारा काम सरपंच के घरवाले करते हैं। महिला सरपंच श्रीमती प्रमिला घृतलहरे को ये नहीं मालूम होगा कि मेरे सरपंच बनने के बाद अभी तक मेरे मोहतरा स ग्राम पंचायतों में क्या-क्या विकास कार्य हुआ होगा।

बिलाईगढ इंजिनियर द्वारा आंख बंद करके दिया जाता है ले आउट-मोहतरा की महिला सरपंच प्रमिला देवी से अपने गांव में बने 8, लाख रुपए की लागत से बनाई गई नाली निर्माण के बारे जानकारी लेने पर बताई कि अभी नाली निर्माण कार्य का कुछ पैसा निकालना बाकी है। जबकि मोहतरा ग्राम पंचायत में पदस्थ सचिव सावित्री चन्द्रा को नाली निर्माण संबंधी जानकारी लेने पर बतलाई कि जो भी ग्राम पंचायतो में निमार्ण कार्य होता है सरपंच करवाता है और मेरे द्वारा कार्यों का भुगतान होता है और बील बाउचर बनाया जाता है बाकी काम सरपंच के देखरेख में होता है। ग्राम पंचायतों में शासकीय कार्य चालू होने से पहले जनपद पंचायत के इंजिनियर से लेआउट लेना होता है लेकिन बिलाईगढ के इंजिनियर द्वारा आंख बंद करके ले आउट देते हैं।

बिलाईगढ जनपद पंचायत के अधिकारियों द्वारा जनपद पंचायत के ग्राम पंचायतों में दौरा करते और सरपंच सचिव के द्वारा किये कार्यों को देखते तो उनको भी समझ आता की सरपंच सचिव द्वारा अपने ग्राम पंचायतों में कार्य करवायें है या सरपंच सचिव कितना पैसा बंदरबांट कर अपने जेबें भरे होंगे। इन दो सालों में मोहतरा ग्राम पंचायतों में आठ लाख रुपए का नाली निर्माण नहीं हो पाया है तो क्या सरपंच अपने ग्राम पंचायत में विकास कार्य करवायेगा। मोहतरा (स) ग्राम पंचायत के ग्रामीणों द्वारा बोला जाता है हमारे गांव में सरपंच एक नहीं अनेकों सरपंच है।

# पिता की मौत के सदमे में बेटे ने तोड़ा दम, आरंग में शोक की लहर

**आरंग,** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। कहा जाता है मौत, जीवन का अंतिम सत्य है। यह कब आ जाए कहा नहीं जा सकता। आज सुबह तक भले चंगे थे नवकार ज्वेलर्स आरंग के संचालक अजय कांकरिया। अपने पिता की अंतिम यात्रा की सूचना सोशल मीडिया पर खुद भी परिचितों और रिश्तेदारों को दे रहे थे। 23 नवम्बर को उनके पिता प्रेम चंद कांकरिया (83 वर्ष) का हृदयाघात से देहावसान हो गया। शुक्रवार सुबह 11 बजे उनकी अंतिम यात्रा सुमन कॉलोनी आरंग से निकाली गई। पिता की जुदाई से अजय कांकरिया (55 वर्ष) को गहरा सदमा लगा। वे अंतिम यात्रा में शामिल भी नहीं हो सके। ज्येष्ठ सुपुत्र अजय का स्वास्थ्य बिगड़ने से उनके अनुज

**अनिल कांकरिया ने पिता की चिता को मुखाग्नि दी**

ब्लड प्रेशर अनियंत्रित होने पर चिकित्सकों ने अजय को उपचार के लिए रायपुर रेफर कर दिया। जहाँ हृदयाघात हुआ और उपचार के दौरान शुक्रवार 24 नवम्बर की शाम को च्अजयज् मौत से हार गए। अजय कांकरिया पीपला फाउंडेशन आरंग के संरक्षक व उदार व्यक्तित्व के धनी



थे। मूलत: बालाघाट निवासी अजय की बहुत कम समय में आरंग में पहचान दिन दुखियों के सहयोगी के रूप में बन गई थी। पीपला ग्रुप के हर सेवाभावी कार्य में अग्रणी भूमिका निभाने वाले अजय कांकरिया की मौत की खबर से सभी स्तब्ध हैं। लोग यकीन ही नहीं कर पा रहे हैं कि सक्रिय और हमेशा मुस्कुराते रहने वाले अजय सबको रूला गए हैं।

दुधमुंही बच्ची के उपचार का पूरा खर्च उठाकर उसकी जान बचाने, टीबी पीड़ित एक मरीज का आजीवन उपचार कराने, गौसेवा, पौधरोपण, जल संरक्षण, जल जीवन अभियान और अनगिनत समाज सेवा के कार्यों में अजय हमेशा अग्रणी रहे। दानशीलता तो उनके रग-रग में समाया हुआ था। ऐसे व्यक्तित्व का असामयिक निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। पीपला ग्रुप सहित समूचे आरंग में शोक की लहर दौड़ गई है। अंतिम दर्शन के लिए समाजसेवी बड़ी संख्या में उनके निवास स्थान में जुटने लगे हैं। पिता की चिता की ज्वाला अभी शांत भी नहीं हुई है और बेटे के चल बसने की खबर जिसने भी सुनी बरबस ही यकीन नहीं कर पा रहे हैं। चिर परिचित, मित्रों और परिजनों के आँसू थम नहीं रहे हैं। विधि के विधान के समक्ष नतमस्तक होकर परिजन 25 नवम्बर को सुबह अंतिम संस्कार करने की तैयारी कर रहे हैं।

# सड़क हादसे में दो युवक की मौत

**महासमुंद,**24 नवंबर (देशबंधु)। तेज रफ्तार का कहर थमने का नाम नही ले रहा है, अभी दो दिन पूर्व ही शहर के मध्य नेहरू चौक में सड़क हादसे में एक दंपत्ति की दर्दनाक मौत हो गई थी। शुक्रवार की दोपहर ग्राम बेमचा के लिए मनहुस साबित हुआ जब यहां के दो युवकों की मौत सड़क हादसे में हो गई। इस दुर्घटना के बाद गांव में शोक की लहर है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बेमचा निवासी 30 वर्षीय धनेश्वर पिता नेहरू निर्मलकर व 26 वर्षीय रमेश सोनी पिता नकुल सोनी अपनी दोपहिया वाहन से तुमगांव की ओर से बेमचा आ रहे थे कि परसदा राइस मिल के पास एक तेज रफ्तार आयचर ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया जिससे दोनों की मौत हो गई। हादसे के बाद दोनों को 108 की मदद से जिला अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# छोटेडोंगर में आईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से मजदूर की मौत



**नारायणपुर,** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। मामला छोटेडोंगर थाना अन्तर्गत आमदई माइंस का है जहां पर शुक्रवार सुबह लगभग 7 .30 मिनट में एक माइंस में कार्यरत मज़दूर रितेश गागड़ा पिता दयाल गागड़ा उम्र 21 वर्ष निवासी राजपुर सड़क पारा माओवादियों द्वारा आमदई माइंस में लगाये गये आईडी की चपेट में आने से मजदूर की मौके पर मौत हो गई वही एक मजदूर घायल व एक मजदूर लापता बताया जा रहा है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार प्रति दिन की तरह आमदई माइंस में कार्य करने जा रहे मजदूर शुक्रवार को भी आमदई माइंस कार्य में लगें हुए थे तभी माओवादियों द्वारा लगाये गये आईडी चपेट में रितेश गागड़ा आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई वही एक मजदूर श्रवण कुमार गागड़ा लापता बताया जा रहा है जिसकी पुलिस द्वारा खोजबीन की जा रही है घटना बाद से माइंस में कार्यरत मज़दूरों में दहशत फैल गई है लापता मजदूर की खोजबीन में पुलिस के साथ ही स्थानीय माइंस मजदूर भी जुट गए हैं।

■ एक मजदूर गंभीर रूप से हुआ घायल तथा एक मजदूर लापता

# 2 कंपोज सेंटरों में बना रहीं जैविक खाद



**धमतरी,** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। जिस कचरे को लोग घर से बाहर फेंक रहे थे उसे कचरे से अब खाद बनाकर पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रयास किया जा रहा है। यह कार्य नगर निगम द्वारा संचालित एसएलआरएम सेंटर में किया जा रहा है। घरों से निकलने वाले कचरे को घर-घर संग्रहण के साथ-साथ इसका ट्रीटमेंट तो हो रहा है। सेंटर चलाने वाली महिलाएं इसका सदुपयोग करने के साथ आर्थिक रूप से भी मजबूत हो रही है।

गौरतलब है कि पिछले कुछ सालों सें जैविक खाद का महत्व काफी बढ़ गया है। किसानों के साथ ही अब कई शहरवासी अपनी बागावानी में इस खाद का उपयोग कर रहे हैं। जानकारी के मुताबिक कचरे से खाद बनाने वा शहर को साफ सुधरा रखने के लिए इस समय 174 महिलाएं जिम्मेदारी निभा रही हैं। ये महिलाएं शहर के 40 वार्डों से कचरा इकट्?ठा करने के साथ ही इसे अलग-अलग कर रही हैं।

■ कचरे से बन रहा खाद-महिलाओं को कचरे से हो रही आय
■ सुबह डोर टू डोर कचरा कलेक्शन और दोपहर में खाद बनाती हैं महिलाएं
■ नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने आयुक्त ने दिए है निर्देश

**लोग सराह रहे, पर्यावरण संरक्षण भी हो रहा :आयुक्त**

नगर निगम आयुक्त विनय कुमार ने कहा कि शहर में 10 एसएलआरएम सेंटर में बन रही खाद को शहर में लोग इसे खरीदकर ले जा रहे हैं। इसके साथ ही दूरदराज के ऐसे किसान जो सब्जी की खेती करते है। वे भी जैविक खाद का उपयोग करते है। गमलों के साथ-साथ छोटे जगहों पर उगाई जाने वाली सब्जियों के लिए यह वरदान साबित हो रही है। पर्यावरण संरक्षण के लिए भी यह फायदेमंद है।

**टेंचिंग ग्राउंड की 4.5 एकड़ जमीन हुई कचरामुक्त**

महिमा सागर वार्ड स्थित दानीटोला पूर्व ट्रेंचिंग ग्राउंड पर दिखाई देने वाले कूड़े का पहाड़ (लिगेसी वेस्ट) को नगर निगम प्रशासन द्वारा तेजी से निस्तारण करने की प्रकिया किया गया है, जहां एक तरफ यह कचरे का ढेर था अब वह जगह समतल हो चुका है यही नहीं यह जगह मिनी फॉरेस्ट के रूप में तब्दील होने वाला है इसकी प्रक्रिया भी शुरू हो गई है और पौधे लगाने का कार्य भी प्रारंभ हो गया है। बकायदा इसके लिए 10 से 12 फीट के पौधे का चयन किया गया है ताकि पौधे को पेड़ के रूप में तब्दील होने में ज्यादा समय न लगे, गड्ढे भी इसी मुताबिक किए जा रहे है। गर्मी के दिनो मे सिंचाई को लेकर भी पर्याप्त व्यवस्था रखने कहा गया है जिससे पौधे की उचित बढ़वार हो सके। पौधे लगने के बाद यहां चैन से लोग छाव का आनंद भी ले पाएंगे। पौधे के लिए जेसीबी से गड्ढे किए जा रहे ताकि पौधो के जड़ फैलने में ज्यादा समय न लगे लगभग 4 से 5 फीट के गड्ढे इसके लिए किए जा रहे है। निगम द्वारा हजारों टन कचरे का निष्पादन हेतु कार्यदायी संस्था को दिया गया था है। वहां लगी मशीने द्वारा टेंडर पश्चात निरंतर लीगेसी वेस्ट की छटाई कर कूड़े के पहाड़ को समतल बनाई गई और कचरे को खाद में तब्दील किया गया, ताकि उन्हें ग्रीन बेल्ट के रूप में विकसित किया जा सके। एजेंसी को सतह से ऊपर के जितने भी कचरे थे उनका निष्पादन करने का कार्य दिया गया था। हालाकि जितने कचरे का निष्पादन का ठेका दिया गया था उससे ज्यादा का निष्पादन एजेंसी ने करना बताया है।

**रायपुर की टीम कर रही है मॉनिटरिंग**

आयुक्त विनय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि रायपुर की टीम दानीटोला में कचरा के निष्पादन को लेकर स्वयं मॉनिटरिंग कर रही है और समय समय पर इसमें नजर बनाए रखी है। निगम प्रशासन द्वारा एक्सपर्ट व्यू भी पौधा रोपण को लेकर लिया गया है और इसी के मुताबिक प्लांटेशन किया जा रहा है। कचरे के ढेर को समाप्त करना आसान नहीं था। परंतु एक बड़े कचरे को खाद के रूप में तब्दील किया जा चुका है। निगम के अधिकारी कार्यों की मॉनिटरिंग स्वयं कर रहे है। पौधे लगने के बाद इस जगह की तस्वीर कुछ अलग ही दिखाई देगी।

# बड़ी लाइन में तब्दील होने जा रहे राजिम रेलवे ट्रेक का काम हो रहा गुणवत्ताहीन

**राजिम,** 24 नवम्बर (देशबंधु)। रायपुर-राजिम के बीच छोटी रेल लाइन पर चलने वाली ट्रेन पिछले चार साल और साढ़े चार महिने से बंद किया गया है। अब इस रेल लाइन को अपग्रेड किया जा रहा है। राजिम से अभनपुर 17 किमी की दूरी पर नई पटरी बिछाए जाने की तैयारी चल रही है। मंद गति और कछुआ चाल से हो रहे कार्य को लेकर सवाल खड़ा हो रहा है कि आखिर इस काम को लेने वाले जो भी ठेकेदार हो वह दिलचस्पी क्यों नही दिखा रहा है। जानकारी के मुताबिक रेल्वे विभाग ने 1 अरब रूपए का प्रोजेक्ट बनाया हुआ है मगर काम स्तरहीन किया जा रहा है मसलन समतल करने सिर्फमिट्टी डाली जा रही है। मुरूम की मिट्टी के ऊपर पतली परत बिछाई गई है। नदी किनारे से कुछ ही दूर जहां पुराना प्लेटफार्म था उसे डिस्पोज कर उसी जगह पे नया भवन बनाया जा रहा है। जानकार बता रहे है कि सारा काम गुणवत्ताहीन हो रहा है। रेल्वे का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी यहां नजर नही आते और रही ठेकेदार की बात तो उन्हें काम के प्रति रूचि नही होना बता रहे है। ठेकेदार का आदमी जो काम को देख-रेख करता है वह भी बिहार का रहने वाला है। वह अभी छुट्टी में बिहार में है। उनसे जब काम के प्रगति के बारे में जानकारी लेने की कोशिश की गई तो उनका साफकहना था कि काम हो रहा है लेकिन प्रगति के बारे में अभी कुछ




■ काम चल रहा धीमा ,इन्जीनियर कही नजर नही आते

नही बता पाऊंगा। कहना न होगा इस नई पटरी पर जब बड़ी रेल दौड़ेगी तो विकास की कड़ी में यह मील का पत्थर साबित होगा। यात्रियो को वे तमाम सुविधाएं यहां हासिल हो जाएगी जो रायपुर-बिलासपुर-दुर्ग-राजनांदगांव जैसे बड़े स्टेशन को मिलता है। बहरहाल काम बहुत ढीला चल रहा है।

**2024 के राजिम मेले तक बन पाना असंभव , 17 किलोमीटर के दायरे में बनना है 36 माइनर ब्रिज**- प्रोजेक्ट मैनेजर विनय सिंह से 30 अगस्त को जब इस संबंध में जानकारी लिया गया था तो उन्होने बताया था कि पटरी बिछाने और स्टेशन निर्माण सहित सौंदर्यीकरण का काम राजिम मेले के पहले फरवरी में पूर्ण हो जाएगा। लेकिन इन चार महिनो में जिस हिसाब से काम चल रहा है उससे तो ऐसा महसुस हो रहा है कि अगले साल 2024 के राजिम मेला के पहले किसी भी हालत में बन पाना संभव नही दिख रहा है। मैनेजर श्री सिंह के दावे में कितना दम है यह तो आने वाला समय बताएगा। दी गई जानकारी के मुताबिक बड़ी रेल का स्टापेज राजिम और मानिकचौरी होगा। मानिकचौरी में भी स्टेशन बनेगा। इस पटरी में मालगाड़ी भी दौड़ेगी। 17 किमी के दायरे में 36 माईनर ब्रिज बनाया जाना है जो कि पूरा हुआ कि नही ये भी किसी को नही मालूम। एक मेजर ब्रिज भी बनना है उसकी प्रगति क्या है ये भी किसी को नही मालूम।

**पटरी बिछाने के पहले समतलीकरण, अभी तक अधूरा वार्ड नंबर 2 में 45 लोगों को दी गई नोटिस अभी तक कोई कार्रवाई नहीं**- जानकारी रखने वाले बता रहे है कि ठेकेदार को बारिशकाल का बहाना मिल गया है इस वजह से काम किंचित प्रभावित होने की बात कह रहा है। बारिश को खतम हुए दो महिने हो गए मगर काम रफ्तार नही पकड़ा है। पटरी बिछाने के पहले समतलीकरण का काम भी अधुरा है। मालूम हो कि रेल्वे की जमीन से लगे हुए आस-पास के 45 लोगो को जमीन छोड़ने की नोटिस दी जा चुकी है। वहीं वार्ड नंबर 2 जो कि रेल्वे लाइन के किनारे है,इस वार्ड के लोगो की सुविधा के लिए एक सड़क भी पटरी के किनारे से बनाकर मेन रोड में जोड़ी जाएगी। जहां पर पहले फाटक था वहां फाटक लगाई जाएगी।

**1888 में शुरू हुई थी नेरो गेज रेल लाइन 2023 में प्रारंभ हुआ बड़ी रेल लाइन का काम**- राजिम स्टेशन से पूरे देश के किसी भी हिस्से में जाने के लिए एडवांश बुकिंग की सुविधा उपलब्ध होगी। बड़ी रेल के शुरू हो जाने से राजिम सहित आस-पास के तमाम गांव के लोगो को बेहतर यात्री सुविधाएं मिलेगी वहीं समय और पैसे की बचत अलग होगी। मालूम हो कि 1888 में राजिम की छोटी रेल छुकछुकिया शुरू हुई थी अब 2023 में बड़ी लाइन में हो रहा है इसका उद्धार छोटी लाइन जो शुरू से ही घाटे में चल रही थी चूंकि छोटी रेल लाइन के वजह से रेल्वे इस दिशा में ज्यादा ध्यान नही दे पा रहा था इसलिए इसे बंद किया गया और नए सिरे से इसे बड़ी रेल लाइन में तब्दील कर लोगो को बेहतर सुविधा देने रेल्वे ने कदम उठाया है जिसकी सराहना समूचे क्षेत्र में हो रही है। हर वर्ग के लोगो ने प्रसन्नता जाहिर किया है। लोग काफी उत्साहित है कि अपने शहर में सर्व सुविधायुक्त रेल्वे स्टेशन का निर्माण होने जा रहा है मगर ये निर्माण कब तक होगा इसकी बेसब्री से लोगो को प्रतिक्षा है।

# गैरइरादतन हत्या के मामले में 10 वर्ष का कठोर कारावास

**महासमुंद,**24 नवंबर (देशबंधु)। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (फास्ट ट्रेक कोर्ट )योगिता विनय वासनिक ने बेमचा निवासी माधुरी यादव पिता लीलाराम को गैर इरादतन हत्या की धारा 304 भाग एक के तहत 10 वर्ष के कठोर कारावास और पांच हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है अर्थदंड की राशि नही पटाने पर 3 माह के कठोर काारावास की सजा पृथक से भुगतनी होगी। अभियोजन के अनुसार बेमचा निवासी मृतक अंशकुमार और उसकी बहन माधुरी यादव के बीच 20 फरवरी 2019 की शाम 7 बजे विवाद हो गया। आवेस में आकर माधुरी ने खटिया की पाटी से अंशकुमार के सिर में प्राणघातक वार कर दिया। अपराध से बचने के लिए मृतक की मां और पिता ने घटना स्थल से खून आदि की सफाई कर दो दिनों तक घर पर ही रखे रहा। तबियत बिगड़ने पर उसे आरएसली हास्पिटल में उपचार के लिए भेजा गया। जहां से रायपुर रिफर कर दिया गया। उपचार के दौरान सुपर स्पेसलिटि हास्पिटल में निधन हो गया। चिकित्सकों ने मृत्यु को संदिग्ध मानकर गोलबाजार थाना रायपुर में सूचना दी। जांच के लिए महासमुंद थाना भेजा गया। जहां विवेचना में यह जानकारी सामने आई कि भाई-बहन के बीच विवाद हुआ था और पटिया से सिर पर प्राणघातक वार किया था। धारा 302 का अपराध दर्ज कर विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा गया था। जहां कोर्ट ने धारा 302 के स्थान पर धारा 304 भाग एक भादवि का दोषी पाते हुए सजा सुनाई है। कोर्ट ने कहा है कि मृतक की मृत्यु आरोपिया के द्वारा अचानक मोबाईल को लेकर हुए तुच्छ प्रकृति के विवाद के समय अचानक आवेश एवं गुस्से से पूर्व चिंतन के बिना एवं आशय के खाट के पाया से सिर के पिछले भाग में मारने के कारण आई चोंटों के फलस्वरूप है। इसलिए आरोपिया द्वारा कारित कृत्य हत्या की परिधि में नही आता बल्कि धारा 304 भाग एक की परिधि में आता है। अभियोजन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक सलीम कुरैशी ने पैरवी की।

NECC

| 25.11.2023 | अंडा | मुर्गी | काकरेल |
|---|---|---|---|
| फार्म | 5.20 | 83 | 145 |
| चिल्हर | 6.50 | 98 | 175 |

डिलीवरी 535 सैकड़ा
दर्जन अंडा 75 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.
CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

उल्टा पुल्टा

मुझे भी देखने दो, किसका एक्सीडेंट हुआ है? पप्पू भीड़ को हटाते हुए बोला, जब कोई हटा नहीं, तो वह चिल्लाता हुआ बोला- जिसका एक्सीडेंट हुआ है, मैं उसका बाप हूं। रास्ता मिल गया और पप्पू ने देखा तो एक गधा मरा पड़ा था।

# लक्ष्मी नारायण मंदिर में श्रीमन्नारायण के समक्ष सवा लाख की बाती प्रज्वलित किया गया

## पहली बार ओड़िशा के श्रीक्षेत्र पूरी स्थित जगन्नाथ मंदिर की तर्ज पर डेढ़ लाख बाती के द्वीप को श्रद्धालुओं ने सिर पर उठा किया मंदिर परिक्रमा



**जगदलपुर,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। देवउठनी एकादशी पर वैसे पूरे अंचल में पर्व को श्रद्धालुओं ने धूमधाम के साथ मनाया। लक्ष्मी नारायण मंदिर में श्री हरि विष्णुजी और माता तुलसी का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह का विधान पूरा किया गया। देवउठनी एकादशी पर्व के दौरान लक्ष्मी नारायण मंदिर में विशेष पूजा के साथ गोवर्धन मठ पूरी के शंकराचार्य स्वामी निश्लानंद के शिष्य पीठ परिषद आदित्यवाहनी-आनंदवाहनी के अलावा मंदिर समिति के कार्यकर्ताओं ने शहर में पहली बार भगवान श्री हरि विष्णु और माता लक्ष्मी के समक्ष ओडिशा के पूरी स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर की तर्ज पर सवा लाख कपास के बाती का द्वीप प्रज्वलित कर मंदिर परिक्रमा किया गया। मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित किशोर तिवारी और उनकी धर्मपत्नी शालिग्राम-तुलसी का विवाह वैदिक पंडित आचार्य पंडित रोमितराज त्रिपाठी के मंत्रोच्चार के बीच पूरे धार्मिक रीति से सम्पन्न कराया। विवाह विधान पश्चात सवा लाख बाती से सजे द्वीप प्रज्वलित कर मंदिर परिसर में परिक्रमा कराया गया। आदित्य वाहनी-आनंदवाहनी की मातृ शक्तियां और पुरुष कार्यकर्ता कलश द्वीप को सिर पर उठाकर 11 परिक्रमा पूरा किया। इस दौरान श्रद्धालु पूरे परिक्रमा के दौरान श्री कृष्ण गोविंद हरे मुरारी है नाथ नारायण वासु देवाय का पाठ करते चल रहे थे। मंदिर में तुलसी-शालीग्राम विवाह और सवा लाख बाती से सजे द्वीप प्रज्वलन आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे थे। पूजा पश्चात महाआरती किया गया। इस दौरान उपस्थित श्रद्धालुओं ने भजन कीर्तन कर भगवान की आराधना कर आश्रीवाद लिया। पूजा-आरती पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। पूरे धार्मिक आयोजन में आदित्यवाहनी- आनंदवाहनी के मातृ शक्तियां और पुरुष कार्यकर्ता समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु सम्मलित हुए।

# भगवान शालीग्राम की निकली बारात, तुलसी विवाह संपन्न



**जगदलपुर,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। रियासत कालीन श्रीजगन्नाथ मंदिर में 360 आरण्यक ब्राह्मण समाज के द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी देवउठनी एकादशी के दूसरे दिन आज शुक्रवार को भगवान शालीग्राम के साथ तुलसी का श्रीशुभ विवाह वैदिक मंत्रोचार के साथ आरण्यक ब्राह्मणों के द्वारा परंपरानुसार संपन्न करवाया गया। इस अवसर पर 360 आरण्यक ब्राह्मण समाज के सदस्यों ने वर परमानंद पांडे गुनपुर एवं वधु पक्ष अश्वनी पांडे गुनपुर ने भूमिका का निर्वहन कर भगवान शालीग्राम के साथ तुलसी का श्रीशुभ विवाह में भगवान शालीग्राम की बारात निकालकर तुलसी के संग पाणिग्रहण पंडित बसंत पंडा द्वारा संपन्न करवाया। 360 आरण्यक ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष ईश्वर खंबारी ने बताया कि भगवान शालीग्राम के साथ तुलसी का श्रीशुभ विवाह का आयोजन श्रीजगन्नाथ मंदिर में विगत कई वर्षों से अनवरत जारी है। शुक्रवार को देर शाम गोधुली वेला में विधि-विधान पूर्वक मंदिर परिसर से भगवान शालीग्राम की बारात गाजे-बाजे के साथ निकाली गई। बारात की डोली परिक्रमा मार्गों से होती हुई वापस मंदिर पहुंची। इस दौरान घरातियों ने बारातियों का परंपरानुसार स्वागत किया गया। श्रीजगन्नाथ मंदिर परिसर में वर-वधू के विवाह मंडप सजाया गया था, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शालीग्राम के साथ तुलसी का श्रीशुभ विवाह संपन्न हुआ, जिसके उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं को भोग प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में सुदर्शन पाणिग्राही, आत्माराम जोशी, राकेश पांडे, नरेंद्र पाणिग्राही, बनमाली पाणिग्राही, रविन्द्र पांडे, मिथलेश पाणिग्राही, कौशल पांडे, विवेक पांडे, चोखेलाल पाणिग्राही, उमेश पांडे, खिरेंद्र पांडे, सत्यनारायण पांडे, वेणुधर पाणिग्राही, श्रीराम जोशी, दिनेश पाणिग्राही, केशराज आचार्य, आशा आचार्य, गजेंद्र पाणिग्राही, किशोर ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# विद्या ज्योति स्कूल का वार्षिक खेलकूद का उद्घाटन




## पढ़ाई के साथ-साथ स्वस्थ शरीर के लिए खेल भी जरूरी : मकसूद आलम

**जगदलपुर,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। शहर के शैक्षणिक संस्थान विद्या ज्योति स्कूल का 24 वीं वार्षिक खेलकूद का उदघाटन शुक्रवार को स्कूल परिसर के मैदान में किया गया। सर्वप्रथम प्रचार्य द्वारा स्कूल के खिलाडियों को खेलभावना की प्रतिज्ञा दिलाई गई। स्कूल के चार ग्रुप ऐलो हाऊस, ब्लू हाऊस, ग्रीन हाऊस, रेड हाऊस के बीच विभिन्न खेल प्रतियोगिता होगी। मकसूद अलाम कामन्डेड सी आर पी एफ के द्वारा विभिन्न खेलों की शुरुआत की गई। रनिंग, कबड्डी, खो खो, डाज बाल, थोरो बाल, बास्केट बॉल लम्बी कूद, ऊची कूद, बोरा दौड़, रसी कूद जैसे अन्य खेलों के साथ खेल की सुरुआत रंगारंग कार्यक्रमों के साथ की गई। इस मौके पर स्कूल के प्रचार्य फादर बीजू, फादर अन्नू, फादर पीटर, सिस्टर खेल प्रशिक्षक अब्दुल मोईन, मकसुदा हुसैन, गजेंद्र मरापी, स्टेपी सोनी, जोशप स्कूल स्टाफ मौजूद थे।

# मतगणना कार्य में नारी शक्ति निभाएगी महत्वपूर्ण भूमिका : कलेक्टर



## मतगणना केंद्र में मोबाईल पूर्णत: प्रतिबंधित

**जगदलपुर,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर विजय दयाराम के.ने कहा कि नारीशक्ति ने मतदान कार्य में मिले दायित्व का बखूबी निर्वहन किया,उनके कार्यों की सराहना राज्य स्तर पर हुई है। जिले में मतगणना कार्य हेतु नारी शक्ति को गणना सुरपरवाईजर, सहायक और माइक्रो ऑब्जर्वर के रूप में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह गर्व की बात है कि नारीशक्ति को मतगणना कार्य में सलंग्न किया जा रहा है। कलेक्टर विजय शुक्रवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा हाल में आयोजित मतगणना एवं परिणाम की घोषणा के प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

कलेक्टर ने कहा कि सभी प्रशिक्षार्थी प्रशिक्षण के सभी पार्ट को अच्छे से सीखे ताकि गणना कार्य में कोई त्रुटि की संभावना नहीं हो। इस मतगणना कार्य से अगले 5 साल का भविष्य निर्धारित होगा। गणना कार्य को नियमों का पालन कर संपादित करवाना है। इस प्रशिक्षण में गणित,कॉमर्स और भौतिक विषय से संबंधित शिक्षकों की ड्यूटी लगाया गया है। मतगणना 3 दिसंबर को आदर्श महाविद्यालय धरमपुरा में किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में मतगणना कार्यों में प्रत्यक्ष सम्मलित अधिकारियों, मतदान केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था, गणना हाल में अनुशासन व शिष्टाचार, सामग्री प्रबंधन, प्रमुख वैद्यानिक प्रावधान-लोक प्रतिनिधित्व अधिनियमों के धाराओं की जानकारी दी गई। साथ ही मतगणना के दौरान आवश्यक तैयारी, ईव्हीएम मशीनों की स्थिति का आंकलन, मतगणना के सभी दस्तावेजों की जांच और सभी जानकारी से अवगत किया गया। इसके अलावा ईव्हीएम में दर्ज मतों की गणना के लिए आवश्यक सावधानियां और गणना की कार्यवाही करने, खारिज मतों की गिनती, कंट्रोल यूनिट के डिस्प्ले में परिणाम प्रर्दशित नहीं होने की स्थिति में किए जाने वाले कामों,वीवीपीएटी कागज पर्ची गणना की प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी गई। कलेक्टर विजय ने सभी मतगणना कर्मचारियों को कहा की मतगणना नियमों के आधार पर ही करें। मतगणना केंद्र में मोबाईल पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। मतगणना स्थल पर किसी को भी मोबाइल लाना प्रतिबंधित रहेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी, संयुक्त कलेक्टर एवं नोडल प्रशिक्षण सुनील शर्मा सहित मास्टर ट्रेनर उपस्थित थे।

# विशेष सफाई अभियान आज से 1 दिसंबर तक



## कचरा करने वालों पर किया जाए नियमानुसार कार्यवाही

**जगदलपुर,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि शहर में सफाई व्यवस्था, नालियों की सफाई,कचरा प्रबंधन के कार्य को दुरुस्त करें, इसके लिए विशेष सफाई अभियान 25 नवंबर से 01 दिसंबर तक संचालित करें। कलेक्टर ने सफाई व्यवस्था को सतत निरीक्षण पर जोर देते हुए शनिवार को खुद निरीक्षण दौरे पर रहने की बात कही। शुक्रवार को जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में नगर निगम के सफाई व्यवस्था से संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक लेकर समीक्षा की। उन्होंने निगम अमले द्वारा सफाई करने उपरांत वापस कचरा करने वालों के खिलाफ नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। साथ ही उक्त कार्यवाही का व्यापक प्रचार-प्रसार करें ताकि अन्य लोग कचरा प्रबंधन के प्रति सजग हो। कलेक्टर ने शहर में संचालित एसएलआरएम सेंटर की व्यवस्था, सूखा और गीला कचरा प्रबंधन, स्व-सहायता समूह द्वारा की जा रही कार्यवाही, एमआरएफ सेंटर द्वारा कचरा का प्रबंधन और राजस्व की वृद्धि, कंगोली स्थित लैंड फील्ड साइट की व्यवस्था, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) की व्यवस्था, सफाई दरोगा-निरीक्षकों के कर्तव्यों सहित नालियों की लगातार सफाई के संबंध में समीक्षा की और सभी अधिकारियों को उनके दायित्वों का बेहतर क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने सफाई कार्य में सूखा व गीला कचरा का अलग-अलग उठाव करवाने कहा। स्वच्छता कार्यक्रम के तहत कचरा उठाव व प्रबंधन में लगे गाड़ियों का संचालन को व्यवस्थित करने और स्व-सहायता समूह के सदस्यों को 15 दिनों के कार्यों का आँकलन कर समय पर भुगतान करने के निर्देश दिए। इसके अलावा एनयूएलएम को भी स्वच्छता अभियान में जोड़ने के संबंध में भी चर्चा किया गया। कलेक्टर ने बाबू सेमरा में स्थित कचरा प्रबंधन सेंटर द्वारा शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से संग्रहित की जा रही सूखा और प्लास्टिक सामग्रियों के उचित प्रबंधन और विक्रय की समीक्षा भी की गई। साथ ही रिसाईक्लीन के लिए व्यवस्था के संबंध में भी चर्चा किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# अवैध रूप से 20 लीटर देशी महुआ शराब बिक्री करते महिला गिरफ्तार



**जगदलपुर,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। इंदिरा वार्ड आनंद लॉज के सामने गली में एक महिला द्वारा अपने घर में अवैध देशी महुआ शराब रखकर बिक्री करने की सूचना पर थाना प्रभारी कोतवाली सुरेश जांगड़े के नेतृत्व में टीम गठित कर, कार्यवाही हेतु रवाना किया गया। टीम के द्वारा महिला की पहचान कर, पुछताछ किया गया। जिन्होने अपना नाम कविता ठाकुर पिता विष्णु ठाकुर उम्र 33 साल निवासी इंदिरा वार्ड आनंद लॉज के गली जगदलपुर का होना बताने पर निशानदेही पर किराये मकान से कब्जे में 4 नग प्लास्टिक जरकीन 5-5 लीटर वाली प्रत्येक जरकीन में 5-5 लीटर भरी हुई देशी महुआ शराब, 5-5 लीटर जरकीन में भरी कुल 20 लीटर देशी महुआ शराब हाथ भट्ठी का बना कुल कीमती 1600/-रूपये को आरोपिया के कब्जे से जप्त किया गया। आरोपिया के विरूद्ध थाना कोतवाली में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर, कार्यवाही किया गया है। मामले में आरोपिया को गिरफ्तार कर, न्यायालय रवाना किया जा रहा है।

# इनर व्हील क्लब ने गुड टच और बैड टच पर बच्चों को किया जागरूक



## स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तितिरगांव में चलाया गया जागरुकता अभियान

**जगदलपुर,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। इनर व्हील क्लब ऑफ़ जगदलपुर द्वारा बुधवार को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तितिरगांव में अच्छा स्पर्श और बुरा स्पर्श को लेकर बच्चों में जागरूकता अभियान चलाया गया। इनर व्हील क्लब की मुख्य वक्ता डॉ.सुषमा झा ने कहा कि बचपन हमारे जीवन का सबसे महत्वपूर्ण और सुखद समय होता है, लेकिन इसे सुरक्षित बनाना भी हमारी जिम्मेदारी होती है। अच्छा स्पर्श और बुरा स्पर्श एक बच्चे के जीवन में महत्वपूर्ण होते हैं। अच्छा स्पर्श वह होता है जो हमें प्यार और स्नेह महसूस करता है, जैसा कि माता-पिता का प्यार, दोस्तों की ममता और शिक्षकों का आशीर्वाद। बुरा स्पर्श वह होता है जो हमें दुख और चोट पहुंचाता है जैसे कि अजनबियों का स्पर्श या शरीर की प्राइवेट पार्ट्स पर होने वाला स्पर्श। इनर व्हील क्लब की अध्यक्षा ममता सिंह राणा ने बच्चों को कहा यदि आपको कभी भी किसी बूरे स्पर्श का सामना होता है तो तुरंत अपने माता-पिता, दादा-दादी, बड़े भैया या ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# संजय बाजार का होगा कायाकल्प



## संजय बाजार में मटन मार्केट के पीछे नाला ना बनाने पर संबंधित ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने के आयुक्त ने दिए निर्देश

**जगदलपुर,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। शहर के सबसे पुराने गोल बाजार में हुई अव्यवस्था को सुधारने के लिए संजय बाजार निर्मित किया गया था। सब्जी वालों के बैठने के लिए ऊंचे प्लेटफॉर्म के साथ शेड बनाए गए थे। व्यवस्था के साथ कभी भी सब्जी वालों को बिठाया नहीं जा सका और सब्जी वाले रास्तों पर बैठे ही नजर आए। वहीं कुछ प्लेटफार्म और शेड को दुकानों में तब्दील कर दिया गया। दुकानों के सामने जो ग्राहकों के लिए चलने की जगह छोड़ी गई थी उसे भी कब्जा कर दुकानदारों ने अपनी-अपनी दुकानें बढ़ा ली है। कुल मिलाकर संजय बाजार भी अब पुराने गोल बाजार की तरह अवस्थित हो गया है बारिश के दिनों में दुकानदारों और उपभोक्ता दोनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। नगर निगम प्रशासन ने संजय बाजार को व्यवस्थित करने के लिए कायाकल्प योजना बनाकर कार्य कर रही है। उम्मीद है इस कार्रवाई के बाद संजय बाजार व्यवस्थित हो सकेगा।

आयुक्त हरेश मंडावी ने शुक्रवार को शहर के संजय बाजार का दौरा कर सजय बाजार के कायाकल्प के योजना पर चल रहे कार्यों का जायजा लेकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया। उन्होंने संजय बाजार में दौरा के दौरान वहां की सफाई व्यवस्था पर सुधार होने के साथ ही पूर्ण रूप से बाजार स्थल में सफाई व्यवस्था को पूरी तरह से चुस्त दुरुस्त करने के लिए स्वच्छता विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया। आयुक्त ने बताया कि शहर के सबसे बड़े संजय बाजार को सुव्यस्थित करने की योजना पर निगम प्रशासन कार्य कर रहा है, जिससे लोगों को एवं दुकानदारों को बाजार परिसर साफ सुथरा एवं सुव्यवस्थित तरीके व्यवस्थित रहे इस कार्ययोजना के साथ हम कार्य कर रहे हैं। आयुक्त ने बताया संजय मार्केट के पार्किंग के लिए सामने के दो स्थलों को वाहन पार्किंग के लिए उपयुक्त बनाया जा रहा है। आयुक्त ने बताया बाजार आने वाले लोगों को पार्किंग की काफी समस्या हो रही थी जिस पर निगम प्रशासन के द्वारा कार्य करते हुए पार्किंग बनाते हुए उक्त स्थल से अवैध रूप से अतिक्रमण को हटाने के करवाई किया गया है। अब इन दो स्थलों पर वाहन पार्किंग के लिए उपयोग किया जाएगा, साथ ही संजय मार्केट में मटन मार्केट के लिए पृथक रूप से नई दुकानों का भी निर्माण कार्य जल्द कार्य योजना बनाकर प्रारंभ किया जाएगा। वही पौनी पसारी में संजय बाजार में दर्जियों को वहां शिफ्ट करने का निर्देश अधिकारियों को दिया गया है। वही दौरे के दौरान मटन मार्केट के पीछे नाला नहीं बनाने वाले संबंधित ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने का आयुक्त ने निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। आयुक्त ने निगम के अधिकारियों को सजय बाजार से अवैध रूप से हो रहे अतिक्रमण पर भी सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिस पर निगम अमले ने कार्रवाई करते संजय बाजार चौक में सड़क के दोनों ओर से अतिक्रमण हटाने की कारवाई किया। मंडावी ने निगम अमले को निर्देश दिया है कि शहर में अन्य जगहों पर भी अतिक्रमण पर कार्रवाई करें। इस दौरान निगम राजस्व विभाग के राकेश यादव, उप अभियंता अमर कश्यप, स्वच्छता विभाग के हेमंत श्रीवास व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# नक्सलियों ने डंप किया मौत का सामान



- सर्चिंग के दौरान मुठभेड़ के बाद फोर्स ने किया बरामद
- दंतेवाड़ा और सुकमा जिले के सरहदी क्षेत्र में अभियान
- सड़क निर्माण सुरक्षा के लिए गश्त में निकली थी फोर्स

**दंतेवाड़ा**, 24 नवंबर (देशबन्धु)। नक्सल विरोधी अभियान के तहत पुलिस ने दंतेवाड़ा और सुकमा जिले के सीमाई क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा डंप की गई कई सामग्री बरामद की। फोर्स इस इलाके में जगरगुंडा से कमारगुड़ा के बीच निर्माणाधीन सड़क की सुरक्षा में निकली थी।

आईजी पी. सुंदरराज, डीआईजी कमलोचन कश्यप, डीआईजी सीआरपीएफ विकास कठेरिया के मार्गदर्शन और एसपी गौरव राय तथा एडिशनल एसपी आरके बर्मन के निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे नक्सल विरोधी अभियान को बड़ी कामयाबी मिल रही है। अभियान के तहत जगरगुण्डा से कमारगुड़ा के मध्य निर्माणधीन सड़क की सुरक्षा एवं जिला दन्तेवाड़ा एवं सुकमा के सदहदी क्षेत्र के ग्राम बड़ेपल्ली, बेनपल्ली, परलगट्टा, गोंदपल्ली एवं उरसागल क्षेत्रांर्गत मुखबिर से मिली सूचना की तस्दीक हेतु थाना अरनपुर से डीआरजी, बस्तर फाईटर दन्तेवाड़ा, यंग प्लाटून सीआरपीएफ 231वी वाहिनी एवं सीआरपीएफ 231वी वाहिनी एफ/जी कंपनी की संयुक्त बल नक्सल गश्त, सर्चिंग हेतु रवाना हुई थी। वापसी के दौरान ग्राम बड़ेपल्ली एवं परलगट्टा के बीच नक्सलियों द्वारा फायरिंग की गई। इसके जवाब में पुलिस पार्टी द्वारा भी आत्मसुरक्षार्थ में जवाबी कार्यवाही की गई। पुलिस की जवाबी कार्यवाही से नक्सली जंगल/पहाड़ी का आड़ लेकर भाग गये। मुठभेड़ पश्चात घटना स्थल का सघन सर्च करने पर घटना स्थल से तमंचा (12 बोर) 1 नग, 12 बोर राउण्ड 8 नग, ढपली 1 नग, जूता 1 नग, गुलेल 3 नग, नक्सली वर्दी 2 जोड़ी, पिट्ठू 2 नग, बैटरी चार्जर 1 नग, बैटरी 1 नग, रेडियो 1 नग, टॉर्च 1 नग एवं नक्सली साहित्य एवं अन्य नक्सली दैनिक उपयोगी सामाग्री तथा दवाईयॉ बरामद की गई।

# अब सामने आएगा झीरम हमले का सच : छविन्द्र



- सुप्रीम कोर्ट में एनआईए की अपील खारिज
- हमले में शहीद कर्मा के परिजनों ने शीर्ष अदालत को दिया धन्यवाद
- केन्द्र के दबाव में सही जांच नहीं कर रही थी एनआईए

**दंतेवाड़ा**, 24 नवंबर (देशबन्धु)। झीरम नक्सल हमले की जांच पर एनआईए की अपील को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। इसके साथ ही मामले में छत्तीसगढ़ पुलिस के लिए जांच का रास्ता खुल गया है। शीर्ष न्यायालय के फैसले के बाद अब छत्तीसगढ़ पुलिस षड़यंत्र के एंगल की जांच कर सकती है। इस हमले में बस्तर टाईगर महेन्द्र कर्मा, तत्कालीन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नंदकुमार पटेल, उनके सुपुत्र दिनेश पटेल, पूर्व केन्द्रीय मंत्री विद्याचरण शुक्ल समेत 32 कांग्रेस नेता व सुरक्षा कर्मी शहीद हुए थे।

शहीद महेन्द्र कर्मा के परिजनों ने सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद दिया है। शहीद कर्मा के सुपुत्र छविन्द्र कर्मा ने कहा है कि झीरम का सच अब सामने आ सकेगा। हमने पहले भी मांग की थी कि राज्य शासन को जांच का आदेश दिया जाए। एनआईए केन्द्र सरकार के दबाव में हेरफेर करती रही। अब राज्य पुलिस जांच करेगी। राज्य सरकार ने पहले ही एसआईटी का गठन किया था, लेकिन एनआईए ने सहयोग नहीं किया। वहीं विधायक श्रीमती देवती कर्मा ने कहा है कि हम सुप्रीम कोर्ट का सम्मान करते हैं। अब सच सामने आएगा। शहीद कर्मा की सुपुत्री और जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा ने कहा है कि नक्सली हमला तो था, लेकिन इसमें कुछ षड़यंत्र भी था, इसका सच सामने आना ही चाहिए। राज्य सरकार अब जांच करेगी और पूरा भरोसा है, जो भी दोषी हैं वे बख्शे नहीं जाएंगे। उल्लेखनीय है कि 25 मई 2013 को कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा पर झीरम घाटी में नक्सलियो ने बड़ा हमला किया था, जिसमें शहीद कर्मा सहित कांग्रेस का पूरा शीर्ष नेतृत्व खत्म हो गया था। इस मामले में एनआईए ने जांच की लेकिन षड़यंत्र के एंगल से जांच नहीं हुई थी। सुप्रीम कोर्ट में एनआईए की जांच अपील खारिज होने के बाद अब नये सिरे से राज्य सरकार जांच कर सकेगी।

# परिवार नियोजन पुरूषों की भी जिम्मेदारी




- कुआकोंडा-कटेकल्याण में चौपाल का आयोजन
- पुरूष नसबंदी पखवाड़े के तहत पहुंचा स्वास्थ्य अमला

**दंतेवाड़ा**, 24 नवंबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा जिले में पुरुष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिले के समस्त विकासखंड में मोर मितान-मोर संगवारी चौपाल का आयोजन किया जा रहा है।

इस चौपाल में पुरुषों को परिवार नियोजन से संबंधित आवश्यक जानकारी देकर परिवार नियोजन के स्थाई साधन अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड कुआकोंडा एवं कटे कल्याण में मोर मितान-मोर संगवारी चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर संजय बसाक ने चौपाल को संबोधित करते हुए पुरुषों में एनएसवीटी के संबंध में आवश्यक जानकारी देते हुए बताया कि यह सुविधा नि:शुल्क जिला चिकित्सालय में उपलब्ध है। इसके अंतर्गत बिना किसी चीर फाड़ के नसबंदी कर सकते हैं। सिविल सर्जन डॉक्टर कपिल देव कश्यप, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एस मंडल, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ राजेश राय, जिला आरएमएनसीएच सलाहकार अंकित सिंह, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक कुआकोंडा संग्राम सिन्हा, आरएमए भुनेश्वर वर्मा, राजेश बेहरा उपस्थित थे।

# छविन्द्र के खिलाफ काम करने का आरोप




- पीसीसी सचिव दंतेवाड़ा के राजकुमार तामो को नोटिस
- 24 घंटे के भीतर मांगा जवाब
- पीसीसी अध्यक्ष के निर्देश पर भेजी गई नोटिस

**दंतेवाड़ा**, 24 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव परिणाम आने में अब केवल 9 दिन शेष है। जीत के अपने-अपने दावे हैं। इस बीच कांग्रेस ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त आरोप लगाते दंतेवाड़ा निवासी प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव राज कुमार तामो को नोटिस थमा दिया है। प्रभारी महामंत्री संगठन एवं प्रशासन मलकीत सिंह गैदू के हस्ताक्षर से यह नोटिस जारी की गई है।

नोटिस में लिखा गया है कि विधानसभा चुनाव में दंतेवाड़ा के अधिकृत प्रत्याशी के विरूद्ध उन्होंने काम किया है। श्री तामो के पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलग्न होने का मामला संज्ञान में आया है। यह पार्टी अनुशासनहीनता की परिधि में आता है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज ने मामले को गंभीरता से लेते कारण बताओ नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है। इसी आधार पर नोटिस जारी करते श्री तामो से नोटिस /पत्र प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर लिखित जवाब अथवा स्पष्टीकरण प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजने का निर्देश है। इधर इस नोटिस के संबंध में श्री तामो ने कहा है कि उन्हें दंतेवाड़ा विधानसभा का कोई दायित्व नहीं सौंपा गया था। उन्हें बीजापुर विधानसभा की जिम्मेदारी दी गई थी, वे बीजापुर में ही पूरे चुनाव के दौरान मौजूद थे। ऐसे मे दंतेवाड़ा के अधिकृत प्रत्याशी के विरूद्ध काम करने या पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलग्न होने का आरोप अपने आप में समझ से परे है। उल्लेखनीय है कि दंतेवाड़ा विधानसभा में 7 नवंबर को मतदान संपन्न हुआ था। यहां कांग्रेस और भाजपा के बीच सीधा मुकाबला है। कांग्रेस से छविन्द्र कर्मा चुनाव लड़ रहे हैं। परिणाम अभी आया नहीं है और इस तरह से शिकवा शिकायतों का दौर शुरू हो गया है जो कई सवाल खड़े करता है।

## निधन

### प्रेमबाई साहू



**पलारी**, 24 नवंबर। पलारी निवासी श्रीमती प्रेमबाई साहू उम्र (75 वर्ष) का आकस्मिक निधन गुरुवार रात्रि को हो गया। वे सेवानिवृत शिक्षक देवप्रसाद साहू की पत्नी और मोतीलाल साहू की मां थी। उनके अंतिम संस्कार में भारी संख्या में लोग शामिल हुए।

### डॉ. सोमनाथ साहू

**महासमुंद**, 24 नवंबर। स्थानीय अयोध्या नगर वार्ड नंबर 3 निवासी डॉ. सोमनाथ साहू 85 वर्ष का इलाज के दौरान 23 नवंबर को रायपुर में निधन हो गया। अंतिम संस्कार 24 नवंबर को महासमुंद में किया गया। वे संतोष, सचिन साहू के पिता थे।

### मुरारी दास



**जगदलपुर**, 24 नवंबर। शहर के शिवमंदिर वार्ड निवासी मुरारी दास बाणकार (75) का शुक्रवार को निधन हो गया। पिछले कुछ दिनों से वे अस्वस्थ्य थे। कुछ दिन पहले ही उन्हें उपचार के लिए जिला महारानी अस्पताल में भर्ती किया गया था। आज दोपहर लगभग 2 बजे निवास में अंतिम सांस ली। वे उत्कल समाज के फाउंडर मेम्बर थे। सामाजिक कार्यो में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे। वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र असीम दास व अचिंत्य दास समेत भरापूरा परिवार छोड़ गए। अंतिम संस्कार प्रवीर वार्ड खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम में देर शाम किया गया। जिसमें परिजन समेत उत्कल समाज के बड़ी संख्या में लोग और शहर के गणमान्य सम्मलित हुए।

### सुकालू लोधी



**आरंग**, 24 नवंबर। केवशी लोधीपारा आरंग निवासी सुकालू लोधी (उम्र 73 वर्ष) का आकस्मिक निधन 23 नवम्बर को हो गया। वे महावीर, महादेव, ईश्वर, अश्वनी, प्रहलाद, ध्रुव लोधी के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा में नगर एवं समाज के लोग शामिल हुए।

### चंद्रिका प्रसाद शर्मा



**भिलाईनगर**, 24 नवंबर। मुकुट नगर दुर्ग निवासी चंद्रिका प्रसाद शर्मा का 81 वर्ष की उम्र में 23 नवम्बर को सेक्टर-9 अस्पताल में निधन हो गया। वे देवेंद्र शर्मा तथा श्रीमती रंजना चौबे के पिता तथा स्मृति सोसाइटी के अध्यक्ष राजीव चौबे के ससुर थे। इनकी अंतिम यात्रा 24 नवम्बर को 11 बजे उनके मुकुट नगर निवास से शिवनाथ नदी दुर्ग के लिये निकाली गई। जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया।

# बाल वैज्ञानिकों ने दिखाई अपनी प्रतिभा



- बाल विज्ञान कांग्रेस प्रोजेक्ट प्रतियोगिता संपन्न
- राज्य स्तर के लिए 5 मॉडल का चयन

**दंतेवाड़ा**, 24 नवंबर (देशबन्धु)। जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार ठाकुर एवं डीएमसी एसएल सोरी के नेतृत्व में जिला स्तरीय राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन शा. उमा विद्यालय (सेजस हिंदी माध्यम) दंतेवाड़ा में किया गया।

इस आयोजन में दंतेवाड़ा जिला समन्वयक बीबी चक्रवर्ती उपस्थित थे। इस आयोजन का सफल संचालन सह. समन्वयक राजेन्द्र प्रसाद शाह के द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में राजीव पानीग्राही, श्री शर्मा, तथा श्री.सामंत ने निर्णायक की भूमिका निभाई और छात्रों के प्रोजेक्ट का अवलोकन कर छात्रों को राज्य स्तर के लिए चयन किया। इस कार्यक्रम में दंतेवाड़ा जिले के विभिन्न शालाओं से कुल 44 छात्र-छात्राओं तथा 22 शिक्षकों ने हिस्सा लिया। सभी प्रतिभागी बच्चों ने अपने विज्ञान प्रोजेक्ट को निर्णायकों के समक्ष प्रस्तुत किया, जिनमें से 5 प्रोजेक्ट का चयन राज्य स्तर पर हुआ। इसमें सीनियर वर्ग प्रथम-सेजस कारली जावँगा, द्वितीय-शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुआकोंडा, तृतीय-सेजस हिंदी मीडियम कारली दंतेवाड़ा पुरस्कार दिया गया। जूनियर वर्ग प्रथम -सेजस कारली जावँगा एवं द्वितीय - शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुआकोंडा रहे। इनके प्रोजेक्ट राज्य स्तर पर प्रस्तुत किए जायेंगे। जिला समन्वयक ने जानकारी देते हुए बताया कि चयनित छात्र-छात्राओं को राज्य स्तर पर अपने प्रोजेक्ट को प्रस्तुत करना होगा जो दिसंबर में पंडित रविशंकर शुक्ल यूनिवर्सिटी में प्रस्तावित है। जिला शिक्षा अधिकारी ने चयनित बच्चों को शुभकामना देते हुए उन्हें राज्य स्तर पर बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

# पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट के सभी आरोपी गिरफ्तार, रिमांड पर जेल भेजे गए



**दुर्ग**, 23 नवंबर (देशबन्धु)। दो दिन पूर्व रात्रि में पुरानी रंजिश के चलते गौतम कन्नौज नामक व्यक्ति की बेहरमी से पिटाई कर देने के आरोपी सभी 9 आरोपियों को आज न्यायालय में पेश किया गया। इनमें शामिल एक अपचारी बालक को बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया गया। शेष आरोपियों को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया गया।

न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस सभी आरोपियों को लेकर घटनास्थल उतई चौक पहुंची जहां उन्हें लोगों के सामने घुमाया गया। घुमाने के बाद जब पुलिस ने उन्हें पुलिस वेन में बैठने से इंकार कर दिया गया। वेन में न बैठने के कारण पुलिस ने आरोपियों के हठ को देखते हुए उन्हें हथकड़ी में ही पैदल जेल ले जाकर दाखिल किया गया।

उल्लेखनीय है कि दो दिन पूर्व किसी पुरानी रंजिश के चलते गौतम कन्नौज नामक युवक की 9 लोगों ने लाठी डंडे चाकू व राड से पिटाई कर दी। इस पिटाई से गौतम कन्नौज गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज जारी है। इस घटना के सभी आरोपियों गणेश, निम्बू कलश, शम्भू, फिरोज रोशन अवयस्क बालकों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। सभी वयस्क आरोपियों को रिमांड पर जेल भेज दिया गया। नाबालिग आरोपियों को बाल संरक्षण गृह भेजा गया।

## प्रादेशिकी का शेष...

### भगवान शालीग्राम की निकली...

पांडे, आशु आचार्य, श्याम सुंदर जोशी, ललित पांडे, मायाधर जोशी, मधुसुदन पांडे, बिम्भाधर पांडे, प्रेमकांत जोशी, सोहन पांडे, अनत प्रसाद पांडे, योगेश पाणिग्राही, प्यारेलाल पाढ़ी सहित विभिन्न ग्रामों से आये समाज के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### इनर व्हील क्लब ने गुड टच...

शिक्षक से बात करें। बच्चों को इस बात का पता रहना चाहिए ताकि वह हमेशा सचेत रहे। माता-पिता को इसके बारे में अपने बच्चों को समझना चाहिए। स्कूल की प्राचार्या वंदना भदोरिया ने कहा अमूमन देखा जाता है कि छोटी बच्चियां योन शोषण का शिकार हो जाती है। इस तरह के ज्यादातर मामले में किसी करीबी के द्वारा ही घटना को अंजाम दिया जाता है। ऐसे में छोटे बच्चों और बच्चियों को गुड टच और बैड टच की समझ होनी बहुत जरूरी है। इस तरह की जागरूकता से ऐसी घटनाओं को कम किया जा सकता है। स्कूल के सभी बच्चों से उनके विचार भी लिए गए और गुड टच और बैड टच पर बच्चों को जागरूक किया गया। विपरीत परिस्थिति में विरोध करने को लेकर प्रेरित किया गया। इस जागरूकता अभियान कार्यक्रम का संचालन नीलम झा एवं आभार रीता माने ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से सावित्री कश्यप, पुष्पलता मसीह, रितु सिंह, रूपा यादव, अपर्णा राजपूत, निशा भदौरिया, चंद्रिका सिंह राज, सरिता कश्यप,अरुणा यादव, निशा गौतम, बेबी रानी महापात्र, नमिता खरांशु, सुरभि बाजपेई सहित इनर व्हील क्लब के सदस्य गण व स्कूल की बालिकाएं उपस्थित थी।

# कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण



**डोंगरगढ़**, 23 नवंबर (देशबन्धु)। मोहला कलेक्टर एस जयवर्धन के द्वारा खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की आवश्यक व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। इस दौरान धान खरीदी केन्द्र ढाढूटोला, अं.चौकी, छ्छानपाहरी, कौडीकसा का निरीक्षण कर धान की गुणवत्ता, बारदानों की आवश्यकता के संबंध में जानकारी ली गई। खरीदी केन्द्रों में उपस्थित कृषकों को धान खरीदी में किसी किस्म की परेशानी तो नहीं आ रही है इस संबंध में कृषकों से चर्चा की गई तथा उन्हें साफ एवं अच्छे किस्म के धान लाने की सलाह दी गई। इस दौरान खरीदी केन्द्र ढाढूटोला में किसान द्वारा विक्रय हेतु लाये गये धान में शासन द्वारा निर्धारित नमी से अधिक नमी होने पर उसे धान सुखाकर लाने के लिये कहा गया। निरीक्षण के समय डॉ. हेमेन्द्र भुआर्य अनुविभागीय अधिकारी, श्री आशीष रामटेके खाद्य अधिकारी, श्री दिनेश साहू नायब तहसीलदार, श्री प्रमोद सोम जिला विपणन अधिकारी, श्री एस. एल. ठाकुर नोडल अधिकारी जिला सहकारी बैंक एवं खाद्य विभाग के अधिकारीगण उपस्थित थे। खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में जिला-मोहला-मानपुर-अं.चौकी के उपार्जन केन्द्रों में कृषकों से 165856 क्विंटल धान की खरीदी की गई। शासन द्वारा समितियों के माध्यम से टोकन जारी करने के साथ-साथ कृषकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए च्च्टोकन तुंहर हाथज्ज मोबाईल एप्लिकेशन के माध्यम से भी टोकन जारी करने का प्रावधान दिया गया है।

# मोदी की गारंटी से विनोद खांडेकर की जीत व छग में भाजपा सरकार बनना तय : परविंदर



**डोंगरगढ़**, 23 नवंबर (देशबन्धु)। सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में कांग्रेस की सरकार में अपराध, भ्रष्टाचार और नशाखोरी के विरुद्ध एक माहौल बना है पिछले 5 साल के कांग्रेस शासन मे कांग्रेसी नेताओ ने नौकर शाही के साथ मिलकर पूरे प्रदेश को जमकर लूटा है शराब घोटाला, पी एस सी भर्ती घोटाला, गौठान घोटाला, गोबर घोटाला, राशन घोटाला और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का भी महादेव सट्टा में 508 करोड़ रुपए के मनी लांड्रिंग में संलिप्ता से प्रदेश की जनता के मन में कांग्रेस सरकार के विरुद्ध गुस्सा भरा हुआ था जो इनके काले कारनामों को अच्छे से समझ गई। सांसद प्रतिनिधि श्री भाटिया ने कहा कि डोंगरगढ़ विधानसभा से इस बार भाजपा ने पूर्व विधायक विनोद खांडेकर को प्रत्याशी बनाया जिनके द्वारा पूर्व में किए गए विकास कार्यों को जनता आज भी पसंद करती है और निश्चित रूप से जनता का आशीर्वाद भी उन्हें मिला है और उनकी जीत तय है छत्तीसगढ़ चुनाव में भाजपा अपनी पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ी है। छत्तीसगढ़ भाजपा द्वारा अपने घोषणा पत्र जिसे मोदी की गारंटी नाम दिया गया उसमे किसानों को 3100 धान की एकमुश्त राशि,दो साल का पुराना बकाया बोनस, युवाओं के लिए डेढ़ लाख नौकरियां,पी एस सी घोटाले के आरोपियों के विरुद्ध जांच ,महिलाओ के लिए महतारी वंदन योजना अंतर्गत 12000 रुपए सालाना, 500 रुपए में घरेलू गैस सिलेंडर और प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए घोषणाओं की भरमार थी, जिसको लेकर मतदाताओं में खासा उत्साह दिखा और भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश में सरकार बनना भी तय लग रहा है।

# फरसगांव पुलिस ने जुआ खेलते तीस आरोपियों को किया गिरफ्तार

**कोण्डागांव,** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। फरसगांव पुलिस द्वारा जुआ खेलते 30 आरोपियों को गिरफ्तार कर जुआ खेल रहे आरोपियों के कब्जे से 174000 रूपये बरामद किया गया।

कोण्डागांव जिले के फरसगांव थाना क्षेत्रांतर्गत कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा जुआ खेलने की सूचना प्राप्त हो रही थी। उक्त सूचना पर पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव वाय अक्षय कुमार (आईपीएस) के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दौलतराम पोर्ते तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगाव अनिल कुमार विश्वकर्मा के पर्यवेक्षण में थाना फरसगाव पुलिस द्वारा ग्राम पासंगी सामुदायिक भवन के किनारे प्राप्त सूचना अनुसार घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया। जहां ताश के 52 पत्तों से जुआ खेल रहे 30 व्यक्तियों को पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपियों में कृष्णा बघेल पिता सनतराम 32 वर्ष नवीन कालोनी फरसगांव, सत्येन्द्र पिता गोकुल मण्डावी 34 वर्ष नयापारा फरसगांव, दिनेश पिता भजनराम दुग्गा 37 वर्ष कोर्रोप्लाट फरसगांव, मनीष पिता जम्मू सोनी 23 वर्ष बाजारपारा फरसगांव, श्रवण कुमार पिता रूपसिंग पाण्डे 48 वर्ष पटेलपारा बरकई, भारत सिंह पिता स्व.घासुराम पाण्डे 50 वर्ष बरकई बंधापारा, अगरलाल पिता कवल सिंह पुजारी 40 वर्ष फूफगांव प्लाटपारा, दानूराम पिता अगरूराम नेताम 35 वर्ष गट्टीपलना बडेपारा, दौलतराम पिता सुखचन्द बघेल 42 वर्ष पलोरा नयापारा, 10 भरत कोर्राम पिता बुधराम 30 वर्ष खेतरपाल बाजारपारा, राजकुमार बघेल पिता आयतुराम 38 वर्ष पलोरा नयापारा, संजय प्रधान पिता छेडूराम 35 वर्ष पलोरा खासपारा, समरथ पाण्डे पिता मंगलूराम 40 वर्ष पासंगी प्लाटपारा, दिनेश मरकाम पिता रतिराम



## जुआ खेल रहे आरोपियों के कब्जे से 1.74 लाख किया बरामद

38 वर्ष बानगांव प्लाटपारा, फागूराम सलाम पिता टीलूराम 40 वर्ष पासंगी बडेपारा, जगजीवन कश्यप पिता लखन 41 वर्ष पासंगी प्लाटपारा, मनीष कुमार संचेती पिता मानकलाल 40 वर्ष महूरबंदपारा कांकेर, हरिचन्द सिन्हा पिता हीरालाल 58 वर्ष कोकपुर कांकेर, लोकनाथ यादव पिता चमरूराम 29 वर्ष बदवर मुण्डापारा धनोरा, विनोद कुमार यादव पिता स्व.शिवलाल 33 वर्ष ब्लॉक कालोनी फरसगांव, महेन्द्र पोयाम पिता पिसाडू 40 वर्ष पासंगी खारापारा, रामप्रसाद नेताम पिता भदराम 34 वर्ष सोनाबेड़ा टाटीपारा, अमलसाय मण्डावी पिता अंधारू 40 वर्ष सोनाबेडा, विनोद कुमार पाण्डे पिता हरिनाथ 40 वर्ष पासंगी बडेपारा, रितेश कुमार यादव पिता माहरूराम 25 वर्ष बानगांव, मंशाराम कुलदीप पिता बुधराम 35 वर्ष बानगांव मंदीरपारा, पदम पाण्डे पिता सुरजूराम 36 वर्ष बुडरा सडक माकड़ी, प्रीत कुमार मरकाम पिता सोनसाय 32 वर्ष पासंगी पढ़ेपारा, सगराम मरकाम पिता सोमारूराम 43 वर्ष पासंगी प्लाटपारा एवं श्याम कुमार पोटाई पिता सुन्दरलाल 52 वर्ष गहीरवरह फरसगांव षामिल हैं। आरोपियों के कब्जे व फड़ से जुमला रकम 174000 रूपये, ताश के 52 पत्ते 01 नग चटाई को जप्ती पत्रक बनाकर गवाहों के समक्ष जप्तकर कब्जा पुलिस लिया गया और अपराध क्र.107/2023 धारा छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिशेद) अधिनियम 2022 की धारा 03 कायम कर विवेचना में लिया गया।

सम्पूर्ण कार्यवाही में निरीक्षक विजय वर्मा, उप निरीक्षक नरेश साहू, सउनि सुरेन्द्र बघेल, आरक्षक कृष्ण कुमार सोनवानी, शंकरलाल मरकाम, किरण नेताम, धनीराम सलाम, मनोज बट्टी, संदेश सोरी, प्र.आर. प्रेमलाल नाग, अग्रनाथ नाग, रोहित पोषार्य, आरक्षी सोमनाथ मंडावी एवं बालसिंह मंडावी की सराहनीय भूमिका रही।

# पुलिस अधीक्षक द्वारा लिया गया जनरल परेड

## परेड उपरांत कराया गया बलवा ड्रील का अभ्यास



**कोण्डागांव,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनरल परेड लिए जाने के साथ ही परेड उपरांत बलवा ड्रील का अभ्यास कराया गया। 24 नवम्बर 2023 को पुलिस अधीक्षक वाय अक्षय कुमार (भापुसे) द्वारा रक्षित केन्द्र चिखलपुटी में स्थित परेड ग्राउण्ड में अधिकारी, कर्मचारियों का जनरल परेड लिया गया। परेड की सलामी उपरांत उपस्थित अधिकारी, कर्मचारियों का धारण की गई गणवेश का निरीक्षण बाद प्रशिक्षण के दौरान सिखलाई गई परेड का अभ्यास कराया गया।

कानून व्यवस्था ड्यूटी को सुदृढ़ बनाने के लिये बलवा ड्रील का अभ्यास कराया गया, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की कानून व्यवस्था ड्यूटी में आने वाली बाधाओं को दूर किया जा सके तथा इस दौरान आम जनता को होने वाली अनावश्यक समस्याओं से बचाया जा सके। परेड समापन बाद पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों को संबोधित किया गया, उनकी समस्याओं से रूबरू हुए तथा समस्याओं को यथाशीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया गया तथा अधिकारी, कर्मचारियों को कर्तव्य के दौरान अनुशासन बनाये रखने तथा पुलिस एवं जनता के मध्य बेहतर समन्वय के लिये निर्देशित किया गया।

इस दौरान जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी, रक्षित निरीक्षक एवं जिला मुख्यालय के जिला बल के अधिकारी व जवान उपस्थित रहे।

# विश्रामपुरी बनियागांव बागबेड़ा में तुलसी पूजा त्योहार मनाया गया



**कोण्डागांव,** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। विश्रामपुरी बनियागांव बागबेड़ा में तुलसी पूजा का त्योहार मनाया गया। तुलसी पूजा जिसे स्थानीय बोलचाल की भाषा में देव उठनी त्योहार के नाम से जाना जाता है, बच्चों एवं शिक्षकों ने साथ मिलकर इस त्योहार को मनाया। जिला मीडिया प्रभारी शिक्षक शैलेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि प्राथमिक शाला विश्रामपुरी में उपस्थित सभी बच्चों, शाला प्रबंध समिति के सदस्यों एवं पालकों को देवउठनी तुलसी पूजा एकादशी का त्यौहार मनाने हेतु किचन गार्डन से प्राप्त गन्ने का दान संकुल समन्वयक मनोज कुमार साहू के द्वारा किया गया एवं बच्चों को देवउठनी एकादशी त्यौहार के महत्व को बताया गया। माध्यमिक शाला हल्बापारा संकुल केन्द्र विश्रामपुरी मे समस्त बच्चों, शिक्षकों और शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों के साथ बड़े ही हर्षोल्लास के साथ देव उठनी एकादशी का त्यौहार मनाया गया। सरस्वती शिशु मंदिर बनियागांव में तुलसी विवाह और बाल दिवस कार्यक्रम एक साथ मनाया गया, जिसमें शाला में अध्ययनरत बच्चे एवं संस्था में पदस्थ आचार्य उमेश यादव, महेंद्र पांडे, अशोक दास मानिकपुरी, दुबेश्वर, मनी कुमार यादव, दुर्योधन सेठिया एवं दीदी छबीला सेठिया, गौतमी कौशल, मोनिका साहू, लिलेश्वरी शोरी उपस्थित थे। उच्च प्राथमिक शाला बागबेड़ा में शाला में अध्ययनरत बच्चों एवं पदस्थ शिक्षकों केशर सारवा, गणेश कोर्राम, मंगलूराम नेताम की उपस्थिति में मनाया गया।

# भानुप्रतापपुर विधायक मंडावी ने दिखाई मानवता

## अपने काफिले को रोक सड़क दुर्घटना में घायलों को भेजा अस्पताल



**भानुप्रतापपुर,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। भानुप्रतापपुर विधायक श्रीमती सावित्री मांडवी ने आज फिर मानवता दिखाई वे ग्राम चाबेला से अपने कार्यक्रम समापन के बाद भानुप्रतापपुर वापस आ रही थी इसी बीच ग्राम संबलपुर एवं भानुप्रतापपुर के बीच दो बाइक की टक्कर हुई। उन्होंने तत्काल अपने काफिले को रोका और घायलों को वाहनों की व्यवस्था करके भानुप्रतापपुर अस्पताल भेजा।

बताया जा रहा है कि नशे में धुत्त बाइक चालक जो की मानपुर से भानुप्रतापपुर की ओर आ रहा था वहीं दूसरी ओर अपने पोते को स्कूल से अपने घर ले जा रहे दादा की बाइक से उसकी भिड़ंत हो गई जिसमें तीनों घायल हो गए। दादा और पोते को गंभीर हालत में जिला अस्पताल रेफर किया जा रहा है।

श्रीमती सावित्री मंडावी ने अपने साथ मौजूद नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी जनपद पंचायत के उपाध्यक्ष सूनाराम तेता एवं अन्य के साथ वाहनों को रोक कर उन्हें भानुप्रतापपुर अस्पताल भेजा।

## सार-संक्षेप

### मतगणना के दिन कोण्डागांव में रहेगा शुष्क दिवस

**कोण्डागांव,** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधान सभा निर्वाचन 2023 की मतगणना तिथि रविवार 03 दिसम्बर को कोण्डागांव में शुष्क दिवस रहेगा। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दीपक सोनी ने नगर पालिका कोण्डागांव क्षेत्र अंतर्गत संचालित देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान तथा एफएल 7 सैनिक कैंटीन में शुष्क दिवस घोषित करते हुए मदिरा के सम्पूर्ण संव्यवहार पर प्रतिबंद लगाया है।

### कलेक्टर ने विभिन्न क्षेत्रों के लिए निर्धारित की ध्वनि की सीमा

**कोण्डागांव,** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी दीपक सोनी द्वारा अस्पताल, शिक्षण संस्थाएं, न्यायालय, धार्मिक संस्थाओं के 100 मीटर की परिधि को शांत क्षेत्र घोषित करते हुए विभिन्न क्षेत्रों के लिए ध्वनि की सीमा निर्धारित की गई है। इसके अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्र में सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक 75 डेसीबल और रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक 70 डेसीबल, वाणिज्य क्षेत्र में सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक 65 डेसीबल और रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक 55 डेसीबल, आवासीय क्षेत्र में सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक 55 डेसीबल और रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक 45 डेसीबल तथा शांत परिक्षेत्र में सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक 50 डेसीबल और रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक 40 डेसीबल की सीमा निर्धारित की गई है। अस्पताल, शिक्षण संस्थाएं, न्यायालय, धार्मिक संस्थाएं की 100 मीटर की परिधि में पटाखे फोड़ने, प्रेशर हार्न या म्यूजिकल हार्न तथा साउंड एंपलीफायर के उपयोग पर प्रतिबंध रहेगा।

# समेली में 107 मरीजों का नि:शुल्क उपचार



**दंतेवाड़ा,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। जिले की पहुंच विहीन ग्राम समेली के ककाड़ी पारा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में विकासखंड कुआकोंडा से टीम गठित कर दल भेजा गया था। शिविर में लगभग 107 मरीज का पंजीयन किया गया। इसमें सामान्य बुखार सर्दी खांसी के मरीजों का जांच एवं उपचार किया गया।

- पहुंचविहीन गांव में स्वास्थ्य अमले की टीम
- सामान्य बुखार और सर्दी-खांसी से पीड़ित थे ग्रामीण

ग्रामीणों की नि:शुल्क लैब जांच टीवी की स्क्रीनिंग कुपोषित बच्चों का चिन्हांकन कर एनआरसी भेजने हेतु निर्देश दिए गए। गर्भवती महिलाओं का पंजीयन जांच एवं बच्चों का टीकाकरण भी शिविर में किया गया। बड़ी संख्या में स्वास्थ्य दल के गांव में पहुंचने पर ग्रामीण अत्यंत खुश नजर आए। शिविर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर संजय बसाक, सिविल सर्जन दंतेवाड़ा डॉक्टर कपिल देव कश्यप, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एस मंडल, खंड चिकित्सा अधिकारी कुआकोंडा डॉ. राजेश राय, जिला मीडिया अधिकारी अंकित सिंह, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक कुआकोंडा संग्राम सिन्हा, आरएमए भुनेश्वर वर्मा, राजेश बेहरा एवं स्वास्थ्य विभाग के समस्त पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित थे।

# कोण्डागांव में भव्य श्रीमद् भागवत कथा का समापन


## अतुल कृष्ण महाराज ने श्रीमद भागवत कथा का किया वाचन



**कोण्डागांव,** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। कोण्डागांव की पावन धरा में 17 नवंबर से 23 नवंबर तक राजहंस होटल प्रांगण में अतुल कृष्ण महाराज ने श्रीमद भागवत कथा का वाचन किया जिसका श्रवणकर श्रद्धालुजनों ने भागवत ज्ञान से अवगत हुए। 23 नवम्बर को कथा आयोजन का समापन हुआ। उक्त सात दिवसीय आयोजन में कोण्डागांव के श्रद्धालुजन बढ़ चढ़कर सम्मिलित हुए और श्री कृष्ण द्वारा द्वारा भागवत कथा के माध्यम से मानव समाज हेतु दिए ज्ञान अवगत हुए। 7 दिनों तक चले उक्त आयोजन में कलश यात्रा, कृष्ण जी की बारात, तुलसी विवाह का भव्य तरह से आयोजन किया गया। रामकथा मर्मज्ञ परम पूज्य अतुल कृष्ण भारद्वाज विज्ञान के परास्नातक के साथ-साथ इतिहास, भूगोल, राजनीति, भारतीय संस्कृति की जानकारी धाराप्रवाह वाचन कर विस्तारपुर्वक श्रोताओं को देते हैं। वहीं वेद, उपनिषद, गीता, रामायण, महाभारत आदि धर्म ग्रंथों का भारत के साथ-साथ विदेश यानि नेपाल, बर्मा, इंडोनेशिया, मॉरिषस, श्रीलंका, कंबोडिया आदि में 550 से अधिक बार वाचन कर चुके हैं। अतुल कृष्ण महाराज ने मानव जीवन के साथ विज्ञान का गहन मनन किया, फिर परम पूज्य गुरुदेव श्री विजय कोशल जी महाराज के सानिध्य में आकर रामकथा, भागवत कथा एवं यज्ञ प्रारंभ किया। आयोजनकर्ता ओमप्रकाश टावरी, जितेंद्र टावरी ने सभी श्रद्धालुजनों का आभार प्रकट कर धन्यवाद ज्ञापित्त किया।

# नक्सल साजिश विफल, तीन किलो की आईईडी बरामद

## डीआरजी और सीएएफ के संयुक्त बल को कामयाबी



**दंतेवाड़ा,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। जिले के किरन्दुल क्षेत्र में एक बार फिर पुलिस ने नक्सलियों की साजिश को विफल कर दिया है। सर्चिंग में निकली फोर्स ने बेंगपाल के पास 3 किलो का आईईडी बरामद किया है। जिले में आईजी पी. सुंदरराज, डीआईजी कमलोचन कश्यप, एसपी गौरव राय के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आर.के. बर्मन एवं एसडीओपी कपिल चन्द्रा के नेतृत्व में चलाये जा रहे नक्सली उन्मूलन अभियान के तहत यह कामयाबी मिली। डीआरजी, सीएएफ का संयुक्त बल ग्राम हिरोली, बेंगपाल की ओर एरिया डोमिनेशन, नक्सल गश्त सर्च हेतु रवाना हुआ था। इसी दौरान ग्राम बेंगपाल के पास पगडंडी में संदेहास्पद वस्तु दिखाई दिया, जिसे सावधानीपूर्वक चेक करने पर कमांड आईईडी लगभग 3 किलो होना पाया गया! जिसे डिस्पोजल हेतु सावधानीपूर्वक सुरक्षार्थ कब्जे में लिया गया।

# श्रीविधि ने बनाई दंतेवाड़ा में हरित क्रांति की राह आसान

**दंतेवाड़ा,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा जिले में जैविक किसानी को बढ़ावा देने जिला प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है। कलेक्टर विनीत नंदनवार ने इस दिशा में समयबद्ध आधार पर कार्य योजना बनाकर जैविक उत्पादन में वृद्धि के लिए क्षेत्र के किसानों को प्रेरित किया। पहली बार जिले में श्रीविधि तकनीक से धान की रोपाई हुई और अब वैज्ञानिक मापदंड के हिसाब से कटाई के बाद फसल उत्पादन का आंकलन किया जा रहा है। जिले के लगभग 1 हजार 84 किसानों के खेतों में जाकर फसल कटाई का यह प्रयोग हो रहा है। इसके आधार पर आगामी वर्ष के लिए और बेहतर कार्य योजना बनेगी।

जिले में इन दिनों कृषि और राजस्व अमला खेतों में किसानों के बीच पहुंच रहा है। धान कटाई की तकनीकी विधि से किसानों को अवगत कराते हुए धान से धनवान बनने का रास्ता भी सुझाया जा रहा है। आदिवासी बहुल और वनोपज केन्द्रित दंतेवाड़ा जिले में जैविक उत्पादन को बढ़ावा देने का यह शानदार प्रयास है। खरीफ फसल में श्रीविधि की सहायता से धान की फसल की रोपाई की गई थी। इसका प्रमुख उद्देश्य प्रति हेक्टयर धान की उत्पादकता को बढ़ाना था। इस विधि में पौधा से पौधा और कतार से कतार की दूरी 25 सेंटीमीटर रखी गई, जिससे पौधों को पर्याप्त मात्रा में हवा, पानी और भोजन उपलब्ध हो सके। इसमें कंसों की संख्या बढ़ने के साथ ही खरपतवार की संभावना कम हो गई। जिला प्रशासन की मंशा से राजस्व व कृषि विभाग द्वारा जिले के 1 हजार 84 किसानों के खेतों में जाकर फसल कटाई का प्रयोग किया जा रहा है। इससे उपज में वृद्धि या कमी का वास्तविक आंकलन किया जा सकेगा।



- जैविक उत्पादन को बढ़ावा देने जिला प्रशासन की अभिनव पहल
- वैज्ञानिक पद्धति से कटाई में जुटा कृषि और राजस्व अमला
- 1 हजार से ज्यादा किसानों के खेतों में खुद पहुंच रहे अफसर

इसके अलावा श्रीविधि द्वारा लगभग 3 सौ किसानों के यहां भी पटवारी और ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी की सहायता से फसल कटाई प्रयोग का काम प्रगति में है। कृषि विभाग के उप संचालक सूरज पंसारी स्वयं अपने अमले के साथ दंतेवाड़ा ब्लाक के बड़े कमेली गांव में पहुंचे थे। यहां जैविक उत्पादन के तहत धान की लोकटीमाछी किस्म की फसल ली गई। पांच गुणा पांच के आधार पर धान कटाई का प्रयोग राजस्व विभाग के साथ उन्होंने किया। सरपंच का यह खेत था। धान कटाई के बाद उसकी मिसाई की गई और कितना धान का उत्पादन हुआ, उसका आंकलन कर प्रति क्विंटल के हिसाब से उसकी गणना होगी। प्राप्त परिणाम के आधार पर आगामी वर्ष के लिए श्रीविधि को और क्षेत्र में बढ़ाने के लिए कार्य योजना भी तैयार की जाएगी। उप संचालक श्री पंसारी के मुताबिक सामान्य फसल कटाई प्रयोग से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर अगर उत्पादन में कमी आती है तो उसकी भरपाई फसल बीमा योजना अंतर्गत होगी। क्षति पूर्ति राशि संबंधित किसान के खाते में देय होगी। इस बार पिछले वर्ष की तुलना में ज्यादा किसानों को फसल बीमा का लाभ दिलाने जिला प्रशासन का फोकस है। कुल मिलाकर दंतेवाड़ा जिला हरित क्रांति की राह पर अग्रसर हो रहा है। जैविक जिले के रूप में दंतेवाड़ा की पहचान बन चुकी है। प्रमाणीकरण की प्रक्रिया पूर्ण होने के साथ ही किसानों को जैविक उत्पादन में बेहतर लाभ होगा और उनकी रूचि बढ़ेगी। इससे जिला लगातार किसानी के क्षेत्र में प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा।

उल्टा पुल्टा

एक बार संतू ट्रेन में सफर कर रहा था।
ट्रेन में बहुत भीड़ होने की वजह से वो एक गंजे आदमी की गोद में बैठ गया।
**आदमी (गुस्से में)** - हां, हां! मेरे सिर पर आकर बैठा जा।
**संतू**- नहीं, अंकल मैं यहीं ठीक हूं, वहां से फिसल कर गिरने का डर है।

# गुरू नानक जयंती पर खालसाई शान से निकला नगर कीर्तन





**रायपुर**, 24 नवंबर (देशबन्धु) ।श्री गुरुनानक देव के प्रकाशपर्व के उपलक्ष्य में आज गुरुव्दरा स्टेशन रोडसे भव्य नगर कीर्तन खालसाई शान से निकला ।नगर कीर्तन जिस भी मार्ग से निंकला नागरिकों व्यापारियों राहगीरों ने पंजप्यारे व गुरुपालकी का बडी श्रद्धा व आत्मीयता से स्वागत किया ।

नगर किर्तन दोपहर 1ः30 बजे गुरुव्दरा स्टेशन रोडसे अरदास पश्चात गुरुव्दरा स्टेशन के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंग छाबडा ने श्री गुरुग्रंथ साहेब की सवारी लेकर पालकी साहेब गाडी में सवार की ।जिससे पूरा वातावरण गुरुमयी हो गया और बोलेसोनेहाल सतश्री के उद्घघोष से पुरी संगत जयकारों से गुंज उठा। नगर किर्तन के आगे आगे बच्चे खुली जिप में नंगाडा बजाते हुए चल रहे थे। उसके पीछे पंजाब से आयी गतका टीम के हैरतअंगेज करतब देख लोग दातोंतले उंगली दबा रहे थे । नहर पारा पुज्य पंचायत, तेलघानी नाका मे आनंद चोपकर, छतीसगढ पंजाबी सनातन सभा आकाश विग पार्षद रितेष त्रिपाठी, कुलदीप जुनेजा हैदर अली कैट व चेम्बर आफ कामर्स से अमर परवानी, ललित जैसिंघानीं गुरप्रीत बाबरा, आमापाराचौक मे सोनू सलुजा, बजरंग खंडेलवाल आश्रम के पास छतीसगढ प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के महासचिव तेजिंदर सिंह होरा अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष महेंद्र सिंग छाबडा, कल्याण सिंग छतीसगढ आटो केयर के पास सुभाष धुप्पड; धुप्ब गुरूबख्श छाबडा,मारुती बिजनेस पार्क राजा मोटर, तेजिंदर सिंग अनुपम गार्डन नेंकी की दीवार वार में मनिंष चंदानी आमानाका गुरुव्दरा कमेंटी ने नगर कीर्तन का स्वागत किया।

गुरुव्दरा प्रबंधक कमेंटी के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंग छाबडा सचिव तेजिंदर सिंग होरा ने आज नगर कीर्तन में सहयोग के लिए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन व व्यापारी नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया हैद्य उन्होंने इस दौरान किसी को हुई असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया है।

## नगर कीर्तन शोभायात्रा का कैट व सिंधी काउंसिल ने किया भव्य स्वागत



गुरुनानक जयंती पर आयोजित नगर कीर्तन शोभायात्रा का कैट टीम ने भव्य स्वागत किया गया।इस दौरान राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी ने प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष परमानन्द जैन एवं प्रदेश महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह एवं युवा टीम के पदाधिकारी मौजूद रहे।



सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई द्वारा आज गुरुनानक जयंती पर निकली नगर कीर्तन शोभायात्रा का स्वागत तेलघानी नाका चौक में किया गया।इस दौरान प्रसाद का वितरण किया गया। साथ में पंच प्यारो को माला पहनाकर एवम गुरु से मथा टेक कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ व उनकी टीम मौजूद रही।

# कोहरे के कारण सारनाथ एक्सप्रेस तीन महीने तक कई दिन रहेगी रद्द

**रायपुर**, 24 नवंबर (देशबन्धु) ।उत्तर पूर्व रेलवे के द्वारा छपरा-दुर्गङ्कछपरा सारनाथ एक्सप्रेस को 2 दिसम्बर, 2023 से 29 फरवरी, 2024 के बीच कुछ तिथियो में इस गाड़ी को कोहरे के अग्रिम आशंका के कारण रद्द किया जाएगा।

**रद्द होने वाली गाड़ी**

15159 छपरा-दुर्ग सारनाथ एक्सप्रेस को दिसम्बर-2023 में 2, 4, 6, 9,11, 13, 16, 18, 20, 23, 25, 27, एवं 30 दिसम्बर को, जनवरी -2024 माह में 1, 3, 6, 8, 10, 13, 15, 17, 20, 22, 24, 27, 29 एवं 31जनवरी, को फरवरी माह में 3, 5, 7, 10, 12, 14, 17, 19, 21, 24, 26 एवं 28 फरवरी ,को रद्द रहेगी ।



15160 दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस दिसम्बर माह में 3,5, 7, 10, 12, 14, 17, 19, 21, 24, 26, 28 एवं 31 को रद्द रहेगी। जनवरी माह में 2 4, 7, 9, 11,14 16,18, 21, 23, 25, 28 एवं 300 को रद्द रहेगी ।फरवरी माह में 1, 4, 6, 8, 11, 13, 15, 18, 20, 22, 25, 27 एवं 29 को रद्द रहेगी।

**गोंदिया-बरौनी एक्सप्रेस को किया गया रिस्टोर**

अधोसंरचना विकास हेतु मंडल के चंदिया रोड स्टेशन में तीसरीकरण लाइन कमीशनिंग हेतु प्री एनआई व एनआई का कार्य किया जा रहा है । इस कार्य के फलस्वरुप 24 नवम्बर से 5 दिसम्बर तक गाड़ी संख्या 15231/15232 गोंदिया-बरौनी-गोंदिया एक्सप्रेस को रद्द किए जाने की सूचना प्रसारित की गई थी ।यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये रेलवे प्रशासन द्वारा इस गाड़ी को उपरोक्त अवधि में रिस्टोर करते हुये इसका परिचालन परिवर्तित मार्ग कटनी-जबलपुर-नैनपुर-बालाघाट होकर चलने का निर्णय लिया गया है ।उपरोक्त अवधि में ये गाड़ी कटनी-जबलपुर-नैनपुर-बालाघाट होकर अपने निर्धारित समयानुसार चलेगी।

# बिना लाइसेंस सौंदर्य सामग्री बेचने पर कार्रवाई, 12 लाख की दवाइयां जब्त

**रायपुर**, 24 नवंबर (देशबन्धु) । रायपुर ।खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम शुक्रवार को जिले में अलग-अलग जगह पर बिना औषधि अनुज्ञप्ति के

**खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने मारा छापा**

एलोपैथिक औषधीयां बेचने की शिकायत पर छापेमारी की है। इस कार्रवाई में बिना ड्रग लाइसेंस के अनाधिकृत रूप से एलोपैथिक औषधीय बेचने वाले फर्मों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए कुल लगभग 12.50 लाख रुपये की दवाइयों को जब्त किया गया।





इन दवाइयों में पैंडर्म क्रीम, बेटनोवेट क्रीम, स्किन शाइन क्रीम आदि औषधि शामिल है। इन औषधियों को इन फर्मों के द्वारा बिना लाइसेंस के बेचा रहा था। इन औषधियों के बिना डॉक्टर की सलाह के उपयोग से स्किन कैंसर या स्किन के अन्य बीमारी के होने की संभावना रहती है। जिसे इन फ़र्मों के द्वारा अनाधिकृत रूप से विक्रय किया जा रहा था।

जिन फर्मों में कार्रवाई की गई उनमें अग्रवाल कास्मेटिक्स नयापरा, न्यू जगनमल बंजारी रोड, शिव शक्ति स्टोर डुमरतराई रायपुर शामिल हैं। टीम के द्वारा दवाइयों की जांच के लिए सैंपल भी लिया गया है। विभाग के द्वारा इन औषधियों के सप्लायर के संबंध में विवेचना की जा रही है। कार्रवाई में औषधि निरीक्षक डॉ. परमानंद वर्मा, लक्ष्मी वर्मा, डॉ टेकचंद धीरहे, नीरज साहू, हंसा साहू समेत अन्य शामिल रहे।

# उदंती में बाघों को ढूंढने लगाए जाएंगे नई तकनीक के कैमरे

## अधिकारियों को दी जा रही विशेष ट्रेनिंग

**रायपुर**, 24 नवंबर (देशबन्धु) । साल भर से उदंती सीतानदी अभ्यारण्य में बाघ नहीं दिखा है ।अब बाघ ढूंढने अभ्यारण्य को 4 भागों में बांटा गया है। प्रत्येक भाग में एक बार में 250 कैमरे लगाए जाएंगे। इसको लेकर नई तकनीक से लैस कैमरे के जरिए निगरानी और ढूंढने 150 अधिकारी कर्मचारी को अभ्यारण्य के उपनिदेशक ने प्रशिक्षण दिया।

**बाघ की संख्या नहीं के बराबर**

उदंती सीता नदी अभ्यारण्य में अब बाघ की संख्या नहीं के बराबर है। 13 दिसंबर 2022 को अंतिम बार मादा बाघ अभ्यारण्य के कैमरे में कैद हुआ था। फिर फरवरी 2023 में केवल मल मिला था ।लेकिन बाघ कही नजर नहीं आया। बाघ विहीन माने जा रहे इस अभ्यारण्य के लिए फेस 4 की यह गणना अहम माना जा रहा है ।प्रशासन को उम्मीद है कि टाइगर एस्टीमेशन 4 से बाघ की मौजूदगी दिखेगी।



ऑल इंडिया टाइगर एस्टीमेशन फेस 4 के तहत बाघ और अन्य वन्य प्राणी की गणना के लिए नई तकनीकी से लैस कैमरे से कैसे निगरानी व खोज की जाएगी।

इसकी ट्रेनिंग अभ्यारण्य के 150 कर्मी और अफसरों को कोयबा इको सेंटर में ट्रेनिंग दी गई। उदंती सीतानदी अभ्यारण्य के उपनिदेश वरुण जैन ने अपने तकनीकी मास्टर ट्रेनर ओम प्रकाश राव के साथ मिल कर कैमरे लगाए जाने से लेकर उसके ऑपरेटिंग सिस्टम और समय पर डाटा कलेक्शन की विस्तृत जानकारी दिया ।पिछली बार 18 ट्रेप कैमरे की चोरी हुई थी ।इस बार बचने के लिए इस्तेमाल हुए तकनीकी के बारे में भी बताया कि अब चोरी से कैसे बचाएंगे।

सुरक्षा गत कारणों का हवाला देकर हुए इस तकनीकी को अफसर ने सार्वजनिक नहीं किया।

## रोजाना कलेक्ट किया जाएगा कैमरे का डाटा

बताया गया कि अभ्यारण को चार भागों में बांटा गया है. गूगल अर्थ में निर्धारित प्रत्येक ग्रिड पर दो कैमरे लगाएंगे ।प्रत्येक भाग में 25 दिन के लिए 250 कैमरे लगाए जाएंगे ।कैमरे का डाटा रोजाना कलेक्ट किया जाएगा। प्रत्येक भाग में 25 दिन के ट्रेपिंग के बाद 7 दिनों तक साइन सर्वे और लाइन सर्वे भी साथ-साथ किया जाएगा।

# कर्मचारियों और पेंशनर्स के डीए-डीआर की नोटशीट पर मुख्यमंत्री ने किए दस्तख़त

**जारी होगा आदेश**

**रायपुर**, 24 नवंबर (देशबन्धु) । छत्तीसगढ़ के अधिकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स को जुलाई से बकाया डीए-डीआर भुगतान के आदेश जल्द जारी होंगे। गुरुवार देर रात राजस्थान से लौटने के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हस्ताक्षर कर दिए हैं। आज देर रात आदेश जारी होने की उम्मीद की जा रही है।



बता दें कि चुनाव आयोग की अनुमति के बाद वित्त विभाग ने मुख्यमंत्री बघेल को नोटशीट भेज दी थी। कल रात राजस्थान से लौटने के बाद बघेल ने हस्ताक्षर कर दिए हैं। भुगतान के आदेश वित्त विभाग से आज जारी हो जाएगा। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि जुलाई से एरियर्स के साथ मिलेगा या एक माह का। इससे पहले सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रदेश में कार्यरत आईएएस, आईपीएस और आईएफएस अफसरों को 1 जुलाई से 4 प्रतिशत महंगाई भत्ते के भुगतान के आदेश जारी कर दिया है। इससे छत्तीसगढ़ में कार्यरत करीब चार सौ से अधिक अफसरों को फायदा होगा। यह भुगतान पांच माह के एरियर्स के साथ दिसंबर के वेतन से किया जाएगा। इस आदेश के हवाले से राज्य के अधिकारी कर्मचारियों ने भी उम्मीद जताई है कि उन्हें भी जुलाई से एरियर के साथ पेमेंट होगा।

# पदोन्नति में आरक्षण, सरकार को लगा झटका, हाईकोर्ट ने खारिज की मांग

**रायपुर**, 24 नवंबर (देशबन्धु) । पदोन्नति में आरक्षण के मामले में राज्य सरकार को हाईकोर्ट से झटका लगा है ।राज्य सरकार की ओर से आरक्षण पर लगी रोक के आदेश में संशोधन या फिर उसे रद्द करने की मांग को हाईकोर्ट ने खारिज कर दी है ।मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा और एन.के. चंद्रवंशी की डिविजनल बेंच में हो रही है। पिछली सुनवाई में हाईकोर्ट ने सुनवाई पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रखा था।



राज्य सरकार ने 22 अक्टूबर 2019 को प्रदेश में प्रमोशन पर आरक्षण के लिए नोटिफिकेशन जारी किया था ।इस नोटिफिकेशन के तहत प्रथम से चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को पदोन्नति में आरक्षण का लाभ देने की बात कही गई थी ।इसमें अनुसूचित जाति को 13 फीसदी, अनुसूचित जनजाति के लिए 32 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था की गई है।

जारी नोटिफिकेशन में स्पष्ट किया गया था कि यह आरक्षण प्रथम श्रेणी के पदों से प्रथम श्रेणी के उच्च वेतनमान के पदों पर पदोन्नति होने, द्वितीय श्रेणी के पदों से प्रथम श्रेणी के पदों पर पदोन्नति और तृतीय श्रेणी के पदों पर पदोन्नत होने पर दिया जाएगा। राज्य सरकार के इस अधिसूचना के खिलाफ रायपुर के एस. संतोष कुमार ने अधिवक्ता योगेश्वर शर्मा के माध्यम से हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए जनहित याचिका लगाई ।याचिका में राज्य शासन द्वारा जारी किए गए नोटिफिकेशन को निरस्त करने की मांग की करते हुए कहा गया, कि राज्य सरकार का यह फैसला सुप्रीम कोर्ट के आदेश और आरक्षण नियम के विपरीत है।

हाईकोर्ट ने याचिका पर सुनवाई के बाद प्रदेश सरकार द्वारा जारी अधिसूचना पर रोक लगा दी थी। 2 दिसंबर 2019 को शासन की तरफ से महाधिवक्ता सतीशचंद्र वर्मा ने अधिसूचना तैयार करने में गलती होना स्वीकार किया था ।इस गलती को सुधार करने के लिए कोर्ट ने एक सप्ताह का समय दिया था। इस पर कोई खास अमल नहीं होने पर तात्कालीन चीफ जस्टिस पीआर रामचंद्र मेनन और जस्टिस पीपी साहू की खंडपीठ ने अधिसूचना पर रोक लगा दी थी, और सरकार को नियमानुसार दो महीने में फिर से नियम बनाने के आदेश दिया था।

## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव बोले

# किसान भाजपा के साथ बनेगी सरकार

**रायपुर**, 24 नवंबर (देशबन्धु) ।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव का बड़ा बयान सामने आया है। उन्होंने कहा इस बार प्रदेश का किसान भाजपा के साथ खड़ा है। छत्तीसगढ़ में एक बार फिर साव ने भाजपा सरकार बनने की बात को भी दोहराया है।



साव ने मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि प्रदेश के सभी 90 विधानसभा सीटों के प्रत्याशी और पदाधिकारियों से बात हो रही है। भाजपा छत्तीसगढ़ में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। प्रदेश की महिलाओं और किसानों का भाजपा को साथ मिला। उन्होंने पार्टी विरोधी गतिविधियों पर जुड़े एक सवाल के जवाब में कहा कि भाजपा में अनुशासन हीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समीक्षा में जहां भी शिकायत आएगी कड़ी कार्रवाई होगी।

## कांग्रेस ने बनाया कर्जदार

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने केवल किसानों को कर्ज में डुबाने का काम किया। कांग्रेस ने किसानों का शोषण किया, धोखा दिया। एक हाथ से देकर दो हाथ से लूटने का काम कांग्रेस ने किया। जिसकी नाराज़गी भी देखने को मिली है, सूबे में किसान इस बार भाजपा के साथ है।

# भावी विधायकों पर पार्टियों की नजर

## खरीद-फरोख्त का सता रहा है डर

**रायपुर**, 24 नवंबर (देशबन्धु) । विधानसभा चुनाव के नतीजे आना बाकी है ।इसके बावजूद कांग्रेस और भाजपा दोनों सरकार बनाने का दावा कर रही हैं ।वही दूसरी उन्हें अपने भावी विधायकों की खरीद-फरोख्त की चिंता भी सता रही है। पार्टियों को आंतरिक सर्वे में जिस तरह की रिपोर्ट मिल रही है, उससे वे बहुमत के आसपास पहुंच रही हैं। जिस भी पार्टी के सामने बहुमत के लिए कुछ विधायक की कमी रहेगी, वह खरीद-फरोख्त का खेल कर सकती है।

**कांग्रेस 75 पार तो भाजपा 55 सीटों पर जीत के साथ सरकार बनाने दावा कर रही**

यही कारण है कि दोनों पार्टियां जीतते नजर आ रहे प्रत्याशियों की अभी से घेरेबंदी करने में लग गई हैं। उन्हें अकेला नहीं छोड़ने की पूरी कोशिश कर रही हैं। पार्टी सूत्रों के अनुसार भावी विधायक किससे मिल रहे हैं, किनके संपर्क में हैं, इस पर पैनी नजर रखी जा रही है। प्रदेश की कुल 90 सीटों में बहुमत के लिए 46 सीटें जीतनी होंगी ।मतदान से मिले रुझान के अनुसार इस बार कांग्रेस और भाजपा के बीच कड़ा मुकाबला है। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस 75 पार तो भाजपा 55 सीटों पर जीत के साथ सरकार बनाने का दावा कर रही है।

**पार्टियां कर सकती है खरीद-फरोख्त**

राजनीतिक प्रेक्षकों के अनुसार प्रदेश में तीसरे मोर्चे के रूप में उभरीं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जकांछ), बहुजन समाज पार्टी (बसपा), आम आदमी पार्टी (आप) और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (गोंगपा) को भी दो-तीन सीटें मिल सकती हैं। निर्दलीय प्रत्याशी भी एक-दो सीटें निकाल सकते हैं। यदि ऐसा होता है तो 46 का आंकड़ा छूने के लिए पार्टियां इनकी खरीद-फरोख्त कर सकती हैं।

# संविदा कर्मियों का संकट बरकरार

**रायपुर**, 24 नवंबर (देशबन्धु) । नियमितिकरण की मांग को लेकर 3 जुलाई से 2 अगस्त तक हड़ताल करने वाले प्रदेश के संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी इन दिनों मुश्किल में हैं। क्योंकिए जीएडी के आदेश के बावजूद इन्हें अब तक हड़ताल अवधि का वेतन नहीं मिला है। प्रदेश के करीब 15 जिलों के सीएमएचओ ने वेतन जारी करने की बजाए एनएचएम विभाग के एमडी को पत्र लिख दिया है कि इन्हें वेतन दिया जाए या नहीं और इस पत्र के जवाब में एनएचएम विभाग की ओर से ना तो जवाब दिया गया हैए और न ही इनकार किया गया है। उधर प्रदेश के करीब आधे जिलों के सीएमएचओ जीएडी के आदेश को मानते हुए हड़ताल अवधि के वेतन को जारी कर दिया है। जिन जिलों में हड़ताल अवधि का वेतन जारी नहीं हुआ है उसमें रायपुर जिला भी शामिल हैं। कर्मचारियों का आरोप है कि मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी ने जीएडी के आदेश को ताक पर रख कर वेतन रोक रखा है। जबकि इससे पहले भी संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने हड़ताल की थी और उनके आंदोलन काल को शून्य घोषित करते हुए वेतन देने का आदेश जारी हुआ था।

# रविवि में तीन दिवसीय राष्ट्रीय रसायन सम्मेलन शुरू

## वैज्ञानिकों ने नवाचार प्रयोग और खोज पर दिया जोर




**रायपुर,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के रसायन अध्ययनशाला की ओर से तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया है। 21वीं राष्ट्रीय सम्मेलन आन सरफेसटेंटए इमालसन एंड बायोकोलाइड का उद्घाटन विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन के कुलपति प्रो अखिलेश पांडेय ने किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में इस प्रकार के महत्वपूर्ण सम्मेलनों की बहुत आवश्यकता है। नवीन अनुसंधानों के निष्कर्षों का उपयोग प्रदेश तथा देश के हित में करना चाहिए। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा तथा नई शिक्षा नीति पर जोर दिया। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए पीआएसयू के कुलपति डाण् सच्चिदानंद शुक्ल ने बताया कि यह सम्मेलन शोधकर्ताओं के लिए सतह रसायन विज्ञान और प्रोद्योगिकी के क्षेत्र में नवीनतम प्रगति पर अद्यतन रहने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। उन्होंने दर्शन के साथ रसायन को जोड़ने पर जोर दियाए यह सम्मेलन ऊर्जा रूपातंरण, उत्प्रेरक, स्वास्थ्य देखभाल, नैनोप्रोद्योगिकी, सामग्री विज्ञान और पर्यावरण संरक्षण, फार्मास्यूटिकल्स विषयों के अनुसंधान की दिशा में मार्गदर्शन करेगा। इंडियन सोसाइटी आफसरफेस साइंस एंड टेक्नोलाजी, कोलकाता के अध्यक्ष प्रो असित बरन मंडल ने सोसाइटी के अनुसंधान एवं विकासात्मक गतिविधियों की जानकारी दी। सोसायटी के सचिव प्रो सौमेन घोष ने सोसायटी की रिपोर्ट प्रस्तुत किया।

**विज्ञान के इतिहास और प्रयोग के बारे में चर्चा किया**

आयोजन समिति के अध्यक्ष तथा रसायन अध्ययनशाला के विभागाध्यक्ष प्रो कल्लोल घोष ने सम्मेलन के उद्देश्य तथा इसमें होने वाले वैचारिक आदान.प्रदान के लाभ के बारे में बताया।मुख्य वक्ता इंडियन कैमिकल सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष प्रोदुलाल चन्द्र मुखर्जी ने कोलाइब विज्ञान के इतिहास तथा प्रयोग के बारे में चर्चा किया।

**50 शोध छात्रों ने पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया**

इसमें विशेष रूप से भारतीय विज्ञान संस्थान बैंगलोर के वैज्ञानिक प्रोण् पार्थ सारथि मुर्खजी विद्यासागर विश्वविद्यालय के प्रो अमिय कुमार पाण्डा दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो पी वेकेंटश भाभा परमाणु केन्द्र मुंबई के वैज्ञानिक डा पी हसन भारतीय प्रोद्यौगिकी संस्थान के वैज्ञानिक प्रो ताराशंकर पाल ने अलग.अलग विषयों पर व्याख्यान दिया।

अन्त में लगभग 50 शोध छात्रों ने पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया। तकनीकी सत्र के पश्चात रसायन अध्ययनशाला के छात्र.छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

# बड़े मंदिर में अठारहवें तीर्थंकर भगवान अरहनाथ का ज्ञान कल्याणक महोत्सव मनाया गया



**रायपुर,** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। श्री आदिनाथ दिगंबर जैन बड़ा मंदिर पंचायत ट्रस्ट मालवीय रोड रायपुर में अष्टाह्निका पर्व पर आज दिनाँक 25/11/2023 दिन शुक्रवार कार्तिक शुक्ल द्वादशी वीर निर्वाण संवत 2550 को 18 वे तीर्थंकर श्री अरहनाथ भगवान का ज्ञान कल्याणक महामहोत्सव पारंपरिक श्रद्धा व भक्तिभाव से मनाया गया ट्रस्ट कमेटी के उपाध्यक्ष श्रेयश जैन बालू ने बताया कि आज जैन संप्रदाय के 24 तीर्थंकर में से एक 18 वे तीर्थंकर भगवान अरहनाथ का जन्म हस्तिनापुर में राजा सुदर्शन एवं रानी मित्रसेना के परिवार में हुआ था आज भगवान अरहनाथ जी का ज्ञान कल्याणक दिवस है आज के दिन कड़ी तपस्या संयम त्याग के बाद भगवान अरहनाथ को केवल ज्ञान की प्राप्ति हुई थी इसी अवसर पर आज बड़े मंदिर में सुबह 8 बजे श्रीजी का अभिषेक एवं रिद्धि सिद्धि प्रदाता लघु शांतिधारा की गई आज के प्रथम अभिषेक का सौभाग्य प्रणीत जैन को प्राप्त हुआ आज की रिद्धि सिद्धि प्रदाता शांति धारा करने का सौभाग्य ऋषि जैन को प्राप्त हुआ तत्पश्चात भगवान की आरती पूजन एवं ज्ञान कल्याणक पूजाकर अर्घ चढ़ाया गया इस अवसर पर आज श्रेयश जैन बालू सुजीत जैन ऋषि जैन प्रणीत जैन समित जैन पलक जैन एवं बड़ी संख्या महिलाए उपस्थित थी

चर्या शिरोमणि आचार्य विद्या सागर महाराज जी का विहार डोंगरगढ़ स्थित चंद्रगिरी तीर्थ से कुछ दिनों पूर्व तिल्दा नेवरा के लिए हुआ है तिल्दा में पीले पत्थरो से निर्मित नवनिर्मित दिगम्बर जैन मंदिर का पंचकल्याणक महामहोत्सव एवं गजरथ महोत्सव दिनाक 9 दिसंबर से 15 दिसंबर तक होना तय हुआ है इस अवसर मंदिर समिति के सदस्यों ने ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंच कर धर्म लाभ लेने की अपील की है। कल दिनाक 26/11/2023 शनिवार को सुबह 6 बजे आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर पंचायत ट्रस्ट मालवीय रोड रायपुर से धर्म प्रेमी बंधु आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के आहार विहार दर्शन करने हेतु जायेंगे।

# छत्तीसगढ़ नगर में 15 से 18 दिसंबर तक गायत्री महायज्ञ

**रायपुर,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। गायत्री प्रज्ञा पीठ संतोषी नगर एवं रायपुर महानगर के गायत्री परिजनों के सहयोग से दिनांक 15 दिसम्बर से 18 दिसम्बर तक दशहरा मैदान, छत्तीसगढ़ नगर, टिकरापारा के पास रायपुर में आयोजित होने वाले 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण पुस्तक मेला, भव्य प्रदर्शनी, विविध संस्कार एवं दीपयज्ञ हेतु भूमिपूजन 24 नवंबर शुक्रवार को सम्पन्न हुआ।



### 51 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के लिए हुआ भूमिपूजन

महायज्ञ संचालन संयोजक रामकृष्ण साहू ने बताया कि अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा आचार्य एवं माता भगवती देवी शर्मा ने मानव में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण के लिए गायत्री मंत्र साधना और यज्ञ कर्म को आवश्यक माना है। गायत्री मंत्र साधना से मनुष्य के बुद्धि क्षमता का अनंत विस्तार होता है, वहीं पर पूर्ण श्रद्धा और विधि सम्मत किया हुआ महायज्ञ से पर्यावरण का परिष्कार संवर्धन एवं समाज में सांस्कृतिक एकता, समरसता और भाई चारे का वातावरण निर्मित होता है। उक्त महायज्ञ संचालन शांतिकुंज हरिद्वार के ऋषिपुत्रो द्वारा संपन्न होगा। 15 दिसंबर को सद्गुरू ज्ञान गंगा, सद्ग्रंथ शोभा यात्रा मंगल जल-कलश यात्रा, 16 से 18 दिसंबर तक प्रतिदिन प्रात: 8 बजे ध्यान साधना प्रज्ञा योग व प्रात: 8.30 से गायत्री महा-यज्ञ, दोपहर 1 से दोपहर 2.30 बजे तक भोजन प्रसाद व कार्यकर्ता गोष्ठी, दोपहर 3 से 5.30 प्रज्ञा पुराण कथा शाम 5.30 से 7 तक प्रवचन होगा तथा पूर्णाहुति 18 दिसंबर को होगी। इस महायज्ञ में सभी संस्कार नि:शुल्क होगें जिसका समय पूर्व पंजीयन आवश्यक है।

# जिले में कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित

**रायपुर** 24 नवंबर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ सर्वेश्वर भुरे ने रायपुर जिले में चिन्हित क्षेत्रों के 100 मीटर की परिधि को कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया है। जारी निर्देश के अनुसार इसके अंतर्गत समस्त शासकीय, अशासकीय हॉस्पीटल, समस्त शासकीय अशासकीय शैक्षणिक संस्थान, जिला एवं सत्र न्यायालय तथा अन्य न्यायालय और मंत्रालय, संचालनालय, तथा समस्त शासकीय कार्यालय चिन्हित क्षेत्रों में शामिल होंगे। इनके 100 मीटर के परिधि को कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है। इसमें भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन के हॉस्पीटल, शैक्षणिक संस्थान एवं कार्यालय शामिल होंगे। माननीय उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़ के द्वारा जारी अन्तरिम आदेश के परिपालन में शिक्षण संस्थानों की शैक्षणिक गतिविधियों, वृद्धजनों, नि:शक्तजनों, बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य तथा लोक शांति को ध्यान में रखते हुए, कोलाहल नियम 1985 तथा ध्वनि प्रदुषण नियम 2000 में प्रदत्त शक्तियों के तहत कोलाहल प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया गया है।

# असीम दास व सिपाही भीम सिंह यादव की सात दिन बढ़ी रिमांड

**रायपुर,** 24 नवंबर। छत्तीसगढ़ में महादेव सट्टा एप कारोबार से जुड़े आरोपी असीम दास और उसके साथी दुर्ग पुलिस के कांस्टेबल भीम सिंह यादव 14 दिन की न्यायिक रिमांड खत्म होने के बाद आज कोर्ट में सुनवाई हुई। विशेष न्यायधीश अजय सिंह राजपूत की कोर्ट में सुनवाई के बाद पुन: 7 दिनो की न्यायिक रिमांड बढ़ाई गई है। अब दुबारा 1 दिसंबर को दोनों आरोपियों को पेश किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक आज हुई बहस में आरोपी असीम दास द्वारा लिखे गए लेटर को उसके वकीलों ने कोर्ट में पेश किया है। आज उसी लेटर के आधार पर कोर्ट में बहस हुई है। इससे पहले कल दुर्ग पुलिस के कांस्टेबल भीम सिंह यादव के वकील ने बेल के लिए याचिका लगाई थी। जिसकी सुनवाई अब 1 दिसंबर को होनी है। असीम दास का प्रवर्तन निदेशालय के संचालक को लिखा एक कथित हस्तलिखित पत्र सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है।

### महादेव ऐप सट्टा मामला

असीम दास ने करीब 10 पेज का भारी भरकम पत्र लिखकर अपनी आप बीती कही हैए कथित पत्र में उसने शुभम सोनी उर्फ पिंटू और उसके साथियों द्वारा षड़यंत्रपूर्वक फंसाए जाने की बात कही है। उसके द्वारा किसी भी कांग्रेस के नेता या कार्यकर्ता को पैसे देने से इंकार किया गया है।

# भाजपा ने दुहराई बीजापुर कलेक्टर को मतगणना से पृथक रखने की मांग

**रायपुर,** 24 नवंबर। भारतीय जनता पार्टी ने बीजापुर कलेक्टर राजेन्द्र कटारा को मतगणना के कार्य से पृथक करने की अपनी मांग दुहराई है। भाजपा ने प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को इस आशय का एक पत्र सौंपकर बीजापुर के कलेक्टर राजेंद्र कटारा के विरुद्ध पक्षपातपूर्ण कार्रवाई करने और अपना झुकाव कांग्रेस व कांग्रेस प्रत्याशी के प्रति प्रदर्शित करने का गंभीर आरोप लगाया है।

भाजपा सांसद, चुनाव घोषणा पत्र समिति के संयोजक व पाटन विस क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी विजय बघेल, पूर्व मंत्री व बीजापुर विस क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी महेश गागड़ा, मतदान समिति के प्रदेश संयोजक विजयशंकर मिश्रा, विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक बृजेश पांडेय और प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी ने शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को पत्र सौंपकर बताया कि विधानसभा चुनावों की घोषणा के पूर्व से ही बीजापुर कलेक्टर राजेन्द्र कटारा की भूमिका पूरी तरह से पक्षपातपूर्ण रही है और उनका झुकाव हमेशा कांग्रेस पार्टी एवं कांग्रेस के प्रत्याशी की ओर रहा है। इसकी शिकायत समय-समय पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा की गई है। पत्र में बीजापुर कलेक्टर पर दिनांक 6 अक्टूबर को कांग्रेस का प्रचार करने, 27 अक्टूबर को स्थानीय विधायक का सहयोग करने व उनके निर्देशों के अनुसार कार्य करने, 2 नवंबर को पक्षपातपूर्ण व्यवहार करने, 10 नवंबर को ईवीएम मशीनों के क्रमांक प्रदान नहीं किए जाने को लेकर भाजपा ने शिकायतें की हैं, परंतु उन पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। भाजपा ने आरोप लगाया कि डीआरओ से बूथवार मतदान से संबंधित दस्तावेज मांगे जाने के बावजूद कलेक्टर ने आज तक वे दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए हैं। भाजपा नेताओं ने इस बात को भी गंभीर बताया है कि कलेक्टर और रिटर्निंग ऑफिसर को हटाने के पहले ही दिए जा चुके आवेदन पर भारत निर्वाचन आयोग ने इन अधिकारियों को नहीं हटाया। यह सब गड़बड़ी जिला निर्वाचन अधिकारी (कलेक्टर) के द्वारा ही की जा रही है।

भाजपा नेताओं ने कहा कि मॉक पोलिंग को जीरो किए बिना ईवीएम मशीन में मतदान आगे कर दिया गया, यह रिटर्निंग ऑफिसर ने पत्र भेजा है। लगातार ऐसे कृत्यों के बाद भी मतगणना के कार्य में उनका लगे रहना पूर्णत: पक्षपातपूर्ण व अनुचित होगा। बीजापुर के कलेक्टर कांग्रेस प्रत्याशी के निवास स्थान पर प्राय: देखे जाते हैं, कांग्रेस प्रत्याशी के साथ घंटों बैठकर चाय-नाश्ता व गुफ्तगू करते हुए उन्हें देखा जा सकता है। भाजपा नेताओं ने आशंका व्यक्त की है कि डीआरओ के निर्देश पर आरओ मतगणना की निर्धारित पूरी प्रक्रिया किए बिना आयोग को प्रक्रिया पूरी करने की सूचना दे सकते हैं। ऐसी स्थिति में विशेषकर बीजापुर विधानसभा के मतगणना की पूरी वीडियो रिकॉर्डिंग भी करवाई जाए। भाजपा ने कलेक्टर राजेंद्र कटारा को मतगणना के कार्य से तत्काल पृथक करने और उनके स्थान पर मतगणना की पूरी प्रक्रिया तक अन्य डीआरओ की नियुक्ति की मांग की है।

# राजधानी के डेंटल कालेज में प्राध्यापकों की कमी

**रायपुर,** 24 नवंबर। प्रदेश के एकमात्र शासकीय डेंटल कालेज के पेडोडोंटिक्स ;बाल दंत चिकित्सा विभाग में प्रोफेसर नहीं होने की वजह से एमडीएस के छात्र भटक रहे हैं। छात्रों ने इसकी शिकायत प्राचार्य से मुलाकात कर की है। वहींए प्रोस्थोटिक्स विभाग में नियम विरुद्ध एक की जगह दो प्रोफेसर नियुक्त हैं। दूसरे प्रोफेसर को सैलरी पेडोडोंटिक्स विभाग में रिक्त प्रोफेसर के पद की दी जा रही है। प्रदेश के इकलौते शासकीय डेंटल कालेज में पीजी के दो नए कोर्स पेडोडोंटिक्स और पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री शुरू किए गए हैं। डेंटल काउंसिलिंग आफइंडिया डीसीआइ से पेडोडोंटिक्स में पीजी की तीन सीटों की मान्यता मिलने के बाद छात्रों का एडमिशन भी कर लिया गया है। प्रोफेसर की नियुक्ति नहीं होने की वजह से विगत तीन माह से पढ़ाई शुरू नहीं हो पाई है। बताया जाता है कि पेडोडोंटिक्स विभाग में प्रोफेसर की नियुक्ति नहीं होने पर छात्रों को डिग्री नहीं मिल पाएगी। साथ ही रिसर्च और थीसिस का कार्य भी नहीं हो पाएगा। विशेषज्ञों का कहना है कि पेडोडोंटिक्स एक ऐसा विभाग है जहां जन्म से किशोरावस्था तक बच्चों को संपूर्ण दंत चिकित्सा देखभाल प्रदान की जाती है। इसमें विशेष स्वास्थ्य देखभाल की आवश्यकता वाले बच्चे भी शामिल हैं। स्नातकोत्तर छात्रों को बहुत छोटे बच्चों और विशेष बच्चों की देखभाल सहित उन्नत बाल दंत चिकित्सा के सभी पहलुओं में प्रशिक्षित किया जाता है।

### विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित

**एक माह का मांगा था समय**

डेंटल कालेज के डाक्टरों का कहना है कि एक प्रोफेसरए एक रीडर और दो लेक्चरर होने पर ही विभाग में पीजी सीट की मान्यता मिलती है। डीसीआइ सदस्यों के निरीक्षण के दौरान प्राचार्य ने एक माह के भीतर प्रोफेसर की नियुक्ति करने का समय मांगा था। लेकिन तीन माह बीत जाने के बाद भी प्रोफेसर की नियुक्त नहीं हो पाई है।

# भाटागांव बेटी बचाओ मंच ने आंवला नवमी में किया वर्ष के श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान



**रायपुर,** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। बेटी बचाओ मंच भाठा गांव के पदाधिकारियो ने ढेबर सिटी गार्डन में आंवला नवमी का आयोजन किया। प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा, भाठागांव के प्रभारी नीलम खान तथा अध्यक्ष नामिता राठौर ने आंवला नवमी के महत्व को प्रतिपादित किया। उक्त अवसर पर वर्ष 2023 में किए गए अच्छे कार्यों के लिए नामिता राठौर तथा रूपाली पाल श्रेष्ठ कार्यकर्ता अवार्ड से सम्मानित हुए । पुरस्कार के रूप में प्रशस्ति पत्र तथा आकर्षक गिफ्ट प्रदान किया गया । संचालन रूपाली अग्रवाल तथा आभार ज्योति राजपूत ने किया। कार्यक्रम में रिया कुलकर्णी, सष्मिता नंदा, आरती शिवहरे सहित पदाधिकारी व सदस्य गण शामिल थे।

# विप्र धेनु सुर संत हित, लिन्ह मनुज अवतार : राजेश्री महन्त

## दोंदे कला में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण में सम्मिलित हुए राजेश्री महन्त महाराज



**रायपुर,** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज रायपुर के समीप स्थित दोंदे कला में साहू परिवार के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण में सम्मिलित हुए। व्यास पीठ पर विराजित आचार्य कृष्ण चंद्र दुबे वृंदावन वासी का शाल श्रीफल से उन्होंने स्वागत किया,आचार्य जी ने व्यास पीठ की आसंदी से महाराज जी से आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर श्रोताओं को अपना आशीर्वचन प्रदान करते हुए राजेश्री महन्त जी महाराज ने कहा कि- भगवान परम ब्रह्म परमात्मा ने संसार में धर्म की स्थापना एवं अधर्म का नाश करने हेतु मनुष्य का शरीर धारण किया। श्री रामचरितमानस में गोस्वामी तुलसीदास जी महाराज ने लिखा है कि- विप्र धेनु सुर संत हित, लिन्ह मनुज अवतार। निज इच्छा निर्मित तनु, श्री माया गुण गोपार।। व्यास पीठ पर विराजित आचार्य जी ने कहा कि किसी भी यज्ञ की पूर्णता का द्योतक उस यज्ञ में संत महात्माओं का उपस्थित होना है, महात्मा भगवान के बहुत करीब होते हैं, इसलिए उनके दर्शन मात्र से पुण्य की प्राप्ति होती है। आज बड़े सौभाग्य की बात है कि हमारे बीच में पूज्य गुरुदेव जी हम सभी को दर्शन देने के लिए पधारे हैं। आयोजक परिवार ने पूज्य गुरुदेव जी का चरन पखार कर स्वागत सत्कार किया। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से पूर्व राज्यसभा सदस्य श्रीमती छाया वर्मा, डॉक्टर अशोक साहू, डॉक्टर ममता साहू, मीडिया प्रभारी निर्मल दास वैष्णव सहित आयोजन परिवार के लोग एवं श्रोतागण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# वृध्द, बुजुर्ग, बीमार जीवित प्रमाण पत्र के लिए भटक रहे : विजय झा

**रायपुर,** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। देश एवं प्रदेश के सेवानिवृत्ति शासकीय कर्मचारियों को पेंशन प्राप्त करने के लिए प्रतिवर्ष नवंबर माह में जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की व्यवस्था भारतीय स्टेट बैंक द्वारा बनाई गई है। इस व्यवस्था से बुजुर्ग, बीमार लोगों को बैंकों का चक्कर काटना पड़ रहा है। कर्मचारी नेता एवं आम आदमी पार्टी के प्रवक्ता विजय कुमार झा ने बताया है कि यदि एसबीआई है तो सीधे वहां जमा करना होता है अन्य बैंक हो तो अन्य बैंकों से हस्ताक्षर कराकर एसबीआई में जमा करना होता है। देश या प्रदेश के कानून हमेशा हास्यास्पद नजर आते हैं। एक चोर को रोकने के लिए लाखों ईमानदार लोगों को बैंकों का चक्कर काटना पड़ रहा है,कि देखो भैया मैं जिंदा हूं। यह जीवित प्रमाण पत्र सभी लोगों से लेने की बजाय यदि जो पेंशनर दिवंगत होगा स्वभाविक है उसके परिवार सदस्य खुद सूचित करेंगे की निधन हो गया है। सूचना के साथ मृत्यु प्रमाण पत्र भी जमा करेगा। एक चोर को रोकने के लिए लाखों ईमानदार लोगों को परेशान किए जाने की नीति एसबीआई की है। इस पर तत्काल रोक लगना चाहिए। यह देश का दुर्भाग्य है कि कोई व्यक्ति हाथ जोड़कर सामने खड़ा होकर गिड़गिड़ाता है, कि देखो भैया मैं जिंदा हूं। एसबीआई को चाहिए कि सबको नियमित रूप से पेंशन मिले। जो दिवंगत होंगे उनके परिवार वालों की जिम्मेदारी है कि बैंक में जाकर सूचित करें। न करने पर दि एटीएम व पेटीएम से पैसा आहरण करने पर पुलिस केस भी होता है। 420 का केस बनाकर जेल भी जाना पड़ता है। लेकिन एक बेईमान के कारण लाखों ईमानदारों को गिड़गिड़ाने के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए। इस पर आरबीआई एवं एसबीआई विशेष ध्यान दें।

## निधन

### प्रेमबाई साहू

**पलारी,** 24 नवंबर। पलारी निवासी श्रीमती प्रेमबाई साहू उम्र (75 वर्ष) का आकस्मिक निधन गुरुवार रात्रि को हो गया। वे सेवानिवृत शिक्षक देवप्रसाद साहू की पत्नी और मोतीलाल साहू की मां थी। उनके अंतिम संस्कार में भारी संख्या में लोग शामिल हुए।



### डॉ. सोमनाथ साहू

**महासमुंद,** 24 नवंबर। स्थानीय अयोध्या नगर वार्ड नंबर 3 निवासी डॉ. सोमनाथ साहू 85 वर्ष का इलाज के दौरान 23 नवंबर को रायपुर में निधन हो गया। अंतिम संस्कार 24 नवंबर को महासमुंद में किया गया। वे संतोष, सचिन साहू के पिता थे।

### मुरारी दास

**जगदलपुर,** 24 नवंबर। शहर के शिवमंदिर वार्ड निवासी मुरारी दास बाणकार (75) का शुक्रवार को निधन हो गया। पिछले कुछ दिनों से वे अस्वस्थ्य थे। कुछ दिन पहले ही उन्हें उपचार के लिए जिला महारानी अस्पताल में भर्ती किया गया था। आज दोपहर लगभग 2 बजे निवास में अंतिम सांस ली। वे उत्कल समाज के फाउंडर मेम्बर थे। सामाजिक कार्यो में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे। वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र असीम दास व अचिंत्य दास समेत भरापूरा परिवार छोड़ गए। अंतिम संस्कार प्रवीर वार्ड खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम में देर शाम किया गया। जिसमें परिजन समेत उत्कल समाज के बड़ी संख्या में लोग और शहर के गणमान्य सम्मलित हुए।



### सुकालू लोधी

**आरंग,** 24 नवंबर। केवशी लोधीपारा आरंग निवासी सुकालू लोधी (उम्र 73 वर्ष) का आकस्मिक निधन 23 नवम्बर को हो गया। वे महावीर, महादेव, ईश्वर, अश्वनी, प्रहलाद, ध्रुव लोधी के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा में नगर एवं समाज के लोग शामिल हुए।



### चंद्रिका प्रसाद शर्मा

**भिलाईनगर,** 24 नवंबर। मुकुट नगर दुर्ग निवासी चंद्रिका प्रसाद शर्मा का 81 वर्ष की उम्र में 23 नवम्बर को सेक्टर-9 अस्पताल में निधन हो गया। वे देवेंद्र शर्मा तथा श्रीमती रंजना चौबे के पिता तथा स्मृति सोसाइटी के अध्यक्ष राजीव चौबे के ससुर थे। इनकी अंतिम यात्रा 24 नवम्बर को 11 बजे उनके मुकुट नगर निवास से शिवनाथ नदी दुर्ग के लिये निकाली गई। जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया।



# रेलवे में अनिश्चितकालीन हड़ताल की तैयारी, गुप्त मतदान से फैसला

**रायपुर,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। आल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन व संयुक्त मोर्चा के पुरानी पेंशन योजना बहाल करो के आह्वान पर बिलासपुर जोन के तीनों मंडल बिलासपुर रायपुर एवं नागपुर अनिश्चितकालीन हड़ताल के लिए गुप्त मतदान किया गया। साउथ ईस्ट सेंट्रल रेलवे श्रमिक यूनियन के महामंत्री मनोज बेहरा के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में कर्मचारियों ने हिस्सा लिया और अपना मत अनिश्चितकालीन हड़ताल के पक्ष में किया।




कर्मचारियों में नई पेंशन स्कीम के खिलाफ आक्रोश दिख रहा है। मतदान हड़ताल के पक्ष में शत-प्रतिशत कर्मचारियों ने मतपत्र पर हड़ताल के पक्ष में वोट किया। एक जनवरी 2004 से नियुक्ति पाने वाले सभी कर्मचारियों पर नई पेंशन स्कीम लागू की गई है। इसका कर्मचारियों द्वारा विरोध किया जा रहा है। बिलासपुर मंडल के सभी कार्यालय के सामने यूनियन के पदाधिकारी की उपस्थिति में मतदान हुआ।

श्रमिक यूनियन के सभी शाखा अध्यक्ष, सचिव एवं केंद्रीय पदाधिकारी ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभागों के कार्य स्थल पर रेल कर्मचारी के बीच पहुंचकर गुप्त मतदान सरकार द्वारा पुरानी पेंशन स्कीम लागू नहीं करने की स्थिति में स्वेच्छा से अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने के निर्णय के पक्ष में मतदान किया। बिलासपुर मंडल शहडोल, अनूपपुर, उमरिया, रायगढ़ खरसिया, रनिंग शाखा, इंजीनियरिंग शाखा कार्मिक शाखा मैकेनिकल शाखा, विद्युत शाखा, लेखा विभाग, वाणिज्य, परिचालन शाखा रेल कर्मचारियों में बड़ी संख्या में इस अभियान में शामिल हुए। यह जानकारी श्रमिक यूनियन के मंडल संयोजक सी नवीन कुमार ने दी।

# डेढ़ सौ के लालच में महिला ने गंवाए साढ़े14 लाख रुपए

**रायपुर,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। सिविल लाइन इलाके में एक महिला साइबर ठगी की शिकार हो गई। साइबर ठगों ने उन्हें वाट्सऐप पर मैसेज करके घर बैठे वेबसाइट में रिव्यू करने पर 150 रुपए देने का झांसा दिया था। महिला आसानी से शातिर ठग की बातों में आ गई। शुरुआत में ठगों ने उन्हें कुछ राशि दिया। इसके बाद 16 बैंक खातों में 14.45 लाख की राशि जमा करवाकर नहीं लौटाया। ठगी की शिकार महिला की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफअपराध दर्ज कर लिया है। आरोपितों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। सिविल लाइन थाना पुलिस के मुताबिक सेक्टर एक शंकरनगर निवासी सुदीप्ती राय पति कौशल किशोर 29 के मोबाइल में 12 अक्टूबर को एक वाट्सएप मैसेज आया था। जिसमें महिला को अलग.अलग वेबसाइड पर रिव्यू करने का झांसा देकर प्रति रिव्यू 150 रूपये देना और घर बैठे पैसे कमाने की जानकारी दी। महिला को विश्वास में लेने शातिर ठगों ने तीन हजार रुपए के बदले सात हजार 800 रुपए भी उसके खाते में भेजा। इससे महिला का साइबर ठगों पर भरोसा बढ़ता गया। ठगों ने 16 बैंक खातों में कुल 14 लाख 45 हजार रुपए जमा करवाया दूसरी ओर साइबर ठगों ने उनसे राशि बढ़ा.बढ़ा कर जमा करवाना शुरू कर दिया। जैसे ही महिला ने 10 हजार रुपए जमा कियाए उसके बदले बढ़ी राशि नहीं मिली।इसके बाद राशि लौटाने के नाम पर साइबर ठगों ने 16 बैंक खातों में कुल 14 लाख 45 हजार रुपए जमा करवा लिया और राशि वापस नहीं किया। तब महिला को साइबर ठगी होने का एहसास हुआ। उन्होंने तत्काल सिविल लाइन थाने में शिकायत की।




**वेबसाइट में रिव्यू करने पर रुपये देने का दिया झांसा**

# रविशंकर शुक्ल विवि में अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की मांग

**रायपुर,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। एनएसयूआई प्रदेश महासचिव निखिल वंजारी ने पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय परिसर में डा.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने की माँग को लेकर कुलसचिव को ज्ञापन दिया है।



भारतीय संविधान के जनक व भारत रत? ?न से विभूषित डा.भीमराव अंबेडकर आधुनिक भारत के समाज सुधारक,एक सफल अर्थशास्त्री, दूरदर्शी नेता व भारत के प्रथम कानून मंत्री थे। जिनकी योगदान राष्ट्र के लिए अभूतपूर्व, अविश्वसनीय व अद्भुत है।पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में पूरे प्रदेश का सबसे बड़ा विधि अध्ययनशाला स्थित है।इसलिए विश्वविद्यालय परिसर में संविधान निर्माता, भारत रत्न डा.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित की जाए।

# 'साथी परियोजना' में चेंबर की होगी अहम भूमिका

**रायपुर,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। इंदिरा गाँधी कृषि विश्व विद्यालय रायपुर में साथी परियोजना के क्रियान्वयन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक संचालक अनुसंधान सेवाऐं इंदिरा गाँधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर की अध्यक्षता में हुई। जिसमे चेंबर अध्यक्ष अमर पारवानी की अध्यक्षता में चेंबर का प्रतिनिधि मंडल शामिल हुआ।

श्री पारवानी ने बैठक की जानकारी देते हुए बताया नाफेड द्वारा कृषको की आय दोगुना करने, आत्म निर्भर भारत को बढ़ावा देने तथा मेक इन इंडिया को बढावा देने के दृष्टिकोण से साथी परियोजना संपूर्ण भारत मे प्रारम्भ की गई है। योजना अंतर्गत संपूर्ण भारत के प्रत्येक जिले मे साथी बाजार स्थापित किये जावेगें। यह सभी साथी बाजार आपस मे एक दूसरे से नेटवर्क के माध्यम से जुड़े रहेगें।

योजना के संचालन हेतु राज्य स्तर पर कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता मे तथा जिलो मे कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि योजना के संचालन के लिए राज्य एवं जिला स्तरीय समिति मे छत्तीसगढ चैम्बर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों को शामिल किया जावेगा। राज्य के प्रत्येक जिले में जिला मुख्यालय के उपयुक्त स्थल पर तीन से पांच एकड भूमि पर साथी बाजार स्थापित किये जावेगें। साथी बाजार के संचालन हेतु प्रत्येक जिले मे दस हजार महिलाओ का किसान उत्पादक कंपनी के रूप में गठन राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से किया जावेगा। प्राथमिक रूप से मिलेट्स उत्पादों के साथ स्थानीय उत्पादों को प्रत्येक साथी बाजार में स्थान दिलाने चेंबर सहयोगात्मक भूमिका निभाएगा। साथ ही मॉर्डन रिटेल आउटलेट, फूड कोर्ट, एंटरटेनमेन जोन, एग्रीमॉल, कृषि सहायता केन्द्र, माइको फाइनेंस, इंश्योरेंस सेंटर, ट्रेनिंग सेंटर, दराज बाजार, ब्यूटीपार्लर, टेली मेडिसिन सेंटर, जेनरिक मेडिसिन सेंटर, संजीवनी केन्द्र, डेयरी फेडरेशन, प्याज संग्रहण यूनिट, कोल्ड स्टोरेज एवं अन्य उद्यम चैम्बर ऑफ कॉमर्स के सहयोग से खोले जावेगें। योजना का व्यापक प्रचार प्रसार हेतु सभी संभागो मे छत्तीसगढ़ चैम्बर ऑफ कॉमर्स द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। श्री पारवानी ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार के सहयोग से क्रियान्वित होने वाली च्साथी परियोजनाज्ज राज्य के कृषको एवं उद्यमियो के लिये गेम चेन्जर योजना साबित होगी।



**कृषको एवं उद्यमियो के लिये गेम चेन्जर योजना साबित होगी : अमर पारवानी**

# प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। प्रतिबंधित नशीली टेबलेट सिरप की अवैध रूप से खरीदी.बिक्री एवं अवैध रूप से इस व्यवसाय में संलिप्त लोगों की पतासाजी कर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है। जिस पर समस्त पुलिस राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों सहित एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट टीम द्वारा कार्य योजना तैयार कर इस पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाने हेतु मुखबीर लगाकर लगातार पेट्रोलिंग व सूचना संकलन कर अवैध रूप से नशीली टेबलेट सिरप का व्यवसाय करने वाले के कारोबारियों के संबंध में सूचना एकत्रित की जा रही है। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट अंतर्गत गठित नारकोटिक्स सेल की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना पंडरी क्षेत्रांतर्गत मोवा स्थित ओव्हरब्रीज के नीचे सांई चबूतरा के पास एक व्यक्ति अपने पास प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहा है। प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट एवं थाना प्रभारी पंडरी को सूचना की तस्दीक कर आरोपी को प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के साथ रंगे हाथ पकड़ने निर्देशित किया गया। जिस पर एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट एवं थाना पंडरी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताए हुलिये के व्यक्ति की पतासाजी कर चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम समीर उर्फ गुड्डू नायक निवासी सड्डू विधानसभा रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसके पास रखे थैले की तलाशी लेने पर थैले में स्पासमों नामक प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखा होना पाया गया। उक्त प्रतिबंधित नशीली टेबलेट रखने बिक्री करने के संबंध में वैध दस्तावेज या अन्य कागजात प्रस्तुत करने कहने पर उसके द्वारा किसी भी प्रकार का कोई वैध दस्तावेज या कागजात प्रस्तुत न कर टीम को लगातार गुमराह करने का प्रयास किया जा रहा था। जिस पर आरोपी समीर उर्फ गुड्डू नायक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1440 नग स्पासमों प्रतिबंधित नशीली टेबलेट जुमला कीमती लगभग 50,000ध् रूपये जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना पण्डरी में धारा 22;सी नारकोटिक एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया। आरोपी समीर उर्फगुड्डू नायक पूर्व मे भी चोरी के प्रकरण में थाना विधानसभा से जेल निरूद्ध रह चुका है।



# तुलसी शालिग्राम विवाह प्रसंग की खुशियां बिखरी

**रायपुर,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। देवउठनी एकादशी पर गुरुवार को तुलसी शालिग्राम जी का विवाह जैतूसाव मठ में पूरे विधि विधान से संपन्न कराते हुए सामाजिक जीवन के लिए यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि विवाह केवल रस्म नहीं होता बल्कि संस्कार होता है जो देवकाल से चला आ रहा है। विवाह के प्रसंग पर गन्ने का मंडप व फूलों के वंदनवार से पूरा परिसर सजाया गया था। भगवान को तेल हल्दी लगाया गयाएनए परिधान के साथ विशेष रूप से श्रृंगार किया गयाएदीपक की रौशनी की गईएमहिला मंडली द्वारा विवाह गीत संगीत की प्रस्तुति दी गईएखीर पूड़ी व नैवेद्य इत्यादि का भोग लगाया गया। खुशी के इस मौके पर मौजूद लोगों ने एक दूसरे को बधाईयां दी। पूरे परिसर में खुशियों का उमंग व उत्साह देखते ही बन रहा था। भगवान का विवाह संपन्न हो जाने के साथ अब सामाजिक रूप से विवाह का मुहूर्त प्रारंभ हो गया। विवाह के इस पूजन आयोजन में प्रमुख रूप से अजय तिवारी, महेन्द्र अग्रवाल,पुजारी सुमित तिवारी, दीपक पाठक,मुंसी धनेन्द्र सिह, रोहित चौबे, शैल अग्रवाल, शालिनी अग्रवाल व बडी संख्या में जन मान्य उपस्थित थे।



**जैतूसाव मठ में देवउठनी एकादशी पर**

# देवर ने भाभी के साथ किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। रिश्ते शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है जहां देवर ने भाभी के साथ दुष्कर्म कर जान से मारने की धमकी भी दी यह घटना लगभग चार माह पहले की है पीड़िता ने लोक लाज और आरोपी के डर से घटना के संबंध में पिछले चार माह से किसी को जानकारी नहीं दी थी आखिरकार हिम्मत जुटाकर थाने में शिकायत की है पीड़िता ने अपने शिकायत में बताया है कि करीब 4 महीने पहले वो घर पर अकेली थी इस दौरान उसके दूर का रिश्तेदार लल्ला उर्फभूपेन्द्र साहू उसके घर पहुंचा उसे अकेला देखकर देवर की नीयत बिगड़ गई फिर उसके साथ दुष्कर्म किया इसके बाद आरोपी ने पीड़िता को डराया धमकाया और घटना की जानकारी किसी से कहने पर पति और बच्चों को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी पीड़िता ने लोक.लाज और आरोपी के डर से उस समय घटना के संबंध में किसी को कुछ नहीं बताई लेकिन वो काफी तनाव में थी इसके बाद उसने हिम्मत कर परिजनों को घटना की जानकारी दीए तब जाकर घर वालों के कहने पर महिला ने गुरुवार को नवापारा थाना पहुंचकर आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई गोबरा नवापारा थाना प्रभारी आशीष राजपूत ने बताया कि महिला की शिकायत पर अपराध दर्ज कर ली गई है मामला करीब 4 महीने पुराना है आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है पुलिस आगे की कार्रवाई के बाद आरोपी को जेल भेज दिया है

# डिग्री गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं ने सीखा कौशल विकास

**रायपुर,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायपुर में कौशल विकास कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय की लगभग 400 छात्रों ने विविध कलाकृति जैसे कछुआ,स्वागत पट्टी,दीपतालिका सैंधव कालीन बैल आदि का निर्माण सुंदर ढंग से किया । कार्यक्रम की प्रशिक्षिका श्रीमती निवेदिता पांड्या कलाकृति विशेषज्ञ एवं एवं सोनाली वैद्य के नेतृत्व में कार्यक्रम पूर्णता को प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन इतिहास विभाग शासकीय दूधाधारी बजरंग महिला महाविद्यालय रायपुर के तत्वावधान में आयोजित किया गया।



कार्यक्रम की सफलता पर प्राचार्य डॉक्टर किरण गजपाल ने कहा कि कौशल विकास कार्यक्रम छात्राओं के कला को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। कार्यक्रम के संयोजक डॉ शंपा चौबे रही।कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ सरिता दुबे, डॉ महेंद्र सार्वा, डॉ नितिन पांडे, शुभम दिव्य सहित महाविद्यालय परिवार का योगदान रहा है। महाविद्यालयीन छात्राओं ने कौशल विकास द्वारा सीखी गई विविध कलाकृतियों को अपने जीवन का महत्वपूर्ण अध्याय माना। भविष्य में इस प्रकार का कार्यक्रम आयोजित करने आग्रह किया।

# आदर्शनगर मोवा में 28 से होगी संगीतमय शिव महापुराण कथा

**रायपुर,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी के महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड क्रमांक 10, आदर्श नगर मोवा, वीआईपी करिश्मा अपार्टमेंट के पीछे नौ दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन आगामी 28 नवंबर से 6 दिसंबर के बीच किया जा रहा है। शिव महापुराण कथा का वाचन अमलीपदर जिला गरियाबंद श्रीजगन्नाथ मंदिर के आचार्य पं. श्रीयुत युवराज पाण्डेय की वाणी से होगा। शिवमहापुराण कथा के आयोजक समाजसेवी सुनील शर्मा और शुभा शर्मा हैं।



इस आयोजन की तैयारी शुरू हो गई है, कथा स्थल में विशाल मंडप लगाया जा रहा है।जहां पांच हजार लोगों की बैठने की व्यवस्था रहेगी। एलईडी स्क्रीन की भी व्यवस्था रहेगी, वहीं महिला और पुरूषों के अलग-अलग बैठक व्यवस्था बनाई जा रही है। कथा प्रतिदिन दोपहर 12 से शाम 5 बजे के बीच होगी। कथा के पहले दिन भव्य कलश यात्रा 28 नवंबर की सुबह 8 बजे निकाली जाएगी।जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिलाएं शामिल होंगी।

नौ दिवसीय इस संगीतमय शिवमहापुराण कथा के आयोजन को लेकर वार्डवासियों में खासा उत्साह है। तीन दिन पहले से ही वार्डवासियों ने कथा स्थल में श्रमदान कर आयोजन की तैयारी प्रारंभ कर दी है। पूरे वार्ड समेत कथा स्थल में विशाल गेट बनाया जा रहा है, वहीं होर्डिंग्स, बैनर, पोस्टर से पूरे वार्ड को सजाया जा रहा है।

आयोजक शर्मा परिवार ने सभी श्रद्धालुओं को कथा का श्रवण के लिए निमंत्रण कार्ड के जरिए आह्वान किया है। कथा स्थल में प्रतिदिन प्रसाद वितरण किया जाएगा।

# राजधानी में कुत्ता काटने के रोज 25 से ज्यादा मामले

**रायपुर,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। राजधानी के पाश इलाकों से लेकर झुग्गी बस्तियों तक कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। इसे लेकर निगम प्रशासन गंभीरता नहीं दिखा रहा है। अंबेडकर अस्पताल, जिला अस्पताल और निजी अस्पतालों के आंकड़े बताते हैं कि रोजाना 20 से 25 नए मामले डाग बाइट के देखे जाते हैं। निगम द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार प्रतिदिन 16 कुत्तों का बधियाकरण किया जाता है। ऐसे में जितना बधियाकरण हो रहा है उस संख्या से रोजाना आठ से दस लोग अतिरिक्त डाग बाइट के मामले आ रहे हैं। कुत्तों से लोग परेशान हो रहे हैं। लोगों का इलाज का खर्च और परेशानियां दोनों ही बढ़ रही हैं।



**बधियाकरण सिर्फ 16 का**

**हर बार दुर्घटना के बाद जागते हैं अफसर**

राजधानी में बीते दिनों गुलमोहर पार्क में हुई डाग बाइट की घटना कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई बार इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं। निगम का अमला जब कोई घटना घटती हैए तभी जागता है उसके बाद फिर सुस्त गति में चला जाता है।

**निदान 1100 पर कर सकते हैं काल**

शहर में कुत्तों के बधियाकरण का कार्य निगम के अलावा निजी एनजीओ भी कर रहे हैं। आप भी इस तरह की समस्या से परेशान हैं तो निगम को निदान 1100 पर भी इसकी जानकारी दे सकते हैं। इसका त्वरित निराकरण करने का दावा निगम द्वारा किया जा रहा है।

## अभियान में तेजी लाई जाएगी

हमने टीम को निरंतर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया है। टीम जशिकायतों से लेकर अपनी ओर से भी श्वानों को पकड़कर उनका बधियाकरण करने के अलावा बीमार होने पर उनका इलाज करवाती है। फिर भी इस अभियान में तेजी लाई जाएगी, ताकि भविष्य में किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो।

**- नागभूषण राव, अध्यक्ष स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, रायपुर**

# फ्री में गन्ना नहीं देने पर मारपीट

**रायपुर,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। देवउठनी एकादशी के दिन शहर में सहक किनारे पूजा का सामान और गजा बेच रहे एक फुटकर व्यापारी से मारपीट हो गई। बदमाशों ने मुफ्त में गन्ना की मांग कर मना करने पर गाली गलौज कर मारपीट की। हरीश साहू ने पुलिस को बताया कि वह रावांभाठा बजारी नगर में रहता है। जो गुरुवार को तुलसी पूजा पर शुकवारी बाजार बजारी नगर में सड़क किनारे गन्ना और पूजा का सामान बेच रहा था। त्यौहार था इसलिए ग्राहकों की भीड़ भी था। इसी दौरान शाम आकाश मलिक, सागर, रवि मलिक वहां पर आ गए और तीनों फ्री में गढ़ा की मांग करने लगे। जिस पर हरीश साहू के मना करने पर आकाश और उसके साथी तू हमें गला देने से मना कर रहा है कह कर माली गलौज करने लगे। जिसका विरोध करने पर उसने हरीश को हाथ मुक्का और डण्डे से पीटाई कर दी इसकी रिपोर्ट हरीश ने खमतराई थाना में की। पुलिस ने शिकायत पर आरोपी आकाश मलिक और उसके साथी के खिलाफ294, 506, 323, 34 का अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया है।

# भारत-आस्ट्रेलिया के बीच चौथा टी 20 मैच में 1 हजार जवान रहेंगे तैनात

**रायपुर,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में इंडिया वर्सेज आस्ट्रेलिया के बीच। 1दिसंबर को टी.20 का चौथा मैच खेला आएगा। क्रिकेट प्रेमियों के लिए मैच टिकट का ऑनलाई काउटर पेटीएम एवं पेटीएम इनसाइडर में शुरूआत हो गई। दिसम्बर में खेले जाने वाले मैच के लिए पेटीएमएप पर आकर अपना टिकट ऑनलाइन बुक कर सकते है। मैच के लिए 3500 से टिकट की शुरू किया गया है। वहीं छात्रों के लिए हजार रूपए का एक टिकट रखा गया है। वे ऑफलाइन के माध्यम से सरदार बलबीर सिंह इंडोर स्टेडियम बुढापारा से टिकट प्राप्त कर सकेंगे। इसकी शुरूआत 28 नवंबर से होगी। इसके लिए स्टेडियम में 6 काउटर होंगे। परसदा स्टेडियम में एक दिसंबर को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। 2 आईजी, 3 डीईजी, 8 एसपी, 16 एएसपी,30 डीएसपी, और 80 टीआई स्तर के अधिकारियों समेत 1 हजार पुलिस अधिकारी जवान सुरक्षा में तैनात रहेंगे। पूरी सुरक्षा के प्रभारी आईजी रायपुर रेंज रतनलाल डागी को बनाया गया।

उल्टा पुल्टा

एक बार संतू ट्रेन में सफर कर रहा था। ट्रेन में बहुत भीड़ होने की वजह से वो एक गंजे आदमी की गोद में बैठ गया।

**आदमी (गुस्से में)** - हां, हां! मेरे सिर पर आकर बैठा जा।

**संतू**- नहीं, अंकल मैं यहीं ठीक हूं, वहां से फिसल कर गिरने का डर है।

# मतगणना के लिए मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण





**दुर्ग,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन के मतगणना अधिकारियों को प्रशिक्षित किए जाने हेतु 24 नवंबर को मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण बीआईटी दुर्ग के सभाकक्ष में आयोजित किया गया, जिसमें 29 मास्टर ट्रेनर्स उपस्थित हुए।

प्रशिक्षण में अशवनी देवांगन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी ;प्रशिक्षण द्वारा सभी मतगणना अधिकारियों को निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ मतगणना कार्य को संपादित करने, समस्त प्रपत्रों को सावधानी से भरने तथा जीरो एरर के साथ किस प्रकार कार्य किया जाना हैए इसके व्यवहारिक पक्षों पर विस्तार से जानकारी दी गई। राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स डॉ विकास पंचाक्षरी एवं अंजय तिवारी द्वारा डाकमत पत्रों की गणना, इटीपीबीएस से प्राप्त मतों, ईव्हीएम से प्राप्त मतों एवं व्हीव्ही पैट पर्चियों की गणना की प्रक्रिया तथा गणना के पश्चात् सीलिंग की कार्यवाही किस प्रकार की जानी है। इसके साथ-साथ भारत निर्वाचन आयोग के नवीनतम आदेश निर्देशों से अवगत कराया गया। जिला स्तर पर प्रशिक्षित इन 29 मास्टर ट्रेनर्स द्वारा बीआईटी दुर्ग में 28 नवंबर को प्रात: 10 बजे से ईव्हीएम से प्राप्त मतों की गणना हेतु नियुक्त 130 गणना पर्यवेक्षक, 130 गणना सहायक, 130 माइक्रोआब्जर्वर तथा डाकमतों की गणना हेतु नियुक्त 48 सहायक रिटर्निंग अधिकारी, 48 गणना पर्यवेक्षक, 48 गणना सहायक.01, 48 गणना सहायक.02 एवं 48 माइक्रोआब्जर्वर, इस प्रकार कुल 630 मतगणना अधिकारियों एवं 130 सीलिंग कार्य में नियुक्त अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जायेगा।

# 3 दिसंबर को मतगणना स्थल के आसपास की सभी बार-शराब दूकानें रहेगी बंद

■ **कलेक्टर ने शुष्क अवधि घोषित किया**

**दुर्ग,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत मतगणना तिथि रविवार 3 दिसम्बर को मतगणना स्थल क्षेत्र शंकराचार्य इंजीनियरिंग कॉलेज जुनवानी भिलाई एवं सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थित समस्त देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों, रेस्टॉरेंट-बार, होटल-बार, होटल-बार एवं क्लब को बंद रखने हेतु शुष्क अवधि घोषित किया है।

3 दिसंबर को होने वाले मतगणना के अवसर पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सी.एस.-2 (घ घ) दुर्ग कातुलबोर्ड रोड भिलाई, सी.एस.-2 (घघ-कम्पोजिट) जुनवानी भिलाई, ट्रांसपोर्ट नगर सिकोला दुर्ग, तितुरडीह (बायपास टोल प्लाजा के पास दुर्ग), एफएल.-1 (घघ) दुर्ग कातुलबोड रोड भिलाई, जुनवानी भिलाई ट्रांसपोर्ट नगर सिकोला दुर्ग, प्रीमियम सूर्या टेऊजर आईसलैण्ड मॉल जुनवानी भिलाई, एफएल-3 होटल अजन्ता, जुनवानी, नेहरू नगर, स्टार होटल ग्रांड ढिल्लन, नेहरू नगर भिलाई, होटल ''रॉकफोर्ट'' नेहरू नगर चौक भिलाई, होटल/रेस्टारेन्ट चेरिओट रानी अवंतीबाई चौक कोहका भिलाई, होटल ''रेनबो'' कोहका रोड भिलाई तथा होटल-''सेन्टर पाईंट एवं रेस्टोरेन्ट चीली पेंपर्स'' जुनवानी भिलाई को बंद रखने हेतु शुष्क अवधि घोषित किया है।

इसी प्रकार एफएल.-3 (क) लिस्टोमानिया क्लब एण्ड किचन, सूर्या मॉल जुनवानी रोड भिलाई, एफएल.-4 (क) ''द एपीक्युर सोशल क्लब'' जुनवानी भिलाई, गोल्डन सोशल क्लब दुर्ग, कुसुम राईस मिल के पास धमधा रोड दुर्ग, ''झरोखा स्पोर्टस् एण्ड कल्चर '' एसोसिएशन-पुष्पक नगर बायपास रोड कातुलबोड दुर्ग, आर्क स्पोर्टस् एंड कल्चरल एसोसिएशन'' पता- द इम्पीरियन रिसोर्ट बायपास रोड कातुलबोड दुर्ग तथा उपवन क्लब, कातुलबोर्ड दुर्ग को बंद रखने हेतु शुष्क अवधि घोषित किया है।

# निगम ने सिकोला भाठा बस्ती में सरकारी जमीन को कराया कब्जा मुक्त



**दुर्ग,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। नगर निगम की अतिक्रमण हटाओ टीम ने आज वार्ड 15 सिकोला भाठा बस्ती में किये जा रहे निर्माण कार्य को तोड़कर सरकारी जमीन पर किये जा रहे अतिक्रमण को कब्जा मुक्त कराया। अतिक्रमण हटाते समय नायब तहसीलदार ज्योत्सना कलिहारी के साथ ही मोहन नगर पुलिस बल व नगर निगम की अतिक्रमण हटाओ टीम उपस्थित रही।

नगर निगम अतिक्रमण अधिकारी दुर्गेश गुप्ता भवन निरीक्षक विनोद मांझी ने बताया कि सिकोला भाठा बस्ती में जैतखाम के पास लता टंडन पति छबिलाल टंडन द्वारा शासकीय भूमि जो आवाजाही वाली गली को बंद कर पक्का निर्माण किया जा रहा था।

इस संबंध में जनशिकायतें मिलने पर आयुक्त लोकेश चंद्राकर के निर्देश में लता टंडन को तत्काल हटाने की नोटिस दी गई थी। इसके बाद भी उन्होंने नहीं हटाया और न ही नगर निगम को नोटिस का जवाब दिया।

इस तरह दो बार दी गई नोटिस का जवाब न देने व नगर निगम के समक्ष उक्त जमीन का दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर आज नगर निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर के निर्देश पर भवन अधिकारी गिरीश दीवान के नेतृत्व में उक्त कार्रवाई की गई। लगभग 3 घंटे तक अतिक्रमण तोड़ने की कार्रवाई चलाकर उक्त शासकीय भूमि को कब्जामुक्त किया गया।

# राईस मिलर्स ने मिलिंग का चांवल 30 तक जमा नहीं किया तो होगी कार्रवाई : कलेक्टर




**दुर्ग**, 24 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने आज जिले के राईस मिलर्स की बैठक लेकर खरीफविपणन वर्ष 2022-23 अंतर्गत शेष चावल जमा करने की जानकारी ली। उन्होंने मिलर्स को 30 नवंबर तक चांवल जमा करने कहा। चावल जमा नही करने की स्थिति में संबंधित राईस मिलर्स के विरूद्ध उचित कार्यवाही की जाएगी। समीक्षा के दौरान समितियों में खरीदे गए धान की जानकारी भी ली गई। समितियों में धान खरीदी जाम की स्थिति निर्मित न हो एवं धान खरीदी कार्य सतत् रूप से जारी रहे, इसके लिए राईस मिलर्स को शीघ्र धान का उठाव करने कहा गया है। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले के समितियों में 57102 मे. टन धान की खरीदी की जा चुकी है, जिसमें से 1238 मे. टन धान का उठाव किया जा चुका है। बैठक में खाद्य नियंत्रण सी.पी. दीपांकर एवं जिले के राईस मिलर्स उपस्थित थे।

# कल संविधान दिवस पर किया जाएगा संविधान की प्रस्तावना का पाठन

**दुर्ग,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग छ.ग. शासन द्वारा 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर राज्य के सभी शासकीय कार्यालयों, स्कूलों, महाविद्यालयों के अलावा सभी शासकीय संस्थानों एवं सार्वजनिक उपक्रमों में भारतीय संविधान की प्रस्तावना का पाठन कराने के निर्देश दिए गये हैं। वर्तमान में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के कारण सभी शासकीय संस्थानों एवं सार्वजनिक उपक्रमों के अधिकारी-कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा संविधान की प्रस्तावना का ऑनलाईन पाठन हेतु निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा 26 नवंबर को 'भारत लोकतंत्र की जननी' विषय पर ऑनलाईन चीज़ में शामिल होने हेतु वेब पोर्टल का उपयोग किया जा सकता है। इस ऑनलाईन चीज़ में भारत के सभी नागरिक भाग लेकर प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं। जिन स्थानों में कम्प्यूटर, मोबाईल एवं इंटरनेट की सुविधा नही है वहाँ पूर्व की भाँति ऑफ्लाईन मोड में संविधान की प्रस्तावना का पाठन करने के निर्देश दिए हैं। इस दौरान आदर्श आचार संहिता के अंतर्गत जारी किए गए सभी दिशा-निर्देशों का पूर्णत: पालन सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए हैं।

# देवउठनी एकादशी पर रंगोली स्पर्धा में शोभा प्रथम, सीमा द्वितीय



**दुर्ग,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। गंजपारा निवासियों ने देवउठनी एकादशी (तुलसी विवाह) पर अपनी 43 वर्षो की परम्परा को कायम रखते हुए तुलसी पूजन सहित अनेक कार्यक्रम किये।

इस अवसर पर श्री सत्ती चौरा युवा कला मंच एवं जनसमर्पण सेवा संस्था द्वारा अत्यंत आकर्षक रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की जिसमें गंजपारा सत्ती चौरा ही नहीं शहर के अन्य हिस्सों के प्रतियोगियों ने भी भाग लिया। प्रतियोगिता में कुल 135 प्रतिभागी शामिल रहे जिन्होंने अपने घरों, दूकानों, मंदिरों व अन्य सार्वजनिक स्थल पर रंगोली का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में कुल 11 प्रतिभागियोंको पुरस्कृत किया गया। प्रथम स्थान शोभा गुप्ता व द्वितीय स्थान सीमा जैन को प्राप्त हुआ। पुरस्कार वितरण समारोह की मुख्य अतिथि मजिस्ट्रेट अंकिता गुप्ता गंजपारा रही। प्रतियोगिता में अन्य पुरस्कार विजेताओं में तृतीय पलक गुप्ता, चतुर्थ मान्या जैन, पंचम नेहा राठी, षष्टम पायल रूंगटा, सप्तम अजय साहू, अष्टम कृष्णा नायक, नवम दीपक कुंजम, दशम मनोज यादव, ग्यारहवें क्रम पर गुनगुन गुप्ता रहीं। चित्रित रंगोली में कन्या भ्रुण हत्या, प्रदूषण मुक्ति, वृक्षारोपण, गौवध रोकने जैसे ज्वलंत सामयिक विषयों को उकेरा गया था। इनके अलावा पशु पक्षियों कृषि इत्यादि की भी अनूठी व आकर्षक चित्रकारी की गई थी। रंगोली स्पर्धा के निर्णायक रविन्द्र जैन सुमन, गोविंद गुप्ता रहें। पूरे आयोजन को मूर्तरूप देने में योगेन्द्र शर्मा बंटी, शिशु शुक्ला, एवं जनसमर्पण सेवा की पूरी टीम सक्रिय रही।

**मनोरोग विभाग जिला चिकित्सालय की पहल**

# आत्महत्याओं के बढ़ते प्रकरणों की रोकथाम हेतु स्कूलों में कार्यशाला



**दुर्ग,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम एवं मानसिक स्वास्थ्य हेतु जिला प्रशासन का नवाचार संवेदना अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयए जे.पी. नगर,कैम्प.2, भिलाई में अध्ययनरत छात्रों हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। मनोरोग विशेषज्ञ डा.प्रशांत अग्रवाल, सोशल वर्कर हर्ष प्रकाश और योगा ट्रेनर वेणु गजपाल ने उपस्थित छात्रों, शिक्षकों तथा स्टाफको आत्महत्या के सम्बंध में अद्यतम जानकारी दी। किशोरों में होनेवाली मानसिक समस्या के विषय में चर्चा की।

डॉ प्रशांत अग्रवाल ने 9 वी से 12वीं के छात्र.छात्राओं को सोशल मीडिया एवं नशे से संबंधित हानिकारक प्रभाव की विशेष जानकारी दी। आत्महत्या करने के कारण, लक्षण, रिस्क, फेक्टर, रिस्क असेसमेंट तथा मैनेजमेंट के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

छात्रों में होनेवाले तनाव तथा इसके प्रबंधन हेतु माइंडफुलनेस एक्टिविटी कराई। इसके पश्चात प्रश्नोत्तरी सत्र में प्रतिभागियों ने अपनी शंकाओं का समाधान मनोरोग विशेषज्ञ के माध्यम से प्राप्त किया। कार्यक्रम में लगभग 300 छात्रों के साथ शाला की प्राचार्य एवं अन्य शिक्षगण उपस्थित रहे। जिला चिकित्सालय दुर्ग में मनोरोग विशेषज्ञ के अलावा सोशल वर्कर, योगा ट्रेनर, साइकोलॉजिस्ट, साइकाइट्रिक नर्स की भी पोस्टिंग की गई है।

# राजनीतिक पार्टी के प्रचार-प्रसार में शामिल कर्मचारी को तत्काल प्रभाव से किया निलंबित

**दुर्ग,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार मीणा ने राजनीतिक पार्टी के प्रचार प्रसार में शामिल शासकीय कर्मचारी सहायक लेखापाल रोहित कुमार वर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी आदेशानुसार जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग में पदस्थ सहायक लेखापाल रोहित कुमार वर्मा द्वारा भारतीय जनता पार्टी के स्लोगन के तर्ज पर वाटसअप ग्रुप में स्लोगन डाले जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत की जांच में पुष्टि की गई, जो छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरीत होने से दण्डनीय है। निर्वाचन कर्तव्य के दौरान उनके इस कृत्य पर श्री वर्मा को लोक प्रतिनिधित्व तथा सिविल सेवा आचरण नियम के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। सहायक लेखापाल रोहित कुमार वर्मा का निलंबन अवधि में मुख्यालय जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित मुख्यालय दुर्ग होगा।

# हेमचंद विवि की एनएसएस टीम वॉटर एडवेंचर कैंप के लिए हिमाचल रवाना



**दुर्ग,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। हेमचंद यादव वि.वि., दुर्ग की एनएसएस टीम आज हिमाचल प्रदेश स्थित पोंग डेम में 27 नवंबर से 6 दिसंबर तक आयोजित होने वाले वॉटर एडवेंचर कैंप हेतु रवाना हुई।

यह जानकारी देते हुए एनएसएस समन्वयक, डॉ. आर. पी. अग्रवाल ने बताया कि आज टीम को छत्तीसगढ़ राज्य की एनएसएस सम्पर्क अधिकारी डॉ. नीता बाजपेयी, कुलसचिव भूपेन्द्र कुलदीप, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव एवं एनएसएस समन्वयक ने रवाना किया। इस अवसर पर नीता बाजपेयी ने अपने संबोधन में एनएसएस के स्वयं सेवकों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि आज वि.वि. से रवाना होते ही आपका एडवेंचर कैप आरंभ हो चुका है।

इस टीम का नेतृत्व शासकीय इंदिरा गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, वैशाली नगर की डॉ. चांदनी मरकाम कर रही है तथा भाग लेने वाले स्वयं सेवकों में पुष्पेन्द्र साहू, शिवनाथ साइंस कॉलेज, राजनांदगांव, संदीप कुमार, शासकीय महाविद्यालय, छुरिया, टिकेश्वरी देवांगन, शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, राजनांदगांव, निशा साहू, शासकीय महाविद्यालय, निकुम, तनुप्रिया साव, शासकीय महाविद्यालय, वैशाली नगर तथा शिवम मौर्य, कल्याण महाविद्यालय, भिलाई कर रही है।

# आने वाला समय मटेरियल साइंस का होगा : डॉ. तापस माजी





**दुर्ग,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग के राधाकृष्णन हॉल में जवाहर लाल नेहरू सेंटर फॉर एडवॉडस साइंटिफिक रिसर्च, बंगलुरू के डॉ. तापस कुमार माजी का विषेष व्याख्यान आयोजित किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एम.ए. सिद्दीकी ने महाविद्यालय में उनका स्वागत किया तथा उन्हें महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधनों एवं महाविद्यालय की उपलब्धियों से अवगत कराया साथ ही प्राचाय ने कहा कि इस प्रकार के राष्ट्रीय स्तर के व्याख्यान से विद्यार्थियों को नि:संदेह लाभ मिलेगा और अधिक से अधिक विद्यार्थी विज्ञान के क्षेत्र में अपना योगदान करेंगे। महाविद्यालय की उपलब्धियों पर डॉ. माजी ने हर्ष व्यक्त किया।

भारत सरकार द्वारा शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार से सम्मानित डॉ. माजी ने विषय पर अपना व्याख्यान दिया। व्याख्यान के पूर्व डॉ. सुनीता बी मैथ्यू ने डॉ. माजी का संक्षिप्त परिचय दिया। डॉ. माजी ने फोटो सिन्थेसिस से उत्पन्न होने वाले कार्बन डाई आक्साइड को विभिन्न मटेरियल्स का उपयोग करके इसे अन्य प्रोड्क्ट्स में परिवर्तित कर ग्लोबल वार्मिंग को कम करने की दिशा में किए गए अपने कार्यों को समझाया। उन्होंने पोटोसिनेटेशिश के थाइलेकॉइड मेम्बरेन मॉडल को अत्यंत गहनता से समझाया एवं पर्यावरण में कार्बन डॉय आक्साइड को कम करने, स्थरीकरण तथा रिडक्शन रियेक्शन को बहुत ही आसान शब्दों में समझाया। डॉ. माजी के व्याख्यान का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक रूचि उत्पन्न करना था, जिससे युवा मस्तिष्क को वैज्ञानिक शोध की दिशा में अधिकतम उपयोग किया जा सके। उन्होंने व्याख्यान के पश्चात् अपने संस्थान के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी एवं वहां चलाये जा रहे, विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विद्यार्थियों को अवगत कराया जिससे महाविद्यालय के विद्यार्थी जवाहर लाल नेहरू सेंटर फॉर एडवॉडस साइंटिफिक रिसर्च, बंगलुरू में जाकर एडवांस रिसर्च की दिशा में कार्य करने हेतु मार्गदर्शन ले सकें। इस कार्यक्रम में डॉ. जगजीत कौर सलूजा, डॉ. अनुपमा अस्थाना, डॉ. अनिल कुमार, डॉ. प्रज्ञा कुलकर्णी, डॉ. उषा साहू, एवं अन्य प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापक तथा सभी विज्ञान विभागों के स्नातकोत्तर कक्षाओं के विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहें। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनिल कुमार ने किया।

# बस वाले ने दिखाई दरियादिली

## 2 लाख के सोना चांदी और 13 हजार नगद बस में भूल आए



**दूसरे दिन पुलिस ने जांच पड़ताल कर सुरक्षित वापस लौटाए**

**डोंगरगांव,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। कॉलेज रोड डोंगरगांव निवासी शांति बाई पति राजेश कुंभकार ने 23 नवंबर को गंडई से वापसी अपने निवास डोंगरगांव के लिए राजनांदगांव भारत ट्रेवल्स में वापसी आ रहे थे शांतिबाई अपने पति के साथ सफर कर वापसी के दौरान पुराना बस स्टैंड डोंगरगांव में जल्दबाजी के चलते अपने बैग भूल आए जो बैग को भुला था उसमें 2 लाख की सोना चांदी और 13 हजार रुपए नगद बैग में ही रखा था जिसे बस में छोड़ आए थे जब थोड़ी देर रास्ते में चलते-चलते अपने बैग की याद आई तो तत्काल पुराना बस स्टैंड पहुंचा जहां से यात्री बस वहां से मोहला रवाना हो गया था शांति बाई ने अपने पति के साथ बैग और जेवर सहित नगद राशि की सूचना तत्काल डोंगरगांव थाना में दी गई सूचना देने के बाद तत्काल बाद टी आई उपेंद्र शाह ने भारत ट्रैवल्स के गाड़ी के ड्राइवर और कंडक्टर को सूचना दी गई और बताया गया जो बैग आपके बस में छोड़ गया है उसे पर सुरक्षित रखें जिसमें जेवर के साथ-साथ नगद राशि भी है थाना प्रभारी उपेंद्र शाह ने आगे बताया है कि भारत ट्रेवल्स के बस में जो बैग भुला था उसमें 2 लाख सोना चांदी ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

# स्व.विवरणी जांच में 4359 भवनों में पाए गए अंतर



## निगम वसूली कम होने पर नाराज हुए उपायुक्त

**भिलाईनगर,** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है और लक्ष्य के विरूद्ध सिर्फ 16.77 प्रतिशत की वसुली पर राजस्व वसुली ठेका एजेंसी पर बिफ्ढ पडे। अपर आयुक्त ने बैठक मे आधी अधुरी जानकारी दिए जाने पर भी एजेंसी को फटकार लगाई। नगर पालिक निगम भिलाई का राजस्व सम्पत्तिकर जलकर, भुभाटक, दुकान किराया, युजर चार्ज वसुली का जिम्मा श्री पब्लिकेशन एण्ड स्टेशनर्स प्राईवेट लिमिटेड को सौपा गया है। नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर राजस्व वसुली की समीक्षा नगर पालिक निगम भिलाई के अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने निगम सभागार मे किया। जहाँ एजेसी के प्रतिनिधि ने बताया कि 31 हजार से अधिक भवनो से 23.58 करोड रूपया वसुली किया जा चुका है। चुनाव तथा त्योहारी मौसम के कारण वसुली की गति मध्यम है। इस पर अपर आयुक्त बिफ्ढ पडे उन्होंने कहा कि एजेसी की जिम्मेदारी है कि वित्तीय वर्ष समाप्ति के पूर्व दिये गये वसुली लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करे। वित्तीय वर्ष समाप्त होने जा रहा है और मात्र 16.77 प्रतिशत ही वसुल किया गया है। जो निर्धारित लक्ष्य से काफी कम है। नगर पालिक निगम भिलाई के अपर आयुक्त ने कहा कि एजेंसी वसुली बढाने के लिए वार्डो मे शिविर लगावे निगम क्षेत्र मे मुनादी करावे और आगामी तीन माह के भीतर शत प्रतिशत वसुली कर दिये गये लक्ष्य को प्राप्त करे। नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा टेक्स बसूली की श्री पब्लिकेशन एण्ड स्टेशनर्स प्राईवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि अविनाश ने बताया कि कुल 92 हजार भवनो मे से 31 हजार भवन से 23.58 लाख सम्पत्तिकर की राशि वसुल किया जा चुका है। 4359 घरो से जल की राशि जमा किया गया है उसी प्रकार 1298 स्थल का भुभाटक जमा किया गया है। एजेंसी को 78 करोड रूपये वसुली का लक्ष्य दिया गया है। जिसकी वसुली आगामी दिनो और तेज किया जाएगा। इसी प्रकार स्वविवरणी की जाँच में जोन 1 क्षेत्र के 4085 भवनो का किया जा चुका है जिसमे से 1718 भवनो के प्रस्तूत विवरणी तथा स्थल जाँच मे भिन्नता पाया गया है। ऐसे भवन स्वामी को अतर कि राशि जमा करने कहा गया है। औद्योगिक क्षेत्र से युजर चार्ज वसुली मे आ रहे परेशानी से एजेंसी के प्रतिनिधियो ने अपर आयुक्त को अवगत कराया तो उन्होंने स्वास्थ अधिकारी को समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। बैठक मे नगर पालिक निगम भिलाई उपायुक्त नरेन्द्र बंजारे, स्वास्थ अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, नगर पालिक निगम भिलाई सम्पत्तिकर विभाग के सहायक अधीक्षक बी.एल. असाटी, शिव शर्मा, पालेश्वर साहू, संजय शर्मा, ठेका एजेंसी के प्रतिनिधि एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# कार्रवाई नहीं होने से टावर पर चढ़ा पीड़ित

**भिलाईनगर,** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। थाने में घुसकर शख्स से मारपीट करने वाले पार्षद व उसके पुत्र पर खिलाफ कार्रवाई नहीं होने से नाराज पीड़ित ने मोबाइल टॉवर पर चढ़कर आत्महत्या की धमकी दी। पीड़ित की धमकी के बाद मौके पर भीड़ जमा हो गई और आनन-फानन में भिलाई नगर पुलिस पहुंच गई। सूचना मिलने पर सांसद विजय बघेल भी मौके पर पहुंचे और पीड़ित को समझाइश दी। कार्रवाई का भरोसा मिलने पर पीड़ित मोबाइल टावर से नीचे उतरा। बता दें सेक्टर-10 निवासी पीड़ित सतपाल सिंह की शिकायत पर भिलाई निगम के पार्षद अभय उसके बेटे अमन व अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। अपनी शिकायत में सतपाल सिंह ने बताया था कि रविवार की रात को उसे फोन कर सेक्टर-9 चौक पर बुलाकर मारपीट की गई। इसकी शिकायत के लिए भिलाई नगर थाने पहुंचने पर पार्षद अभय उसका बेटा अमन व अन्य लोग थाने पहुंचे और यहां भी पीड़ित से मारपीट की। पुलिस कर्मियों के रोकने पर भी नहीं रुके। इस मामले में पुलिस ने रिपोर्ट तो ले ली लेकिन अभी तक आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया है। आरोपियों पर कार्रवाई नहीं होने से नाराज सतपाल सिंह आज सुबह सेक्टर-10 में मोबाइल टॉवर पर चढ़ गए। सतपाल सिंह यहां से आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग करने लगे। कार्रवाई नहीं होने पर सतपाल सिंह ने टॉवर से कूद जाने की धमकी दी। घटना की सूचना मिलते ही भिलाई नगर पुलिस मौके पर पहुंची और सतपाल सिंह को समझाना शुरू किया। कुछ देर पर सांसद विजय बघेल भी मौके पर पहुंचे और सतपाल सिंह को समझाइश दी और कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इसके बाद सतपाल सिंह नीचे उतरा। यहां से सतपाल सिंह को अस्पताल ले जाया गया।





इस संबंध में व्यापारी नेता ज्ञान चंद जैन नें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा को पत्र लिखकर सेक्टर 6 कोतवाली में शिकायत दर्ज करने के दौरान सेक्टर- 10 भिलाई के पार्षद अभय और उसके पुत्र अमन सहित 8-10 युवको के द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ता सतपाल के साथ की गई मारपीट की घटना दुखद एवं नंदनीय है। उन्होने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा से तत्काल कार्रवाई की मांक कर अपराधिक प्रवृत्ति के युवकों को गिरफ्तार करने की मांग की है। उन्होने कहा कि इस बात की भी जांच होनी चाहिए की थाने के अंदर शिकायत दर्ज करने के दौरान सतपाल सिंह के साथ इस तरह की घटना कैसे हुई। यह यह बहुत ही गंभीर विषय है। उन्होनें कहा कि इस तरह के कृत्य को अंजाम देने वालों के खिलाफ कार्यवाही कर उन्ह गिरफ्तार किया जाना चाहिए और शहर की शांति व्यवस्था को अस्त् व्यस्त होने से बचाना चाहिए। श्री जैन इस प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्रवाई से लोगों का विश्वास पुलिस के प्रति बढ़ेगा।

# शराब के नशे में मारपीट

**भिलाईनगर ।** कल रात शराब के नशे में घर लौट पति ने पत्नी से जमकर विवाद किया। जब बीच बचाव करने उसकी सास आई तो युवक ने पत्नी और सास के साथ मारपीट की। देर रात छावनी थाना पहुंच पीड़ित महिलाओं ने घटना की रिपोर्ट दर्ज करवाई है। छावनी पुलिस ने बताया कि 29 वर्षीय पुष्पा और उसकी मां मीना के साथ मारपीट करने वाले अजीत के खिलाफ धारा 294, 323, 506बी के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। संतोषी पारा निवासी पुष्पा ने बताया कि कल रात लगभग पौने 10 बजे उसका पति अजीत शराब पीकर घर आकर गालियां देने लगा। विवाद बढ़ने पर उसने मारपीट शुरू कर दी। मारपीट से पुष्पा के पेट और कोहनी के नीचे चोट आई है जबकि मीना को हाथ मुक्का एवं किसी चीज से मारपीट करने से हाथ में चोट है।

# सेवानिवृत्त कर्मियों को सोसायटी ने दी बधाई



**भिलाईनगर,** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। बीएसपी एम्पलाइज कोऑपरेटिव सोसाइटी सेक्टर-4 ने एक समारोह में अक्टूबर माह में भिलाई स्टील प्लांट की सेवा से निवृत्त हुए अपने सदस्य कर्मियों को विदाई दी। सभी रिटायर कर्मियों को अध्यक्ष अशोक परगनिहा व पदाधिकारियों ने सम्मान पत्र, मिठाई, श्रीफल व अंतिम भुगतान का चेक प्रदान कर भावभीनी विदाई दी। अध्यक्ष अशोक परगनिहा ने इस मौके पर रिटायर सदस्यों के योगदान का विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि अनुभव की जो पूंजी हमारे अग्रज हमें सौंप कर नए जीवन की शुरूआत कर रहे है। उनके हम हमेशा आभारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि वास्तव में अनुभव ही सबसे बड़ी पूंजी है। आयोजन में शामिल हुए रिटायर कर्मियों मे अशोक कुमार शर्मा, मोहनलाल राय, ट्रांसपोर्ट एंड डीजल आर्गनाइजेशन से अनिल लक्ष्मण नारखेड़े, किशोर कुमार निर्मल, कोक ओवन से चंद्र विजय साहू, रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल से अशोक कंगाली, मर्चेंट वायर रॉड मिल से कमलेश मनोहर होल्कर, टीईडी से संतोष कुमार गोंड और एसीडब्ल्यूई से तुमनाथन शामिल हैं। इन कर्मियों ने भी विदाई समारोह को संबोधित किया और अपने सेवाकाल को याद किया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अशोक राठौर, आसमां परवीन, संचालक मंडल सदस्य विपिन बंछोर, पुरुषोत्तम सिंह कंवर, पूरन लाल देवांगन, जानकी राव, सतानंद चंद्राकर, शशिभूषण सिंह, नितिशा साहू और वेद प्रकाश सूर्यवंशी और सोसायटी के कर्मियों में पीयुष कर, सुदीप बनर्जी, नारायण साहू, सुरेश कुमार व कमल बोस सहित अन्य लोग उपस्थित थे। आभार प्रदर्शन विपिन बंछोर ने किया।

# कर्मचारियों के भरोसे पर खरे उतरे भूपेश : जावेद

**भिलाईनगर,** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई के प्रवक्ता एंव प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के मिडिया पैनलिस्ट जावेद खान ने प्रदेश के सरकारी कर्मचारियों एंव अधिकारियों को केन्द्र के समान 46 प्रतिशत महंगाई भत्ता दिये जाने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश के शासकीय कर्मचारियों से जो वादा किया था उसे बखूबी निभाया है। चुनाव की व्यस्था के बीच निर्वाचन आयोग से पत्राचार कर के शासकीय कर्मचारियों को डी ए प्रदान करने के लिए जो अनुमति मांगी गयी थी उस से साफजाहिर होता है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल प्रदेश के लगभग पांच लाख अस्सी हज़ार शासकीय कर्मचारी और पेंशनरों के प्रति कितने संवेदनशील है और उन्होंने चुनाव से पूर्व जो वादा किया था वह नतीजे आने से पहले ही लागू हो जाएगा यह प्रदेश की जनता और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बीच भरोसे की डोर है। जिसे मुख्यमंत्री ने कभी टूटने नही दिया इसलिए छग की कांग्रेस सरकार को भरोसे की सरकार कहा जाता है जो यह साबित करता है की छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने छग की जनता से भरोसा कमाया है और आज इसी भरोसे की डोर के सहारे हम प्रदेश मे फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने जा रहे हैं। प्रवक्ता जिला कांग्रेस कमेटी एंव मिडिया पैनलिस्ट प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग जावेद खान ने कहा कि शासकीय कर्मियों को साथ किसान व आम जनता भी काफी खुश है।



# लोको पायलट की अहम भूमिका पर संरक्षा गोष्ठी



**भिलाईनगर,** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। भिलाई मार्शलिंग यार्ड के लोको पायलट लॉबी में रायपुर मंडल के सहायक मंडल विद्युत अभियंता राजीव सोनी की अध्यक्षता में फैमिली सेफ्टी सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर आदि संरक्षा पदों के कर्मचारियों एवं उसके परिवार को लोको पायलट के हेड क्वार्टर तथा रनिंग रूम में पर्याप्त विश्राम लेकर ड्यूटी पर आने के महत्व के विषय में जानकारी दी गई। साथ ही उनके परिवार को भी समर्थन एवं सहायता के लिए प्रतिबद्ध किया गया। रायपुर मंडल के एडीईई सोनी राजीव सोनी ने कहा कि रेल्वे विभाग में लोको पायलट की अहम भूमिका होती है। श्री सोनी ने लोको पायलट को ट्रेन चलाते समय सिग्नल को ध्यान में रखते हुए सचेत होकर ट्रेन चलाने कहा ताकि दुर्घटना होने से बचा जा सके। इसके लिए घर पर पूर्ण विश्राम और परिवार का माहौल शांति पूर्वक होना अत्यंत आवश्यक है क्योंकि लोको पायलेट ड्यूटी में जानें व आने का कोई समय सीमा निर्धारित नही रहता है। इसलिए परिवार के सभी सदस्यों को लोको पायलेट के पूर्ण विश्राम, तनाव निवारण के लिए योग मैडिटेशन, खानपान व स्वस्थ जीवन शैली के निर्वहन में इनकी सहयोग करने की आवश्यकता है। इस बीच वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से वरिष्ठ मण्डल विद्युत अभियंता बी एन पटेल द्वारा लोको पायलट एवं उनके परिवार को सुरक्षा संबंधित संबोधन किया गया। इस आयोजन में बी एम वाई लोको लॉबी के मुख्य चालक दल नियंत्रक सुनील कुमार त्रिपाठी, मुख्य चालक दल नियंत्रक सामान्य बी के राय की विशेष भूमिका रही।

# रात लकड़ी की फैक्ट्री में लगी आग, लाखों का नुकसान

**भिलाईनगर,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। भिलाई के जामुल थाना क्षेत्र अंतर्गत शंकर नगर छावनी स्थित एक लकड़ी की फैक्ट्री देर रात भीषण आग लग गई। आग लगने का कारण फिलहाल पता नहीं चला है। फैक्ट्री मालिक के मुताबिक हादसे में 40 से 50 लाख रुपए का फर्नीचर जलकर खाक हो गया है। वहीं, चार से पांच फायर ब्रिगेड आग बुझाने में जुटी रहीं। अब भी फैक्ट्री के अंदर आग बुझाने का काम जारी है। आग लगने की सूचना मिलते ही जामुल थाना सहित आसपास की फोर्स भी मौके पर पहुंच गई। बताया जा रहा है कि आग लगते ही मोहल्ले में अफरा.तफरी मच गई। लोगों ने फायर ब्रिगेड और फैक्ट्री मालिक संतोष शर्मा को सूचना दी। सुबह तक दमकल गाड़ियों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया है। मौके पर रात से ही लोग आग बुझाने में लगे रहे क्योंकि डर था कि आग फैलती बस्ती तक न पहुंच जाए।



# सांसद विजय संग पत्नी ने मनाया तुलसी विवाह



**भिलाईनगर,** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल ने अपने निज निवास सेक्टर 5 में देव उठनी एकादशी पर्व बड़े ही हर्षोलास के साथ मनाया। देवउठनी एकादशी पर्व के अवसर पर यादव बंधुओं के साथ में घर के सभी गायों को सोहाई बांधकर गौ.माता की पूजा अर्चना किया। साथ ही एकदशी तुलसी विवाह पर अपनी सांसद व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रजनी बघेल व परिवार के साथ तुलसी महारानी की पूजा कर उत्सव मनाया। सांसद निवास पर देवउठनी पर्व पर भगवानी यादव ने दौहे पारकर आशीष दिया। सांसद विजय बघेल ने बताया की इस दिन भगवान श्री हरि राजा बलि के राज्य से विश्राम कर बैकुंठ लौटे थे। भगवान विष्णु घोर निद्रा से जागते हैं इस दिन तुलसी विवाह भी किया जाता है। जब तक जगत के पालनहार निद्रा में होते है तब तक किसी भी तरह से मांगलिक काम नहीं किया जाता है। देवउठनी एकादशी पर्व के दिन भगवान विष्णु की पुजा अर्चना की जाती है। कार्तिक शुक्ल एकादशी तिथि को ही तुलसी और शालिकराम का विवाह किया जाता है। मान्यता यह है कि तुलसी विवाह संपन्न करवाने से कन्यादान के समान फल की प्राप्ति होती है को देव जागरण का पर्व माना गया है। इस दिन श्री हरि भगवान विष्णु अपनी चार महीने की योगनिद्रा से जाग जाते हैं इस पावन तिथि को देव उठनी एकादशी या देव प्रबोधिनी एकादशी भी कहते हैं। वित्विक रुप से पुरा किया जाता है ताकि एकादशी व्रत सात्विक रुप से पुरा हो सके इस दिन तुलसी विवाह का पर्व भी संपन्न होता है। श्री बघेल ने अंचलवाशियों के लिये सुख समृद्धि तथा धन धान्य से सम्पन्नता रहें ऐसा कामना किया साथ ही देव उठनी एकादशी एवं तुलसी विवाह भगवान श्री विष्णु व माता तुलसी की कृपा सभी पर बनी रहें।

# तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर झोपड़ी में घुसा



**भिलाईनगर,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। आज शुक्रवार की सुबह भट्टी थाना के समीप तेज व लापरवाही से ट्रक ने चालक का ट्रक से नियंत्रण खो गया। जिसके कारण उक्त सीमेंट भरा ट्रक दुकान में जा घुसा। बताया जा रहा है कि जिस दुकान में ट्रक घूसा वही दुकान से लगा हुआ घर भी है। जिस समय ट्रक दुकान को तोड़ते हुए घर की दिवार से टकरा कर रुक गया। घर के अंदर परिवार बच्चों समेत सो रहा थे। अचानक तेज आवाज सुनकर जब परिवार बाले घर के बाहर दुकान में आकर देखा तो आंखे खुली की खुली रह गई। इस हादसे में परिवार के लोग बाल.बाल बचा है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की जा रही है। सेक्टर-3 भट्टी थाना के समीप की घटना को अंजाम देने वाले ट्रक क्रमांक सीजी 07 एडब्ल्यू 9840 के चालक घटना के बाद वाहर से चले गये। ज्ञात हो कि इस मार्ग पर भारी वाहनों की आवाजाही हमेशा लगी रहती है। जिसके कारण सड़क दुर्घटना होने की संभावना भी बनी रहती है।

# जूडो खिलाड़ी अभय राष्ट्रीय स्पर्धा में जीता पदक

**भिलाईनगर,** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। भिलाई के उदयमान जूडो खिलाड़ी अभय यादव ने 15 दिन के अंदर ही दो-दो राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त कर दुर्ग जिले ही को नहीं अपितु पूरे छत्तीसगढ़ को गौरवान्मित किया है। छत्तीसगढ़ के भाटापारा बलौदा बाजार जिला के.पी.रजनीश ने भी 55 किलोग्राम वजन वर्ग में कांस्य पदक अर्जित कर राज्य को गौर वन्मित किया है। भिलाई के शारदा विद्यालय में अध्यनरत अभय यादव अनलिमिटेड जुडो अकेडमी हाउसिंग बोर्ड में राष्ट्रीय प्रशिक्षक पी किशोर से जूडो का प्रशिक्षण विगत तीन वर्षों से ले रहे हैं और आज उसका परिणाम राष्ट्रीय सीबीएसई स्कूल प्रतियोगिता दिल्ली में स्वर्ण पदक तथा एक सप्ताह पूर्व जम्मू में आयोजित राष्ट्रीय स्कूल प्रतियोगिता में कांस्य पदक लेकर गोरवानवित होने का मौका प्रदान किया है। राष्ट्रीय जूडो खिलाड़ी अभय यादव के पिता पप्पू यादव एवं माता श्रीमती रामचंद्र यादव है। अभय यादव शारदा विद्यालय के कक्षा 9 वी के विद्यार्थी हैं तथा विगत 3 वर्षों से अनलिमिटेड जुडो अकैडमी 32 एकड़ हाउसिंग बोर्ड में राष्ट्रीय प्रशिक्षक ब्लैक बेल्ट पी किशोर से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। अभय यादव द्वारा अनेक राज्यस्त्रीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण पदक प्राप्त किया जा चुका है राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त करने का उनका प्रयास लगातार जारी रहा और उसकी परिणिति जम्मू में आयोजित राष्ट्रीय स्कूल प्रतियोगिता में अपने वजन वर्ग 50 किलो प्रतियोगिता में क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे वहां उनका सामना केरला राज्य के खिलाड़ी से हुआ। जहां उन्हें कुछ अंकों से पराजित होना पड़ा परंतु उन्होंने हार नहीं मानी और रैपर चार्ज में उत्तर प्रदेश एवं राजस्थान राज्य के खिलाड़ी को हराकर कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। इसी प्रकार राष्ट्रीय सीबीएसई स्कूल जूडो प्रतियोगिता नई दिल्ली में उन्होंने अपने वजन वर्ग के सभी प्रतियोगियों को पराजित कर फाइनल में दिल्ली राज्य के खिलाड़ी को अधिकतम अंक से जीत लिया। पी रजनीश जूडो के राष्ट्रीय रेफरी एवं उनके प्रशिक्षक पी सुरेश एवं श्रीमती राव के पुत्र हैं जो की भाटापारा सीबीएसई स्कूल में अध्यनरत है तथा विगत 2 वर्षों से जुडो का अभ्यास कर रहे हैं इन्होंने भी अनेक राज्य जुड़ो प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त किया है। जूडो का अभय यादव एवं पी रजनीश की इस उपलब्धि पर शारदा विद्यालय के प्राचार्य संजय ओझा छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के अध्यक्ष अरुण द्विवेदी, महासचिव ऐस आर सोनी, कोषाध्यक्ष सतीश सिंह, बलौदा बाजार भाटापारा जूडो संघ के अध्यक्ष पी सुरेश, रायपुर जिला संघ के अनीश मेनन, प्रशिक्षक गण शेख शरीफ, विजय नाग, श्वेता यादव, किरण शर्मा इत्यादियों ने बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी है।



# श्री शंकराचार्य महाविद्यालय, जुनवानी, भिलाई में युवा उत्सव का प्रारंभ



**भिलाईनगर,** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। शंकराचार्य महाविद्यालय, जुनवानी में आज 24 नवम्बर शुक्रवार को युवा उत्सव कार्यक्रम के तहत तात्कालिक भाषण में हिदी, क्विज एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी विभागों के विद्यार्थियों ने अपनी सहभागिता दी। कार्यक्रम के आगाज पर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अर्चना झा एवं डीन डॉ. जे. दुर्गा प्रसाद राव उपस्थित थे। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. श्रद्धा मिश्रा एवं उनके टीम के सदस्य डॉ. लक्ष्मी वर्मा, डॉ. सीमा द्विवेदी, श्रीमती उज्जवला भोंसले, श्रीमती ज्योति मिश्रा एवं रूबी गुप्ता उपस्थित रहीं। डॉ. अर्चना झा एवं डॉ. जे. दुर्गा प्रसाद राव ने सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. श्रद्धा मिश्रा एवं उनकी समस्त टीम को ऐसे उत्साहवर्धक एवं शिक्षाप्रद कार्य करवाते रहने के लिए प्रेरित किया।

## कहार भोई समाज कुरूद का दीवाली मिलन 27 को

**कुरूद,** 24 नवंबर। कहार भोई समाज कुरूद का दीपावली मिलन समारोह आगामी 27 नवंबर सोमवार को कार्तिक पूर्णिमा के दिन सतनाम भवन डिपो रोड़ कुरूद में दोपहर 3 बजे से रखा गया है। अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित की अपील समाज के लोगों से की है।

# खेतों में पराली जलाने पर लग सकता है जुर्माना



**धमतरी,** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। खरीफ धान फसल की कटाई पूरी होने को है। धान फसल कटाई के बाद खेत में बचे अवशेषों को जलाने की घटनाएं घटित होती रहती है, जिससे वातावरण में जहरीली गैस जैसे-गीथेन, कार्बनमोनोऑक्साईड, नाइट्रॉक्साईड के फैलने से प्रदूषण होता है, जो मानव जीवन के साथ-साथ पशु पक्षियों के लिए हानिकारक है। साथ ही फसल अवशेष जलाने से मृदा में उपलब्ध सूक्ष्म जीव के नष्ट हो जाने से मृदा की उर्वरता क्षमता कम हो जाती है और मित्र जीव जैसे-केंचुए, मकड़ी इत्यादि भी नष्ट हो जाते है। उप संचालक कृषि ने बताया कि फसल अवशेष जलाने संबंधी प्रकरण शासन के संज्ञान में आता है, तो अर्थदण्ड का प्रावधान किया गया है। इसके तहत 2 एकड़ कृषि भूमि धारक किसानों पर 2 हजार 500 रूपये, 2 से 5 एकड़ तक भूमिधारक किसानों पर 5 हजार रूपये जुर्माना तथा 5 एकड़ से अधिक भूमिधारक किसानों पर 15 हजार रूपये जुर्माना एवं सजा का प्रावधान है। उप संचालक ने किसानों से कहा है कि वे फसल अवशेष को नहीं जलायें, बल्कि उचित प्रबंधन करें। इसके लिए उन्होंने सुझाव भी दिया है।

जारी सुझाव अनुसार फसल कटाई के बाद खेत में पड़े हुए फसल अवशेष के साथ ही जुताई कर हल्की सिचाई पानी का छिडकाव करने के बाद ट्राइकोडर्मा का छिड़काव करने से फसल कटाई के उपरांत खेत में पड़े हुए अवशेष के साथ ही गहरी जुताई कर पानी भरने से फसल अवशेष खाद में परिवर्तित हो जाते है, जिससे अगली फसल के लिये मुख्य एवं सूक्ष्म पोषक तत्व प्राप्त होंगे। भूमि को फसल अवशेष से प्राप्त होने वाले कार्बनिक तत्व जो कि मृदा में मिलकर खाद के रूप में परिवर्तित होकर फसलों को मिलती है, जिससे मृदा संगठन एवं संरचना में सुधार के साथ ही भूमि की जलधारण क्षमता में वृद्धि होती है। धान के पैरे को यूरिया से उपचार कर पशुओं के सुपाच्य एवं पौष्टिक चारे के रूप में उपयोग किया जा सकता है। उप संचालक ने किसान भाईयों से अपील की है कि पराली न जलायें एवं पर्यावरण को सुरक्षित रखने में सहयोग प्रदान करें।

### जिले में 2 से 3 दिसम्बर तक शुष्क दिवस

**धमतरी,** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले की तीनों विधानसभाओं की मतगणना आगामी 3 दिसम्बर को डॉ. भोपाल राव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक रुद्री में की जायेगी। मतगणना कार्य निर्विघ्न एवं निष्पक्षता पूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋतुराज रघुवंशी ने जिले में 2 एवं 3 दिसम्बर को शुष्क दिवस घोषित किया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 24 उप-धारा (1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए संबंधित विधानसभा क्षेत्र में स्थित जिले की सभी देशी मदिरा दुकान/देशी मदिरा दुकान कम्पोजिट, विदेशी मदिरा दुकान, प्रीमियम शॉप, एफ.एल.3, होटल बार/एफ.4 (क) व्यवसायिक क्लब, मद्य भाण्डागार धमतरी को 2 दिसम्बर से 3 दिसम्बर तक बंद रखने के लिए आदेश जारी किया है।

# मणि कंचन केंद्र के पास तेंदुआ का डेरा

## वन विभाग के 6 कर्मचारी ड्युटी, पिंजरा लगाने वन विभाग में मांगी अनुमति

**गरियाबंद,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय गरियाबंद में बीते 3 दिनों से तेंदुआ ने डेरा डाला हुआ। इसके चलते मुख्यालय में दहशत माहौल है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से वन विभाग ने 6 कर्मियों की ड्यूटी भी लगाई है। लेकिन अब तक तेंदुआ पकड़ में नहीं आया है। तवज्जूद की बात है कि तीन दिनों से लगातार ड्यूटी के बाद भी अब तक वन कर्मियों को तेंदुआ नजर नही आया है, जब की लोगो को रोज अलग अलग जगह में तेंदुआ दिखाई दे रहा है। तेंदुआ को लेकर वन विभाग ने दो ट्रैप कैमरे भी लगाए हैं लेकिन इसमें भी अब तक तेंदुआ कैद नहीं हुआ है। ज्ञात हो कि सबसे पहले तेंदुआ 2 दिन पहले रात को रावण भाटा वार्ड में एक बाउंड्री वॉल पर बैठे नजर आया था जिसके बाद से लोगों ने कब्रिस्तान और मनी कंचन केंद्र के आसपास तेंदुए को विचरण करते देखा है। लगातार तेंदुए को आसपास विचरण करते देखा लोगों में डर का माहौल बन गया है वन विभाग भी अब तक को खोजने में नाकाम रहा है। लकी वन अमले की टीम लगातार आसपास के क्षेत्र में ग्रस्त कर रही है और लोगों को सतर्क रहने के लिए समझाइए भी दे रही है। मालूम है कि शुक्रवार को गरियाबंद में साप्ताहिक बाजार लगता है। वर्तमान में साप्ताहिक बाजार कब्रिस्तान के बाजू और मनी कंचन केंद्र के सामने ही लगाया जा रहा है। साप्ताहिक बाजार के दिन भी लोगों ने मनी कंचन केंद्र के पीछे तेंदुआ देखने की बात कही है।



**वन विभाग की टीम कर रही है मुनादी, लोगों से सतर्क रहने की अपील**

तेंदुए की आमद के बाद मौका स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे वन विभाग के एसडीओ मनोज चंद्राकर ने बताया कि छोटे-मोटे शिकार के चलते तेंदुए शहर की ओर आ रहे हैं। पहले की अपेक्षा आबादी बढ़ने की वजह से उन इलाकों में भी बस्तियां बन गई हैं जहां कभी जंगल हुआ करता था। जिसके कारण जंगली जानवर अब शहर और भीड़भाड़ वाले इलाके में आ रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से सतर्क रहने की अपील की। एसडीओ ने कहा कि वन विभाग की टीम सर्तक होकर गश्त कर रही है। उच्च अक्षरों से बात करके पिंजरा लगाने के लिए भी अनुमति मांगी गई है।

# आचार्य श्रीविद्यासागर को सिमगा आने का निवेदन



**सिमगा,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। संत शिरोमणि 108 आचार्य भगवन श्री विघासागर महराज से सिमगा जैन समाज ने श्रीफल भेंट कर सिमगा प्रवास करने का किया निवेदन।

आचार्य श्री विघासागर महराज चंद्रगिरी तीर्थ डोंगरगढ़ से नेवरा के लिए पद विहार कर रहे है। नेवरा नगर में 9 दिसंबर से 15 दिसंबर तक पंच कल्याणक महायज्ञ का आयोजन होना है वे डोंगरगढ़ से अपने शिष्यों के साथ पद विहार करते हुए ग्राम धारा खैरागढ़ देवकर होते हुए आज राखी ग्राम में विश्राम हेतु ठहरे है। जंहा दुर्ग विधायक अरूण वोरा ने आचार्य श्री व संघस्थ मुनियों के श्री चरणों में श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री आदिनाथ दिगंबर जैन समाज सिमगा के लोग प्रतिदिन आचार्य श्री विघासागर महराज के साथ पद विहार कर रहे है। उनको सिमगा लाने के लिए सिमगा जैन समाज पूरी तरह मेहनत कर रहा है। ताकि वे सिमगा नगर को अपने चरण कमल से पावन करें।

# बीईओ ने स्कूलों का औचक निरीक्षण किया



**सरायपाली,** 24 नवंबर( देशबंधु)। विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाशचंद्र मांझी द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला पाटसेंद्री,केदुवां शासकीय मिडिल स्कूल केदुवां, पाटसेंद्री एवं शासकीय उच्च.माध्य. विद्यालय केदुवां का आकस्मिक निरीक्षण किया गया जिसमें शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा कक्षों में विद्यार्थियों के उत्तरपुस्तिका का अवलोकन कर हैंडराइटिंग एवं उत्तर लिखने के तरीकों को देखा तथा सुलेख हेतु प्रेरित किया। विद्यार्थियों के आत्मविश्वास देखकर काफ़ी गदगद हुए। रसोईघर पहुंचकर मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता परखी गई एवं आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया और स्वच्छता,नियमित हाथ धुलाई आदि पर जोर दिया। विद्यार्थियों को भयमुक्त होकर परीक्षा में शामिल होने,मन लगाकर पढ़ने हेतु ,योजनाबद्ध तैयारी करने के लिए आवश्यक टिप्स दिए साथ ही शिक्षकों को नियमित सीखने सिखाने को जारी रखने नवाचारी गतिविधियों का कक्षा कक्ष में इंप्लीमेंटेशन करने एवं दस्तावेजीकरण करने प्रोत्साहित किया। शास. प्राथमिक शाला केदुवां में एलईडी के माध्यम से चल रहे नवाचारी गतिविधि युक्त अध्यापन कार्य की सराहना किया गया एवं सामग्रियों के उचित/व्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देशित किया गया।निरीक्षण के दौरान प्रभावी शिक्षण हेतु शिक्षकों का मनोबल बढ़ाया गया और न्यूनतम अधिगम वाले विद्यार्थियों का चिन्हांकन कर उनके जरूरतों के मुताबिक समुचित शिक्षा प्रदान करने, स्तर ऊंचा उठाने साझा प्रयत्न करने मार्गदर्शन किया और विद्यार्थियों में सीखने के प्रतिफल की संप्राप्ति हेतु फोकस करने प्रेरित किया।शास.उच्च.माध्य.विद्यालय केदुवां के प्राचार्य अरुण कुमार भोई से विद्यालय की आवश्यकता के अनुरूप व्यवस्था/प्रबंधन संबंधी आवश्यक सकारात्मक चर्चा किया गया।

# लगातार बढ़ रहे सड़क दुर्घटना के मामले

**पिछले एक सप्ताह में 5 से ज्यादा सड़क दुर्घटना फिर दो की मौत**

**खरोरा,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। 23 नवंबर को रामसिंग साहू एवं उसका दमांद गोकरन साहू अपने मोटर सायकल क्रमांक छ्त्र-11ऋत्र 3071 से आरंग गये वहा से वापस अपने घर मुडपार (संडी) आ रहे थे करीबन 11.00 बजे सुबह ग्राम खोरसी बलोदा बाजार रायपुर रोड पुलिया के पास पहुंचे ही थे की सामने से वाहन क्रमांक छ्त्र-22-ङ्क3733 तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेट कर दिया दोनो को गंभीर चोटे आई रामसिंग साहू के सिर में एवं गोकरन साहू के बाये पेर एवं शरीर में चोट आये जिसे घायल अवस्था मे ष्ट॥ष्ट खरोरा लाया गया. जहाँ चिकत्सक द्वारा दोनों को चेक किया तो रामसिंग साहू को मृत होना बताया ओर गोकरन साहू को गंभीर चोट होने से डा0 द्वारा रिफर करने पर श्री कृष्णा अस्पताल खरोरा लेकर गये। जहाँ उनकी भी मृत्यु होना बताया.वहीँ उक्त वाहन चालक मौके से फरार हो गया वहीँ खरोरा पुलिस द्वारा अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध क्रमांक 799/23 धारा 304 द्धश्च के तहत मामला दर्ज किया गया.

## निधन

### प्रेमबाई साहू

**पलारी,** 24 नवंबर। पलारी निवासी श्रीमती प्रेमबाई साहू उम्र (75 वर्ष) का आकस्मिक निधन गुरुवार रात्रि को हो गया। वे सेवानिवृत शिक्षक देवप्रसाद साहू की पत्नी और मोतीलाल साहू की मां थी। उनके अंतिम संस्कार में भारी संख्या में लोग शामिल हुए।



### डॉ. सोमनाथ साहू

**महासमुंद,** 24 नवंबर। स्थानीय अयोध्या नगर वार्ड नंबर 3 निवासी डॉ. सोमनाथ साहू 85 वर्ष का इलाज के दौरान 23 नवंबर को रायपुर में निधन हो गया। अंतिम संस्कार 24 नवंबर को महासमुंद में किया गया। वे संतोष, सचिन साहू के पिता थे।

### मुरारी दास

**जगदलपुर,** 24 नवंबर। शहर के शिवमंदिर वार्ड निवासी मुरारी दास बाणकार (75) का शुक्रवार को निधन हो गया। पिछले कुछ दिनों से वे अस्वस्थ्य थे। कुछ दिन पहले ही उन्हें उपचार के लिए जिला महारानी अस्पताल में भर्ती किया गया था। आज दोपहर लगभग 2 बजे निवास में अंतिम सांस ली। वे उत्कल समाज के फाउंडर मेम्बर थे। सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे। वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र असीम दास व अचिंत्य दास समेत भरापूरा परिवार छोड़ गए। अंतिम संस्कार प्रवीर वार्ड खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम में देर शाम किया गया। जिसमें परिजन समेत उत्कल समाज के बड़ी संख्या में लोग और शहर के गणमान्य सम्मलित हुए।



### सुकालू लोधी

**आरंग,** 24 नवंबर। केवशी लोधीपारा आरंग निवासी सुकालू लोधी (उम्र 73 वर्ष) का आकस्मिक निधन 23 नवम्बर को हो गया। वे महावीर, महादेव, ईश्वर, अश्वनी, प्रहलाद, ध्रुव लोधी के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा में नगर एवं समाज के लोग शामिल हुए।



### चंद्रिका प्रसाद शर्मा

**भिलाईनगर,** 24 नवंबर। मुकुट नगर दुर्ग निवासी चंद्रिका प्रसाद शर्मा का 81 वर्ष की उम्र में 23 नवम्बर को सेक्टर-9 अस्पताल में निधन हो गया। वे देवेंद्र शर्मा तथा श्रीमती रंजना चौबे के पिता तथा स्मृति सोसाइटी के अध्यक्ष राजीव चौबे के ससुर थे। इनकी अंतिम यात्रा 24 नवम्बर को 11 बजे उनके मुकुट नगर निवास से शिवनाथ नदी दुर्ग के लिये निकाली गई। जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया।



# पार्टी विरोधी कार्यों में संलिप्त नेताओं को ब्लॉक कांग्रेस ने दिखाया बाहर का रास्ता

**पिथौरा,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। वर्तमान पार्षद देव सिंह निषाद पार्षद तरुण पांडे व कांग्रेस नेता राजेंद्र सिंह बग्गा (राजा बग्गा) को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पिथौरा ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता के चलते किया 6 वर्षों के लिए निष्कासित! साथ ही नगर पंचायत पिथौरा के एल्डरमेन लक्ष्मीकांत सोनी को निष्कासन का प्रस्ताव जिला कांग्रेस कमेटी व जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, कांग्रेस नेता मोहित ध्रुव, अंकित बागबाहरा के निष्कासन हेतु प्रस्ताव प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजा गया!



आज उजाला पैलेस पिथौरा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष करन सिँह दीवान की उपस्थिति में संपन्न हुई जहां हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त नेताओं पर तत्काल कार्रवाई की मांग कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा रखी गई जिसके बाद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष करन सिँह दीवान ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी से महत्वपूर्ण कोई भी व्यक्ति नहीं है जिन लोगों ने पार्टी के खिलाफ कार्य किया है उन्हें तत्काल 6 वर्षों के लिए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी निष्कासित करती है साथ ही श्री दीवान ने विधानसभा चुनाव में पूरी तंमयता व ईमानदारी के साथ कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं व नेताओं का आभार व्यक्त किया एवं पुन: छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल जी के नेतृत्व में सरकार बनने के लिए बधाई दी उक्त बैठक में श्री कुलवंत खानुजा जी चुनाव प्रभारी विधानसभा बसना श्री कार्तिक राम ठाकुर अध्यक्ष मंडी बोर्ड पिथौरा श्री आत्माराम यादव के अध्यक्ष नगर पंचायत पिथौरा नरेन्द सेन सचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी श्री मुकेश यादव उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पिथौरा दिलप्रीत खनूजा जी उपाध्यक्ष नगर पंचायत पिथौरा श्री अरविंदर छाबड़ा जी जिला महामंत्री दिनेश नामदेव लेखराम दीवान, कनक तिवारी फिरोज खान, नंदू राजपूत, कमल साहू टेकू साहू देवनारायण तिवारी, जितेन्द्र सिन्हा जी विकास शर्मा डालेश्वर पटेल जी मनोज प्रधान पवन साहू देवराज ठाकुर काशीराम दीवान रेशम चक्रधारी महेश्वर पटेल युगल यादव सुदर्शन मुन्ना राजू सिन्हा खिरू पटेल सागर निषाद ज्योतिष अग्रवाल युगल यादव गंगाधर बरिहा विद्याधर पटेल गोपाल पांडे कौशल रोहिल्ला घनश्याम धाधी उमर हसन स्वतंत्र पांडे खेमराज साहू पीलेश्वर सेन सुकलाल बरिहा एवं कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जौनपुर ( यूपी ) में दिखेगा कुमारी छवि निषाद के बल्ले का जलवा

## ईस्ट जोन अन्तरविश्वविद्यालय क्रिकेट ( महिला ) प्रतियोगिता के लिए रवाना

**गंडई पंडरिया।** पद्मनाभपुर में आयोजित अन्तर महाविद्यालय किकेट (महिला) प्रतियोगिता में गंडई नगर के स्व. श्री देवी प्रसाद जी चौबे शासकीय महाविद्यालय की छात्रा कु. छवि निषाद ने अपने बल्ले का जलवा दिखाने के बाद अब उत्तर प्रदेश के जौनपुर में भी जलवा दिखाएगी।



उच्च शिक्षा विभाग छ.ग. शासन के तत्वाधान में स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय भिलाई द्वारा आयोजित अन्तर महाविद्यालय किकेट(महिला) प्रतियोगिता का आयोजन पद्मनाभपुर के मीनी स्टेडियम में संपन्न हुआ। जिसमें स्व. श्री देवी प्रसाद जी चौबे शासकीय महाविद्यालय गंडई की छात्रा कु. छवि निषाद पिता श्री विष्णुराम निषाद माता श्रीमती शिवबती निषाद कक्षा- क्रस्ञ्-द्व ने अपने बैंटिंग में शानदार प्रदर्शन करते हुए ईस्ट जोन अन्तरविश्वविद्यालय क्रिकेट(महिला) प्रतियोगिता में स्थान बनाई है। जो कि ङ्क्क्स पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर(उत्तर प्रदेश) में 24.11.2023 से 01.12.2023 तक आयोजित है। जिसमें हेमचंद यादव विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने रवानगी हो गई है। कु. छवि की उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एन.एस.वर्मा, जनभागीदारी अध्यक्ष श्री दिलीप ओगरे, कीड़ाधिकारी श्रीमती अनिता पौषार्य सहायक प्रा. टोपलाल वर्मा, गवास्कर कौशिक, प्रदीप कुमार अमिला, भागवत राम वर्मा समस्त अतिथि सहायक प्रोफेसर, समस्त स्टॉफ एवं छात्र-छात्राओं ने बधाई दिया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

### देवउठनी एकादशी व्रत पर कार्यक्रम आयोजित

**सरायपाली,** 24 नवंबर (देशबंधु)। राष्ट्रीय सेवा योजना दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लम्बर के स्वयं सेवकों द्वारा कार्तिक एकादशी देवउठनी कार्यक्रम का आयोजन जी.पी. पटेल प्राचार्य के मार्गदर्शन व आर.के. पटेल कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशन में हुआ। सर्वप्रथम जी.पी. पटेल प्राचार्य द्वारा तुलसीपूजन करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। ततपश्चात कु. प्रीति साहू दल नायिका, शशि बरिहा, रीतू पटेल, किरण चौधरी, कुशल पटेल, रुपाली वैरागी, कुंती मैत्री, नंदकुमार पटेल ने पूजा अर्चना किया। उपरोक्त कार्यक्रम में जे. के जायसवाल, बी.एल. साहू, एम.डी. मानिकपुरी एल. के. साहू, टी.आर. जायसवाल, सी. आर. जायसवाल. ए.के. विश्रा एफ. एस. बरिहा, शिव मैत्री उपस्थिति थे।

## प्रादेशिकी का शेष...

### बस वाले ने दिखाई ...

जिनमे एक नेकलेस एक मंगलसूत्र और दो कानों के झुमका सोने का साथ में चांदी के करधन और पैर पट्टी उनके अलावा नगद 13 हजार के नोट भी था पुलिस ने सूचना के बाद लगातार जांच पड़ताल करते हुए बस ड्राइवर और कंडक्टर से चर्चा होने के बाद दूसरे दिन 24 नवंबर को सुबह पुलिस थाना में सुरक्षित बैग को बस वालों ने वापस कर दिया वापस होने के बाद पुलिस ने शांति बाई को थाने बुलाकर बैग और उनके सोना चांदी तथा नगद राशि को सुरक्षित वापस किया पुलिस ने एक बड़े चोरी की घटना होने से कुंभकार परिवार को बचा लिया बैग और सामान सुरक्षित दिलाने के बाद कुंभकार परिवार ने पुलिस परिवार को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

# गौठानों में चारा-पानी की हो पर्याप्त व्यवस्था : कलेक्टर

## सभी जनपद सीईओ को दिए निर्देश



**बलौदाबाजार,** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। गौठानो में चारा पानी उपलब्धता नही होने की शिकायतों को कलेक्टर चंदन कुमार ने बड़ी गंभीरता से लिया है। उन्होंने आज बैठक कर सभी जनपद पंचायत सीईओ को गौठानो में पर्याप्त चारा-पानी की व्यवस्था करने कहा है।

कलेक्टर श्री कुमार ने दो टूक कहा कि इसके लिए हम चुनाव ड्यूटी का बहाना नहीं बना सकते चुनाव के कार्यों के साथ साथ ही गौठानो के व्यवस्था संबधित मूलभूत कार्यों को करना अनिवार्य है। इसके लिए आप सभी सचिवों की रूटीन में ड्यूटी लगवाईएं। किसी भी स्थिति में गोठान के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही उन्होने पशु चिकित्सा विभाग को सभी गोठनो में जाकर पशुओ का नियमित स्वास्थ्य चेकअप करने कहा गया है। आवश्यकता पड़ने पर आप सभी गोठनो में शिविर लगाने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन ने भी सभी जनपद सीईओ को फील्ड में जाकर निरीक्षण करने एवं प्रतिदिन रिपोर्ट करने कहा गया है। उक्त बैठक में सभी जनपद सीईओ, उपसंचालक कृषि, पशु चिकित्सा विभाग सहित पंचायत विभाग के नोडल अधिकारी गण उपस्थित रहे।

### कल से अखण्ड रामचरित्र मानस पाठ

**बलौदाबाजार,** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। मानस संघ एवं महिला मंडली बलौदाबाजार द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अखंड राम चरित्र मानस पाठ का आयोजन 26 नवम्बर से रखा गया है। कार्यक्रम 26 नवम्बर को संध्या 6 बजे से प्रारंभ हो जायेगा। जिसका की समापन दूसरे दिवस 27 नवम्बर को संध्या 4 बजे होगा। आयोजन समिति के द्वारा इस अखण्ड राम चरित्रमानस पाठ कार्यक्रम में शामिल होकर इस अवसर का लाभ उठाने की अपील श्रद्धालुजनों से की गई है।

# रियल लाइफ पब्लिक स्कूल में देवउठनी मनाया




**खरोरा,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। तुलसी पूजन दिवस मनाकर रियल लाइफ पब्लिक स्कूल खरोरा में प्रथम कार्यक्रम तुलसी पूजन के रूप में आयोजित हुई. इस कार्यक्रम में सत्य प्रवाह शिक्षा समिति रायपुर के लोगों ने सहभागिता निभाई. मौके पर विद्यालय प्रांगण में तुलसी पूजन के साथ वंदना, आरती के साथ भारत संस्कृति, योग आदि का प्रभाव एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया. कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने आने वाले जीवन को स्वस्थ एवं ज्ञान से परिपूर्ण करने के लिए तुलसी का सेवन एवं तुलसी का पूजन करने का संकल्प दोहराया. कार्यक्रम में रियल लाइफ पब्लिक स्कूल खरोरा के संस्थापक राघवेंद्र गोस्वामी उपस्थित रहे. विद्यालय परिवार में इस कार्यक्रम का आयोजन करने हेतु प्रधानाध्यापिका वैशाली गुप्ता ने संस्था को धन्यवाद ज्ञापन की. उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से विद्यार्थी के मानसिक शारीरिक एवं आध्यात्मिक संतुलन कायम रहता है एवं अपने लक्ष्य प्राप्ति हेतु आगे ठोस कदम बढ़ाने में सफल हो पाते हैं. कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रही. जिसमें स्वाति, ममता भारद्वाज, निधि वर्मा, दीपा देवांगन, पिंकी पटेल शामिल रहीं।



तुलसी पूजा एकादशी पर्व एवं अग्रीम नववर्ष
की हार्दिक बधाई
मा. भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री
मा. अनिला भेडिया
मंत्री
राजेश चुरेन्द
जनपद सदस्य व वरिष्ठ
कांग्रेस नेता जनपद
पंचायत क्षेत्र क्रं.-2, डौण्डी




तुलसी पूजा एकादशी पर्व एवं अग्रीम नववर्ष
की हार्दिक बधाई
गज्जू ज्वेलर्स
एवं रेडीमेड कपडे के विक्रेता
हमारे यहॉ सोने-चांदी के आभूषण
हॉलमार्क के गहने एवं रेडीमेड कपडे
के थोक व चिल्लर वाजीब रेट में
मिलते हैं।
गज्जू सोनी
अध्यक्ष
व्यापारी संघ,डौण्डी
दुर्गा चौक, बाजार रोड, डौण्डी (छ.ग.)




तुलसी पूजा एकादशी पर्व एवं अग्रीम नववर्ष
की हार्दिक बधाई
संजय हार्डवेयर
एवं छड़, सीमेन्ट
हाऊस
संजय बैस
जनपद सदस्य
व समाज सेवक
ज.पं. डौण्डी
ग्राम पंचायत कुसुमकसा, ब्लॉक डौण्डी,जिला-बालोद (छ.ग.)




तुलसी पूजा एकादशी पर्व एवं अग्रीम नववर्ष
की हार्दिक बधाई
देवेन्द्र सिन्द्रामे
सरपंच
ग्राम पंचायत-अडजाल
व अध्यक्ष सरपंच संघ
जनपद पंचायत-डौण्डी
तुलसी पूजा की आप
सभी क्षेत्रवासियों
को समृद्धि प्रदान करे।
पल्टू राम भुआर्य-उपसरपंच, ओमेश कुमार भुआर्य-सचिव
सोमबती साहू-रोजगार सहायक
-पंचगण-
श्रीमती मानबती रावटे, इलन कुमार पिस्दा, अशोक कुमार पिस्दा, राम्हीनबाई सिन्द्रामे, महाबती सोरी, वादूराम सिन्द्रामे, हेमबाई खवाश, सुखबाई सिन्द्रामे, रामगुलाल भुआर्य, आशाबाई पिस्दा, किरण कुमार सिन्द्रामे, टेमिन बाई कौडो,




तुलसी पूजा एकादशी पर्व एवं अग्रीम नववर्ष
की हार्दिक बधाई
तुलसी विवाह
गणेश राम श्वेता
सरपंच
धुरवाटोला
जनपद पंचायत डौण्डी
विनीत : ग्रामवासी व पंचगण धुरवाटोला




तुलसी पूजा एकादशी पर्व एवं अग्रीम नववर्ष
की हार्दिक बधाई
श्रीमति सुषमा लोहिया
सरपंच
ग्राम पंचायत-खडबतर
जनपद पंचायत-डौण्डीलोहारा
जिला-बालोद
चिंताराम चिरामें
उपसरपंच
ग्राम पंचायत-खडबतर
जनपद पंचायत-डौण्डीलोहारा
जिला-बालोद
रोजगार सहायक-अनिल कुमार नेताम, पंचायत भृत्य - संतोष कुमार
पंचगण- विष्णु राम मेरिया, आत्माराम कुरेटी, जैतराम नेताम, परमाराम कुरेटी, कृति भंडारी, तिजई बाई कुरेटी, अनिता बाई सलाम, सविता बाई कोमरे, अंमित बाई
विनीत:के.डी. मानिकपुरी
ग्राम पंचायत खडबतर, ज.पं. डौण्डी, जिला बालोद




तुलसी पूजा एकादशी पर्व एवं अग्रीम नववर्ष
की हार्दिक बधाई
श्रीमती जामबाई चुरेन्द्र
सरपंच
ग्राम पं. कोटागांव
जनपद पं. डौण्डी
जिला-बालोद
रोजगार सहायक-सुभाष कुमार सेन
पंचगण- गौरी बाई मंडावी, माखन लाल, पंचूराम उर्वसा, चेतनराम उइके, कुन्तिबाई, कुशला बाई, वंदना सेन, गोविन्द राम भुआर्य, पूर्णिमा नेताम, ग्वालू राम, भगवनी राम पिरदा, विश्राम सिंह मलेन्द, फूलकुमारी मेश्राम, अनुण पिरदा, माधवी बाई, तिलक राम, घटमिन बाई मरकाम, अमरोतिन बाई
विनीत:रामकुमार सोनवानी-सचिव
ग्राम पंचायत कोरागांव, ज.पं. डौण्डी, जिला बालोद

**खम्हारडीह में 27 को होगा मड़ई मेला का आयोजन**

**खैरागढ़,** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। ब्लॉक के समीपस्थ ग्राम खम्हारडीह में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सोमवार 27 नवम्बर को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है. वही रात्रि में ग्रामीणों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी रखा गया है. मोर मायरू नाच पार्टी छेड़िया भरदा गुरुर जिला बलोद के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. जिसमे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर मड़ई मेला का लुत्त उठाए उक्ताशय की जानकारी ग्राम पटेल बरातू राम साहू, अधिवक्ता सुरेश साहू ने दी।



# मतगणना की तैयारियों का जायजा लेने सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी अग्रवाल पहुँची

**बेमेतरा,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा सामान्य निर्वाचन – 2023 के लिए 17 नवंबर को हुए मतदान के बाद इन दिनों सभी 3 दिसंबर का इंतजार कर रहे है । जिस दिन प्रदेश की सभी 90 सीटों सहित जिले की तीनों विधानसभा साजा, बेमेतरा और नवागढ़ की मतगणना होगी और नतीजे आएंगे। जिला प्रशासन ने मतगणना के लिए व्यापक तैयारियां की है। इन्हीं तैयारियों का जायजा लेने के लिए आज कार्यालय मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ से सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती शारदा अग्रवाल और सहायक श्रीमती अंजलि शर्मा ज़िला मुख्यालय स्थित कृषि मंडी मतगणना स्थल पहुँची। उन्होंने जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों की होने वाली मतगणना की तैयारियों का अवलोकन किया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने उमा शंकर बंदे ने की जा रही तैयारियों की जानकारी दी। आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी पी.एस.एल्मा ने कहा कि विधानसभा सामान्य निर्वाचन की मतगणना 3 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से पोस्टल बैलेट की गिनती के साथ शुरू होगी। सुबह 8:30 बजे से ईवीएम में दर्ज मतों की गणना प्रारंभ होगी। उन्होंने ने कहा कि निर्वाचन अधिकारी ईवीएम स्ट्रांग रूम और जिस जगह पर पोस्टल बैलेट रखा गया है, उसकी सुरक्षा के पुख़्ता इंतज़ाम है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं नोडल क़ानून एवं सुरक्षा व्यवस्था डॉ. अनिल बाजपेयी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण निर्मल सिंह, सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

श्रीमती शारदा अग्रवाल ने मतगणना स्थल पर सीसीटीवी कैमरे तथा तैनात सुरक्षा बल, मतगणना तथा डाक मतपत्रों की गणना की तैयारियों के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने उप जिला निर्वाचन अधिकारी को मतगणना कार्य में लगे अधिकारियों सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं में लगे सभी कर्मचारियों को भी पास जारी करने कहा। उन्होंने मतगणना कक्ष में राजनीतिक दलों के एजेंटों के लिए समुचित बैठक व्यवस्था भी देखी। आवश्यक जरूरी सुझाव एवं दिशा-निर्देश दिये। उन्हें बताया गया कि उम्मीदवारों व उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं को निर्वाचन आयोग से प्राप्त मतगणना संबंधी दिशा निर्देशों की जानकारी भी दी जा रही है। श्रीमती अग्रवाल ने सुरक्षा व्यवस्था, मीडिया सेंटर में आवश्यक सुविधाओं के इंतज़ाम की बात कही।

# सौंपे गये सभी दायित्वों का पूरी जवाबदेही के साथ पालन करें: अपर कलेक्टर

**बेमेतरा,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। विधानसभा सामान्य निर्वाचन – 2023 के तहत मतों की गणना 3 दिसंबर (रविवार) को जिला मुख्यालय के कृषि उपज मंडी में होगी। जिसे लेकर जिला प्रशासन के द्वारा पूरी तैयारी की जा रही है। अपर कलेक्टर एवं संपूर्ण क़ानून एवं सुरक्षा व्यवस्था डॉ.अनिल बाजपेयी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं मतगणना श्रीमती लीना कमलेश मंडावी ज़िले में तीनों विधानसभा की मतगणना की तैयारियों को लेकर आज यहां कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में नोडल अधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर पी.एस एल्मा पिछले तीन दिनों से कृषि उपज मंडी प्रांगण मतगणना स्थल पहुँच कर वहां मतगणना संबंधी सारी व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे है। मतगणना संबंधी सभी कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दे रहे है।



■ मतगणना की तैयारियों को लेकर बैठक

इसी कड़ी में आज नोडल अधिकारियों की बैठक हुई। अपर कलेक्टर डॉ.बाजपेयी ने कहा कि कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा मतगणना संबंधी सौंपे गये सभी दायित्वों का पूरी जवाबदेही के साथ काम करें। उन्होंने पुलिस प्रशासन से भी समन्वय कर काम करने की बात कही। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, तीनों विधानसभा क्षेत्र के एसडीएम एवं रिटर्निंग ऑफिसर बेमेतरा सुश्री सुरूचि सिंह, साजा विश्वास राव मास्के, नवागढ़ भूपेन्द्र जोशी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी उमाशंकर बंदे, डिप्टी कलेक्टर धनराज मरकाम, सुश्री पिंकी मनहर, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

उन्होंने मतगणना कक्षों में काउंटिंग टीम व काउंटिंग एजेंट्स की एंट्री, पोस्टल बैलेट की काउंटिंग व्यवस्था, टेबुलेशन, डाटा एंट्री आदि की तैयारियों के संबंध में भी समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मतगणना कक्षों सीसीटीवी कैमरा, विद्युत व्यवस्था बाधित ना हो इस बात का ख्याल रखने और सभी संबंधित बिजली सप्लाई उपकरण दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने मीडिया सहित सभी अधिकारी-कर्मचारियों को पेयजल, चाय-नाश्ता की व्यवस्था की बात कही। उन्होंने कहा कि मतगणना से संबंधित अधिकारियों-कर्मचारियों का 28 नवंबर को इसी सभा कक्ष में दो पालियों में प्रशिक्षण होगा। सभी उपस्थित रहे।

# एसपी ने कृषि उपज मण्डी बेमेतरा परिसर में स्थित स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**बेमेतरा,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता (भा.पु.से.) ने कृषि उपज मण्डी बेमेतरा परिसर में स्थित स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान एसपी बेमेतरा ने सुरक्षा बलों की डियूटी, बैरिकेडिंग आदि के संबंध में चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होने कृषि उपज मण्डी बेमेतरा स्ट्रांग रूम परिसर में तैनात जवानों को सजगता के साथ स्ट्रांग रूम की निगरानी करने के निर्देश दिये। विधानसभा निर्वाचन की मतगणना रविवार 3 दिसम्बर 2023 को सुबह 08 बजे से की जायेगी। एसपी ने मतगणना कार्य के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की तैयारी के संबंध में समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये हैं। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, प्रशिक्षु डीएसपी बृज किशोर यादव, रक्षित निरीक्षक मनीष राजपूत, थाना सिटी कोतवाली बेमेतरा प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार सिन्हा एवं संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।



**बेमेतरा,** 24 नवंबर। जिला के मोहभट्ठा वार्ड नंबर 06 में देवउठनी एकादशी (तुलसी विवाह) पर्व के उपलक्ष्य मे गौरीङ्गगौरा रख रात भर पूजा अर्चना किया गया और दूसरे दिन भक्तो ने झूमते नाचते सोटा के साथ गौरी गौरा को विदाई दिया और साथ में बहनों एवम माताओं द्वारा मंगल गीत गायन किया गया। जिसमे संतोष ठाकुर, दाऊ ठाकुर, तिलक ठाकुर, कैलाशू ध्रुव, बलराम ध्रुव, कृष्णा ठाकुर, रामू ठाकुर, भुरू ठाकुर व समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे ।

# किराना सामान लेने आई महिला के थैले से अज्ञात चोर ने दिनदाहड़े 10 हजार किया पार

**डौण्डी,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। नगर के बाजार पारा किराना दुकान में शुक्रवार की दोपहर को सामान लेने आई महिला के झोला से अज्ञात चोर ने 10 हजार रुपए पार कर दिया सूचना पर पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच पड़ताल शुरू कर दिया है।जानकारी के अनुसार ग्राम छिदगांव की महिला ललिता बाई रावटे पति सीताराम हल्बा शुक्रवार को करीब 12 बजे डोडी के भारतीय स्टेट बैंक शाखा से 10 हजार रुपये निकाल कर किराना सामान खरीदने बाजार पारा के राजेंद्र किराना स्टोर्स पहुंची सामान लेने के बाद पैसा देने के लिए झोला में हाथ डाली तब उसका दस हजार नोटों का बंडल गायब था। जिससे कुछ समय के लिए ललिता बाई के होश उड़ गए महिला की सूचना पर डोडी पुलिस धारा 379 के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है। टीआई सुनील तिर्की ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में देखने से पता चल रहा है कि चोर बैंक से ही महिला का पीछे लगा हुआ था। पैसा चुराने के बाद वह मेन रोड की ओर जाता हुआ नजर आ रहा है। हम सीसी टीवी फुटेज खगाल रहे हैं जल्द ही चोर पुलिस गिरफ्त में होगा।



■ पुलिस सीसी टीवी फुटेज खंगाल रही

# फसल कटाई के अंतिम चरण की प्रमुख रस्म है बढ़ोना

**गुरुर,** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। ग्रामीण क्षेत्र में फसल कटाई के दौरान एक पुरानी परंपरा बढ़ोना आज भी कायम है। बढोना को किसान एक उत्साह की तरह ही मानते हैं।

बता दे कि नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों फसल कटाई कार्य अंतिम चरण पर है, जबकि मिंजाई के बाद अधिकांश किसान धान को सीधे ही खरीदी केंद्र तक पहुंचा रहे हैं। कुछ किसान धान में नमी की वजह से गांव की गलियों में एवं अन्य स्थानों पर सुखा रहे हैं ताकि सूखने के बाद केंद्र तक पहुंचा सके।



गुरुर विकासखंड के ग्राम भेजामैदानी, ठेकवाडीह, नवागाँव, कुलिया, अर्जुनी, सोरर सहित अन्य गाँव मे किसान बढ़ोना की परंपरा का निर्वहन आज भी कर रहें है। इस दिन किसान धान की फसल को काटने के बाद बढ़ोना कर अन्न माता की पूजा अर्चना कर फसल उत्पादन में वृद्धि एवं सुख, शांति व समृद्धि के लिए कामना करते हैं।

ग्राम भेजा मैदानी के किसान सातो बाई, अनीता साहू ने बताया कि फसल के अच्छे उत्पादन के लिए किसान धान की कटाई के बाद खेत के एक कोने मे फसल के एक छोटे से हिस्से को बचा लेते है। वहाँ पर धान काटने मे प्रयुक्त होने वाले औजारों को रखा जाता है। विधि विधान से अन्न माता व कृषि औजारों की पूजा अर्चना की जाती है। पूजा मे विशेष रूप से मुर्रा, मिक्कर नारियल, मिठाई का प्रसाद का भोग लगाकर वितरण किया जाता है।

**मौसम की बेरुखी से खेतों में ही कर रहे मिजाई**

क्षेत्र के किसान केवल साहू, धन्नजय सिन्हा, रूपेंद्र नेताम ने बताया कि क्षेत्र में अब फसल कटाई अंतिम चरण पर है, कुछ गांव में फसल कटाई नहीं होने के कारण किसान चिंतित है क्योंकि वर्तमान में आसमान में बादल छाए रहने से बारिश, कीट एवं बीमारी का प्रकोप बढ़ने से इसका सीधा असर फसल उत्पादन पर पड़ेगा। वही मौसम में परिवर्तन को देखते हुए अधिकांश किसान खेतों में ही थ्रेसर मशीन को ले जाकर मिजाई करवा रहे हैं।

# केसीजी जिले में अब तक 5 लाख 89 हजार क्विंटल की गई धान खरीदी

**कलेक्टर ने लिया धान मिलर्स की बैठक, दिया नियमित धान उठाव के निर्देश**

**खैरागढ़,** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। केसीजी जिले के सभी 51 धान उपार्जन केन्द्रों में नियमित रूप से धान की खरीदी सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है. कलेक्टर गोपाल वर्मा ने खरीफ फसल के वर्ष 2023 24 के लिए जिले के सभी धान उपार्जन केन्द्रों में सुचारू रूप से धान की खरीदी के लिए नियमित उठाव के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में राइस मिलर्स की बैठक लिया गया कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बैठक में आवश्यक निर्देश देते हुए संबंधित विभागीय अधिकारी व जिले के अनुबंधीय मिलर्स उपस्थित थे.कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बैठक में धान खरीदी से संबंधित विभागीय अधिकारियों व जिले के अनुबंधित मिलर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी उपार्जन केंद्रों में सुचारू रूप से धान की खरीदी किया जा रहा है. मिलर्स नियमित रूप से धान उठाएं उन्होंने आगे कहा कि उपार्जन केन्द्रों में अधिक संग्रहण, स्थान अभाव अथवा किसी भी अन्य स्थिति में धान खरीदी कार्य बाधित न होने पाए कलेक्टर ने अनुबंधित मिलर्स से धान उठाव के लिए आवश्यक बैंक गारंटी शीघ्र जमा कर उपार्जन केंद्रों से बिना अविलंब करे धान उठाव के भी निर्देश दिया इस अवसर पर उपस्थित सभी मिलर्स ने अपनी सहमति व्यक्त की है अभी तक धान उठाव के लिए सुचारू रूप से संचालन कलेक्टर ने जिले के 10 मिलर्स को अनुमति प्रदान की है. इसमें से 4 मिलर्स ने बैंक गारंटी जमा करके 1 हजार 6 सौ चिंटल धान उठाव कर लिया है. बैठक में कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश में जिला खाद्य अधिकारी भुनेश्वर चेलक ने जानकारी देते हुए बताया कि अब तक की स्थिति में जिले में कुल 5 लाख 89 हजार चिंटल की धान खरीदी 51 उपार्जन केंद्रों के माध्यम के कर ली गई है. इसमें मोटा धान 1 लाख 44 हजार चिंटल, पतला धान 3 लाख 21 हजार चिंटल व सरना 1 लाख 23 हजार चिंटल धान की खरीदी की गई है. धान के उठाव के लिए भी निर्देशित किया है. इस दौरान जिला खाद्य अधिकारी भुनेश्वर चेलक, नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक नीलिमा ठक्कर, जिला विपणन अधिकारी चंद्रपाल दीवान, फूड इंस्पेक्टर विनोद सागर सहित जिले के जेएन राइस मिल, बीबीसी राइस मिल, महावीर राइस मिल, अमृत राइस मिल, ओमेग्रा इंडस्ट्रीज, वृद्धि इंडस्ट्रीज, शांति इंडस्ट्रीज के संचालक व उनके प्रतिनिधि उपस्थित हुए थे.



# राष्ट्रीय पर्व संविधान दिवस का होगा भव्य आयोजन

**राजनांदगांव,** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। भारत का संविधान दस्तावेज ही नही हर भारतीयों के लिए पवित्र ग्रंथ का प्रतिरूप है। हर वह भारत का नागरिक संवैधानिक व्यवस्था और लोकतंत्र को अक्षुण रखने कृत संकल्पित रहता है और गौरांवित भी। इस महान दिन के स्मरण और संस्मरण को अभिवक्त करने के लिए अनेकों संगठन राष्ट्रीय पर्व संविधान दिवस भव्य आयोजन की तैयारियों मे जुट गया है जिसमे अनुचूचित जाति जनजाति अधिकारी कर्मचारी संघ (अजाक्स), बौद्ध कल्याण समिति, सर्व आदिवासी समाज, जिला सतनाम सेवा समिति, रविदास समाज, सर्व पिछड़ा वर्ग समाज तथा धार्मिक अल्पसंख्यक समुदाय के संयुक्त तत्वावधान में 26 नवंबर 23 को भारतीय संविधान दिवस का भव्य आयोजन किया जाएगा. अजाक्स के मीडिया प्रभारी इंजी. प्रदीप रामटेके ने एक विज्ञप्ति में बताया है कि *26 नवंबर रविवार को सुबह 9 बजे कलेक्ट्रेट परिसर राजनांदगांव में संविधान निर्माता बाबा साहब आम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद संविधान रैली निकाली जाएगी जो विभिन्न वार्डों तथा शहर में भ्रमण कर सिविल लाइन स्थित आम्बेडकर सांस्कृतिक भवन में पहुंचकर सभा में बदल जाएगी. यहां पर समय दोपहर 2 बजे से संविधान दिवस पर वैचारिक सभा का भव्य आयोजन होगा.इस अवसर सभी संविधान प्रेमियों और सभी नागरिकों,सम्मानित प्रबुद्धजनों से उपस्थिति होने की अपील की गई है.




# पंचायत सचिव व आंगनबाड़ी कार्यकर्ता निलंबित

**डोंगरगांव** (देशबन्धु) ब्लॉक के ग्राम आसरा में सेप्टिक टैंक में गिरने से मासूम की मौत होने के मामले में प्रथम दृष्टया दोषी पाये जाने पर ग्राम पंचायत आसरा के सचिव तथा आंगनबाड़ी केन्द्र की महिला कार्यकर्ता को निलंबित कर दिया गया है। घोर लापरवाही के कारण घटी इस घटना की गूंज जिले भर में होने के बाद कल शाम अचानक शासन प्रशासन जागा और घटना की जांच के लिए रात में ही जनपद पंचायत के सीईओ तथा महिला बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी ने गांव में दबिश दी और घटना की जांच सहित पीड़ित पक्ष से बात की। जिसके बाद जिम्मेदारी तय की गई।

■ आसरा के सेप्टिक टैंक में गिरने से मासूम की मौत का मामला

बता दें कि ब्लॉक के सबसे बड़े ग्राम आसरा में कल दोपहर एक मासूम भरत आ. सतीश कुमार कंवर की आंगनबाड़ी केन्द्र के सेप्टिक टैंक में गिरने से मौत हो गई थी। सेप्टिक टैंक में कई महिनों से ढक्कन ही नहीं था, लेकिन न तो इस ओर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने ध्यान दिया और न ही ग्राम पंचायत के जिम्मेदार लोगों ने कभी इसकी सुध ली। बताया जाता है कि मासूम के गिरने की जानकारी उनके दादा को होने पर मासूम को तुरंत सेप्टिक टैंक से निकालकर स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया, परन्तु तब तक मासूम की सांसे थम चुकी थी। सेप्टिक टैंक में मासूम की गिरने से हुई मौत की खबर चारों ओर फैलने पर इसके जिम्मेदार लोगों पर कार्यवाही की मांग उठने लगी। तब देर रात को जनपद पंचायत के सीईओ तथा महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी गांव में पहुंचे और मामले की जांच की। जिसके बाद आज घटना के लिए प्रथम दृष्टि में दोषी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अनुसूइया करियाम तथा ग्राम पंचायत आसरा के सचिव किशन कोलियारा को निलंबित करने के आदेश दिये गये हैं।

# मितानिन बहनों को मितानिन दिवस की ढेर सारी बधाई एवं शुभकामनाएं: शिव वर्मा

**राजनंदगांव,** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष शिव वर्मा ने 23 नवंबर को मितानिन बहनों को मितानिन दिवस की ढेर सारी बधाई देते हुए कहा कि 23 दिसंबर को हर साल मितानिन दिवस मनाया जाता है।



श्री वर्मा ने आगे कहा कि शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण क्षेत्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को नीचे स्तर तक घर-घर तक जानकारी देने में मितानिन बहनों की सबसे बड़ी भूमिका होती है उनके कार्य के अनुपात पर इन्हें मानदेय नहीं मिलता इसके बाद भी वह अपने कार्य सेवा भाव के साथ हर समय सेवा कार्य करने के लिए खड़े रहते हैं। मितानिन बहन समय-समय पर तथा अलग-अलग मौसम पर होने वाली बीमारियों की भी जानकारी घर-घर तक पहुंचते हैं। गर्भवती महिलाओं पर परिवार से भी ज्यादा ध्यान रखते हैं। मितानिनों के द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में बच्चों को टीका लगने से लेकर, गर्भवती महिलाओं की देखरेख करना, अस्पताल ले जाना, जच्चा-बच्चा को स्वस्थ रखने के लिए पोषण आहार संबंधी जानकारी देने का काम जिम्मेदारी से किया जाता है। ग्राम पंचायत के सचिव रोहिणी जगत ने कहा कि मितानिन ग्रामीण भारत की स्वास्थ्य जीवन रेखा है इनकी निस्वार्थ सेवा प्रेरणादायी है। ये गांव की प्रथम चिकित्सक के रूप में जानी जाती है। प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग की जितनी योजनाएं है उन्हें जन-जन तक पहुंचाकर उसका लाभ दिलाने का कार्य भी मितानिन करते है। कोरोना काल में घर-घर जाकर लोगों की स्वास्थ्य की जानकारी, लोगो को कोविड के टीकाकरण के लिए भी जागरूक किया गया ऐसे विषम परिस्थितियों में भी मितानिनों ने धैर्य बनाकर कार्य किया और लोगों को जागरूक किया वास्तव में ये योद्धा है। आज मितानिनों के परिश्रम से स्वास्थ्य की प्राथमिक सुविधाओं का लाभ गांव के लोगों को प्राप्त हो रहा है। मितानिनों का सम्मान हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मितानिन बहनो को उनके कार्य के लिए सबके मन में एक सम्मान के भाव होना चाहिए। जिससे वह अपने कार्य के प्रति और भी अधिक गंभीर होकर कार्य करें।

उल्टा पुल्टा

मुझे भी देखने दो, किसका एक्सीडेंट हुआ है? पप्पू भीड़ को हटाते हुए बोला, जब कोई हटा नहीं, तो वह चिल्लाता हुआ बोला- जिसका एक्सीडेंट हुआ है, मैं उसका बाप हूं।
रास्ता मिल गया और पप्पू ने देखा तो एक गधा मरा पड़ा था।

# लाल ईंटों से बना रहे हैं सरकारी भवन, विभाग उदासीन, धड़ल्ले से चल रहा अवैध कारोबार

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। शासन ने सभी निर्माण कार्य फ्लाईऐश ईंट से किए जाने का निर्देश किया है। इसके बाद भी कई शासकीय निर्माण कार्य आज भी लाल ईंटों से किया जा रहा है। लेकिन प्रशासन किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं कर रहा है जिससे निर्माण ऐजेंसी शासकीय नियमों व कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं। वही प्रशासन कार्यवाही न कर मूक दर्शक बना हुआ है।

ऐसा ही मामला कसडोल जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत देवतराई के आश्रित ग्राम बासिनपाली व ग्राम पंचायत बया में पंचायत की कार्य एजेंसी में आंगनवाड़ी भवन का निर्माण लाल ईंटो व बीम कालम में 8 से 10 एमएम की छड़ का उपयोग किया जा रहा है। इन निर्माणधीन



आंगनवाड़ी भवन में सरकारी मापदंडों को ताक में रखकर भवन निर्माण किया जा रहा है। घटिया निर्माण कार्य से आंगनबाड़ी भवन में पढ़ने आने वाले नैनिहाल बच्चों की शिक्षा, जिंदगी के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है जिससे ग्रामीणों में रोष ब्याप्त है। वही इस संबंध में मुख्यकार्यपालन अधिकारी कसडोल हिमांशु वर्मा ने कहा कि यदि ऐसा निर्माण हो रहा है तो निश्चित तौर में गलत है स्थल निरीक्षण कर जांच टीम गठित की जाएगी सही पाए जाने पर मूल्यांकन सत्यापन रोका जायेगा व नियमानुसार उक्त पंचायतों के ऊपर कार्यवाही की जावेगी। फ्लिहाल लाल ईंट से निर्माण होते देखकर भी अधिकारी कार्रवाई से बचते रहे हैं। निर्माण एजेसीं लाल ईंट का प्रयोग करती है, जबकि फ्लाईऐश ईंट का बिल लगाकर रकम निकाला भी जा सकता है। अन्ततः ऐसे निर्माणो से निर्माण कार्य की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है।

# हाई टेंशन तार के ऊपर सूखा पेड़ गिरने से सार्ट सर्किट सुन्दरकेरा के किसान के पैरावट में लगी आग



## पैरावट जलकर खाक, किसान ने की मुवावजे की मांग

**नयापारा राजिम,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। नवापारा क्षेत्र के समीप एक किसान के पैरावट में अचानक आग लग गई। आग लगने का कारण हाई टेंशन तार के ऊपर सूखा पेड़ गिरने से सार्ट सर्किट हो जाने से प्रारावट में आग लग गई। लोगों द्वारा आग बुझाने का काफी कोशिश की गई, पर वे सफल नहीं हुए और पूरी पैरावट जलकर राख हो गई।

दरअसल क्षेत्र में इन दिनों धान कटाई का काम जोरों से चल रहा है। किसान धान की कटाई के बाद पैरा को अपने घर एवं ब्यारा में सुरक्षित कर रख रहे हैं। ग्राम सुंदरकेरा के किसान झड़ीराम साहू और रामचंद पिता भगवानी साहू ने अपने ब्यारा में पैरावट को सुरक्षित रखे थे। इस दौरान शार्ट सर्किट होने से पैरा में आग लग गई। देखते ही देखते आग की पलटे बढ़ती चली गई।

झड़ीराम साहू और रामचंद दोनों भाईयों ने आसपास के लोगों को मदद के लिए बुलाए और इसकी जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस और किसानों ने टैंकर व पास ही कुंए के पानी से आग बुझाने का प्रयास किए, लेकिन वे सफल नहीं हुए और पैरावट जलकर राख हो गई।

बताया जा रहा है कि खेत के पास हाईटेशंन तार निकली हुई है। जिसमें अचानक पेड़ टूटकर बिजली के पोल पर गिर गया और बिजली पोल पैरावट में गिर गया। जिससे शार्ट सर्किट हाने से पैरावट में आग लग गई। पैरावट मालिक झड़ीराम साहू और रामचंद साहू ने प्रशासन से मुआवजा देने की मांग की है।

# दूर के रिश्ते के देवर ने भाभी से किया दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**नवापारा राजिम,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। अंचल में रिश्ते को शर्मसार करने का मामला सामने आया है। दरअसल दूर के रिश्तेदार ने महिला से दुष्कर्म किया है। मामले में पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। मामला गोबरा नवापारा थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार नवापारा थाना में पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि करीब 4 महीने पहले वो घर पर अकेली थी। इसी दौरान उसके दूर का रिश्तेदार लल्ला उर्फभूपेन्द्र साहू उसके घर पहुंचा। उसे अकेला देखकर देवर की नीयत बिगड़ गई। उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी ने पीड़िता को डराया धमकाया और घटना की जानकारी किसी से कहने पर पति और बच्चों को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी।



**पीड़िता ने दर्ज कराई रिपोर्ट**- पीड़िता ने लोक-लाज और आरोपी के डर से उस समय घटना के संबंध में किसी को कुछ नहीं बताई। लेकिन वो काफी तनाव में थी। इसके बाद उसने हिम्मत कर परिजनों को घटना की जानकारी दी। तब जाकर घर वालों के कहने पर महिला ने गुरुवार को नवापारा थाना पहुंचकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराया।

**आरोपी गिरफ्तार, आगे की कार्रवाई में जुटी पुलिस**- गोबरा नवापारा थाना प्रभारी आशीष राजपूत ने बताया कि महिला की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामला करीब 4 महीने पुराना है। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस द्वारा आरोपी को अपराध क्रमांक 417/ 2023 धारा 376 ,506 भादवी आरोपी लल्ला उर्फभूपेंद्र साहू उम्र 23 वर्ष साकिन खोलीपारा नवापारा थाना गोबरा नवापारा को गिरफ्तार कर न्यायालय रायपुर रिमांड हेतु भेजा गया।

# मतगणना की तैयारी से सबंधित सभी कार्य समय पर पूर्ण कराएं : कलेक्टर

**बलौदाबाजार,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चंदन कुमार ने शुक्रवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में मतगणना की तैयारी से जुड़े नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने मतगणना की तैयारी के लिए नियुक्त नोडल एवं साहायक नोडल अधिकारियों को सौंपे गए कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

विधानसभा आम निर्वाचन 2023 अंतर्गत जिले के तीनों विधनसभा क्षेत्र के लिए मतगणना 3 दिसंम्बर 2023 को नवीन कृषि उपज मण्डी परिसर बलौदाबाजार में किया जाएगा। मतगणना की तैयारी हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त कर जिम्मेदारी सौंप दी गई है। मतगणना दल गठन, नियुक्ति, मतगणना दलों का रेंडमाइजेशन एवं मानदेय वितरण के लिए नोडल अधिकारी सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन एवं सहायक नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर श्री नितिन तिवारी को बनाया गया है। इसीप्रकार



## नोडल अधिकारियों की बैठक सम्पन्न

मतगणना स्थल एवं बाहर कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपर कलेक्टर श्री वीसी एक्का को नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर अरूण कुमार सोनकर को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। मतगणना एवं अन्य महत्वपूर्ण गतिविधियों की फोटोग्राफी के लिए अपर कलेक्टर अनुपम तिवारी को नोडल एवं अधीक्षक भू अभिलेख श्रीमती चित्ररेखा चंद्रवंशी, विकास कुमार गढेवाल, सुश्री चंचल यादव को साहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है। मतगणना पश्चात ईवीएम वीवीपैट की सीलिंग, स्ट्रांग रूम किंसिलिंग के लिए संयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोंण्डे, मतगणना दलों के प्रशिक्षण के लिए जिला शिक्षा अधिकारी तथा प्रेक्षक, आरओ एवं एआरओ की बैठक व्यवस्था एवं मीडिया सेंटर निर्माण आदि के लिए आरईएस के एसडीओ को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी तरह मतगणना स्थल में 24 घंटे अबाधित विद्युत व्यस्था साउंड सिस्टम के लिए सीएसपीडीसीएल, आईटी सेक्शन में व्यस्था हेतु जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, मतगणना सम्बंधित सभी आवश्यक व्यवस्था, मतगणना स्थल में सामग्री लाने ले जाने हेतु कर्मचारियों की डियूटी लगाने हेतु सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, मीडिया सेंटर में आवश्यक व्यवस्था हेतु उप संचालक जनसम्पर्क, मतगणना कार्य मे लगे अधिकारी-कर्मचारियों के पास जारी करने हेतु जिला पंजीयक, पेयजल व्यवस्था हेतु पीएचई के ईई, अग्निशमन व्यवस्था हेतु जिला नगर सेनानी, मोबाईल जमा काउंटर हेतु उप संचालक समाज कल्याण, चिकित्सा व्यवस्था हेतु सिविल सर्जन डॉ आर के अवस्थी को नोडल अधिकारी बनाया गया है। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन अपर कलेक्टर द्वय श्री वीसी एक्का एवं अनुपम तिवारी, संयुक्त कलेक्टर मिथलेश डोण्डे, डिप्टी कलेक्टर अरुण कुमार सोनकर, नितिन तिवारी सहित सभी नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

# वाहन चालकों से यातायात नियमों का पालन करने यातायात पुलिस द्वारा की गई अपील

**धमतरी,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमति मधुलिका सिंह के मार्गदर्शन में उप पुलिस अधीक्षक यातायात मणीशंकर चन्द्रा यातायात के द्वारा विगत दिनों में केशकाल घाटी में मरम्मत कार्य प्रगति में होने से सभी वाहनों को बोरई, सिहावा, धमतरी की ओर डायवर्ट किया गया है, जिससे जिले में यातायात के दबाव अत्यधिक बढ़ गया है, यातायात का दबाव बढ़ने से सड़क दुर्घटना घटित हो रही है, जिससे असमायिक मौतों को रोकने एवं सड़क दुर्घटना में कमी लाने 23 नवम्बर को यातायात अधिकारियों की बैठक ली गई, बैठक में उप पुलिस अधीक्षक यातायात मणिशंकर चन्द्रा के द्वारा अधिकारियों को शहर में नियमित पेट्रोलिंग करने, मार्ग में अनावश्यक नो पार्किंग में खड़े वाहनों को हटाते हुए कार्यवही करने, ओवर स्पीड से चलने वाले वाहन चालकों पर स्पीड रडार से कार्यवाही करने, नियमित शराब सेवन



कर वाहन चलाने वाले पर कार्यवाही करने, मार्ग में अतिकमण कर व्यवसाय करने वाले व्यवसायियों को सड़क से हटाने, चालानी कार्यवाही के दौरान बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट, तीन सवारी वाहन चालकों को समझाईश देते हुए यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने, शहर के चौक-चौराहों में, लगे सिग्नलों पर रूकने वाले वाहन चालकों को नियमों का पालन कराने निर्देशित किया गया है। नवबंर माह में यातायात के विभिन्न धाराओं के विरूद्ध उल्लंघन करने वाले 669 वाहन चालकों पर कार्यवही की गई है। 3 दिसम्बर को भोपाल राव पालिटेक्नीक कालेज में होने वाले मतगणना दिवस को सुगम सुरक्षित यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया है, जिससे मतगणना स्थल में आने वाले प्रत्याशी, समर्थक एवं मतगणना ड्यूटी में तैनात अधिकारी कर्मचारियों को सुव्यवस्थित पार्किंग, निर्बाध यातायात व्यवस्था मिल सके।

यातायात पुलिस आमजनों एवं वाहन चालकों से की है, कि यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहनों का संचालन करें जिससे सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जा सके। आपकी सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी, जिम्मेदारी निभाने में हमारा सहयोग करें।

# एसपी ने गठित किया ट्रैफिक के लिए हेल्पलाइन डेस्क, डीएसपी ट्रैफिक को बनाया इंजार्च

**महासमुंद,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। नगर में बेतरतीब यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह ने नागरिकों की मांग पर हेल्पलाइन डेस्क गठित किया है और इंजार्च डीएसपी ट्रैफिक को बनाया है। दो दिनों पूर्व नगर में घटित दुर्घटना ने यहां के नागरिकों को झकझोर दिया है और लगातार बायपास सड़क की मांग होने लगी है। बायपास की ओर राजनीतिक दलों द्वारा ध्यान नही देने से नागरिक खासे नाराज है यह मांग एक-दो साल की नही बल्कि दो दशक से भी ज्यादा पुरानी है और सिर्फ सर्वे तक सिमटकर रह गया है। शहर के मध्य अनेक दुर्घटनाओं के बाद नागरिकों ने कलेक्टर, एसपी से मुलाकात कर अनेक बिंदुओं पर चर्चा करते हुए यातायात व्यवस्था को खास रेखांकित किया। एसपी धर्मेन्द्र सिंह ने ट्रेफिक व्यवस्था में सुधार लाने बिंदुवार चर्चा को और नागरिकों को आश्वस्त किया कि ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने उपाय करेंगे। इसी सिलसिले में उप पुलिस अधीक्षक यातायात को नागरिकों से संवाद स्थापित करने डेस्क इंजार्च बनाकर मोबाईल नंबर जारी किया है। नागरिक यातायात से संबंधित जानकारी 94791-92307 व पुलिस नियंत्रण कक्ष 07723-223155 जारी किया है। एसपी ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे यातायात नियमों का पालन कर दुर्घटना से बचे।



# प्रकाश पर्व पर सर्व समाज समन्वय महासभा हुए शामिल



**महासमुंद,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। गुरु नानक देव जी के जयंती के अवसर पर लोहिया चौक में सर्व समाज समन्वय महासभा द्वारा 14 नवंबर से 25 नवंबर तक आयोजित सामाजिक सद्भावना कार्यक्रम में प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रदेशाध्यक्ष आर पी भतपहरी, महासचिव एस आर बंजारे, प्रदेश प्रतिनिधि एस एल सोनवानी, नुतन कुर्रे, रायपुर शहर अध्यक्ष सुभाष कोसरे, जिलाध्यक्ष विजय बंजारे, सचिव रेखराज बघेल व सेवानिवृत्त अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पाटले शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासमुंद के वरिष्ठ समाजसेवी दाऊलाल चंद्राकर ने किया। सबसे पहले गुरु नानक देव जी व गुरु ग्रंथ में मत्था टेककर गुरु घासीदास जी के छायाचित्र पर दीप जलाकर स्मरण किया। गुरु नानक देव जी व गुरु घासीदास बाबा जी के सामाजिक समानता के लिए किए गए कार्यों पर व्याख्यान देते हुए आर पी भतपहरी ने कहा कि गुरु नानक देव जी ने मानव समाज के समानता के लिए सिक्ख धर्म की स्थापना किया जो सत् को मानव समाज में जागृत किया। जिसके अनुशरण करते हुए सिक्ख समाज के लोग मानव समाज के लिए सेवा भाव से काम कर रहे हैं। जिसका सबसे बड़ा उदाहरण अमृतसर के स्वर्ण मंदिर है जहां किसी प्रकार की जाति, धर्म व अमीर गरीब का भेद.भाव नहीं किया जाता है। ठीक इसी प्रकार छत्तीसगढ़ में अवतरित गुरु घासीदास बाबा ने भी सत के राह में चलने व मानव मानव में भेद नहीं करने की ज्ञान दिया। वरिष्ठ समाज सेवी दाऊलाल चंद्राकर ने कहा कि गुरु नानक देव जी तो हिंदू मुस्लिम सभी के बीच भाईचारा चाहते थे। और विभिन्न धर्म के कट्टरपंथीयो की आलोचना करते हुए सिक्ख धर्म की स्थापना किया। गुरु घासीदास जी ने मानव समाज में समानता का अलख जगाया। आज जब धर्म , जाति के नाम से कुछ लोग अपने फायदे के लिए जनता को आपस में लड़ाया जा रहा है तो ऐसे में गुरु नानक देव जी और गुरु घासीदास बाबा के विचारों को मानव समाज में ज्यादा से ज्यादा प्रचारित कर आत्मसात करने की जरूरत है। इस अवसर पर सर्व समाज समन्वय महासभा के प्रदेशाध्यक्ष संजीव कर्माकरए, तिलक साव, मोहंती, नारी शक्ति मंडल के सदस्य, सिक्ख समाज के प्रबुद्ध जन व सर्व समाज के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे। उपस्थित अतिथियों समाज प्रमुखों द्वारा सर्व समाज के सामाजिक सद्भावना के लिए किए आयोजन की प्रशंसा किया गया।

# श्रीहरि विष्णु एवं श्रीमहादेव शिवजी का चतुर्दशी को होगा मिलन, साल में एक बार आता है यह पर्व

**नवापारा राजिम,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। श्रीराजीव लोचन मंदिर में बैकुंठ चतुर्दशी पर्व पर इस वर्ष भव्य जुलूस निकलेगी। ज्ञात हो कि, वर्ष में केवल एक दिन श्रीहरि विष्णुजी एवं श्रीमहादेव शिवजी का मिलन इस तिथि को होता है जिसे हरिहर मिलन कहा जाता है। पूरे वर्ष में केवल इसी दिन शिवशंकर भोलेनाथ में तुलसीदल चढ़ाया जाता है एवं श्रीहरि विष्णुजी पर बिल्व पत्र चढ़ाने का नियम है। इस पावन पर्व को इस वर्ष भव्य रूप देने के लिए श्रीराजीवलोचन मंदिर ट्रस्ट कमेटी, पुजारी समिति राजिम द्वारा 26 नवंबर रविवार को मनाना निश्चित किया गया है



आयोजक समिति के अनुसार रविवार को दोपहर 3 बजे श्री राजीव लोचन मंदिर से श्रीबालाजी भगवान को डोला सजाकर श्रीकुलेश्वर महादेव मंदिर तक बाजे गाजे के साथ निकलेगी । जिसमें नगर के समस्त श्रध्दातुओं को अपील की जा रही है कि; अधिक, से अधिक संख्या में जुलुस में शामिल होकर भगवान श्रीहरि मिलन के साक्षी बनें एवं तुलसीद्दल भगवान शिवजी में समर्पित करें। श्रध्दालुओं से अपील की गई है कि पर्व रविवार को है इसलिए तुलसी दल का संकलन रात्रि को करके रविवार को मंदिर प्रांगण में पहुंचकर धार्मिक आयोजन में सहभागी बनें.

# कन्या महाविद्यालय में हुआ रक्तदान शिविर



**बलौदाबाजार,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। 23 नवम्बर को शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार में रक्तदान र्शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक अधिकारी व स्टॉफकी सहायता से किया गया। जिसमें एनसीसी कैडेट प्राची कोसले, रविना बंजारे, पलक बघेल, टुकेश्वरी, प्रीति कुशवाहा तथा एनएसएस छात्राएँ सरस्वती एवं शशिकला तथा अतिथि व्याख्याता राजाराम पटेल ने रक्त दान किया। इस शिविर में महाविद्यायल की प्राचार्य डॉ. कल्पना उपाध्याय एवं महविद्यालय के समस्त अधिकारी उपस्थित रहें। तथा ब्लड डोनरों को प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ। जिला चिकित्सालय से आये स्टॉफने रक्तदान से संबधित समस्त जानकारी छात्राओं को प्रदान किया।

# बीरेंद्र दीपक कालेज में देवउठनी पर्व मनाया गया



**महासमुंद,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। बीरेंद्र दीपक शिक्षा महाविद्यालय जामगांव में देवउठनी पर्व धूमधाम से मनाया गया। महाविद्यालय परिसर में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं ने स्टाफ ने विधि विधान से तुलसी पूजन एवं विवाह कार्य संपन्न कराया। पश्चात आतिशबाजी की गई। आरती उपरांत प्रसाद वितरण किया गया।

# प्रकाश पर्व पर आयोजित प्रभात फेरी का नपाध्यक्ष ने किया स्वागत

**महासमुंद,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। श्री गुरुनानक देव की जयंती पर सिक्ख समाज द्वारा प्रतिदिन सुबह प्रभात फेरी निकाली जा रही है। शुक्रवार सुबह गुरुनानक चौक पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने स्वागत किया। उन्होंने समाजजनों को पर्व की बधाई दी। इस दौरान श्रीमती महिलांग ने श्री गुरुनानक देव से महासमुंद वासियों के सुख समृद्धि की कामना करते हुए हमेशा अपनी कृपा बनाए रखने की अरदास की। स्वागत के दौरान युवा नेता अरिश अनवर, सगनजोत सिंघ, रोहित गुरुदत्ता, यश चावला, सुखप्रीत, सोहेल खान, युवराज साहू, मेहुल, संतोष, धनेश, सौरभ इसरानी, गुरु रामगढ़िया आदि युवा साथी मौजूद रहे।



## कहार भोई समाज कुरूद का दीवाली मिलन 27 को

कुरूद, 24 नवंबर। कहार भोई समाज कुरूद का दीपावली मिलन समारोह आगामी 27 नवंबर सोमवार को कार्तिक पूर्णिमा के दिन सतनाम भवन डिपो रोड़ कुरूद में दोपहर 3 बजे से रखा गया है। अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित की अपील समाज के लोगों से की है।

# खेतों में पराली जलाने पर लग सकता है जुर्माना



**धमतरी,** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। खरीफ धान फसल की कटाई पूरी होने को है। धान फसल कटाई के बाद खेत में बचे अवशेषों को जलाने की घटनाएं घटित होती रहती है, जिससे वातावरण में जहरीली गैस जैसे-गीथेन, कार्बनमोनोऑक्साईड, नाइट्रॉक्साईड के फैलने से प्रदूषण होता है, जो मानव जीवन के साथ-साथ पशु पक्षियों के लिए हानिकारक है। साथ ही फसल अवशेष जलाने से मृदा में उपलब्ध सूक्ष्म जीव के नष्ट हो जाने से मृदा की उर्वरता क्षमता कम हो जाती है और मित्र जीव जैसे-केंचुए, मकड़ी इत्यादि भी नष्ट हो जाते है। उप संचालक कृषि ने बताया कि फसल अवशेष जलाने संबंधी प्रकरण शासन के संज्ञान में आता है, तो अर्थदण्ड का प्रावधान किया गया है। इसके तहत 2 एकड़ कृषि भूमि धारक किसानों पर 2 हजार 500 रूपये, 2 से 5 एकड़ तक भूमिधारक किसानों पर 5 हजार रूपये जुर्माना तथा 5 एकड़ से अधिक भूमिधारक किसानों पर 15 हजार रूपये जुर्माना एवं सजा का प्रावधान है। उप संचालक ने किसानों से कहा है कि वे फसल अवशेष को नहीं जलायें, बल्कि उचित प्रबंधन करें। इसके लिए उन्होंने सुझाव भी दिया है।

जारी सुझाव अनुसार फसल कटाई के बाद खेत में पड़े हुए फसल अवशेष के साथ ही जुताई कर हल्की सिचाई पानी का छिडकाव करने के बाद ट्राइकोडर्मा का छिड़काव करने से फसल कटाई के उपरांत खेत में पड़े हुए अवशेष के साथ ही गहरी जुताई कर पानी भरने से फसल अवशेष खाद में परिवर्तित हो जाते है, जिससे अगली फसल के लिये मुख्य एवं सूक्ष्म पोषक तत्व प्राप्त होंगे। भूमि को फसल अवशेष से प्राप्त होने वाले कार्बनिक तत्व जो कि मृदा में मिलकर खाद के रूप में परिवर्तित होकर फसलों को मिलती है, जिससे मृदा संगठन एवं संरचना में सुधार के साथ ही भूमि की जलधारण क्षमता में वृद्धि होती है। धान के पैरे को यूरिया से उपचार कर पशुओं के सुपाच्य एवं पौष्टिक चारे के रूप में उपयोग किया जा सकता है। उप संचालक ने किसान भाईयों से अपील की है कि पराली न जलायें एवं पर्यावरण को सुरक्षित रखने में सहयोग प्रदान करें।

## जिले में 2 से 3 दिसम्बर तक शुष्क दिवस

**धमतरी,** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। विधानसभा निर्वाचन 2023 के तहत जिले की तीनों विधानसभाओं की मतगणना आगामी 3 दिसम्बर को डॉ. भोपाल राव पवार शासकीय पॉलीटेक्निक रुद्री में की जायेगी। मतगणना कार्य निर्विघ्न एवं निष्पक्षता पूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋतुराज रघुवंशी ने जिले में 2 एवं 3 दिसम्बर को शुष्क दिवस घोषित किया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 24 उप-धारा (1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए संबंधित विधानसभा क्षेत्र में स्थित जिले की सभी देशी मदिरा दुकान/देशी मदिरा दुकान कम्पोजिट, विदेशी मदिरा दुकान, प्रीमियम शॉप, एफ.एल.3, होटल बार/एफ.4 (क) व्यवसायिक क्लब, मद्य भाण्डागार धमतरी को 2 दिसम्बर से 3 दिसम्बर तक बंद रखने के लिए आदेश जारी किया है।

# मणि कंचन केंद्र के पास तेंदुआ का डेरा

## वन विभाग के 6 कर्मचारी ड्युटी, पिंजरा लगाने वन विभाग में मांगी अनुमति

**गरियाबंद,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। जिला मुख्यालय गरियाबंद में बीते 3 दिनों से तेंदुआ ने डेरा डाला हुआ। इसके चलते मुख्यालय में दहशत माहौल है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से वन विभाग ने 6 कर्मियों की ड्यूटी भी लगाई है। लेकिन अब तक तेंदुआ पकड़ में नहीं आया है। तवज्जूद की बात है कि तीन दिनों से लगातार ड्यूटी के बाद भी अब तक वन कर्मियों को तेंदुआ नजर नही आया है, जब की लोगो को रोज अलग अलग जगह में तेंदुआ दिखाई दे रहा है। तेंदुआ को लेकर वन विभाग ने दो ट्रैप कैमरे भी लगाए हैं लेकिन इसमें भी अब तक तेंदुआ कैद नहीं हुआ है। ज्ञात हो कि सबसे पहले तेंदुआ 2 दिन पहले रात को रावण भाटा वार्ड में एक बाउंड्री वॉल पर बैठे नजर आया था जिसके बाद से लोगों ने कब्रिस्तान और मनी कंचन केंद्र के आसपास तेंदुए को विचरण करते देखा है। लगातार तेंदुए को आसपास विचरण करते देखा लोगों में डर का माहौल बन गया है वन विभाग भी अब तक को खोजने में नाकाम रहा है। लकी वन अमले की टीम लगातार आसपास के क्षेत्र में ग्रस्त कर रही है और लोगों को सतर्क रहने के लिए समझाइए भी दे रही है। मालूम है कि शुक्रवार को गरियाबंद में साप्ताहिक बाजार लगता है। वर्तमान में साप्ताहिक बाजार कब्रिस्तान के बाजू और मनी कंचन केंद्र के सामने ही लगाया जा रहा है। साप्ताहिक बाजार के दिन भी लोगों ने मनी कंचन केंद्र के पीछे तेंदुआ देखने की बात कही है।



**वन विभाग की टीम कर रही है मुनादी, लोगों से सतर्क रहने की अपील**

तेंदुए की आमद के बाद मौका स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे वन विभाग के एसडीओ मनोज चंद्राकर ने बताया कि छोटे-मोटे शिकार के चलते तेंदुए शहर की ओर आ रहे हैं। पहले की अपेक्षा आबादी बढ़ने की वजह से उन इलाकों में भी बस्तियां बन गई हैं जहां कभी जंगल हुआ करता था। जिसके कारण जंगली जानवर अब शहर और भीड़भाड़ वाले इलाके में आ रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से सतर्क रहने की अपील की। एसडीओ ने कहा कि वन विभाग की टीम सर्तक होकर गश्त कर रही है। उच्च अक्षरों से बात करके पिंजरा लगाने के लिए भी अनुमति मांगी गई है।

# आचार्य श्रीविद्यासागर को सिमगा आने का निवेदन



**सिमगा,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। संत शिरोमणि 108 आचार्य भगवन श्री विघासागर महराज से सिमगा जैन समाज ने श्रीफल भेंट कर सिमगा प्रवास करने का किया निवेदन।

आचार्य श्री विघासागर महराज चंद्रगिरी तीर्थ डोंगरगढ़ से नेवरा के लिए पद विहार कर रहे है। नेवरा नगर में 9 दिसंबर से 15 दिसंबर तक पंच कल्याणक महायज्ञ का आयोजन होना है वे डोंगरगढ़ से अपने शिष्यों के साथ पद विहार करते हुए ग्राम धारा खैरागढ़ देवकर होते हुए आज राखी ग्राम में विश्राम हेतु ठहरे है। जंहा दुर्ग विधायक अरूण वोरा ने आचार्य श्री व संघस्थ मुनियों के श्री चरणों में श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री आदिनाथ दिगंबर जैन समाज सिमगा के लोग प्रतिदिन आचार्य श्री विघासागर महराज के साथ पद विहार कर रहे है। उनको सिमगा लाने के लिए सिमगा जैन समाज पूरी तरह मेहनत कर रहा है। ताकि वे सिमगा नगर को अपने चरण कमल से पावन करें।

# बीईओ ने स्कूलों का औचक निरीक्षण किया



**सरायपाली,** 24 नवंबर( देशबंधु)। विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रकाशचंद्र मांझी द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला पाटसेंद्री,केदुवां शासकीय मिडिल स्कूल केदुवां, पाटसेंद्री एवं शासकीय उच्च.माध्य. विद्यालय केदुवां का आकस्मिक निरीक्षण किया गया जिसमें शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा कक्षों में विद्यार्थियों के उत्तरपुस्तिका का अवलोकन कर हैंडराइटिंग एवं उत्तर लिखने के तरीकों को देखा तथा सुलेख हेतु प्रेरित किया। विद्यार्थियों के आत्मविश्वास देखकर काफ़ी गदगद हुए। रसोईघर पहुंचकर मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता परखी गई एवं आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया और स्वच्छता,नियमित हाथ धुलाई आदि पर जोर दिया। विद्यार्थियों को भयमुक्त होकर परीक्षा में शामिल होने,मन लगाकर पढ़ने हेतु ,योजनाबद्ध तैयारी करने के लिए आवश्यक टिप्स दिए साथ ही शिक्षकों को नियमित सीखने सिखाने को जारी रखने नवाचारी गतिविधियों का कक्षा कक्ष में इंप्लीमेंटेशन करने एवं दस्तावेजीकरण करने प्रोत्साहित किया। शास. प्राथमिक शाला केदुवां में एलईडी के माध्यम से चल रहे नवाचारी गतिविधि युक्त अध्यापन कार्य की सराहना किया गया एवं सामग्रियों के उचित/व्यवस्थित रखरखाव हेतु निर्देशित किया गया।निरीक्षण के दौरान प्रभावी शिक्षण हेतु शिक्षकों का मनोबल बढ़ाया गया और न्यूनतम अधिगम वाले विद्यार्थियों का चिन्हांकन कर उनके जरूरतों के मुताबिक समुचित शिक्षा प्रदान करने, स्तर ऊंचा उठाने साझा प्रयत्न करने मार्गदर्शन किया और विद्यार्थियों में सीखने के प्रतिफल की संप्राप्ति हेतु फोकस करने प्रेरित किया।शास.उच्च.माध्य.विद्यालय केदुवां के प्राचार्य अरुण कुमार भोई से विद्यालय की आवश्यकता के अनुरूप व्यवस्था/प्रबंधन संबंधी आवश्यक सकारात्मक चर्चा किया गया।

# लगातार बढ़ रहे सड़क दुर्घटना के मामले

**पिछले एक सप्ताह में 5 से ज्यादा सड़क दुर्घटना फिर दो की मौत**

**खरोरा,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। 23 नवंबर को रामसिंग साहू एवं उसका दमांद गोकरन साहू अपने मोटर सायकल क्रमांक ष्टत्र-11त्र 3071 से आरंग गये वहा से वापस अपने घर मुडपार (संडी) आ रहे थे करीबन 11.00 बजे सुबह ग्राम खोरसी बलोदा बाजार रायपुर रोड पुलिया के पास पहुंचे ही थे की सामने से वाहन क्रमांक ष्टत्र-22-ङ्ग3733 तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेट कर दिया दोनो को गंभीर चोटे आई रामसिंग साहू के सिर में एवं गोकरन साहू के बाये पेर एवं शरीर में चोट आये जिसे घायल अवस्था मे ष्ट।ष्ट खरोरा लाया गया. जहाँ चिकत्सक द्वारा दोनों को चेक किया तो रामसिंग साहू को मृत होना बताया ओर गोकरन साहू को गंभीर चोट होने से डा0 द्वारा रिफर करने पर श्री कृष्णा अस्पताल खरोरा लेकर गये। जहाँ उनकी भी मृत्यु होना बताया.वहीँ उक्त वाहन चालक मौके से फरार हो गया वहीँ खरोरा पुलिस द्वारा अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध क्रमांक 799/23 धारा 304 द्बश्च के तहत मामला दर्ज किया गया.

## निधन

### प्रेमबाई साहू



**पलारी,** 24 नवंबर। पलारी निवासी श्रीमती प्रेमबाई साहू उम्र (75 वर्ष) का आकस्मिक निधन गुरुवार रात्रि को हो गया। वे सेवानिवृत शिक्षक देवप्रसाद साहू की पत्नी और मोतीलाल साहू की मां थी। उनके अंतिम संस्कार में भारी संख्या में लोग शामिल हुए।

### डॉ. सोमनाथ साहू

**महासमुंद,** 24 नवंबर। स्थानीय अयोध्या नगर वार्ड नंबर 3 निवासी डॉ. सोमनाथ साहू 85 वर्ष का इलाज के दौरान 23 नवंबर को रायपुर में निधन हो गया। अंतिम संस्कार 24 नवंबर को महासमुंद में किया गया। वे संतोष, सचिन साहू के पिता थे।

### मुरारी दास



**जगदलपुर,** 24 नवंबर। शहर के शिवमंदिर वार्ड निवासी मुरारी दास बाणकार (75) का शुक्रवार को निधन हो गया। पिछले कुछ दिनों से वे अस्वस्थ्य थे। कुछ दिन पहले ही उन्हें उपचार के लिए जिला महारानी अस्पताल में भर्ती किया गया था। आज दोपहर लगभग 2 बजे निवास में अंतिम सांस ली। वे उत्कल समाज के फाउंडर मेम्बर थे। सामाजिक कार्यो में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते थे। वे अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र असीम दास व अचिंत्य दास समेत भरापूरा परिवार छोड़ गए। अंतिम संस्कार प्रवीर वार्ड खड़कघाट स्थित मुक्तिधाम में देर शाम किया गया। जिसमें परिजन समेत उत्कल समाज के बड़ी संख्या में लोग और शहर के गणमान्य सम्मलित हुए।

### सुकालू लोधी



**आरंग,** 24 नवंबर। केवशी लोधीपारा आरंग निवासी सुकालू लोधी (उम्र 73 वर्ष) का आकस्मिक निधन 23 नवम्बर को हो गया। वे महावीर, महादेव, ईश्वर, अश्वनी, प्रहलाद, ध्रुव लोधी के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा में नगर एवं समाज के लोग शामिल हुए।

### चंद्रिका प्रसाद शर्मा



**भिलाईनगर,** 24 नवंबर। मुकुट नगर दुर्ग निवासी चंद्रिका प्रसाद शर्मा का 81 वर्ष की उम्र में 23 नवम्बर को सेक्टर-9 अस्पताल में निधन हो गया। वे देवेंद्र शर्मा तथा श्रीमती रंजना चौबे के पिता तथा स्मृति सोसाइटी के अध्यक्ष राजीव चौबे के ससुर थे। इनकी अंतिम यात्रा 24 नवम्बर को 11 बजे उनके मुकुट नगर निवास से शिवनाथ नदी दुर्ग के लिये निकाली गई। जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया।

# पार्टी विरोधी कार्यों में संलिप्त नेताओं को ब्लॉक कांग्रेस ने दिखाया बाहर का रास्ता

**पिथौरा,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। वर्तमान पार्षद देव सिंह निषाद पार्षद तरुण पांडे व कांग्रेस नेता राजेंद्र सिंह बग्गा (राजा बग्गा) को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पिथौरा ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता के चलते किया 6 वर्षों के लिए निष्कासित! साथ ही नगर पंचायत पिथौरा के एल्डरमेन लक्ष्मीकांत सोनी को निष्कासन का प्रस्ताव जिला कांग्रेस कमेटी व जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, कांग्रेस नेता मोहित ध्रुव, अंकित बागबाहरा के निष्कासन हेतु प्रस्ताव प्रदेश कांग्रेस कमेटी को भेजा गया!



आज उजाला पैलेस पिथौरा में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष करन सिँह दीवान की उपस्थिति में संपन्न हुई जहां हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में पार्टी विरोधी गतिविधियों में संलिप्त नेताओं पर तत्काल कार्रवाई की मांग कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा रखी गई जिसके बाद ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष करन सिँह दीवान ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी से महत्वपूर्ण कोई भी व्यक्ति नहीं है जिन लोगों ने पार्टी के खिलाफ कार्य किया है उन्हें तत्काल 6 वर्षों के लिए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी निष्कासित करती है साथ ही श्री दीवान ने विधानसभा चुनाव में पूरी तंमयता व ईमानदारी के साथ कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं व नेताओं का आभार व्यक्त किया एवं पुन: छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल जी के नेतृत्व में सरकार बनने के लिए बधाई दी उक्त बैठक में श्री कुलवंत खानुजा जी चुनाव प्रभारी विधानसभा बसना श्री कार्तिक राम ठाकुर अध्यक्ष मंडी बोर्ड पिथौरा श्री आत्माराम यादव के अध्यक्ष नगर पंचायत पिथौरा नरेन्द सेन सचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी श्री मुकेश यादव उपाध्यक्ष जनपद पंचायत पिथौरा दिलप्रीत खनूजा जी उपाध्यक्ष नगर पंचायत पिथौरा श्री अरविंदर छाबड़ा जी जिला महामंत्री दिनेश नामदेव लेखराम दीवान, कनक तिवारी फिरोज खान, नंदू राजपूत, कमल साहू टेकू साहू देवनारायण तिवारी, जितेन्द्र सिन्हा जी विकास शर्मा डालेश्वर पटेल जी मनोज प्रधान पवन साहू देवराज ठाकुर काशीराम दीवान रेशम चक्रधारी महेश्वर पटेल युगल यादव सुदर्शन मुन्ना राजू सिन्हा खिरू पटेल सागर निषाद ज्योतिष अग्रवाल युगल यादव गंगाधर बरिहा विद्याधर पटेल गोपाल पांडे कौशल रोहिल्ला घनश्याम धाधी उमर हसन स्वतंत्र पांडे खेमराज साहू पीलेश्वर सेन सुकलाल बरिहा एवं कांग्रेस के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# झूठ बोलना बंद कर दो नजदीकी बढ़ जाएगी, संसार रूपी वृक्ष के चार फल, धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष : पं. बृजेशमणी पांडे

**नवापारा राजिम,** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। सुरभि सेवा सदन यज्ञ समिति गुरुग्राम हरियाणा के तत्वाधान में चल रहे श्रीहरिहरात्मक महायज्ञ एवं भंडारा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुगण जुड़ रहे हैं। यज्ञ में आहुतियां डालने से वातावरण में शुद्धता देखी जा रही है। बताया जाता है कि जहां भी यज्ञ का आयोजन होता है और कुंड में समिधा डाली जाती है। उनकी सुगंध जहां तक फैलते हैं वहां तक अदृश्य कीटाणु नष्ट हो जाते हैं और एक सकारात्मक माहौल उत्पन्न होता है। पहली बार इस तरह का यज्ञ धर्म नगरी में हो रहा है। भागवत प्रवचन कर रहे पंडित बृजेशमनी पांडे ने कृष्ण जन्म आख्यान को विस्तारित करते हुए बताया कि कृष्ण का जन्म होने के साथ ही धरती लोक में सकारात्मक माहौल उत्पन्न होने लगा। झूठ बोलना बंद कर दो नजदीकी बढ़ जाएगी। सत्य में ही परमात्मा है। संसार को जानने का पांच तरीका है यह पांच ज्ञानेंद्रिय प्रमुख है जिसमें देखकर, सुनकर, चखकर, छूकर। संसार रूपी वृक्ष के तीन जड़ है जिनमें सत, रज और तम तथा चार फल होते हैं धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष। विज्ञान में बताया जाता है कि पत्तियां ही वृक्ष के लिए भोजन बनाती है। जिस पत्ती और वृक्ष से हमको प्राणवायु मिलते हैं यह हमारे लिए उपहार है। वृक्षों की अधिकता मानव जीवन के सुखी होने के महत्वपूर्ण तथ्य है। स्वस्थ शरीर के लिए यह बहुत जरूरी है इससे हमें अनेक फायदे होते हैं। 50 से ज्यादा संत यहां पहुंचे हुए हैं इन संतों से चर्चा करने पर इन्होंने बताया कि राजिम धर्म नगरी है यहां हरि और हर दोनों विद्यमान है इसलिए महायज्ञ के लिए इस स्थल का चयन किया गया है। लगातार श्रोताओं की संख्या बढ़ रही है। महायज्ञ का समापन 27 नवंबर को होगा।



# देवउठनी एकादशी व्रत पर कार्यक्रम आयोजित




**सरायपाली,** 24 नवंबर (देशबंधु)। राष्ट्रीय सेवा योजना दुर्गा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लम्बर के स्वयं सेवकों द्वारा कार्तिक एकादशी देवउठनी कार्यक्रम का आयोजन जी.पी. पटेल प्राचार्य के मार्गदर्शन व आर.के. पटेल कार्यक्रम अधिकारी के निर्देशन में हुआ। सर्वप्रथम जी.पी. पटेल प्राचार्य द्वारा तुलसीपूजन करके कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। ततपश्चात कु. प्रीति साहू दल नायिका, शशि बरिहा, रीतू पटेल, किरण चौधरी, कुशल पटेल, रुपाली वैरागी, कुंती मैत्री, नंदकुमार पटेल ने पूजा अर्चना किया। उपरोक्त कार्यक्रम में जे. के जायसवाल, बी.एल. साहू, एम.डी. मानिकपुरी एल. के. साहू, टी.आर. जायसवाल, सी. आर. जायसवाल . ए.के. विश्रा एफ. एस. बरिहा, शिव मैत्री उपस्थिति थे।

# गौठानों में चारा-पानी की हो पर्याप्त व्यवस्था : कलेक्टर

## सभी जनपद सीईओ को दिए निर्देश



**बलौदाबाजार,** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। गौठानो में चारा पानी उपलब्धता नही होने की शिकायतों को कलेक्टर चंदन कुमार ने बड़ी गंभीरता से लिया है। उन्होंने आज बैठक कर सभी जनपद पंचायत सीईओ को गौठानो में पर्याप्त चारा-पानी की व्यवस्था करने कहा है।

कलेक्टर श्री कुमार ने दो टूक कहा कि इसके लिए हम चुनाव ड्यूटी का बहाना नहीं बना सकते चुनाव के कार्यों के साथ साथ ही गौठानो के व्यवस्था संबधित मूलभूत कार्यों को करना अनिवार्य है। इसके लिए आप सभी सचिवों की रूटीन में ड्यूटी लगवाईएं। किसी भी स्थिति में गोठान के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही उन्होने पशु चिकित्सा विभाग को सभी गोठनो में जाकर पशुओ का नियमित स्वास्थ्य चेकअप करने कहा गया है। आवश्यकता पड़ने पर आप सभी गोठनो में शिविर लगाने के निर्देश संबधित अधिकारियों को दिए है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन ने भी सभी जनपद सीईओ को फील्ड में जाकर निरीक्षण करने एवं प्रतिदिन रिपोर्ट करने कहा गया है। उक्त बैठक में सभी जनपद सीईओ, उपसंचालक कृषि, पशु चिकित्सा विभाग सहित पंचायत विभाग के नोडल अधिकारी गण उपस्थित रहे।

## कल से अखण्ड रामचरित्र मानस पाठ

**बलौदाबाजार,** 24 नवम्बर (देशबन्धु)। मानस संघ एवं महिला मंडली बलौदाबाजार द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी अखंड राम चरित्र मानस पाठ का आयोजन 26 नवम्बर से रखा गया है। कार्यक्रम 26 नवम्बर को संध्या 6 बजे से प्रारंभ हो जायेगा। जिसका की समापन दूसरे दिवस 27 नवम्बर को संध्या 4 बजे होगा। आयोजन समिति के द्वारा इस अखण्ड राम चरित्रमानस पाठ कार्यक्रम में शामिल होकर इस अवसर का लाभ उठाने की अपील श्रद्धालुजनों से की गई है।

# रियल लाइफ पब्लिक स्कूल में देवउठनी मनाया




**खरोरा,** 24 नवंबर (देशबन्धु)। तुलसी पूजन दिवस मनाकर रियल लाइफ पब्लिक स्कूल खरोरा में प्रथम कार्यक्रम तुलसी पूजन के रूप में आयोजित हुई. इस कार्यक्रम में सत्य प्रवाह शिक्षा समिति रायपुर के लोगों ने सहभागिता निभाई. मौके पर विद्यालय प्रांगण में तुलसी पूजन के साथ वंदना, आरती के साथ भारत संस्कृति, योग आदि का प्रभाव एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला गया. कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने आने वाले जीवन को स्वस्थ एवं ज्ञान से परिपूर्ण करने के लिए तुलसी का सेवन एवं तुलसी का पूजन करने का संकल्प दोहराया. कार्यक्रम में रियल लाइफ पब्लिक स्कूल खरोरा के संस्थापक राघवेंद्र गोस्वामी उपस्थित रहे. विद्यालय परिवार में इस कार्यक्रम का आयोजन करने हेतु प्रधानाध्यापिका वैशाली गुप्ता ने संस्था को धन्यवाद ज्ञापन की. उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से विद्यार्थी के मानसिक शारीरिक एवं आध्यात्मिक संतुलन कायम रहता है एवं अपने लक्ष्य प्राप्ति हेतु आगे ठोस कदम बढ़ाने में सफल हो पाते हैं. कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रही. जिसमें स्वाति, ममता भारद्वाज, निधि वर्मा, दीपा देवांगन, पिंकी पटेल शामिल रहीं।

